RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 53
लखनऊ, शुक्रवार, 11 दिसंबर, 2020
पृष्ठ 20 मूल्य ₹ 3
लखनऊ

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर
www.dailypioneer.com





दीपिका की स्माइल अब एथेंस एअरपोर्ट पर
विविध-12


# आत्मनिर्भर भारत का गवाह होगा नया संसद भवनः मोदी

- प्रधानमंत्री ने भूमि पूजन कर नए संसद भवन की आधारशिला रखी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को नए संसद भवन का शिलान्यास किया और इस अवसर को ऐतिहासिक और भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में मील का पत्थर करार दिया। उन्होंने कहा कि पुराने संसद भवन ने स्वतंत्रता के बाद के भारत को दिशा दी तो नया भवन आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का गवाह बनेगा और 21वीं सदी के भारत की आकांक्षाएं पूरी करेगा।

नए संसद भवन के भूमि पूजन और शिलान्यास के बाद प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में यह भी कहा कि नए संसद भवन का निर्माण समय और जरूरतों के अनुरूप परिवर्तन लाने का प्रयास है और आने वाली पीढ़ियां इसे देखकर गर्व करेंगी कि यह स्वतंत्र भारत में बना है। चार मंजिला नए संसद भवन का निर्माण कार्य भारत की स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ तक पूरा कर लिए जाने की संभावना है। नए संसद भवन का निर्माण 971 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से 64,500 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में किए जाने का प्रस्ताव है। ज्ञात हो कि नए संसद भवन के निर्माण का प्रस्ताव उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति एम वेंकैया नायडू एवं लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने क्रमशः राज्यसभा और लोक सभा में 5 अगस्त 2019 को किया था। मोदी ने कहा कि आज जैसे इंडिया गेट से आगे नेशनल वॉर मेमोरियल ने नई पहचान बनाई है, वैसे ही संसद का नया भवन अपनी पहचान स्थापित करेगा।

नए संसद भवन के शिलान्यास को ऐतिहासिक बताते हुए उन्होंने कहा कि आज का दिन भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में मील के पत्थर की तरह है। उन्होंने कहा, भारतीयों द्वारा, भारतीयता के विचार से ओतप्रोत भारत के संसद भवन के निर्माण का प्रारंभ हमारी लोकतांत्रिक परंपराओं के सबसे अहम पड़ाव में से एक है। हम भारत के लोग मिलकर अपनी संसद के इस नए भवन को बनाएंगे। ...और इससे सुंदर क्या होगा, इससे पवित्र क्या होगा, जब भारत अपनी आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर पर्व मनाएगा, उस पर्व के साथ-साथ प्रेरणा हमारी संसद की नई इमारत बने। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज 130 करोड़ से ज्यादा भारतीयों के लिए बड़े सौभाग्य और गर्व का दिन है जब सभी इस ऐतिहासिक पल के गवाह ( शेष पेज 9 )



नई दिल्ली में नए संसद भवन के लिए भूमि पूजन करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

## प्रजातंत्र को रौंद कर बनाई जा रही इमारत कैसी होगीः कांग्रेस

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** ने संसद के नए भवन की आधारशिला रखे जाने के बाद, बृहस्पतिवार को सरकार पर निशाना साधते हुए सवाल किया कि प्रजातंत्र, संवैधानिक मर्यादा और भाईचारे को रौंद कर बनाई जा रही इमारत आखिरकार कैसी होगी। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित ट्वीट में कहा, मोदी जी, संसद पत्थर से बनी इमारत नहीं है। संसद प्रजातंत्र है, संसद संविधान की मर्यादाओं को मानना है, संसद आर्थिक और सामाजिक समानता है, संसद देश का भाईचारा और सद्भाव है, संसद 130 करोड़ भारतीयों की आशा है। उन्होंने सवाल किया, ज़रा सोचिए, इन सब को रौंद कर बनाई जा रही संसद की नई इमारत कैसी होगी ? वहीं माकपा नेता सीताराम एचुरी ने ट्वीट के माध्यम से ( शेष पेज 9 )

# पश्चिम बंगाल में भाजपा अध्यक्ष नड्डा के काफिले पर हमला

- कई भाजपा नेता भी हुए घायल, गृहमंत्री अमित शाह ने मांगी रिपोर्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** कोलकाता

**पश्चिम** बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के कथित कार्यकर्ताओं ने बृहस्पतिवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के काफिले पर हमला किया। भगवा दल के नेताओं और प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि डायमंड हार्बर में हुए इस हमले में वरिष्ठ भाजपा नेता कैलाश विजयवर्गीय सहित कई लोग घायल हो गए। गृहमंत्री अमित शाह ने इस हमले पर चिंता जताई है और पूरे मामले की रिपोर्ट तलब की है।

नड्डा के काफिले पर गुरुवार सुबह उस समय हमला हुआ जब वह पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक में शामिल होने डायमंड हार्बर जा रहे थे। भाजपा महासचिव कैलाश विजयवर्गीय भी उनके साथ थे। बुलेट प्रूफकार में सवार नड्डा को हालांकि कोई नुकसान नहीं पहुंचा। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने बताया कि तृणमूल कांग्रेस के कथित कार्यकर्ताओं ने दक्षिण 24 परगना जिले में सिराकुल के पास सड़क को जाम कर दिया। उनमें से कुछ के हाथों में लाठी-डंडे, लोहे की छड़ें और पत्थर थे। पुलिस ने जब उन्हें हटाने की कोशिश की तो वे भाजपा और मीडिया के खिलाफ नारे लगाते हुए पुलिस से झगड़ने लगे। उन्होंने बताया कि जैसे ही वहां से काफिले ने ( शेष पेज 9 )



दक्षिण 24 परगना जिले में घायल भाजपा नेता विजय वर्गीय मरहम-पट्टी करवाते हुए

## हमला हताशा का प्रतीकः योगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के काफिले पर हमले की निंदा की है। सीएम योगी ने इसे तृणमूल कांग्रेस की आगामी चुनावों में संभावित हार से उपजी हताशा का प्रतीक बताया है। उन्होंने कहा कि इसके लिए दोषियों पर तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को ट्वीट कर कहा कि पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के काफिले पर हिंसक हमला अक्षम्य व निंदनीय है। यह हमला तृणमूल कांग्रेस की आगामी चुनावों में संभावित हार से उपजी हताशा का प्रतीक है। यह घटना लोकतंत्र को शर्मसार करने वाली है, दोषियों पर कठोरतम कार्रवाई होनी चाहिए। विदित हो कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा दो दिवसीय दौरे पर कोलकाता में हैं।

## राजस्थान की बीस जिला परिषदों में 12 पर भाजपा का कब्जा

**भाषा।** जयपुर

**राजस्थान** में 221 पंचायत समितियों में प्रधान और 20 जिला परिषदों में जिला प्रमुख का चुनाव बृहस्पतिवार को हुआ। भाजपा 12 जिला परिषदों में अपनी पार्टी के जिला प्रमुख बनाने में सफल रही है जबकि पांच जगह कांग्रेस के जिला प्रमुख बने हैं। राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार 20 जिला परिषद में से 12 में भाजपा, पांच में कांग्रेस व तीन में निर्दलीय उम्मीदवार जिला प्रमुख बने हैं। इसके साथ ही 221 पंचायत समितियों में प्रधान का चुनाव भी बृहस्पतिवार को संपन्न हो गया। आयोग के एक प्रवक्ता ने बताया कि इन पदों के लिए नामांकन बृहस्पतिवार सुबह दस बजे से तीन बजे तक हुआ। तीन से शाम पांच बजे तक मतदान हुआ और उसके बाद मतगणना हुई। उल्लेखनीय है कि राज्य के 21 जिलों में जिला परिषद के 636 सदस्यों के चुनाव में कांग्रेस को 252, भारतीय जनता पार्टी को 353, आरएलपी को 10, माकपा को दो सीटें मिलीं जबकि 18 निर्दलीय उम्मीदवारों ने ( शेष पेज 9 )

# प्रस्ताव पर विचार करें किसान सरकार बातचीत के लिए तैयार

**केंद्र की अपील**

- तोमर और गोयल ने मीडिया से कहा कि वह पता लगाए कि इस आंदोलन के पीछे क्या कोई और ताकत है

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**किसानों** को सरकार के प्रस्ताव के बारे में फिर से जानकारी देने और उनकी आशंकाओं को दूर करने की ताजा कोशिशों के तहत सरकार ने गुरुवार को उन्हें खुले मन से बातचीत के लिए आमंत्रित किया। केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने किसानों से यह भी अनुरोध किया कि वे संशोधनों के प्रस्ताव पर गौर करे जिन्हें सरकार कृषि कानूनों में शामिल करने की योजना बना रही है। वहीं तोमर और गोयल ने कहा कि मीडिया को यह पड़ताल करना चाहिए कि क्या किसान आंदोलन के पीछे कोई और ताकत है। यह पूछने पर कि क्या सरकार एमएसपी पर नए बिल पर विचार करेगी, तोमर ने कहा कि इसका नए कानूनों से कोई लेना देना नही है। तोमर ने कहा कि जब बातचीत जारी है तो ऐसे समय में अगले चरण के आंदोलन का ऐलान उचित नहीं है। किसानों से मुलाकात के बाद हमने अपना प्रस्ताव उन्हें दिया था, लिहाजा हम उनसे इस पर विचार करने का अनुरोध करते हैं। यदि वे इन प्रस्तावों पर चर्चा करना चाहते हैं तो हम इसके लिए भी राजी हैं। कोई भी कानून पूरी तरह से खराब नहीं होता। मैं संगठनों से आग्रह करता हूं कि वे चर्चा के लिए कोई तिथि तय करें। सरकार ( शेष पेज 9 )

## किसान टस से मस नहीं मांगे नहीं मानी तो रेल पटरियों पर देंगे धरना

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केन्द्र** के नये कृषि कानूनों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे किसानों ने गुरुवार को कहा कि अगर उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो वे रेल पटरियां अवरुद्ध कर देंगे और इसे लेकर जल्द ही तारीख का ऐलान करेंगे। सिंघू बॉर्डर पर मीडिया से बातचीत में किसान संघों ने कहा कि वे विरोध-प्रदर्शन को तेज करेंगे और राष्ट्रीय राजधानी की ओर जाने वाले सभी राजमार्गों को जाम करना शुरू करेंगे। बार्डर पर संवाददाता सम्मेलन में किसान नेता बूटा सिंह ने कहाकि यदि हमारी मांगे नहीं मानी गयीं तो हम रेल पटरियों को अवरुद्ध करेंगे और इसकी तिथि शीघ्र घोषित कर दी जाएगी।

## पशुधन घोटाले में आईपीएस अरविंद सेन के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**पशुधन** घोटाला मामले में वांछित सीनियर आईपीएस अफसर अरविंद सेन के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की विशेष अदालत ने गैर जमानती वारंट जारी करने का आदेश दिया है। विशेष जज संदीप गुप्ता ने यह आदेश इस मामले की विवेचक व एडीशनल कमिश्नर ऑफ पुलिस गोमतीनगर, श्वेता श्रीवास्तव की अर्जी पर दिया है। सरकारी वकील प्रभा वैश्य के मुताबिक 13 जून 2020 को इस मामले की एफआईआर इंदौर के एक व्यापारी मंजीत सिंह भाटिया उर्फ रिन्कू ने थाना हजरतगंज में दर्ज कराई थी। इस मामले में मोंटी गुर्जर, आशीष राय व उमेश मिश्रा समेत 13 मुल्जिमों को नामजद किया गया था। विवेचना में आईपीएस अधिकारी अरविंद सेन का नाम भी प्रकाश में आया। मुल्जिमों पर कूटरचित दस्तोवजों व छद्म नाम से गेहूं, आटा, शक्कर व दाल आदि की सप्लाई का ठेका दिलवाने के नाम पर नौ करोड़ 72 लाख 12 हजार रुपए की ठगी करने का आरोप है।

# पूर्ववर्ती सरकारों की विकृत सोच के चलते पिछड़ा पूर्वांचलः योगी

**पायनियर समाचार सेवा।** गोरखपुर

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय और उत्तर प्रदेश सरकार के नियोजन विभाग की ओर से तीन दिवसीय मेगा सेमिनार के उद्घाटन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि कहा कि पूर्वांचल पूर्ववर्ती सरकारों की विकृत सोच के चलते पिछड़ता चला गया। गलत धारणा बनाकर पूर्वांचल के विकास को अवरुद्ध किया गया।

जबकि विकास और समृद्धि की यहां प्रचूर संभावनाएं हैं। अब पूर्वांचल तेजी से तरक्की कर रहा है। पूर्वांचल को देश का सबसे समृद्ध क्षेत्र बनाएंगे। मुख्यमंत्री गोरखपुर विवि के दीक्षा भवन में 'पूर्वांचल का सतत विकासः मुद्दे, रणनीतियां और आगे का रास्ता' विषयक सेमिनार में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि जल, जंगल, जमीन की प्रचूरता के बीच विकास की गंगा बहाएंगे। पूरी दुनिया पूर्वांचल का अनुसरण करेगी। पूर्वांचल में भगवान राम, बुद्ध, गोरख से लेकर कबीर तक पैदा हुए। बुद्ध के छह प्रमुख तीर्थ स्थानों में से पांच पूर्वांचल में हैं। ऐसे में हम पिछड़े और गरीब कैसे हो सकते हैं।



योगी ने कहा कि पूर्वांचल को यहां के जिम्मेदारों, नौकरशाहों और पूर्ववर्ती सरकारों के प्रतिनिधियों ने पीछे किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्वांचल को लेकर हमें धारणा बदलनी होगी। हाबर्ट और कैम्ब्रिज के लोग पूर्वांचल का विकास नहीं कर सकते। यहां ( शेष पेज 9 )

## जनवरी तक आयेगी वैक्सीनः मुख्यमंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** गोरखपुर

**कोरोना** वैक्सीन का इंतजार इस समय पूरी दुनिया बड़ी बेसब्री से कर रही है। इस बीच गुरुवार को गोरखपुर में सीएम योगी आदित्यनाथ ने जनवरी तक वैक्सीन के आ जाने की सम्भावना जताई। उन्होंने कहा कि जब तक वैक्सीन नहीं आ जाती तब तक कोरोना से खुद को बचाना होगा। इसके लिए आपस में दूरी बनाने और मास्क लगाने जैसे उपायों को अपनाते रहना होगा। सीएम योगी महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के 88वें संस्थापक सप्ताह समारोह में बोल रहे थे। सीएम योगी ने कोरोना की चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि इस समय महराणा प्रताप शिक्षा परिषद के लिए संस्थापक सप्ताह ( शेष पेज 9 )

# एनसीपी प्रमुख शरद पवार बन सकते हैं यूपीए के नए अध्यक्ष

**दीपक कुमार झा।** नई दिल्ली

**एनसीपी** प्रमुख शरद पवार कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी की जगह संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) के नए अध्यक्ष बन सकते हैं। यूपीए के कुछ घटक दलों के सूत्रों ने इस बात की पुष्टि की है कि पवार को कमान सौंपने के बारे में बातचीत हो चुकी है और इस प्रक्रिया को सोनिया गांधी और राहुल गांधी दोनों का समर्थन हासिल हो सकता है।

यह खबर ऐसे समय सामने आई है जब हाल ही में हुए बिहार विधानसभा चुनाव और हैदराबाद नगर निगम चुनावों में कांग्रेस के दयनीय प्रदर्शन के बाद सोनिया और राहुल दोनों देश की सबसे पुरानी पार्टी के भीतर उठ रहे सवालों से दो-चार हो रहे हैं। अस्वस्थ होने के कारण सोनिया गांधी भाजपा के खिलाफ लड़ाई में सक्रिय रूप से विपक्ष का नेतृत्व नहीं कर पा रही हैं। साथ ही कई विपक्षी दलों के नेताओं को राहुल गांधी का नेतृत्व स्वीकार्य नहीं है। ऐसे में पवार विपक्षी खेमे के नेता बनकर उभर सकते हैं। पवार के पास विपक्षी खेमे को पुनर्जीवित करने का चुनौतीपूर्ण कार्य होगा, जिसमें कांग्रेस विफल रही है। दरअसल, बिहार में कांग्रेस के फ्लॉप शो के बाद राहुल मजाक का पात्र बन गए और विपक्षी नेताओं समेत भाजपा ने भी उनकी नेतृत्व क्षमता पर जमकर प्रहार किए।



# हालात को पेचीदा बनाने से बचना होगाः राजनाथ सिंह

**चीन पर निशाना**

- आसियान देशों को संबोधित किया रक्षा मंत्री ने, वर्चअुल सम्मेलन में चीनी समकक्ष भी थे मौजूद

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**चीन** के आक्रामक सैन्य व्यवहार की ओर परोक्ष रूप से संकेत करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को कहा कि गतिविधियों को अंजाम देने में संयम बरतने और स्थिति को और पेचीदा बनाने वाली किसी भी कार्रवाई से बचने से क्षेत्र में लंबे समय तक शांति बनाये रखने में मदद मिल सकती है।

सिंह आसियान के रक्षा मंत्रियों की ऑनलाइन बैठक 'एडीएमएम-प्लस' को संबोधित कर रहे थे। 'एडीएमएम-प्लस' आसियान देश और भारत,चीन समेत आठ संवाद भागीदारों का एक मंच है। इस ऑनलाइन बैठक में चीन के रक्षा मंत्री वेई फेंगही भी शामिल हुए। रक्षा मंत्री ने यह भी कहा कि आतंकवाद क्षेत्र और दुनिया के लिए अभी भी बड़ा समस्या बना हुआ है। पाकिस्तान से चलाई जा रही आतंकवादी गतिविधियों की ओर परोक्ष रूप से इंगित करते हुए उन्होंने कहा कि आतंकवाद को पालने-पोसने और समर्थन देने वाला ढांचा अभी तक मौजूद है और यह भारत के पड़ोस में भी है। उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ मजबूती से और मिलकर लड़ने के लिए कड़ी प्रतिबद्धता और अंतरराष्ट्रीय तंत्र को मजबूत बनाने पर जोर दिया। महत्वपूर्ण भू-रणनीतिक मुद्दों पर चर्चा के दौरान रक्षा मंत्री ने हिन्द प्रशांत क्षेत्र में सम्मान और सम्प्रभुता पर आधारित सदस्यों की हत्या की साजिश रच रहे हैं। आप नेता ने कहा कि दिल्ली पुलिस के जो अधिकारी उपमुख्यमंत्री के आवास की सुरक्षा में तैनात थे, उन्हें हमले की पहले से सूचना थी।

उन्होंने जानबूझकर बैरिकेड हटा दिये, ताकि भाजपा समर्थक उनके घर में घुस सकें। कालकाजी से विधायक आतिशी ने कहा कि भारतीय राजनीति के इतिहास में ऐसा पहली बार है कि किसी विशेष राजनीतिक दल (भाजपा) के गुंडों ने पुलिस के समर्थन से एक उपमुख्यमंत्री के परिवार के सदस्यों पर हमला किया। आतिशी ने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह एकमात्र ऐसे व्यक्ति हैं जो भाजपा के गुंडों को डिप्टी सीएम के परिवार पर हमला करने और पुलिस को इन गुंडों का समर्थन करने का निर्देश दे सकते हैं। दिल्ली भाजपा के उपाध्यक्ष अशोक गोयल देवराहा ने कहा कि ( शेष पेज 9 )



वर्चअुल सम्मेलन में आसियान देशों के अपने समकक्षों को संबोधित करते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

## चीन ने कहाः अच्छे संबंध बनाए रखने को साझा प्रयासों की आवश्यकता

**बीजिंग (भाषा)।** चीन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि बीजिंग और नई दिल्ली के बीच अच्छे संबंध बनाए रखने के लिए साझा प्रयासों की जरूरत है तथा उनका देश सीमा गतिरोध दूर करने के लिए कटिबद्ध है लेकिन वह अपनी क्षेत्रीय संप्रभुता की रक्षा करने के लिए भी संकल्पबद्ध है। चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता हुआ चुनयिंग ने विदेश मंत्री एस जयशंकर की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए यह बात कही। जयशंकर ने कहा था कि चीन ने भारत को वास्तविक नियंत्रण रेखा पर बड़ी तादाद में सैन्यबल की तैनाती के लिए पांच भिन्न स्पष्टीकरण दिए हैं और द्विपक्षीय समझौतों के उल्लंघन में आपसी संबंधों को नुकसान पहुंचाया है।

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 45,959 | 143 | |
| निफ्टी | 13,478 | 50 | |
| सोना | 48,652 | 534 | /10g |
| चांदी | 62,711 | 628 | /kg |

## क्विक न्यूज

### साल में चार बार जेईई-मेन कराने पर हो रहा विचार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरकार अगले वर्ष से एक साल में चार बार संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई)-मेन कराने के सुझावो पर कर रही विचार कर रही है जिससे कि यह सुनिश्चित हो सके कि छात्र विभिन्न परीक्षाओ के एक ही दिन होने या कोविड-19 जैसी स्थिति की वजह से अवसरो से वंचित न हो सकें। छात्रो, शिक्षको और अभिभावको के साथ बाचीत में पोखरियाल ने इंजीनियरिंग परीक्षा जेईई-मेन तथा मेडिकल परीक्षा नीट के लिए पाठ्यक्रम में किसी कमी की संभावना से इनकार किया। 2021 से एक साल में चार बार जेईई-मेन कराने के सुझाव पर सकारात्मक तरीके से विचार किया जाएगा। मंत्री ने कहा कि जेईई (मेन 2021) के लिए पाठ्यक्रम पूर्ववर्ती वर्ष जैसा ही रहेगा ।

# निर्माण कंपनियों को मिट्टी की उपलब्धता सुनिश्चित कराएं

## मुख्यमंत्री ने की गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे के निर्माण कार्यों की समीक्षा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को यूपीडा और निर्माण कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस वे निर्माण कार्य प्रगति की समीक्षा बैठक की। इसके बाद मुख्यमंत्री ने सिकरीगंज स्थित गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे और कम्हरिया घाट पर निर्माणाधीन घाघरा पुल का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चिति कराई जाए। एक्सप्रेस वे निर्माण कंपनियों ने मुख्यमंत्री को भरोसा दिलाया कि मार्च 2022 तक लिंक एक्सप्रेसवे बन कर तैयार हो जाएगा।

मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को निर्देशित किया कि गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस वे की निर्माण कंपनियों को मिट्टी की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाए। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने वहां पौधारोपण भी किया। मुख्यमंत्री ने



पीजीसीआईएलए पावर ट्रांसमिशन और पावर कारपोरेशन के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह विद्युत लाइनों के विस्थापन के कार्य को शीर्ष प्राथमिकता पर करें। उन्होंने मिट्टी के तटबंधों के निर्माण कार्य को आगामी बरसात से पूर्व ही पूर्ण कराने के निर्देश दिए। वहीं यूपीडा के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को घाघरा नदी पर बनने वाले पुल के बारे में जानकारी दी। यूपीडा के चेयरमैन अवनीश अवस्थी ने मुख्यमंत्री को जानकारी दी कि घाघरा नदी पुल पर 50 वेल में से 18 पर काम शुरू हो गया है, शेष वेल बनाने का काम बरसात आने से पहले शुरू हो जाएगा। मौके पर निर्माण कंपनी एपको और डिलीट बिल्ड कार्न के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को भरोसा दिलाया कि मार्च 2022 तक गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस वे काम पूरा हो जाएगा। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस वे बनने के बाद लखनऊ से गोरखपुर आवागमन का एक और वैकल्पिक मार्ग तैयार हो जाएगा।

गौरतलब है कि पूर्वांचल में विकास को रफ्तार देने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा लखनऊ से आजमगढ़ होते हुए गाजीपुर तक सिक्स लेन के पूर्वांचल एक्सप्रेस वे का निर्माण किया जा रहा है। एक्सप्रेस वे को गोरखपुर से जोड़ने के लिए गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे का निर्माण हो रहा है। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के साथ ही अब गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे को भी समय से पूरा करने के लिए मुख्यमंत्री विशेष प्रयास कर रहे हैं। पूर्वांचल एक्स्प्रेसवे से गोरखपुर को जोड़ने वाला लिंक गोरखपुर से निकल कर सदर, सहजनवा और खजनी तहसील होते हुए घनघटा तहसील के चार गांव से होकर जाएगा अम्बेडकरनगर होते हुए आजमगढ़ जिले में पूर्वांचल एक्सप्रेस वे में जाकर मिल जाएगा। लिंक एक्सप्रेस वे कुल लंबाई 91.352 किमी है, जिसमें भविष्य को ध्यान में रखते हुए छह लेन का स्ट्रक्चर बनेगा पर शुरुआत में चार लेन की सड़क बनेगी।

छह लेन की पूर्वांचल एक्सप्रेस गाजीपुर जिले को राज्य की राजधानी लखनऊ समेत आज़मगढ़ और अयोध्या से जोड़ेगी। 340.824 किलोमीटर एक्सप्रेसवे का निर्माण 22,494 करोड़ रुपये की लागत से किया जा रहा है। यह लखनऊ, बाराबंकी, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, अम्बेडकर नगर, आजमगढ़, मऊ और गाजीपुर सहित नौ जिलों से होकर गुजरेगा। उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अनुसारए एक्सप्रेसवे को मार्च 2021 तक जनता के लिए खोले जाने की उम्मीद है। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने 14 जुलाई 2018 को आज़मगढ़ में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे की आधारशिला रखी थी। इस योजना पर अब तक करीब 68 प्रतिशत काम पूरा किया जा चुका है। यह 302 किमी लंबे लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे और आगरा से दिल्ली तक 165 किमी लंबे यमुना एक्सप्रेसवे से जुड़ा होगा।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली में बृहस्पतिवार को नए संसद भवन की आधारशिला रखी। इस आयोजन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर से वर्चुअल तरीके से शामिल हुए

# पूर्व केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री के निधन पर सीएम ने शोक जताया

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने पूर्व केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री रामलाल राही के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि रामलाल राही एक वरिष्ठ और अनुभवी राजनेता थे। उन्होंने सांसद एवं विधायक के रूप में लम्बे समय तक अपनी सेवाएं दीं। मुख्यमंत्री ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शान्ति के लिए प्रार्थना करते हुए स्व. रामलाल राही के शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है।

## प. बंगाल में कानून नाम की कोई चीज नहीं रह गई : स्वतन्त्र देव

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल के दौरे पर गए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के काफिले पर हमले की भर्त्सना की है। उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता अपने साथियों की हत्यारी ममता सरकार से पूरा हिसाब लेंगे। उन्होंने कहा कि बंगाल में आज कानून नाम की कोई चीज नहीं रह गई है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी व उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं के उत्पीड़न और सरकार समर्थित भ्रष्टाचार से बंगाल की जनता ऊब चुकी है। पूरा बंगाल बदलाव चाहता है। टीएमसी को भी इस बात का अंदेशा है कि चुनाव में उसकी हार तय है इसलिए उनके नेता हिंसा और हत्या का कुत्सित खेल खेल रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ताओं का उत्साह और बंगाल के विकास को लेकर उनके संकल्प को ममता सरकार समर्थित हिंसा नहीं तोड़ पाएगी। भाजपा का इतिहास संघर्ष और बलिदान का है। तानाशाही और गुंडागर्दी से भाजपा का कार्यकर्ता न कभी डरा है और न ही पीछे हटा है। अपनी करारी हार देख रही दीदी यह भूल गई हैं कि दादागीरी और खून खराबे की राजनीति से बंगाल अब निजात चाहता है। बंगाल अब भाजपा की सरकार चाहता है।

# कोविड को लेकर लोगों में जागरूकता फैलाने की आवश्यकता: केशव मौर्य

● उपमुख्यमंत्री ने कोरोना जागरूकता प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाई, प्रदेश के 12 जिलों में प्रचार अभियान का शुभारम्भ

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उपमुख्यमंत्री** केशव प्रसाद मौर्य ने अपने आवास पर कोरोना जागरूकता प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान उन्होंने देश के साथ-साथ उप्र में कोराना संक्रमण रोकने के लिए जन जागरुकता प्रचार अभियान प्रभावी तरीके से चलाने पर बल दिया। उपमुख्यमंत्री ने लखनऊ सहित प्रदेश के 12 जिलों में आज से शुरु किए गए प्रचार अभियान का शुभारम्भ करते हुए कहा कि कोरोना वायरस के संक्रमण को रोकने के लिए



लोगों के आधार व्यवहार में परिवर्तन जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को कोरोना संक्रमण से मुक्त करने का संकल्प दोहराया है और उसे पाने के लिए प्रचार अभियानों की विशेष भूमिका है। उन्होंने प्रादेशिक लोक संपर्क ब्यूरो द्वारा शुरू किए गए प्रचार अभियान की तारीफ करते हुए कहा कि राज्य सरकार हर तरह की सहायता उपलब्ध कराएगी। सचल प्रदर्शनी चेतना रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने से पूर्व श्री मौर्य ने अभियान के दौरान लगाए जाने वाले पोस्टर, स्टीकर, बैनर और वितरित किए जाने वाले पम्पलेट्स का भी लोकार्पण किया। इस अवसर पर प्रादेशिक लोक संपर्क ब्यूरो के संयुक्त निदेशक सुनील शुक्ल ने अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी दी और कहा कि प्रचार अभियान का प्रथम चरण नवम्बर माह में पूरा हो चुका है। उस दौरान भी 12 जिलों में व्यापक कार्यक्रम आयोजित किए गए थे। दिसम्बर माह में अन्य 12 संवेदनशील जिलों को प्रचार अभियान के लिए चुना गया है।

# अगले साल मार्च तक पूरा करें पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे का काम

● मुख्य सचिव की अध्यक्षता में प्रोजेक्ट मानिटरिंग ग्रुप की बैठक

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्य** सचिव राजेन्द्र कुमार तिवारी द्वारा प्रोजेक्ट मानिटरिंग की बैठक में पूर्वांचल एक्सप्रेस वे निर्माण की प्रगति की समीक्षा की गयी।

उन्होंने बताया कि पूर्वांचल एक्सप्रेस वे लखनऊ-सुल्तानपुर रोड पर स्थित ग्राम-चांदसराय लखनऊ से प्रारंभ होकर यूपी-बिहार सीमा से 18 किमी पूर्व राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 31 पर स्थित ग्राम हैदरिया पर समाप्त होगा। एक्सप्रेस वे की लम्बाई 340.824 किमी है। इस परियोजना से लखनऊ, बाराबंकी, अमेठी, अयोध्या, सुल्तानपुर, अम्बेडकरनगर, आजमगढ़, मऊ तथा गाजीपुर लाभान्वित होंगी। इस एक्सप्रेसवे के अन्तर्गत कुल 22 फ्लाईओवर, 7 रेलवे ओवरब्रिज, 7 दीर्घ सेतु, 114 लघु सेतु, 265 अण्डरपास तथा 507 पुलियों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। एक्सप्रेसवे पर आपातकालीन स्थिति में भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमानों के लैण्डिंग-टेकआफके लिए सुल्तानपुर में 3.2 किमी लम्बी हवाईपट्टी का निर्माण भी प्रस्तावित है। परियोजना की कुल अनुमानित लागत रुपये 22494.94 करोड़ है। निर्माण हेतु पूर्वांचल एक्सप्रेस.वे कुल 08 पैकेजों में विभक्त किया गया है, जिन पर तेजी से कार्य चल रहा है। परियोजना की कुल भौतिक प्रगति लगभग 68 प्रतिशत पूर्ण हो चुकी है। परियोजना के मेन कैरिज वे को मार्चए 2021 अन्त तक खोलने का लक्ष्य है। उन्होंने यह भी बताया कि एक्सप्रेसवे निर्माण से प्रदेश का पूर्वी क्षेत्र प्रदेश की राजधानी एवं आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे व यमुना एक्सप्रेसवे के माध्यम से देश की राजधानी से त्वरित व सुगम यातायात के कॉरिडोर से जुड़ जायेगा।

# चुनावी चाशनी में लिपटा होगा योगी सरकार का बजट

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सरकारी** महकमों के बजट प्रस्ताव आने के बाद योगी सरकार अपने पांचवे और अंतिम बजट को अंतिम रूप देने की तैयारी में जुट गयी है। कोरोना संकट के तैयार हो रहा योगी सरकार का यह बजट चुनावी चाशनी में लिपटा होगा। जिसमे न तो कोई नया कर लगाये जाने की संभावना है और न ही किसी कर की दरों को बढ़ाया जाएगा। अलबत्ता सरकार की कोशिश अपने खर्चों में कटौती करके जनता को ज्यादा से ज्यादा फायदा देने की होगी। पिछले चार बजट हर वर्ष किसी न किसी खास सेक्टर पर फोकस रहे, लेकिन पांचवें बजट को हर किसी की उम्मीदों का गुलदस्ता साबित करने की तैयारी है।

बजट में इस बार अनुपयोगी योजनाओं को खत्म करने का विचार किया जा रहा है। इसके साथ ही स्टाफ और बढ़ते खर्च को देखते हुए प्रशासनिक ढांचे की समीक्षा और पुनर्गठन करने को कहा गया है। बजट को लेकर चल रही सरकारी कवायद में इस बात के संकेत मिले हैं कि संविदा पर कर्मचारियों की नियुक्ति की जगह काम को ही संविदा पर कराने का प्रस्ताव लाया जा रहा है। विदित हो कि अपर मुख्य सचिव वित्त संजीव मित्तल ने पिछले दिनों शासन के समस्त अपर मुख्य सचिवों, प्रमुख सचिवों व सचिवों को वित्त वर्ष 2021-22 का बजट प्रस्ताव तैयार करने संबंधी विस्तृत दिशा निर्देश जारी किए थे। विभागों से सरकार की प्राथमिकताओं और प्रतिबद्धताओं को ध्यान में रखकर बजट प्रस्ताव उपलब्ध कराने को कहा गया था। आधिकारिक सूत्रों का कहना है कि लगभग सभी विभागों ने अपना-अपना बजट प्रस्ताव वित्त विभाग को भेज दिया है और अब उसे सरकार की प्राथमिकताओं के अनुरूप अंतिम रूप देने का काम चल रहा है। दरअसल वित्तीय वर्ष 2021-22 में योगी सरकार के मौजूदा कार्यकाल का आखिरी बजट होगा। ऐसे में विधानसभा चुनाव से पहले के इस बजट को सबसे खास बनाने की कोशिश शुरू हो गई है। जानकार बताते हैं कि यह बजट एक नए रूप में

● सरकार की कोशिश अपने खर्चों में कटौती करके जनता को ज्यादा से ज्यादा फायदा देने की होगी

सामने आ सकता है। इसमें हर गांव, घर, परिवार की बात होगी तो उद्यमी, किसान, महिला, नौजवान की भी चिंता नजर आएगी। व्यापारी और बेरोजगार के लिए कुछ खास होगा तो बेसहारा की सहारा बनने वाली कोई न कोई सौगात भी संभव है। बजट में हर गांव को डिजिटल बनाने का ऐलान हो सकता है तो हर गांव को सड़क से जोड़ने का ऐलान भी संभव है। हर गांव में बैंक खोलने की बात हो सकती है तो हर घर को भरपूर बिजली की सौगात भी संभव है। हर परिवार के एक युवक को रोजगार की गारंटी देने की तैयारी है तो हर पात्र को पेंशन सुनिश्चित करने का एलान भी संभव है।

हर उद्यमी के लिए उद्योग लगाना आसान बनाने के उपाय का एलान नजर आ सकता है तो हर व्यापारी को बेहतर कारोबारी माहौल की सौगात संभव है। हर किसान के लिए सरकारी दर पर उपज बेचना और भी आसान बनाने तथा हर खेत को पानी के लिए भी कोई सौगात नजर आ सकती है। नए बजट में हर महिला को सुरक्षा, हर जुल्मी को जेल और हर बच्चे को पौष्टिक भोजन जैसे एलान भी संभव है।

**पिछले चार बजट में इन बिंदुओं पर रहा है फोकस**

2017-18 में किसानों की कर्जमाफी हुई और किसान केंद्र में थे। 2018-19 में इन्फ्रास्ट्रक्चर व छोटे-मझोले उद्योगों पर फोकस रहा। बुंदेलखंड व गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे का एलान हुआ। 2019-20 में महिलाओं और बेटियां केंद्र में रहीं। कन्या सुमंगला योजना सबसे महत्वपूर्ण रही। 2020-21 में सरकार का फोकस युवाओं पर रहा। आधा दर्जन राज्य विश्वविद्यालयों व युवाओं को नौकरी व स्वरोजगार के लिए प्रेरित करने से संबंधित कई ऐलान हुए।

## रामलाल राही के निधन पर प्रियंका व लल्लू ने जताया शोक

**लखनऊ।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री रामलाल राही के आकस्मिक निधन पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव एवं यूपी प्रभारी प्रियंका गांधी वाड्रा एवं प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोक संतप्त परिजनों को इस असह्य दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है। प्रियंका गांधी ने ट्वीट कर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा है कि कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता रामलाल राही के निधन की दुखद खबर मिली। उन्होंने केन्द्र सरकार के मंत्री, यूपी में जन प्रतिनिधि रहते हुए एवं कांग्रेस संगठन एक मजबूत संगठनकर्ता के रूप में पूरी निष्ठा के साथ अपनी सेवाएं दीं। उनके निधन से कांग्रेस पार्टी एवं उत्तर प्रदेश की राजनीतिक को अपूरणीय क्षति हुई है। उनके परिजनों के प्रति मेरी गहरी संवंदनाएं। लल्लू ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि रामलाल राही मृदुभाषी एवं हंसमुख स्वभाव के जनप्रिय नेता रहे।

# आईएमए से जुड़े निजी चिकित्सक आज हड़ताल पर

● आयुर्वेद चिकित्सकों को सर्जरी का अधिकार दिए जाने का विरोध

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**आयुर्वेद** चिकित्सकों को सर्जरी का अधिकार दिए जाने के विरोध में शुक्रवार को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के आह्वान पर राजधानी सहित प्रदेश भर के आईएमए से जुड़े निजी चिकित्सक हड़ताल पर रहेंगे। इस दौरान इमरजेंसी, कोविड जैसी आवश्यक सेवाओं को छोड़कर जनरल ओपीडी बंद रहेंगी।

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के सचिव डॉ जयंत शर्मा ने आईएमए के सभी सदस्य चिकित्सकों से आह्वान किया है कि इस गंभीर मसले पर गंभीरता से विरोध जताएं। उन्होंने कहा चिकित्सक शांतिपूर्ण ढंग से कोविड प्रोटोकॉल का पूरा पालन करते हुए बाहर निकल कर अपना विरोध जताएं और प्रभावी ढंग से अपनी बात सम्बन्धित अधिकारियों तक इस तरह पहुंचाए कि वे हमारी बातें समझ सकें। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि यह आदेश आने वाले समय में सभी तरह के डॉक्टरों के लिए अहितकारी सिद्ध होगा। आईएमए लखनऊ की अध्यक्ष डॉ रमा श्रीवास्तव ने भी कहा है कि कल 11 दिसंबर को सुबह 6 बजे से अगले दिन 12 दिसंबर की सुबह 6 बजे तक आईएमए से जुड़े चिकित्सक अपने कार्य ठप रखेंगे। उन्होंने बताया कि इस दौरान इमरजेंसी सेवाएं, प्रसव सेवाएं व कोविड से जुड़ी चिकित्सा सेवाओं के साथ ही आईसीयूए क्रिटिकल केयर सेवाओं को हड़ताल से अलग रखा गया है। उन्होंने बताया कि हड़ताल को लेकर विरोध जताने के लिए कल अपराहन 1 बजे से 2 बजे तक सभी चिकित्सक रिवर बैंक कॉलोनी स्थित आईएमए भवन पर उपस्थित होंगे।

## डीजीपी ने मानवाधिकार दिवस पर पुलिस जनों को दिलाई शपथ

**लखनऊ।** डीजीपी हितेश चंद्र अवस्थी ने पुलिस मुख्यालय गोमतीनगर विस्तार लखनऊ में मानवाधिकार दिवस के अवसर पर पुलिस जनों को शपथ दिलाई। इस अवसर पर पुलिस मुख्यालय में नियुक्त समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा कोरोना वायरस संक्रमण के दृष्टिगत सोशल डिस्टेंसिंग आदि का अनुपालन करते हुए अपने-अपने कार्यालय में शपथ ली गयी कि मैं एतद्वारा दृढ़तापूर्वक प्रतिज्ञा करता हूं कि मैं भारतीय संविधान एवं विभिन्न अन्तर्राष्ट्रीय अनुबन्धों द्वारा भारत में अंगीकृत एवं लागू समस्त मानवाधिकारों के संरक्षण के प्रति सत्यनिष्ठ एवं वफादार रहूंगा। मैं मानवाधिकारों की सुरक्षा हेतु अपने कर्तव्यों का पूर्ण रूप से पालन करूंगा। मैं बिना किसी पक्षपात के मानवाधिकारों का सम्मान एवं सभी के आत्मसम्मान का आदर करूंगा। मैं अपने शब्दों, दस्तावेजों या विचारों द्वारा प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से किसी के मानवाधिकारों का उल्लंघन नहीं करूंगा। मैं मानवाधिकारों के विकास एवं सुरक्षा हेतु सदैव कर्तव्यबद्ध रहूंगा।

## एक दर्जन जिलों में दो महत्वपूर्ण हाईवे पर खुलेंगे 21 थाने

**लखनऊ।** यातायात निदेशालय ने एक बार फिर हाईवे पुलिसिंग की कवायद शुरू कर दी है । इसके तहत प्रथम चरण में प्रदेश के दो महत्वपूर्ण हाईवे पर 21 थाने स्थापित किए जाने की योजना है। यातायात निदेशालय ने इन दोनों हाईवे पर आने वाले 12 जिलों से जमीन उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है। पहले चरण में मथुरा से चंदौली तक जाने वाले 780 किलोमीटर लंबे नेशनल हाईवे (एनएच-दो) और लखनऊ से कानपुर जाने वाले 90 किलोमीटर लंबे नेशनल हाईवे (एनएच-दो) पर 21 थाने बनेंगे। लखनऊ-कानपुर के बीच दो थाने बनेंगे और दोनों उन्नाव जिले में आएंगे। मथुरा-चंदौली जीटी रोड पर 19 थाने बनाए जाएंगे। विश्व बैंक इसके लिए राज्य सरकार को 300 करोड़ रुपये का ऋण देगा। यह पायलट प्रोजेक्ट कामयाब रहा तो अन्य हाईवे पर भी थाने बनाए जाएंगे। दोनों हाईवे पर कुल पांच सर्किल बनाए जाएंगे। वहां दो अपर पुलिस अधीक्षक तैनात किए जाएंगे।

पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

मेरी हाई स्कूल अंकतालिका (मार्कशीट) सन् 1976 अनुक्रमांक 327407 व प्रमाणपत्र क्रमांक 114402 वास्तव में खो गया है। प्रमोद कुमार सक्सेना पुत्र श्याम सुन्दर सक्सेना उम्र 68 वर्ष निवासी मं0नं0-461, ई ब्लाक पनकी कानपुर नगर।

**सूचना**

सूच्य कि मेरा प्रशिक्षु शिक्षक चयन-2011 परीक्षा वर्ष -2016 अनुक्रमांक 32300035 का प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है। कु0 नेहा माथुर पुत्री श्री सर्वेश कुमार माथुर निवासी-जनकपुरी, मुंशीगंज संत सदन तहसील व जिला-सीतापुर

**सूचना**

सूच्य कि मेरा प्रशिक्षु शिक्षक चयन-2011 परीक्षा वर्ष -2016 अनुक्रमांक 32300065 का प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है। शिल्पी पुत्री श्री सुनील कुमार निवासी- मकान सं0 743, शिवालापुरवा तरीनपुर- सीतापुर

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरे आर्मी सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम रिशालत खान (RISHALAT KHAN) अंकित हो गया है जबकि मेरा वास्तविक व सही नाम रिसालत खान (RISALAT KHAN) है। नं0 6497179Y रैंक एन.के. नाम - RISALAT KHAN पुत्र MR. CHHIDDAN KHAN यूनिट आर.एस.डी लखनऊ

# आजादी की लड़ाई में अपने प्राणों की आहुति देने वाले हमारी प्रेरणा के स्रोत

## अखिलेश ने पुष्पांजलि अर्पित कर शहीदों की स्मृति को संजोए रखने पर दिया बल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने बृहस्पतिवार को लखनऊ के गोसाईंगंज में स्थापित झण्डा स्मारक पर पहुंचकर अपनी भावभीनी पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने शहीदों की स्मृति को संजोए रखने पर बल देते हुए कहा कि आजादी की लड़ाई में जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति दी वे हमारी प्रेरणा के स्रोत हैं। समाज अपने पूर्वजों के त्याग, समर्पण की भावना के प्रति नतमस्तक है। उनकी तपस्या से ही आज हम आजादी की हवा में सांस ले रहे हैं। यादव ने कहा स्वतंत्रता आंदोलन के जो मूल्य और आदर्श थे वर्तमान भाजपा सरकार ने उनको भुलाने का काम किया है। भाजपा-आरएसएस की भारत के स्वातंत्रता आंदोलन में कोई सहभागिता या भूमिका नहीं थी। इसलिए वे शहीदों की विरासत के प्रति न्याय नहीं कर सकते है। सन् 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में गांधी जी सहित जब कांग्रेस के बड़े नेता गिरफ्तार हो गए थे



तब समाजवादी नेताओं डॉ. राममनोहर लोहिया, लोकनायक जयप्रकाश नारायण तथा अरूणा आसफ अली आदि ने ही आंदोलन की कमान सम्भाली थी।

गोसाईंगंज नगर पंचायत का गठन 1915 ई. में हुआ था इस कस्बे से 1921 से 1942 के बीच 42 लोगों ने स्वतंत्रता संग्राम में हिस्सा लिया इनमें 3 महिलाएं भी थीं। इस क्षेत्र में झण्डा स्मारक निर्माण स्वतंत्रता सेनानी मंगल प्रसाद यादव ने किया था। उनके नाती बृजेश यादव ने बताया कि 1930 में यहां स्वतंत्रता आंदोलन का झण्डा लगा था जिसे पुलिस जबरन उतारकर ले गई थी। 1936 में जवाहर लाल नेहरू ने ध्वज फहराया और 20 नवम्बर 1938 में नेता जी सुभाष चंद्र बोस पधारे थे, उन्होंने भी झण्डा स्मारक पर ध्वजारोहण किया था।

### किसानों के साथ ऐसा अन्याय कभी नहीं हुआ

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा राज में जैसा अन्याय देश के अन्नदाता किसान के साथ आजाद भारत में कभी नहीं हुआ। लगातार एक पखवाड़े से खुले आसमान के नीचे ठंड में कांपते किसान सरकार से अपनी व्यथाकथा बताने को सड़क पर हैं लेकिन सरकार है कि उसके कान में जूं ही नहीं रेंग रही है। अपने मन की बात देश को जबरन सुनाने वाले किसान की कोई बात सुनने को तैयार नहीं है। सपा अध्यक्ष ने कहा किसान आंदोलन भारत के इस लोकतांत्रिक मूल्य की पुन: स्थापना का भी आंदोलन है कि सरकार के सभी फैसलों में आम जनता की भागीदारी होनी चाहिए, सरकार की मनमानी नहीं। किसानों को सरकार के जिन फैसलों से दुश्वारी है उनको समाप्त करने की मांग में अनुचित क्या है, सरकार जनता के लिए जनता द्वारा चुनी जाती है। देश की सबसे बड़ी पंचायत में जनमत की अवहेलना लोकतंत्र और संविधान की मूलभावना से ही खिलवाड़ है। अखिलेश ने कहा कि भाजपा सरकार की हठधर्मी के कारण ही भारत में लोकतंत्र को बचाने के लिए देश का हर नागरिक भी आज किसान आंदोलन के साथ भावनात्मक रूप से जुड़ता जा रहा है। भाजपा हताश है क्योंकि किसानों के साथ जनता भी जुड़ती जा रही है।

**लखनऊ नगर निगम**
लालबाग, टी.एन. मार्ग, लखनऊ-226001 (उ.प्र.)
ई-मेल nnlko@up.nic.in, फोन : 0522-2622440

पत्रांक : 7325/पी./उ.वि. दिनांक 09.12.2020

**उद्यान विभाग**
**अल्पकालीन निविदा सूचना**

उद्यान विभाग,नगर निगम लखनऊ द्वारा प्रशासनिक अनुमति के अन्तर्गत उद्यानिक उपकरणों की दरों (जी.एस.टी.सहित) की मोहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र दिनांक 28.12.2020 तक अपरान्ह 02:00 बजे तक कार्यालय दिवस व अवधि में कार्यालय फार्म कीपर नगर निगम लखनऊ से निर्धारित शुल्क का नगद भुगतान कर प्राप्त किया जा सकता है अथवा नगर निगम की वेबसाइट upgov.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है। डाउनलोड किये गये निविदा प्रपत्र के साथ निर्धारित शुल्क का बैंक ड्राफ्ट, जो नगर आयुक्त, नगर निगम लखनऊ के पक्ष में देय हो संलग्न करना अनिवार्य है। निविदा दिनांक 29.12.2020 को अपर नगर आयुक्त के कार्यालय कक्ष में रखे निविदा बाक्स में अपरान्ह 3:00 बजे तक डाली जा सकती है। जिन्हें उसी दिन सायंकाल 4:00 बजे निविदा समिति के सदस्यों के समक्ष खोला जायेगा। किसी भी निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। विवरण निम्नवत प्रस्तुत है:-

| क्र. सं. | कार्य का नाम | कार्य का व्यायनुमान | जमानत धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | GST 18% | कुल मूल्य (नि.प्र.मू. +GST) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | औद्यानिक उपकरणों की दरें (जी.एस.टी. सहित) प्राप्त किये जाने हेतु निविदा। | 9,96,750.00 | 99,675.00 | 997.00 | 179.00 | 1176.00 |

शर्ते : 1. उद्यान विभाग, नगर निगम लखनऊ द्वारा उपर्युक्त आपूर्ति प्राप्त किये जाने हेतु मोहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है। जो उद्यान अधीक्षक नगर निगम लखनऊ के पते पर होगी जिन्हें जारी निविदा सूचना में अंकित स्थान, तिथि एवं समय पर निविदा बाक्स में डाली जा सकेगी। 2. निविदा डाले जाने पर यह माना जायेगा कि सम्बन्धित ठेकेदार द्वारा उक्त कार्य के आगणन एवं कार्य की नियम एवं शर्तों को पूर्णतया: समझ लिया है एवं कार्य के आगणन व नियम एवं शर्तों के अनुसार कार्य करने को सहमत है। 3. निविदा के साथ अग्रिम प्रतिभूति राशि को राष्ट्रीय बचत पत्र FDR, CDR अथवा ड्राफ्ट के रूप में हो तथा जो उद्यान अधीक्षक, नगर निगम लखनऊ के पद नाम न्यस्त (बन्धक) किया हो, संलग्न करना अनिवार्य है। अग्रिम प्रतिभूति के बिना निविदा अस्वीकृत होगी। 4. किसी अथवा समस्त निविदाओं को अस्वीकृत करने का अधिकार नगर आयुक्त, नगर निगम लखनऊ में निहित होगा। इस सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/व्यक्तियों द्वारा निविदा अस्वीकृत का कारण नहीं पूछा जा सकता। 5. निविदा प्रपत्र में सूचनायें व दर उसी रूप में अंकित की जायेगी, जिस रूप में माँगी गयी है। 6. स्वीकृत निविदा दर के निविदादाता को पत्र प्राप्ति के एक सप्ताह के अन्दर निर्धारित शुल्क के अनुबन्ध प्रपत्र पर हस्ताक्षर तथा आपूर्ति करनी अनिवार्य होगी। उक्त प्रतिभूतियों को संतोषजनक आपूर्ति होने के उपरान्त ही वापस की जा सकेगी अन्यथा अग्रिम जमानत धनराशि जब्त कर स्वीकृत निरस्त कर दी जायेगी। 7. निविदा में निविदादाता द्वारा जो पता अंकित किया जाएगा वही मान्य होगा, जिस पर भेजी गई डाक यदि डाकखाने से किसी कारण वितरित/प्राप्त नहीं करायी जाती है, तो इसका दायित्व नगर निगम का नहीं होगा। 8. निविदा प्रपत्र स्वच्छ एवं स्पष्ट रूप में भरी होनी चाहिए किसी प्रकार की काँट-छाँट युक्त निविदा स्वीकार नही की जायेगी। 9. उल्लेखित कार्य निर्धारित नियम एवं शर्तों के अनुसार समयावधि में पूर्ण किये जायेंगे। मा. न्यायालय वाद की स्थिति एवं अपरिहार्य कारणों के अतिरिक्त किसी भी दशा में समयवृद्धि नहीं की जायेगी। 10. प्रत्येक निविदा के साथ अलग से अग्रिम प्रतिभूति धनराशि होगी, दूसरी निविदा अथवा पुराने कार्यों के साथ लगी प्रतिभूति धनराशि स्वीकार नहीं होगी। 11. निविदा के लिफाफे पर कार्य का नाम अंकित होना अनिवार्य है।

अधीक्षक उद्यान

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582


## अपहरण की कहानी निकली झूठी

# हनी ट्रैप में फंस गए थे डॉक्टर

### युवती समेत दो गिरफ्तार, फरार आरोपियों पर 15 हजार का ईनाम किया घोषित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ









सना

**लोहिया** अस्पताल के सामने से मेडिकल कालेज के डेंटल डॉक्टर अखिलेश चौबे के अपहरण और दो लाख कैश लूट के आरोपों का खुलासा करते हुए पुलिस ने हनी ट्रैप में शामिल सचिन रावत और दिल्ली से कहकशा खान उर्फ नीशू को गिरफ्तार किया है। ज्वॉइंट कमिश्नर अपराध नीलाब्जा चौधरी ने बताया कि नीशू की बहन के माध्यम से डॉक्टर अखिलेश इन लोगों के संपर्क में आया। जबकि सूत्रों का कहना है कि सोशल मीडिया के माध्यम से नीशू और डॉक्टर के संपर्क में आए। इसके बाद वह उनसे मिलने फ्लैट पर पहुंची जहां अश्लील वीडियो बनाया गया और इसी बीच उसके कुछ साथी भी फ्लैट पर पहुंच गए। डॉक्टर को ब्लैकमेल कर उनसे दो लाख की रकम और आल्टो गाड़ी मांगी गई। रकम और गाड़ी लेकर सभी फरार हो गए। फजीहत से बचने के लिए डॉक्टर ने पुलिस को अपहरण की झूठी कहानी सुनाई। फिलहाल सचिन रावत और कहकशां उर्फनीशू को गिरफ्तार किया गया है। गैंग में शामिल आदिल, बलराम, नज़र और सना पर 15 हज़ार रुपये का इनाम पुलिस ने घोषित किया है।

**सोशल मीडिया पर फैला है जालः** पुलिस की गिरफ्त में आया यह पहला ऐसा रैकेट है जिसमें पुलिस मामले की तह तक गई। जिसमें पता चला कि साफतौर पर डॉक्टर ने असली बात छुपाते हुए अपहरण और लूट की कहानी गढ़ी थी। फिलहाल इस खुलासे के बाद सोशल मीडिया पर जालसाजों तक पहुंचने का रास्ता ज़रूर खुला है। सूत्रों की मानें तो आए दिन लोग सोशल मीडिया के माध्यम से इस जालसाजी का शिकार हो रहे हैं। जिसमें वीडियो कॉलिंग के जरिए अश्लील वीडियो बनाने के बाद उसे वायरल करने की धमकी देने के नाम पर धन उगाही का खेल लंबे समय से चल रहा है।

**डॉक्टर पर भी हो सकती है कार्रवाईः** फिलहाल 3 दिन पहले जब पुलिस के पास यह मामला पहुंचा तो पुलिस सकते में आ गई। कमिश्नर डीके ठाकुर ने खुद इस मामले का संज्ञान लिया और लगातार मॉनिटरिंग करते रहे। डॉक्टर का सरेआम अपहरण और लूट की घटना ने शहर की कानून व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए थे। तीन दिन तक लगातार पूछताछ और तलाश में जुटी पुलिस के हाथ असली आरोपी लगे तो डॉक्टर की कहानी में कई छेद खुलकर सामने आ गए। बताया जा रहा है कि सोशल मीडिया के माध्यम से मुलाकात के बाद युवती डॉक्टर से मिलने एक फ्लैट पर पहुंची थी। जबकि डॉक्टर ने अपनी कहानी में लोहिया अस्पताल के सामने से अपहरण की बात अपनी तहरीर में कही थी। अब माना जा रहा है कि पुलिस को गुमराह करने पर डॉक्टर के खिलाफ भी कार्रवाई हो सकती है।

## कूटरचित दस्तावेजों पर हाउसिंग लोन लेने वाले डॉक्टर को चार साल की सजा

विधि संवाददाता। लखनऊ

**कूटरचित** दस्तावेजों के आधार पर इलाहाबाद की एसबीआई बैंक से हाउसिंग लोन लेने के एक मामले में सीबीआई की विशेष अदालत ने डॉ. सूर्य भान सिंह को चार साल की सजा सुनाई है। साथ ही 10 हजार का जुर्माना भी ठोंका है। विशेष जज प्रदीप सिंह ने यह फैसला सीबीआई की अपील को आंशिक रुप से मंजूर करते हुए सुनाया है। 30 अप्रैल 2019 को इस मामले में सीबीआई की निचली अदालत ने डॉ. सूर्य भान सिंह को बरी कर दिया था। निचली अदालत के इस फैसले को सीबीआई ने अपील में चुनौती दी थी।

दरअसल वर्ष 2003 में सूर्य भान सिंह ने कूटरचित दस्तावेजों के जरिए इलाहाबाद में एसबीआई की हाईकोर्ट ब्रांच से नौ लाख 45 हजार का हाउसिंग लोन स्वीकृत कराया था। जबकि भारत सरकार के वैल्यूअर ने उनके प्लाट का मूल्यांकन सिर्फ 74 हजार रुपए का किया था। यह भी इल्जाम था कि इस लोन का उपयोग भवन निर्माण में भी नहीं किया गया। विवेचना के बाद इस मामले में मुल्जिम के खिलाफ आईपीसी की धारा 420, 468 व 471 के तहत आरोप पत्र दाखिल हुआ था। हालांकि निचली अदालत में इस मुकदमे के विचारण के दौरान मुल्जिम द्वारा लोन चुकता कर दिया गया था। लेकिन सीबीआई के लोक अभियोजक विनीत कुमार का तर्क था कि इसका लाभ मुल्जिम को नहीं दिया जा सकता। लिहाजा निचली अदालत का निर्णय रद्द किया जाए।

सीबीआई की विशेष अदालत ने दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद अपील को आंशिक रुप से मंजूर करते हुए मुल्जिम को आईपीसी की धारा 420 में दोषमुक्त किया जबकि 468 व 471 में दोषी करार दिया।

## सीबीएसई बोर्ड ने परीक्षा के पैटर्न में किया बदलाव, अब केस स्टडी शामिल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सेंट्रल** बोर्ड ऑफसेकेंड्री एजुकेशन (सीबीएसई) बोर्ड की तरफ से इस बार ने 10वीं और 12वीं के पेपर में कुछ बदलाव किया गया है। परीक्षा के दौरान स्टूडेंट्स से केस स्टडी आधारित सवाल भी पूछे जाएंगे। इसके लिए बोर्ड की तरफसे कुल अंक के 10 फीसदी अंक निर्धारित किये गए हैं। बोर्ड की नई व्यवस्था को लेकर शिक्षकों का कहना है कि इससे छात्र के अंदर रटने की बजाय विषयों को समझने की प्रवृत्ति विकसित होगी। इसके अलावा कई विषयों में कोर्स कम होने की वजह से प्रश्न कम कर दिए गए हैं। बदलाव को लेकर सिटी कोऑर्डिनेटर, सीबीएसई डॉ जावेद आलम खान का कहना है कि सीबीएसई बोर्ड ने हाईस्कूल व इंटर के सभी विषयों में केस स्टडी के प्रश्न शामिल किए हैं। मॉडल पेपर भी उसी आधार पर बनाया गया है। इससे छात्र रटने की बजाए विषयों को समझ कर जवाब दे सकेंगे। कई विषयों के प्रश्नों की संख्या कम तो कहीं बढ़ाई गई है।

**इन विषयों के प्रश्न पत्रों में हुआ बदलाव**

इंटरमीडिएटः हिस्ट्री में पहले 31 प्रश्न पूछे जाते थे, अब 30 होंगे। पांच सेक्शन की जगह छह कर दिए गए हैं। इसमें आब्जेक्टिव वाले 20 प्रश्नों की संख्या को घटाकर 15 कर दिया गया है। विषय आधारित केस स्टडी के तीन प्रश्न पूछे जाएंगे। मैप छह नम्बर की जगह पांच नंबर का होगा। साइकोलॉजी में पांच की जगह छह सेक्शन होंगे। इसमें 32 की जगह 31 प्रश्न रहेंगे। 10 फीसद प्रश्न केस स्टडी के होंगे। बायोलॉजी में प्रश्न की संख्या बढ़ गई है। अब 27 की जगह 33 प्रश्न होंगे। अकाउंटेंसी में प्रश्न पत्र का खंड दो की जगह चार रहेगा। फिजिक्स व केमेस्ट्री में केस स्टडीज के सवाल रहेंगे। फिजिक्स में 37 प्रश्न की जगह 33 प्रश्न पूछे जाएंगे। वहीं केमेस्ट्री में 37 की जगह 33 प्रश्न आएंगे। इंग्लिश में पहले तीन पार्ट थे। अब दो पार्ट सब्जेक्टिव और आब्जेक्टिव होंगे। पार्ट ए ऑब्जेक्टिव 40 नंबर और पार्ट बी सब्जेक्टिव भी 40 नंबर का होगा। हिन्दी में दो खंड में 14 प्रश्न होगे। खंड ए में वस्तु परक छह प्रश्न और बी में वर्णातमक आठ प्रश्न होंगे।

**10वीं में बदलावः** सामाजिक विज्ञान में पहले मल्टीपल चाइस के 20 प्रश्न थे, अब 16 प्रश्न होंगे। केस स्टडी के प्रश्न जुड़ेंगे। 80 नंबर का पेपर होगा। पिछले साल 35 थे, इस साल 32 प्रश्न होंगे। मैप भरने के लिए छह की जगह अब पांच नंबर दिए जाएंगे। साइंस और मैथ्स में साइंस में 32 की जगह प्रश्न की संख्या बढ़ाकर 36 प्रश्न पूछे जाएंगे। मैथ्स में केस स्टडी के चार प्रश्न होंगे। ऑब्जेक्टिव प्रश्न 20 से घटाकर 16 कर दिए गए हैं। इंग्लिश में प्रश्न पत्र दो पार्ट में होंगे। पहला पार्ट 40 नंबर का दूसरा पार्ट 40 नंबर सब्जेक्टिव का होगा।




### सोशल मीडिया पर वायरल बोर्ड परीक्षा की तारीख का सीबीएसई ने किया खंडन

**लखनऊ।** 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा को लेकर सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे तिथि पर सीबीएसई ने सर्कुलर जारी कर फर्जी करार दिया है। बोर्ड का कहना है कि बोर्ड की तरफसे परीक्षा के मसले पर अभी कोई निर्णय नहीं लिया गया है। जो नोटिस वायरल हो रही है, वह पूरी तरह से फर्जी है। सीबीएसई के सिटी कार्डिनेटर डॉ. जावेद आलम खान ने बताया कि कोरोना संक्रमण काल में सीबीएसई एक एक सूचना और जानकारी अपनी आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से स्कूल, स्टूडेंट्स और अभिभावकों तक पहुंचा रही है ताकि बाद में किसी तरह की असमंजस की स्थिति न बने। इंटरनेट मीडिया पर सीबीएसई की बोर्ड एग्जाम 15 मार्च से होने का जो मैसेज वायरल हो रहा, वह पूरी तरह गलत है। बोर्ड एग्जाम में शामिल हो रहे स्टूडेंट्स किसी के बहकावे में आने से पहले एक बार बोर्ड की साइट जरूर जांच लें।

## सीएम को जान की धमकी देने के मामले में मुल्जिम ने मांगी माफी

विधि संवाददाता। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्य नाथ को बम से उड़ाने की धमकी देने के मामले में मुल्जिम कामरान अमीन खान की जमानत याचिका हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने मंजूर कर ली है। पीठ के समक्ष मुल्जिम की ओर से इस मामले में माफीनामा दाखिल किया गया। कहा गया कि वह वह दुबारा ऐसी गलती नहीं करेगा। उसे अपने किए पर बहुत पछतावा है।स्टिस दिनेश कुमार सिंह की एकल पीठ ने यह आदेश मुल्जिम कामरान की जमानत याचिका पर दिया है। मुल्जिम पर इल्जाम है कि उसने यूपी पुलिस हेडक्वार्टर के सोशल मीडिया डेस्क के व्हाट्सएप नम्बर पर मुख्यमंत्री को मुसलमानों का दुश्मन बताते हुए उन्हें बम से मारने की धमकी दी। पीठ ने सुनवाई के दौरान मुल्जिम की ओर से दाखिल बिना शर्त माफीनामे का भी संज्ञान लिया। जिसमें उसकी ओर से कहा गया था कि उसे अपने किए पर पछतावा है। कोविड 19 महामारी के कारण हुए लॉकडाउन में बेरोजगारी की वजह से वह काफी निराशा की स्थिति में था और अपने इस कृत्य के परिणामों को समझने में असमर्थ था। पीठ से उसने गुजारिश किया कि उसके मामले में सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाए। एकल पीठ ने उसके माफीनामे पर गौर करने के पश्चात उसे सशर्त जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया।

## हाईकोर्ट ने ट्रायल पूरा न होने पर बहराइच के जिला जज से जवाब तलब किया

**लखनऊ।** हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने एक मुकदमे का ट्रायल पूरा कराने के मसले पर दिए गए आदेश के अनुपालन में बहराइच के जिला जज से उठाए गए कदमों की जानकारी तलब की है। पीठ ने जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान बहराइच के जिला जज से जवाब तलब किया है। जनपद न्यायाधीश, बहराइच को तीन सप्ताह में हलफनामा दाखिल कर बताने को कहा है कि उसके आदेश के अनुपालन में पूर्ण कराने के लिए क्या कदम उठाए गए।जस्टिस इरशाद अली की एकल पीठ ने यह आदेश रंगी लाल यादव की दूसरी जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान दिया। याचिकाकर्ता का कहना था कि हाईकोर्ट ने उसकी पहली जमानत याचिका खारिज करते हुए ट्रायल शीघ्र निपटाने के आदेश दिया था। 23 फरवरी 2017 को पारित इस आदेश के बावजूद ट्रायल कोर्ट में अभियोजन गवाह संख्या एक तक का परीक्षण नहीं किया जा सका है। एकल पीठ के समक्ष सरकारी वकील ने भी इस तथ्य को स्वीकार किया। कहा कि ऑर्डर शीट से प्रतीत हो रहा है कि हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद निचली अदालत ने ट्रायल पूर्ण करने के लिए तीन साल में भी कोई गंभीर प्रयास नहीं किया है। एकल पीठ ने इस पर ट्रायल से संबंधित निचली अदालत के ऑर्डर शीट का खुद भी अवलोकन किया। कहा कि निचली अदालतों को हाईकोर्ट के आदेश की अवज्ञा करने की इजाजत नहीं दी जा सकती।

## राजधानी में 250 सूबे में कोरोना के 1677 नए केस मिले

**लखनऊ।** राजधानी में कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या बरकरार है। गुरुवार को राजधानी में कोरोना के 250 नए केस सामने आए हैं तो सूबे में 1677 नए मरीज पाए गए हैं। सूबे में 20801 केस एक्टिव हैं तो वही राजधानी में 3168 केस एक्टिव हैं। प्रदेश में अभी तक प्रदेश में 8011 मरीजों की और राजधानी में 1041 की मौत हो चुकी हैं। विभाग के मुताबिक अभी तक प्रदेश में 553,150 केस कोरोना के मिल चुके हैं। आज 1495 मरीजों को डिस्चार्ज किया गया। अभी तक सूबे में 532,349 संक्रमित मरीज ठीक किये जा चुके हैं। राजधानी लखनऊ में आज कोरोना वायरस के सम्बन्ध में सर्विलान्स एवं कान्टेक्ट ट्रेसिंग के आधार पर टीमों द्वारा 9044 लोगों के सैम्पल लिये गये।

## पेड़ से लटका मिला महिला का शव

**सरोजनीनगर।** बंथरा थाना में गुरुवार सुबह एक 55 वर्षीय महिला का शव संदिग्ध हालत में आम के पेड़ के सहारे फांसी के फंदे से लटका मिला। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल करने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने शुरुआती छानबीन में घटना को आत्महत्या बताया है। पुलिस का कहना है कि फ्लिहाल महिला ने पेट की बीमारी से तंग आकर आत्महत्या की हैए लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस के मुताबिक बंथरा के रहीम नगर पड़ियाना स्थित त्रिलोचन खेड़ा गांव निवासी किसान रामखेलावन की पत्नी फूलमती का शव गुरुवार सुबह गांव के बाहर संदिग्ध हालत में उसी की आम के बाग में पेड़ से साड़ी के सहारे लटका मिला।

## लविविः 20 जनवरी से सेमेस्टर परीक्षाएं शुरू होने की संभावना

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय की सेमेस्टर परीक्षाओं के 20 जनवरी से शुरू होने की संभावना है। विवि प्रशासन इस दिशा में कदम उठा रहा है। अब तक 70 फीसदी कोर्स पूरे हो चुके हैं, प्रेक्टिकल की कक्षाएं भी दिसम्बर में पूरी हो जाएंगी। वही शिक्षकों की सीधी भर्ती प्रक्रिया में विभागों को आवेदनों की स्क्रीनिंग करने के निर्देश दिए गए हैं।गुरुवार को विवि के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में आज सभी विभागों के विभागाध्यक्षों की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में डीन भी उपस्थित थे। बैठक के दौरान कोर्स के पूरा करने को लेकर चर्चा हुईए जिस पर अधिकांश विभागों ने बताया कि उनके यहां 70 फीसदी सलेबस पूरे हैं। कुछ जगहों पर प्रेक्टिकल की कक्षाओं का मसला उठा। जिस पर सहमति बनी कि दिसम्बर तक इसे पूरा कर लिया जाएगा। ऐसे में 20 जनवरी से यूजी में तीसरे व पांचवे सेमेस्टर और पीजी में तीसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं शुरू कराई जा सकती है। बैठक में प्रवेश समन्वयक प्रो अनिल मिश्रा ने जल्द एडमिशन की प्रक्रिया के पूरी होने का आश्वासन दिया। बैठक के दौरान कुलपति ने शिक्षकों की सीधी भर्ती के मसले पर कहा कि जो आवेदन प्राप्त हुए हैं या आ रहे हैं, उन्हें विभागाध्यक्ष स्क्रीनिंग कर अपनी रिपोर्ट आइक्यूएसी को दे दें। जिससे भर्ती की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा सके। विभाग स्तर पर स्क्रीनिंग कमेटी में विभागाध्यक्षए सीनियर प्रोफेसर और एक एक्सटर्नल एक्सपर्ट होंगे। एक्सटर्नल एक्सपर्ट के लिए विभागाध्यक्ष तीन से चार नाम भेजेंगे, जिसमे किसी एक के नाम पर विवि प्रशासन मंजूरी देगा। जिसके बाद विभाग ने उन्हें बुलाकर आवेदन की स्क्रीनिंग कर सकेंगे। भर्ती प्रक्रिया में ऐसे विभाग जहां एसोसिएट प्रोफेसर विभागाध्यक्ष की जिम्मेदारी देख रहे हैं और उन्होंने प्रोफेसर के लिए आवेदन कर रखा है, ऐसे विभागों में डीन की भूमिका प्रमुख होगी यानी आवेदक स्क्रीनिंग में शामिल नहीं होगा।

**भर्ती प्रक्रिया के लिए विवि ने तैयार किया बायलॉज**

भर्ती प्रक्रिया को लेकर कोर्ट केस से बचने के लिए विवि की तरफ से बाइलॉज बनाया गया है। अभी तक इसकी हार्ड कॉपी विभागों को मिलती थीए लेकिन अब इसे ऑनलाइन उपलब्ध कराया जाएगा। भर्ती प्रक्रिया के सिलसिले में शुक्रवार को विभागाध्यक्षों को गाइडलाइंस उपलब्ध कराई जाएगी।

## दीक्षांत समारोह की तैयारियां अंतिम चरण में

### शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ। आगामी 14 दिसम्बर को प्रस्तावित दीक्षान्त समारोह को लेकर डॉ शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में तैयारियां अन्तिम चरण में पहुँच गयी है। समारोह के दौरान मुख्य अतिथि के हाथों 11 दिव्यांगों को 14 मेडल दिए जाएंगे। वहीं दृष्टिहीन राम दरस को 4 मेडल दिए जाएंगे। इन 11 मेडल में 8 छात्रों व 3 छात्राओं को दिए जाएंगे।विश्वविद्यालय का सातवां दीक्षांत समारोह में मेधावियों को पदक वितरित किए जाने के अलावा कई महत्वपूर्ण भवनों और सुविधाओं का लोकार्पण भी किया जाएगा। इसको लेकर बुधवार को विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद की सम्पन्न बैठक में दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथिए मेडल सूची और डिग्री पर अपनी मुहर लगा दी है। साथ ही डाकघर की स्थापना और डेफ कॉलेजए मॉडल कॉलेज आदि के भवनों के उदघाटन कार्यक्रम पर भी कार्यपरिषद ने विश्वविद्यालय के प्रस्ताव पर अपनी सहमति प्रदान कर दी है। कार्यपरिषद की मुहर लगाने के बाद तय हो गया है कि सातवें दीक्षांत समारोह में साहित्य अकादमी के पूर्व अध्यक्ष पंडित विश्वनाथ प्रसाद तिवारी बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे।

**11 दिव्यांगों को मिलेंगे 14 मेडल**

सातवें दीक्षांत समारोह में 122 विद्यार्थियों को 151 गोल्ड, सिल्वर और ब्रांज मेडल दिए जाएंगे। इसमें 71 लड़कियां 51 लड़के शामिल है। वहीं इन 122 विद्यार्थियों में 11 दिव्यांग विद्यार्थी हैं। दिव्यांग विद्यार्थियों में राम दरश, मोनू सिंह, सुमित्रा और सम्राट वर्मा दृष्टिहीन दिव्यांग विद्यार्थी है। इसमें राम दरश को चार गोल्ड मेडल मिलेगा। सामान्य विद्यार्थियों में कोई ऐसा नहीं है। जिसे चार मेडल मिल रहे हों।

भारतीय रिज़र्व बैंक
पर्यवेक्षण विभाग,
8–9, विपिन खंड, गोमती नगर, लखनऊ – 226010

पीपल्स को–आपरेटिव बैंक लि., कानपुर उत्तर प्रदेश

प्रेस प्रकाशनी

भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा पीपल्स को–आपरेटिव बैंक लि., कानपुर उत्तर प्रदेश को जारी निदेश की वैधता बढ़ाई गई

भारतीय रिज़र्व बैंक (आर.बी.आई) ने पीपल्स को–आपरेटिव बैंक लि., कानपुर, उत्तर प्रदेश, को जारी निदेशों की वैधता अवधि को छः महीने बढ़ाकर 11 दिसम्बर 2020 से 10 जून 2021 तक कर दिया है, जो कि समीक्षाधीन होगा। बैंक, बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 (सहकारी समितियों पर यथालागू) की धारा 35ए की उपधारा (1) के अंतर्गत जारी 09 जून 2020 के निदेश डीओएस.सीओ.यूसीबी– नॉर्थ/डी–1/12.28.059/2019–20 के तहत 10 जून 2020 से निदेशाधीन है।

निदेश की वैधता, जो कि 10 दिसम्बर 2020 तक थी, को 09 दिसम्बर 2020 के निदेश डीओआर.एआईडी/सं.डी–41/12.28.059/2020–21 के तहत अगले छः महीने की अवधि अर्थात 11 दिसम्बर 2020 से 10 जून 2021 तक बढ़ाया गया है, जो कि समीक्षाधीन होगा । 09 दिसम्बर 2020 के निदेश की प्रतिलिपि जनता के अवलोकनार्थ बैंक परिसर में प्रदर्शित की गई है।

रिज़र्व बैंक द्वारा उक्त निदेश में संशोधन का तात्पर्य उक्त बैंक की वित्तीय स्थिति में सुधार या गिरावट से नहीं लगाया जाना चाहिए। रिज़र्व बैंक परिस्थितियों के आधार पर निदेश में संशोधन करने पर विचार कर सकता है।

लखनऊ
11 दिसम्बर 2020
क्षेत्रीय निदेशक

## बेंगलूरु की दो स्पेशल ट्रेनों के समय व दिन बदले

**लखनऊ।** रेलवे ने बेंगलूरु की दो स्पेशल ट्रेनों के समय सारणी और संचालन के दिनों में बदलाव करने का निर्णय लिया है। ये नई व्यवस्था अप्रैल माह से लागू होगी। पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि ट्रेन नंबर 05015 गोरखपुर यशवंतपुर 12 अप्रैल से गोरखपुर से सुबह 6.35 बजे रवाना होकर बादशाह नगर 11.01 बजे, ऐशबाग 11.40 बजे तथा दूसरे दिन रात 10.56 बजे यशवंतपुर पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन नंबर 05016 यशवंतपुर से 14 अप्रैल से रात 11.40 बजे चलकर तीसरे दिन दोपहर 1.15 बजे ऐशबाग व 1.45 बजे बादशाहनगर तथा शाम 6.45 बजे गोरखपुर पहुंचेगी।

दूसरी ट्रेन राप्तीसागर स्पेशल ट्रेन नंबर 02591 आगामी 10 अप्रैल से बुधवार को गोरखपुर से सुबह 6.35 बजे चलकर बादशाहनगर 11.01 बजेए ऐशबाग 11.40 बजे तथा तीसरे दिन तड़के 3 बजे यशवंतपुर पहुंचेगी। यशवंतपुर गोरखपुर राप्तीसागर स्पेशल ट्रेन 02592 आगामी 12 अप्रैल से सोमवार को यशवंतपुर से शाम 5.20 बजे रवाना होकर तीसरे दिन ऐशबाग 10.10 बजे बादशाहनगर 10.39 बजे तथा दोपहर 3.40 बजे गोरखपुर पहुंचेगी।वहीं ट्रेन नंबर 04206 दिल्ली जंक्शन से अयोध्या 12 दिसंबर से दिल्ली से शाम 6.20 बजे चलकर अगले दिन सुबह 7.15 बजे अयोध्या पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन नंबर 04205 अयोध्या से शाम 5.25 बजे चलकर अगले दिन सुबह 4.20 बजे दिल्ली पहुंचेगी। दोनों दिशाओं से ट्रेन का ठहराव गाजियाबाद, हापुड, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, शाहजहांपुर, लखनऊ, बाराबंकी तथा दरियाबाद में होगा।

ट्रेन नंबर 04208 दिल्ली से 12 दिसंबर को शाम 7.50 बजे चलकर अगले दिन सुबह 8.20 बजे प्रतापगढ़ पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन नंबर 04207 प्रतापगढ़से 13 दिसंबर को शाम 5 बजे चलकर अगले दिन सुबह 6.25 बजे दिल्ली पहुंचेगी। दोनों दिशाओं से ट्रेन का ठहराव गाजियाबाद, पिलखुआ, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, शाहजहांपुर, हरदोई, लखनऊ बछरांवा, रायबरेली, गोरीगंज, अमेठी स्टेशन पर होगा।

## राजधानी के बस स्टेशनों पर बहाल होंगी यात्री सुविधाएं

**लखनऊ।** राजधानी के चारबाग, कैसरबाग समेत छोटे–बड़े बस स्टेशनों पर यात्री सुविधाएं बहाल होंगी। कोरोना काल में इन बस अड्डों पर यात्री खानपान की सेवाएं बंद थी। अब इन सभी सेवाओं को पुनः शुरू करने की तैयारी है। क्षेत्रीय प्रबंधक ने खानपान सेवा शुरू करने के लिए लोगों से 23 दिसंबर तक प्रार्थना पत्र मांगा है। जिसमें पहली बार कैसरबाग बस अड्डे पर कटिंग सैलून खोला जाएगा।क्षेत्रीय प्रबंधक पल्लव बोस ने बताया कि कैसरबाग बस अड्डे पर बारबर सैलून व दिव्यांग फल स्टॉल खुलेगा। चारबाग बस अड्डे पर टी व फल स्टाल, मोहनलालगंज बस अड्डे पर जलपान गृह व बिजनेस सेंटर, बछरावां में जनरल मर्चेंट व जलपानगृह, निगम मुख्यालय पर जलपानगृह, गोमतीनगर क्षेत्रीय कार्याशाला में जलपानगृह व सलोन में फल व जनरल मर्चेंट, तिलोई में जलपानगृह व बाराबंकी के नए बस अड्डे पर रेवड़ी गजक की दुकानें व जलपानगृह इसी महीने खुलेगा।

ANGEL BROKING LIMITED.
Regd. Off: G-1, Akruti Trade Centre, MIDC, Road No. 7, Andheri (E), Mumbai-93
SEBI Registration No (Stock Broker): INZ000161534

PUBLIC NOTICE

| Name of SB/AP | Trade Name of SB/AP | BSE Reg No. | NSE Reg No. | MCX Reg No. | NCDEX Reg No. | Regd Address of SB/AP |
|---|---|---|---|---|---|---|
| SUDHEER | SUDHEER | AP010612 01104529 | AP03972 33901 | MCX/AP/ 127509 | 120127 | 4/1, Mohlla-Ambedkar, Opp.- Water Tank Phalauda, Meerut -250401, Uttar Pradesh |

This is to inform/confirm that we have discontinued our Business Relations with the above mentioned Authorized Persons. Clients and General Public are warned against Dealing in with them in his/their capacity as our Authorized Persons and we hereby confirm that we will not be liable in any manner for any consequence of such dealings/deals. Clients are requested to contact our centralized desk 022-3355 1111/4218/5454 or email us to support@angelbroking.com.

Place : Uttar Pradesh
Date : 11.12.2020

For ANGEL BROKING LTD
Sd/-
Authorised Signatory

DHFL
Changing Rules Changing Lives

दीवान हाउसिंग फाइनैंस कार्पोरेशन लिमिटेड
राष्ट्रीय कार्यालय : एचडीआईएल टावर्स, बी-विंग, छठा तल, अनंत कानेकर मार्ग, स्टेशन रोड, बान्द्रा (ईस्ट), मुंबई–400051. | शाखा कार्यालय : धीरज बाग, बिल्डिंग ''ए'' भू तल एवं प्रथम तल, ऐक्सिस बैंक के बगल में, मोनालिसा बिल्डिंग के सामने, आगरा रोड, हरी निवास सर्किल, नौपाडा, थाने (वेस्ट)–400602.

माँग सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3(1) के अधिन अधोहस्ताक्षरी वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (उक्त अधिनियम) के अधिन दीवान हाउसिंग फाइनैंस कारपोरेशन लिमिटेड (डीएचएफएल) का प्राधिकृत अधिकारी है। प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन मांग सूचनाएं जारी की थी, जिनमें निम्नलिखीत कर्जदार(रों) (उक्त कर्जदार(रों) से उनको जारी की गई संबंधित मांग सूचना(ओं) में वर्णित राशियां, जो यहां नीचे भी दी गई है। चुकाने की मांग की गई थी। उपरोक्त के संबंध में, एतद्द्वारा, उक्त कर्जदार(रों)को एक बार पुन:डीएचएफएल को यहां नीचे दी गई राशियों का भूगतान , उक्त कर्जदार(रों)द्वारा निष्पादित अन्य दस्तावेज / प्रलेख, यदी काई, के साथ पठित ऋण अनुबंध के अधीन देय, नीचे वर्णित तिथि(यों) से भुगतान तथा / अथवा वसूली की तिथि तक, लागू दर पर आगे ब्याज सहित, इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने हेतु सूचना दी जाती है। उक्त कर्जदार(रों)द्वारा ऋण की सम्यक वापसी के लिए प्रतिभूति के रुप में निम्नलिखित आस्तियां डीएचएफएल के पास बंधक रखी गई है।

| कर्जदार (रो)/ गारंटर (रो) का नाम/लोन कोड | माँग सूचना तिथि और राशि एनपीए तिथि सहित | सम्पत्ति पता |
|---|---|---|
| (एल.सी. नं. 00001903 लखनऊ शाखा) ममता राजपूत (कर्जदार) | 19-08-2020 /₹ 610709 /- (₹ छह लाख दस हजार सात सौ नौ) एनपीए (01-03-2020) | प्लॉट नं. 9ए खसरा नं. 177 और 202 खरीका परगना बिजनौर लखनऊ लखनऊ उत्तर प्रदेश : 226001. |
| (एल.सी. नं. 00002357 लखनऊ शाखा) अरविंद कुमार (कर्जदार) प्रीती कश्यप (सह-कर्जदार 1) | 19-08-2020 /₹ 907150 /- (₹ नौ लाख सात हजार एक सौ पचास) एनपीए (01-03-2020) | प्लॉट नं. 186 खसरा नं. 426 का भाग अलीनगर सुनहरा लखनऊ लखनऊ उत्तर प्रदेश : 226001. |
| (एल.सी. नं. 00001252 आगरा शाखा) रिंकु श्रीवास्तव (कर्जदार) राज कुमारी (सह-कर्जदार 1) अमित रावत (सह-कर्जदार 2) | 19-08-2020/ ₹814617/- ( ₹ आठ लाख चौदह हजार छह सौ सत्रह) एनपीए (01-03-2020) | प्लॉट नं. 24-ए पर घर का हिस्सा मांसप्रोवेर कालोनी पृथ्वीनाथ फाटक के पास लोहामंडी वार्ड आगरा आगरा उत्तर प्रदेश : 282003. |
| (एल.सी. नं. 00001154 राज नगर शाखा) प्रविण कुमार (कर्जदार) सरीता (सह-कर्जदार 1) विजय कुमार शुक्ला (सह-कर्जदार 2) | 19-08-2020 /₹ 756234 /- (₹ सात लाख छप्पन हजार दो सौ चौतीस) एनपीए (01-02-2020) | फ्लैट नं. 142, 2री मंजिल, ब्लॉक-इ सेक्टर-ओमीक्रोण-1 ग्रेटर नोएडा गौतमबुद्ध नगर उत्तर प्रदेश : 201308. |
| (एल.सी. नं. 00001690 कानपुर शाखा) अलोक कुमार (कर्जदार) साधना वर्मा (सह-कर्जदार 1) | 19-08-2020 /₹ 470170 /- (₹ चार लाख सत्तर हजार एक सौ सत्तर) एनपीए (01-03-2020) | प्लॉट नं. 27 का हिस्सा अरजी नं. 1255 राधा पुरम, नौबस्ता कानपुर कानपुर रुरल उत्तर प्रदेश -208021. |
| (एल.सी. नं. 00043012 लखनऊ-लालबाग शाखा) फखरुल इस्लाम (कर्जदार) फरहाना परवीन (सह-कर्जदार 1) | 19-08-2020 /₹ 865511 /- (₹ आठ लाख पैंसठ हजार पाँच सौ ग्यारह) एनपीए (01-04-2020) | प्लॉट नं. 31, खसरा नं. 61, शाखपुर, हबीबपुर, सहादतगंज, काला पहाड, लखनऊ लखनऊ उत्तर प्रदेश -226020. |
| (एल.सी. नं. 00002709 कानपुर शाखा) मनोज कुमार सिंह राठौर (कर्जदार) मिनाक्षी देवी (सह-कर्जदार 1) | 19-08-2020 /₹ 194858 /- (₹ एक लाख चौऱ्यानवे हजार आठ सौ अठ्ठावन) एनपीए (01-04-2020) | प्रिमायसेस ऑन प्लॉट नं. 83 और 76 अरजी नं. 322 का हिस्सा, ग्राम - पिंपोरी कानपुर कानपुर उर्बन उत्तर प्रदेश - 208001 |
| (एल.सी. नं. 00000381 मेरठ शाखा) उमा देवी (कर्जदार) सुरेंद्र कुमार (सह-कर्जदार 1) सलमान खान (सह-कर्जदार 1) | 23-10-2020 / ₹ 1818870/- (₹ अठारह लाख अठारह हजार आठ सौ सत्तर) एनपीए (01-06-2020) | प्लॉट नं.10 और 11 पर घर का हिस्सा, खसरा नं. 19, सुर्या पुरम कालोनी गांव नूर नगर दिल्ली रोड मेरठ मेरठ उत्तर प्रदेश -250002. |
| (एल.सी. नं. एलयुके31226 लखनऊ-लालबाग शाखा) कप्लीश कन्स्ट्रक्शन प्रायवेट लिमिटेड (कर्जदार) | 23-10-2020 / ₹ 6985747/- (₹ उनहत्तर लाख पचासी हजार सात सौ सैंतालीस) एनपीए (01-03-2020) | प्लॉट नं.54 पर घर का , के ब्लॉक, स्कीम - 2, किदवई नगर कानपुर उत्तर प्रदेश - 208011. |

यदी उक्त कर्जदार डीएचएफएल को उपरोक्तनुसार भुगतान करने में विफल रहेंगे, डीएचएफएल अधिनियम की धारा 13(4) और लागू नियमों के अधीन उपरोक्त प्रतिभूत आस्तियों के विरुद्ध कार्यवाही प्रारंभ करेगी, जिसकी लागत और परिणामों की जोखिम के लिए उक्त कर्जदार पुर्णरुपेण जिम्मेदार होंगे। उपरोक्त आस्तियों का अंतरण डीएचएफएल की पूर्व लिखित सहमति के बिना बिक्री, पट्टा या अन्य प्रकार से करने के संबंध में उक्त कर्जदारों पर अधिनियम के तहत रोक लगी है। कोई व्यक्ती, जो उक्त अधिनियम अथवा उसके तहत बनाए गए नियमों के प्रावधानों का उल्लंघन करता है अथवा उस हेतु अभिप्रेरित करता है, अधिनियम के अधीन दी गई व्यवस्था के अनुसार कारावास तथा/अथवा अर्थिक दण्ड का भागी होगा।

हस्ता/-
(प्राधिकृत अधिकारी)
दीवान हाउसिंग फाइनैंस कार्पोरेशन लिमिटेड

तिथी : 11/12/2020
स्थान : उत्तर प्रदेश

# सरकार जल्द लाएगी रेन वाटर हार्वेस्टिंग पर कानून: डॉ. महेंद्र

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** के जल शक्ति मंत्री डॉ महेंद्र सिंह ने कहा है कि जल का संरक्षण समय की मांग है। जल ही जीवन है। जल ही शांति है और जल ही भविष्य है। लिहाजा पानी की हर बूंद बचाना जरूरी है। वर्षा जल संचयन के लिए प्रदेश सरकार जल्द ही कानून लाएगी। पानी की सहज उपलब्धता रहेगी तो खेत की उपज भी बढ़ जाएगी।

डॉ सिंह गुरुवार शाम गोरखपुर विश्वविद्यालय परिसर में नियोजन विभाग और गोरखपुर विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित पूर्वांचल के सतत विकास, मुद्दे, रणनीति और भावी दिशा विषयक राष्ट्रीय वेबिनार व संगोष्ठी में जल क्षेत्र के प्रथम तकनीकी सत्र की अध्यक्षता कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि सरकार की तरफ से जल संरक्षण के साथ ही शुद्ध पेयजल की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जा रही है। हमने खेत ताल योजना शुरू की है। बुंदेलखंड और विंध्य क्षेत्र के लिए हर घर नल योजना शुरू हो चुकी। शीघ्र ही पूर्वांचल सहित अन्य क्षेत्रों में भी इसका विस्तार होगा। हमारा प्रयास है कि खेत का पानी खेत में और छत का पानी धरती की कोख में जाए। शुद्ध पेयजल की व्यवस्था पहले की गई होती तो पूर्वांचल में जेई और एईएस जैसी बीमारियां नहीं होतीं। जल शक्ति मंत्री ने कहा कि इस संगोष्ठी में मंथन से जो निष्कर्ष निकलेगा, उस पर सरकार निर्णय लेकर बेहतर कार्य करेगी। इस तकनीकी सत्र में मुख्य वक्ता जल शक्ति विभाग के अपर मुख्य सचिव टी वेंकटेश ने जल संसाधन प्रबंधन, चुनौतियां व समाधान विषय पर वक्तव्य दिया। सत्र में 2030 वाटर रिसोर्स ग्रुप के वरिष्ठ सलाहकार डॉ अनिल सिन्हा, गोरखपुर विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग के प्रो एसएस वर्मा, बीएबीयू लखनऊ के डॉ वेंकटेश दत्ता, गोरखपुर विश्वविद्यालय के समाज शास्त्र विभाग के डॉ प्रकाश प्रियदर्शी ने भी जल क्षेत्र की समस्या व प्रबंधन के लिए रणनीति व भावी नीति पर चर्चा की। सत्र की सह अध्यक्षता गोरखपुर विश्वविद्यालय के बायो टेक्नोलॉजी विभाग के प्रो. शरद मिश्रा ने की।

## फर्जी मुकदमा दर्ज करने का आरोप लगाकर ग्रामीणों ने किया थाने का घेराव

● घंटो चले हंगामे के बाद सीओ निगोहां के आश्वासन पर मामला हुआ शान्त

**संवाददाता।** निगोहां

**गुरुवार** को नटौली गांव के दर्जनों ग्रामीणों ने निगोहां थाने पहुंचकर थाने का घेराव कर गांव के ही ग्राम प्रधान की मिलीभगत से पुलिस पर फर्जी मुकदमा दर्ज करने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। कई घण्टों तक थाने में जमे ग्रामीणों को पुलिस क्षेत्राधिकारी निगोहां के द्वारा न्याय दिलाये जाने के आश्वासन के बाद मामला शान्त हुआ।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक मामला नटौली गांव का है जहां बीती 3 दिसम्बर को सुखराना द्वारा दी गयी तहरीर पर गांव के ही सोनू सिंह, राम त्रिपाठी, रमेश, जयकरन और राजाराम के विरूद्ध मारपीट, बलवा समेत एसटी एससी की धराओं पर मुकदमा दर्ज हुआ था। इस पर नाराज ग्रमीणों ने गुरुवार को निगोहां थाने पहुंच कर थाने का घेराव कर जमकर हंगामा किया।

ग्रामसभा नटौली के सोनू सिंह, राम त्रिपाठी, धरम सिंह समेत गांव के करीब 6 दर्जन से अधिक लोग निगोहां थाने पहुंचे जहां नटौली ग्राम प्रधान व पुलिस की मिलीभगत से सुखराना द्वारा दी गयी तहरीर पर फर्जी मुकदमा दर्ज कराए जाने का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया।

करीब चार घण्टे तक ग्रामीण थाना परिसर में ही जमे रहे जिसके बाद पहुंचे सीओ निगोहां सैय्यद नाइमूल हसन ने ग्रामीणों से बातचीत की और जांच का आश्वासन दिया। जिसके बाद मामला शान्त हुआ।

## चिकित्सा शिक्षा मंत्री ने किया अटल मेडिकल यूनीवर्सिटी के एकेडमिक ब्लॉक का उद्घाटन



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**डॉ** राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के नवें फ्लोर पर वैकल्पिक तौर पर स्थापित अटल मेडिकल यूनीवर्सिटी के एकेडमिक ब्लॉक का उद्घाटन गुरुवार को प्रदेश के चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुरेश खन्ना ने किया। इस मौके पर पर प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा रजनीश दुबे और विवि के कुलपति प्रो एके सिंह उपस्थित थे।

उद्घाटन के मौके पर चिकित्सा शिक्षा मंत्री ने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो एके सिंह को आश्वासन दिया कि विश्वविद्यालय को साकार करने में किसी प्रकार कठिनाई नहीं आने दी जायेगी, विश्वविद्यालय को गति प्रदान करने हेतु सरकार द्वारा पूर्ण सहयोग प्रदान किया जायेगा। इस दौरान कुलपति ने चिकित्सा शिक्षा मंत्री को विश्वविद्यालय की प्रगति से भी अवगत कराया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के लोगो एवं सूक्ति के निर्धारण हेतु प्राप्त प्रविष्टियों के आधार चयनित विजेताओं को प्रमाण पत्र एवं निर्धारित पुरस्कार राशि से सम्मानित किया गया। समारोह में कुलसचिव अनिल कुमार सिंह एवं वित्त अधिकारी विजय कुमार श्रीवास्तव भी उपस्थित थे।

## यूपी में भी अब रक्त संबंधों के बीच अचल संपत्ति के हस्तानान्तरण पर स्टाम्प शुल्क में छूट देने की तैयारी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**वर्तमान** समय में अपने रक्त संबंधों में अचल संपत्ति के हस्तानान्तरण हेतु स्टाम्प शुल्क से बचने के लिए लोग दानपत्र के स्थान पर वसीयत का सहारा लेते है। दान पत्र पर स्टाम्प एक्ट के अनुसार विक्रय पत्र (बैनामा) की भांति स्टाम्प शुल्क देय होता है, जिसका आर्थिक बोझ परिवारों पर अत्यधिक होता है, इस अत्यधिक आर्थिक बोझ से बचने के लिए लोग वसीयत का सहारा लेते हैं। वसीयतनामा, वसीयतकर्ता की मृत्यु के पश्चात ही प्रभावी होता है। रजिस्ट्रेशन एक्ट 1908 की धारा 17 व 18 के प्रावधानों के तहत वसीयत का निबंधन होना आवश्यक नहीं है, इस कारण से बहुधा वसीयत विवादित हो जाती है तथा संपत्ति स्वामी की मृत्यु के पश्चात अनेक विवाद पैदा होते है और समाज में विवादों के साथ साथ अपराधिक घटनाओं में भी बढ़ोतरी होती है।

रवीन्द्र जायसवाल, स्टाम्प एवं पंजीयन मंत्री, उत्तर प्रदेश ने बताया की देश के अनेक राज्यों यथा उत्तराखंड, हरियाणा, पंजाब तथा महाराष्ट्र आदि के द्वारा अपने प्रदेश में प्रथम श्रेणी रक्त संबंधियों के मध्य अचल संपत्तियों के दान विलेख पर देय स्टाम्प शुल्क में छूट प्रदान किये जाने की व्यवस्था की गयी है। उत्तर प्रदेश राज्य में भी रक्त संबंधो में अचल संपत्ति के दान विलेख पर स्टाम्प शुल्क एवं निबंधन शुल्क में छूट देने से ऐसे लेखपत्र पंजीकृत कराये जायेंगे जिससे न सिर्फ समाज में विवादों में कमी होगी अपितु इससे अपराध मुक्त समाज, पारदर्शी सरकार और समाज के प्रति उत्तरदायी सरकार की अपने व्यक्तियों के प्रति उसकी कृतज्ञता का परिचायक होगी।

वर्तमान समय में प्रदेश में दान विलेखों की संख्या अधिक नहीं है। इस प्रावधान से प्रारम्भ में राजस्व में कुछ कमी तो संभावित है परन्तु पारिवारिक विवादों का अंत होने के पश्चात बड़ी संख्यों में ऐसी अचल सम्पतत्तियाँ अंतरण हेतु उपलब्ध हो सकेंगी जो कि विवादग्रस्त होने के कारण अंतरण योग्य नहीं थीं और भविष्य में इन संपत्तियों के क्रय विक्रय से राजस्व की प्राप्ति संभव होगी। स्टाम्प मंत्री ने बताया कि विभाग द्वारा इस सम्बन्ध में पहले भी विचार किया जा चुका है परन्तु यह प्रयास अपरिहार्य कारणों से फलीभूत न हो सका। उक्त के सम्बन्ध में उल्लेखनीय है कि जिस प्रकार आयकर विभाग द्वारा प्रथम श्रेणी के रक्त सबंधो के मध्य दान को करमुक्त कर दिया गया है उसी प्रकार प्रथम श्रेणी रक्त संबंधों के मध्य निष्पादित दान विलेख पर देय स्टाम्प शुल्क में छूट प्रदान किया जाना श्रेयस्कर है। अत: विभाग इस प्रकरण में गहनता से विचार कर रहा है और जल्द ही इस पर निर्णय लिया जायेगा।

## बलात्कार के मुकदमे में दो साल से वांछित 25 हजार का इनामी गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**झांसी** जिले में बलात्कार के दर्ज मुकदमे में पिछले 2 साल से वांछित 25000 हजार के इनामी अपराधी मनोज कुमार को एसटीएफ ने लखनऊ के चिनहट थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया। छानबीन के दौरान एसडीएम को सूचना मिली थी कि अपराधी मनोज कुमार लखनऊ के देवा रोड पर आईसीआईसीआई बैंक के पास खड़ा हुआ है। इस सूचना पर एसटीएफ की टीम ने मौके पर पहुंचकर उसे गिरफ्तार किया।

पूछताछ पर मनोज कुमार ने बताया कि वर्ष 2018 में थाना एरच जनपद झांसी के मुअसं 137-2018 धारा 366, 376, 323, 504, 506 भादवि व एससी-एसटी एक्ट में वांछित चल रहा था। उस पर जनपद झांसी पुलिस द्वारा 25,000 का ईनाम घोषित किया गया था। जिस वजह से छुप छुपाकर, अलग अलग कम्पनियों में अपनी असली पहचान छिपा कर कार्य कर रहा था। उसने बताया कि वह मॉर्डन ट्रान्सफारमन कम्पनी के द्वारा विद्युत केबिल डलवाने व सब स्टेशन बनवाने का काम करता था, जिसके लिए उसका जनपद झांसी और जनपद कानपुर आना जाना लगा रहता था। वर्तमान में वह सत्य साई बिल्डर कम्पनी के यहां पर विद्युत केबिल डलवाने व स्टेशन बनवाने का कार्य जनपद फैजाबाद (अयोध्या) और जनपद अम्बेडकरनगर में कर रहा था। कंपनी के कार्य के लिए ही लखनऊ के देवा रोड पर आईसीआईसीआई बैंक के पास खड़ा था।

## मानवाधिकार दिवस पर ग्लोबल ड्रीमशाला का हुआ शुभारंभ

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**ग्लोबल** क्लासरूम प्राइवेट लिमिटेड (जीसीपीएल) और ग्लोबल एजुकेशन एंड ट्रेनिंग इन्स्टीट्यूट की संस्थापिका डा. सुनीता गाँधी द्वारा सामाजिक संस्था देवी संस्थान और एसबीआई लाइफ के सहयोग से आज मानवाधिकार दिवस के अवसर पर साक्षरता मिशन 'ग्लोबल ड्रीमशाला' की शुरूआत की गई, जिसका उद्देश्य वैश्विक साक्षरता मिशन अभियान को उत्तर प्रदेश के साथ-साथ पूरे देश में फैलाना है। एक भव्य समारोह में मुख्य अतिथि संयुक्ता भाटिया, मेयर, लखनऊ ने दीप प्रज्वलित कर ग्लोबल ड्रीमशाला का विधिवत् उद्घाटन किया। विदित हो कि ग्लोबल ड्रीमशाला अपनी तरह का पहला साक्षरता कार्यक्रम है जो ग्लोबल ड्रीम टूलकिट का उपयोग करके साक्षर बनाता है और जो शिक्षण का एक विशाल और वैकल्पिक तरीका है। इसका उद्देश्य स्कूल न जा पाने वाले बच्चों को शिक्षा प्रदान करना है, साथ ही, वयस्कों को साक्षर बनाना भी इसका उद्देश्य है। ग्लोबल ड्रीमशाला का उद्घाटन करते हुए मुख्य अतिथि मेयर संयुक्ता भाटिया ने कहा कि हम सभी को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। ग्लोबल ड्रीमशाला और ग्लोबल ड्रीम टूलकिट्स की मदद से, वंचितों को सीखने के नए और अभिनव तरीकों से परिचित कराया जाएगा, जो कि बेहद प्रसन्नता की बात है। डा. सुनीता गाँधी ने इस प्रोग्राम के लॉन्च के बारे में बताते हुए कहा कि ग्लोबल ड्रीमशाला के साथ हमारा प्राथमिक उद्देश्य सीखने का एक शून्य लागत स्केल-अप मॉडल प्रदान करना है।

## चार साल में भी नहीं बन सकी सड़क

● सीएम दफ्तर से लेकर सदन तक पहुंच चुकी है शिकायत, अधिकारी बता रहे धन की किल्लत

**संवाददाता।** मोहनलालगंज



**आजादी** के 73 वर्ष बाद भी मोहनलालगंज का गंगाखेड़ा गांव पक्की सड़क से नहीं जुड़ सका है। पिछले विधानसभा चुनाव से पूर्व पीडब्ल्यूडी ने सड़क बनाने का कार्य भी शुरू कराया लेकिन फण्ड के अभाव में चार वर्ष बाद भी सड़क निर्माण कार्य अधूरा है। लिहाजा सैकड़ों की आबादी के लिए सड़क पर पड़े कंकड़-पत्थर से होकर आवागमन पहले से भी ज्यादा परेशानी की वजह बन गया है। शिकायत सीएम दफ्तर से लेकर सदन तक पहुंच चुकी है। लेकिन धनाभाव बताकर पीडब्ल्यूडी के अधिकारी साफगोई से पल्ला झाड़ ले रहे हैं।

मोहनलालगंज के गंगाखेड़ा गांव को पक्की सड़क से जोड़ने के लिए वर्ष 2017 में नगराम रोड से विश्रामखेड़ा गांव तक सड़क निर्माण शुरु कराया गया। व्यापार विकास निधि से हो रहे निर्माण के लिए पहली किश्त जारी होते ही पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने सड़क के बुनियादी कार्य पूरे करा दिए। लेकिन फिर धनाभाव बताकर अधिकारियों ने ऐसा मुंह मोड़ा कि चार वर्ष बीतने के बाद भी सड़क अधूरी है। सड़क पर पड़ी गिट्टियों और मलबे से उठने वाली धूल दिनभर ग्रामीणों के लिए परेशानी का सबब बनी रहती है। आवागमन में बेहद समस्या को लेकर परेशान ग्रामीण सड़क निर्माण पूरा कराने के लिए तहसील समाधान दिवस से लेकर सीएम जनसुनवाई तक गुहार लगा चुके हैं। लेकिन समाधान के बजाए धनाभाव बताकर लोक निर्माण विभाग के अधिकारी हाथ खड़े कर दे रहे हैं। ग्रामीणों की शिकायत पर विधायक अम्ब्रीश पुष्कर मामले को विधानसभा सदन में भी उठा चुके हैं। लेकिन लोक निर्माण विभाग ने सदन में भी सड़क का निर्माण वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता पर निर्भर बताकर जवाबदेही से किनारा कर लिया।

**कटस्टोन पर सीसी बनाने की मांग भी अधूरी**

मोहनलालगंज के दहियर गांव में प्राइमरी स्कूल से पंचायत भवन तक रोड में पीडब्ल्यूडी की ओर से दो दशक पहले बिछाया गया कटस्टोन जर्जर होकर क्षतिग्रस्त हो गया है। लिहाजा ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। शिकायत तहसील समाधान दिवस से लेकर लोक निर्माण मंत्रालय तक पहुंच चुकी है। लेकिन सीसी रोड बनाने का भरोसा दे रहे पीडब्ल्यूडी अधिकारी चार वर्ष बाद भी इसे अमलीजामा नहीं पहना सके हैं।

**हुलासखेड़ा रोड में गड्ढों की भरमार**

मोहनलालगंज के हुलासखेड़ा से कुबहरा की ओर गई डामर रोड में जगह-जगह गड्ढों की भरमार से लोगों का आवागमन दूभर हो गया है। शिकायत के बावजूद भी गड्ढामुक्ति अभियान चला रहे पीडब्ल्यूडी अधिकारी आमजन की समस्या का समाधान नहीं करा पाए हैं। तहसील बार एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष मनोज कुमार ने एसडीएम को पत्र सौंपकर रोड को गड्ढा मुक्त कराने की मांग की है।

## वाराणसी की जीत से उत्साहित कायस्थ समाज ने अखिलेश से मिलकर जताया आभार

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी द्वारा आशुतोष सिन्हा को स्नातक क्षेत्र से विजयी बनाकर विधान परिषद सदस्य बनाने से उल्लासित कायस्थ समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में आकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व सीएम अखिलेश यादव का आभार जताया। इनका कहना था कि समाजवादी पार्टी ने कायस्थ समाज को सम्मान देकर उन्हें अपना बना लिया है। कायस्थ समाज के महापुरुषों डॉ. राजेन्द्र प्रसाद और लोकनायक जयप्रकाश नारायण की स्मृति को यादगार बनाने का समाजवादी पार्टी ने ही प्रयास किया है। कायस्थ समाज के प्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि कायस्थ समाज के सहयोग से प्रधानमंत्री के निर्वाचन क्षेत्र वाराणसी से आशुतोष सिन्हा की जीत बहुत महत्वपूर्ण है। उन्हें बधाई देते हुए यादव ने कहा यह जीत ईवीएम पर बैलट की भी जीत है।

## चाइनीज मांझे का प्रयोग करने वालों के खिलाफ एफआईआर

**लखनऊ।** लखनऊ में चाइनीज मांझा और पतंग में इस्तेमाल होने वाला कटीला तार बड़ी समस्या का कारण बनता जा रहा है। आए दिन बिजली विभाग इसकी शिकायत पुलिस से करता है। वहीं अब मेट्रो की रेल सेवा भी अब बाधित होने लगी है। मेट्रो रेल के मैनेजर विमल अरोरा ने महानगर थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस का कहना है कि जल्दी चाइनीज मांझा के खिलाफअभियान शुरू कर इसको बेचने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। आपको बता दें कि सोमवार को यूनिवर्सिटी मेट्रो स्टेशन के पास कटीले तार की पतंग आने से घंटों रेल सेवा बाधित रही। इससे यात्रियों को भी काफी देर तक परेशानी का सामना करना पड़ा था।

## होमगार्ड स्वयं सेवकों को एरियर भुगतान की सहमति

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों के क्रम में होमगार्ड स्वयं सेवकों को एरियर भुगतान की सहमति उपलब्ध बजट की सीमा के अन्तर्गत दिनांक 6 दिसम्बर से 31 अगस्त 2019 तक के ड्यूटी भत्ते के एरियर का भुगतान करने की सहमति प्रदान कर दी है। यह जानकारी अपर मुख्य सचिव होमगार्ड अनिल कुमार ने दी है। उन्होंने बताया कि प्रकरण में जांचोपरान्त सही दावा पाये जाने के उपरान्त ही अवशेष का भुगतान शासनादेश में दी गयी व्यवस्था के अनुसार ही निर्धारित दरों पर किया जायेगा।

## झगड़े के बाद युवक ने की आत्महत्या

**लखनऊ।** पारा थाना क्षेत्र के पारा गांव में एक युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में दरवाजे के गुंडे के सहारे फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। 24 वर्षीय केशव गौतम निवासी वजहा लखीमपुर खीरी की पारा थाना क्षेत्र में ससुराल है। केशव गौतम ने अपनी ससुराल में बीती रात संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। स्थानीय लोगों के अनुसार बीती रात उनके परिवार में जमकर झगड़ा हुआ था। मृतक के दोनों हाथ में चोट व खरोच के निशान हैं। मृतक ने बीती 21 फरवरी 2019 को पारा गांव की रहने वाली विधि पुत्री अशोक कुमार से प्रेम विवाह किया था। युवती के नाबालिग होने के कारण उसके पिता ने मृतक केशव के खिलाफ बहला फुसलाकर भगा ले जाने का मुकदमा 28 फरवरी 2019 पंजीकृत कराया था। जिसके बाद वह जमानत पर आकर अमौसी के आसपास इलाकों में रहकर मजदूरी कर अपने परिवार का पालन पोषण कर रहा था। विधि ने बताया कि उसका पति करीब दस दिन पहले यहां पारा गांव में आकर रह रहा था। घटना के दिन विधि का पिता अशोक कुमार उसके घर पर आया था। घटना के बाद से अशोक फरार है।

## हाथ में ब्लेड मारकर लूटा मोबाइल

**लखनऊ।** लखनऊ कमिश्नरेट पुलिस भले ही लूट की वारदातों को अंकुश लगाने का दावा कर रही होए लेकिन हकीकत इससे अलग है। काकोरी इलाके के दुबग्गा चौराहे पर भिखारी ने ब्लेड से वार कर मोबाइल लूट लिया। हसनगंज निवासी सचिन सिंह ने मुकदमा दर्ज कराया है। उन्होंने बताया कि वह मलिहाबाद की तरफ एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे, तभी दुबग्गा चौराहे पर लाल बत्ती होते ही वह रुक गए। भिखारी के भेष में उनके करीब एक किशोर आया और ब्लेड से हमला कर उनका मोबाइल फोन लूट लिया। पीड़ित सचिन सिंह ने आरोप लगाया है कि जब उन्होंने चौराहे पर तैनात पुलिसकर्मी से इस घटना की शिकायत करते हुए मदद मांगी तो पुलिसकर्मी ने उनसे किनारा कर लिया। इस मामले की ऑनलाइन एफआईआर दर्ज कराई गई है।

## सीएमएस छात्रा वीरभद्र अवार्ड से सम्मानित



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, महानगर कैम्पस की कक्षा-11 की प्रतिभाशाली छात्रा इच्छा भारद्वाज ने पर्यावरण एवं जैव-विविधता पर आधारित प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति हेतु 'वीरभद्र अवार्ड' अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। यह प्रतियोगिता सामाजिक संस्था 'स्वयं सिद्धा' एवं पर्यावरण निदेशालय, उप्र के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुई। सीएमएस के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने बताया कि इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में सीएमएस की प्रतिभाशाली छात्रा ने 'थिंक आउट ऑफद बॉक्स' विषय पर सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति देकर निर्णायक मंडल को अत्यधिक प्रभावित किया एवं प्रथम पुरस्कार अर्जित किया। इच्छा ने अपने प्रस्तुतिकरण में मानवीय एवं विश्वव्यापी दृष्टिकोण का भरपूर प्रदर्शन करते हुए संदेश दिया प्रकृति प्रदत्त संसाधनों का दोहन उचित एवं विवेकपूर्ण तरीके से ही होना चाहिए अन्यथा मानवजाति का अस्तित्व खतरे में पड़ जायेगा।

## लेनदेन के विवाद में मारी गई थी दिव्यांग को गोली, आरोपी फरार

**लखनऊ।** विभूतिखण्ड में दिव्यांग को गोली मारी गई। दिव्यांग हरिओम को रुपए के लेन देन में उसके पार्टनर के बेटे भाई व दो अन्य सहयोगी के साथ मिलकर पहले जमकर पीटा फिर गोली मारी गई। आगरा के शमशाबाद में दिव्यांग हरिओम रहता है। पीड़ित दिव्यांग हरिओम का रुपए के लेनदेन को लेकर अपने पार्टनर विभव खण्ड.4 निवासी आरपी सिंह यादव से विवाद चल रहा था। इसी कारण घटना को अंजाम दिया गया। विभूतिखण्ड इंस्पेक्टर ने बताया कि पीड़ित के दाएं हाथ में गोली लगी है। उसकी हालत खतरे से बाहर है। हरिओम ने बताया कि एनटीपीसी आगरा में 2015 में उसका परिचय आरपी सिंह यादव से हुआ था। वह वहां सुपरवाइजर था। 2016 से वह आरपी सिंह के साथ पार्टनरशिप में जमीन बेचकर रुपए लगाए थे। 2018 में उन्होंने प्रयागराज में आरपी सिंह यादव के कहने पर उसके दोस्त के साथ टावर लगवाने का काम किया। इसके अलावा मध्यप्रदेश में भी टावर का काम किया, लेकिन इन दोनों ही कामों के रुपए आरोपित ने हड़प लिए थे। एडीसीपी पूर्वी सैय्यद मोहम्मद कासिम आब्दी ने बताया कि आरोपितों के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत अन्य धाराओं में पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों को जल्द दबोच लिया जाएगा।

## टेंपो से टकराया सांड, चालक की मौत

**काकोरी।** क्षेत्र के घुरघुरी तालाब चौकी से चन्द कदम की दूरी पर शाम 6 बजे अचानक सांड टेंपो से टकरा गया । टक्कर इतनी भीषण हुई जिससे 20 वर्षीय टेंपो चालक आरिफकी मौके पर मौत हो गई । बुद्धेश्वर की तरफसे सवारी लेकर मोहान जा रहे टेंपो के सामने अचानक सांड टकरा गया। जिससे चालक टेंपो को संभालने में नाकाम रहा और टेंपो पलट गई। टेंपो पलटने से टेंपो चालक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना स्थल पर अफरा तफरी के माहौल में सवारी बाल बाल बची। घटना की सूचना घुरघुरी तालाब पुलिस को मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर जिला अस्पताल भेज दिया।


## जालसाजों ने लगाई 27 हजार रुपये की चपत

**लखनऊ।** विकास नगर निवासी एक व्यक्ति को ओएलएक्स पर पलंग बेचने का विज्ञापन देना महंगा पड़ गया। जालसाजों ने पलंग खरीदने के नाम पर उसे 27 हजार रुपये की चपत लगा दी। अलीगंज सेक्टर एन निवासी विश्वास कपूर का आईसीआईसीआई बैंक में बचत खाता है। विश्वास के अनुसार उन्होंने ओएलएक्स पर पुराना पलंग बेचने के लिए एक विज्ञापन डाला था। 7 दिसम्बर को पलंग खरीदने के लिए एक व्यक्ति का फोन आया। उसने पलंग खरीदने की इच्छा जाहिर की। इसके बाद रुपये भेजने की बात कहकर जालसाज ने व्हाट्सएप पर क्यूआर कोड भेजा। क्यूआर कोड को स्कैन करते ही पीड़ित के खाते से तीन बार में 27 हजार रुपये निकल गए। मैसेज आने के बाद पीड़ित को ठगी का पता चला।

# पुलिसकर्मियों को आसरे की तलाश में अब नहीं पड़ेगा भटकना

● मोहनलालगंज कोतवाली परिसर में आवासीय बैरकों का निर्माण शुरू, आधुनिक विवेचना कक्ष भी बनेगा

**संवाददाता।** मोहनलालगंज




**आवासीय** बैरकों की कमी से सिपाहियों को अब आसरे की तलाश में भटकने की जरुरत नहीं पड़ेगी। खासतौर पर महिला सिपाहियों को काफी सहूलियत मिल जाएगी। यूपी पुलिस आवास निगम की ओर से इसके लिए मोहनलालगंज कोतवाली परिसर में लाखों की लागत से आवासीय बैरकों का निर्माण युद्धस्तर पर प्रारम्भ कर दिया गया है। इसी के साथ कोतवाली परिसर में आधुनिक विवेचना कक्ष का निर्माण किया जाना भी प्रस्तावित है।

मोहनलालगंज कोतवाली समेत सर्किल के सभी पुलिस थानों में आवासीय बैरकों की काफी कमी है। जिससे थानों में तैनात पुलिसकर्मियों को आसरे के लिए बाहर किराये पर कमरा लेना पड़ता है। खासतौर पर महिला पुलिसकर्मियों को बेहद परेशानी उठानी पड़ती है। पुलिसकर्मियों की इन समस्याओं का समाधान करने के लिए पुलिस आवास निगम की ओर से मोहनलालगंज समेत सर्किल के सभी थानों में आवासीय बैंरकों का निर्माण कराया जा रहा है। मोहनलालगंज कोतवाली के पिछले हिस्से में निगम की ओर से 200 पुलिसकर्मियों की क्षमता वाले आवासीय बैंरकों का निर्माण प्रारम्भ कर दिया गया है। बिल्डिंग को मूलभूत सुविधाओं से लैस किया जाएगा। निर्माणाधीन चहुमंजिला आवासीय बिल्डिंग में महिला सिपाहियों के लिए एक पूरा तल आरक्षित करने की तैयारी है। इसी के साथ कोतवाली परिसर में मंदिर के निकट आधुनिक विवेचना कक्ष का निर्माण भी कराया जाएगा। इसी तरह नगराम थाने में भी 32 सिपाहियों की क्षमता वाले आवासीय बैरकों का निर्माण कराया जा रहा है। एसीपी प्रवीण मलिक ने बताया मोहनलालगंज और नगराम थाने में यूपी पुलिस आवास निगम की ओर से पुलिसकर्मियों के लिए आवासीय बैरकों का निर्माण कराया जा रहा है।

## अप्रूवल मिलने के बाद भी शुरू होने के इंतजार में पूरनपुर सबस्टेशन

● वर्ष 2016 में तकरीबन डेढ़ सौ गांव के उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत आपूर्ति मुहैया कराने के लिए शुरू हुआ था सब स्टेशन का निर्माण

**संवाददाता।** मोहनलालगंज



**मध्यांचल** प्रबन्धन का अप्रूवल भी मिल गया और सबस्टेशन चलाने के लिए संविदा पर कर्मचारियों की भर्ती भी हो गई। फिर भी मोहनलालगंज के पूरनपुर सबस्टेशन का शुभारम्भ कराने को लेकर लेसा सिस गोमती प्रशासन के अधिकारी संजीदा नहीं हैं। लिहाजा पहले कंस्ट्रक्शन अधिकारियों ने पूरनपुर सबस्टेशन का निर्माण कराने में चार वर्ष गुजार दिए और अब लेसा अफसर सबस्टेशन की शुरुआत कराने में टालमटोल कर रहे हैं।

मोहनलालगंज के पूरनपुर गांव में दिसम्बर-2016 में तकरीबन डेढ़ सौ गांव के उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत आपूर्ति मुहैया कराने के लिए 33/11 केवी सबस्टेशन निर्माण की शुरुआत की गई थी। कंस्ट्रक्शन अधिकारियों की लापरवाही से सबस्टेशन का निर्माण पूरा होने में ही चार वर्ष गुजर चुके हैं। फिर भी सबस्टेशन का शुभारम्भ कराने को लेकर अभी भी लेटलतीफी जारी है। कभी सबस्टेशन निर्माण में खामियां तो कभी 33 केवी लाइन का अड़ंगा बता रहे अधिकारी पूरनपुर सबस्टेशन की शुरुआत कराने के लिए तारीख पर तारीख बढ़ाते जा रहे हैं। कंस्ट्रक्शन और लेसा सिस गोमती अधिकारियों के टालमटोल का खामियाजा तकरीबन डेढ़ सौ गांव के उपभोक्ताओं को ट्रिपिंग और अघोषित बिजली कटौती झेलकर चुकाना पड़ रहा है। शिकायत मध्यांचल मुख्यालय और ऊर्जा मंत्रालय तक पहुंच चुकी है फिर भी अधिकारी किसी न किसी बहाने की ओट लेकर जवाबदेही तय करने से बच रहे हैं।

**क्या कहते हैं अधिकारी**

अधीक्षण अभियन्ता डीके त्रिपाठी ने बताया पूरनपुर सबस्टेशन की शुरुआत कराने के लिए अप्रूवल मिल चुका है। सबस्टेशन में कुछ खामियां हैं जिन्हें दूर कराने के लिए कंस्ट्रक्शन अधिकारियों को कहा गया है। इसके अलावा खुजेहटा ट्रांसमिशन सबस्टेशन से 33 केवी लाइन बनवाई जा रही है। लाइन का कार्य पूरा होते ही जल्द से जल्द पूरनपुर सबस्टेशन की शुरुआत कराई जाएगी।

# गुरु गोरखनाथ के कथन में तत्वज्ञानी की अभिव्यक्तिः हृदय नारायण दीक्षित

## ● महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् के संस्थापक सप्ताह समारोह का पारितोषिक वितरण

**पायनियर समाचार सेवा।** गोरखपुर

**महाराणा** प्रताप शिक्षा परिषद् के संस्थापक सप्ताह समारोह के मुख्य महोत्सव एवं पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित ने कहा कि ज्ञान को लेकर भारत के राष्ट्र जीवन में बड़ी गहन अभीप्सा रही है। वैदिक काल से ही भारत के जीवन में ज्ञान को लेकर प्यास देखी गयी है। यह ज्ञान साधारण नहीं है, न ही सूचनात्मक है। पूर्वजों ने भारतीय ज्ञान को तत्व ज्ञान कहा है। तत्वज्ञानी की अभिव्यक्ति गुरु गोरखनाथ के कथन में दिखायी पड़ती है। गोरखनाथ जी कहते हैं ''अलेख लेखंत, अदेख देखंत'' अर्थात् जो दूसरे लोग देख नहीं पाते उसे ज्ञानी देख लेता है और जिसे दूसरे स्पर्श नहीं कर पाते उसे वह स्पर्श कर लेता है। यह ज्ञान परम्परा गुरु से प्राप्त है, जिस पर भारत को गर्व है। उन्होंने कहा कि श्री गोरक्षपीठ में बहुत पहले प्रभावित करने वाली प्रज्ञा, दर्शन, ज्ञान की धारा फुटती थी। गुरु गोरखनाथ जी की वाणी में संसार और ईश्वर दोनों की सिद्धि की बात है। इसी श्रीगोरक्षपीठ से दुनिया में यहॉ की आभा, यहॉ का ज्ञान-विज्ञान पहुॅचा और संसार को सुन्दर बनाया। शिक्षा की दृष्टि से राष्ट्र सम्पन्न हो इसी दृष्टि से सन् 1932 में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् की स्थापना हुई। उद्देश्य स्पष्ट था-आध्यात्मिक एवं भौतिक उन्नति। आध्यात्मिक उन्नति एवं भौतिक उन्नति दोनों एक साथ चलें तो धरती स्वर्ग हो जाये और अमरत्व भी प्राप्त हो। श्री गोरक्षपीठ संस्कृत और संस्कृति की उपासना की केन्द्र है। यहॉ अध्यात्म और संसार दोनों को एक साथ देखा जा सकता है। उन्होंने आगे कहा कि मैक्समूलर ने भारत में सिविल सेवा में आने वाले लन्दन के छात्रों को 'व्हाट इण्डिया टीच अस' में भारत के दर्शन, उपनिषदों, ऋषियों-मुनियों के सन्दर्भ में बताया। उसने बताया कि भारत विचित्र देश है। वहॉ से हम अनेक बातें सीख सकते हैं। मैक्समूलर का भारत, विवेकानन्द का भारत यदि भारत में कहीं है तो वह श्री गोरक्षपीठ में है।





### ये रहे शामिल .........

**इस** अवसर पर भा.ज.पा. प्रदेश अध्यक्ष स्वतन्त्र देव सिंह, सांसद रविकिशन, राज्य सभा सांसद जय प्रकाश निषाद, विधायक शीतल पाण्डेय, फतेह बहादुर सिंह, महेन्द्र पाल सिंह, डॉ. विमलेश पासवान, श्रीमती संगीता यादव, प्रो. राम अचल सिंह, प्रो. राम दरश राय, राजेन्द्र भारती, प्रो. सुरेन्द्र दूबे, महन्त मिथिलेश नाथ जी, सतुआ बाबा, महन्त सन्तोष दास जी, डॉ. मया शंकर सिंह, डॉ. धर्मेन्द्र सिंह, द्वारिका तिवारी, प्रो. राजवन्त राव, रमेश सिंह, पूर्व महापौर श्रीमती अन्जू चौधरी आदि उपस्थित रहें। आभार ज्ञापन शिक्षा परिषद् के सदस्य प्रेमथनाथ मिश्र एवं संचालन डॉ. श्रीभगवान सिंह ने किया।

## अवसर लेकर आती है हर विपत्तिः योगी

**अध्यक्षीय** उद्बोधन में गोरक्षपीठाधीश्वर और उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हर विपत्ति अवसर भी लेकर आती है। सफलता के साथ चुनौतियॉ भी सामने होती है। इस कोरोना कालखण्ड में शिक्षा परिषद् ने सफलता पूर्वक इस आयोजन को सम्पन्न कर इस बात को सिद्ध कर दिया है। देश के प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी कोरोना काल में जूझते हुए भारत को चुनौतियों से लड़ने की एवं राह बनाने की प्रेरणा देते हुए देश को सफलता की एक नई ऊचाई पर पहुॅचाया है। उन्होंने आगे कहा कि यह वर्ष अत्यन्त महत्वपूर्ण है। यह महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज का 125वीं जयन्ती वर्ष एवं महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज का जन्म शताब्दी वर्ष है। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वजों ने हमारे जीवन को पाप और पुण्य में बॉटा है। अच्छे कर्म से पुण्य प्राप्त होता है और बुरे कर्म से पाप। यह सत्य है। आपका जीवन आपके कर्म से आगे बढ़ता है। उन्होंने कहा कि आज से पॉच-सात वर्ष पहले भारत अमेरिका और यूरोप की ओर देखता था पर, आज ये देश भारत की ओर देख रहे हैं। ऐसा, कुशल नेतृत्व के कारण सम्भव हो सका है। तकनीकि का उपयोग सकारात्मकता के साथ हो तो विकास और नकारात्मकता के साथ हो तो विनाश हो सकता है। महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् संस्थापक सप्ताह समारोह के मुख्य महोत्सव एवं पारितोषित वितरण समारोह में महाराणा प्रताप इण्टर कालेज परिसर में लगभग पॉच सौ छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को हृदय नारायण दीक्षित विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र., व उ.प्र. के मुख्यमंत्री, गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ , महन्त सुरेश दास जी महाराज, दिगम्बर अखाड़ा अयोध्या, डॉ. महेन्द्र सिंह, जल शक्ति मंत्री, उ.प्र. तथा लेफ्निेन्ट जनरल आर.पी.शाही विशिष्ट अतिथि के हाथों पुस्कृत किया गया। योगी का सम्मान एवं स्वागत प्रो. उदय प्रताप सिंह ने, मुख्य अतिथि हृदय नारायण दीक्षित का सम्मान डॉ. शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने, विशिष्ट अतिथि महन्त सुरेश दास का सम्मान राम जन्म सिंह ने, विशिष्ट अतिथि डॉ. महेन्द्र सिंह का सम्मान डॉ. अरुण कुमार सिंह ने और लेफ्टिनेन्ट जनरल आर.पी. शाही का सम्मान प्रमथनाथ ने उत्तरीय एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर किया। युगपुरुष महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज की 125वीं एवं राष्ट्र सन्त महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज के जन्म शताब्दि वर्ष के अवसर पर राष्ट्रीय संगोष्ठी के शोध पत्रों पर केन्द्रित पुस्तक ''भारतीय संस्कृति का विश्व में प्रसार'' एवं महाराणा प्रताप पालीटेक्निक कालेज के कार्यशाला अनुदेशक माधवेन्द्र राज द्वारा लिखित तीन पुस्तकों 'उत्पादन प्रबन्धन' 'उत्पादन प्रौद्योगिकी' एवं 'प्रोडक्शन मैनेजमेन्ट' का लोकार्पण अतिथियों ने किया।

### शिक्षा, स्वास्थ्य और यातायात राष्ट्र निर्माण के लिए जरूरीः महंत

**इसके** पूर्व दिगम्बर अखाड़ा अयोध्या के महन्त सुरेश दास ने कहा कि राष्ट्र निर्माण के लिए तीन चीजें आवश्यक हैं, शिक्षा, स्वास्थ्य और यातायात। श्री गोरक्षपीठ ने बहुत पहले परतन्त्रता काल में ही सन् 1932 में शिक्षा का कार्यक्रम प्रारम्भ किया। महन्त दिग्विजयनाथ युगद्रष्टा थे। वे जानते थे कि विकास के लिए शिक्षा जरूरी है। शिक्षा के अभाव में ही हम इतने वर्षों तक गुलाम रहे। मानव जीवन में स्वास्थ्य का विशेष महत्व है। सम्पत्ति रहते हुए भी अस्वस्थ व्यक्ति का जीवन व्यर्थ हो जाता है। योगी ने उत्तर प्रदेश में शिक्षा एवं स्वास्थ्य के प्रति विशेष ध्यान दिया है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार में जल शक्ति मंत्री, डॉ. मेहन्द्र सिंह ने कहा कि भगवान सूर्य के अंश योगी आदित्य नाथ चतुर्दिक विकास से उत्तर प्रदेश को लाभवान्वित कर रहे है। उनके नेतृत्व में उत्तर प्रदेश निरन्तर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानन्द जी ने दो समस्याएँ बतायी थी-पहला दरिद्रता और दूसरा अशिक्षा। शिक्षा हो तो दरिद्रता समाप्त हो सकती है। विवेकानन्द के 20वीं शताब्दी का भारत आज नरेन्द्र मोदी और योगी के भारत के रूप में फलता-फूलता दिखायी दे रहा है।

# फसलों को पाले से बचाएंः प्रो.रवि

**संवाददाता।** मिल्कीपुर, अयोध्या



**शीतलहर** एवं पाले से सर्दी के मौसम में मानव, पशु, पंक्षी, फसल आदि सभी प्रभावित होते है। सावधानी न रखने पर बहुत नुकसान हो सकता है। मानव, पशु एवं पंक्षी इससे बचने के लिये उपाय कर लेते है। परन्तु फसलों को बचाने लिये किसानों को सावधानी रखनी होगी। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केंन्द्र सोहाँव बलिया के अध्यक्ष प्रो.रवि प्रकाश मौर्य ने बताया कि पाले से टमाटर, मिर्च, बैंगन आदि सब्जियों, पपीता एवं केले के पौधों एवं मटर, चना, अलसी, सरसों, जीरा, धनियाँ, सौंफ आदि मे 50 प्रतिशत से ज्यादा नुकसान हो सकता है। अरहर में 70 प्रतिशत गन्ने में 50 प्रतिशत एवं गेहूं तथा जौ में 10 से 20 प्रतिशत तक नुकसान हो सकता है। पाले के प्रभाव से पौधों की पत्तियां एवं फूल झुलसे हुए दिखाई देते हैए यहां तक कि अधपके फल सिकुड़ जाते हैं। उनमें झुर्रियां पड़ जाती है एवं कई फल गिर जाते हैं। फलियों एवं बालियों में दाने नहीं बनते हैं एवं बन रहे दाने सिकुड़ जाते हैं। रबी फसलों में फुल आने एवं बालियांध् फलियां आने व बनते समय पाला पड़ने की सर्वाधिक संभावनाएं रहती है। अत: इस समय किसानो को चौकन्ना रहकर फसलों की पाले से सुरक्षा के उपाय अपनाने चाहिए। जब तापमान 0 डिग्री सेल्सियस से नीचे गिर जाता है तथा हवा रुक जाती है, तो रात्रि को पाला पड़ने की संभावना रहती है। वैसे साधारणतया पाले का अनुमान दिन के बाद के वातावरण से लगाया जा सकता है। सर्दी के दिनों में जिस दिन दोपहर से पहले ठंडी हवा चलती रहे एवं हवा का तापमान जमाव बिंदु से नीचे गिर जाए। दोपहर बाद अचानक हवा चलना बंद हो जाए तथा आसमान साफ रहे हैं या उस दिन आधी रात के बाद से ही हवा रुक जाएए तो पाला पड़ने की संभावना अधिक रहती है। रात को विशेष कर तीसरे एवं चौथे पहर में पाला पड़ने की संभावनाएं रहती हैं। साधारणतया तापमान चाहे कितना ही नीचे चला जाए, यदि शीत लहर हवा के रुप में चलती रहे तो नुकसान नहीं होता हैए परंतु यदि इसी बीच हवा चलना रुक जाए तथा आसमान साफ हो तो पाला पड़ता हैए जो फसलों के लिए नुकसानदायक है। जिस रात पाला पड़ने की संभावना हो उस रात 12 से 2 बजे के आस.पास खेत की उत्तरी पश्चिमी दिशा से आने वाली ठंडी हवा की दिशा में खेतों के किनारे पर बोई हुई फसल के आसपासए मेड़ों पर रात्रि में कूड़ा.कचरा या अन्य व्यर्थ घास.फूस जलाकर धुआं करना चाहिए, ताकि खेत में धुआं हो जाए एवं वातावरण में गर्मी आ जाए। सुविधा के लिए मेड़ पर 10 से 20 फीट के अंतराल पर कूड़े करकट के ढेर लगा कर धुआँ करें। इस विधि से 4 डिग्री सेल्सियस तापमान आसानी से बढ़ाया जा सकता है। पौधशाला के पौधों एवं छोटे पौधे वाले उद्यानोंध्नकदी सब्जी वाली फसलों को टाटए पॉलिथीन अथवा भूसे से ढक देना चाहिये। वायुरोधी टाटियाँ, हवा आने वाली दिशा की तरफ यानी उत्तर.पश्चिम की तरफ टाटियाँ बांधकर क्यारियों को किनारों पर लगाएं तथा दिन में पुन: हटाए। पाला पड़ने की संभावना हो तब खेत में सिंचाई करनी चाहिए। नमी युक्त जमीन में काफी देर तक गर्मी रहती है तथा भूमि का तापमान कम नहीं होता है। दीर्घकालीन उपाय के रूप में फसलों को बचाने के लिए खेत की उत्तरी.पश्चिमी मेड़ों पर तथा बीच.बीच में उचित स्थानों पर वायु अवरोधक पेड़ जैसे शहतूत, शीशम, बबूल एवं अरण्डी आदि लगा दिए जाएए तो पाले और ठंडी हवा के झोंकों से फसल का बचाव हो सकता है।

### नवनियुक्त शिक्षकों का दो दिवसीय ओरियंटल कार्यक्रम का डीएम ने किया उद्घाटन

**अयोध्या।** जिलाधिकारी अनुज कुमार झा ने जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान अयोध्या में बेसिक शिक्षा विभाग के नवनियुक्त शिक्षकों का दो दिवसीय ओरियन्टेशन कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने अपने उद्बोधन में बेसिक शिक्षा विभाग के नवनियुक्त शिक्षकों को प्रोत्साहित करते हुए पूर्ण मनोयोग कर्मठता से शिक्षण कार्य करने का सुझाव दिया तथा शिक्षकों के दायित्वों के साकारात्मक पहलुओं पर चर्चा की। साकारात्मक पुस्तक पढ़ने की सलाह दी साथ ही साथ शिक्षा विभाग से जुड़े सुधारात्मक अनुभवों को भी साझा किया।

## रोली की सफलता पर परिजनों में हर्ष



रोली वर्मा

**संवाददाता।** अम्बेडकरनगर

**परिंदों** को मिलेगी मंजिल एक दिन, ये फैले हुए उनके पर बोलते हैं। वही लोग रहते हैं खामोश अक्सर,जमाने में जिनके हुनर बोलते हैं.... यह पंक्तियां जिले की उस होनहार युवा महिला पर सटीक बैठती हैं जिसने अभाव का मुकाबला करते हुए सफलता हासिल की है। आज उसे बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। जिले के युवा पत्रकार और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मीरानपुर अकबरपुर में फार्मासिस्ट मनीष वर्मा की पत्नी रोली वर्मा को यह सफलता मिली है। हासिमगढ़ छितूनी पोस्ट बनगांव डिहवा अकबरपुर की निवासिनी रोली का चयन राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत ब्लॉक मिशन मैनेजर के पद पर हुआ है। रोली ने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों और परिजनों को दिया है। उल्लेखनीय यह भी है कि इनकी प्रारंभिक शिक्षा माता पुष्पा वर्मा व पिता जियाराम वर्मा की देख रेख में हुई है। जिसके क्रम में हाईस्कूल व इंटर की पढ़ाई बालिका इंटर कालेज आन्नाव से हुई है। आज रोली की सफलता पर उनके मायके से लेकर ससुराल तक जश्न का माहौल है।

# सीएम ने निर्माणाधीन पूर्वांचल एक्सप्रेस वे का किया हवाई सर्वेक्षण

## ● नदी के दूसरे छोर पर उतरा सीएम का उड़न खटोला

**संवाददाता।** अम्बेडकरनगर



निरीक्षण के लिए पंहुचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पायनियर

**गुरुवार** को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिले के राजेसुल्तानपुर थाना अंतर्गत कम्हरियाघाट में निर्माणाधीन पूर्वांचल एक्सप्रेस वे का हवाई सर्वेक्षण करने के उपरांत घाघरा नदी के पार से एक्सप्रेस वे का जायजा लिया। खराब मौसम के चलते निर्धारित समय से लगभग डेढ़ घंटे विलंब से हेलीकॉप्टर पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर मंडराता हुआ नजर आया, 2 चक्कर लगाने के उपरांत हेलीकॉप्टर घाघरा नदी के पार गुनवतिया में पूर्व निर्धारित स्थान पर लैंड किया जहां से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के निर्माण एवं प्रगति के संबंध में अधिकारियों से जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया।बता दें कि पूर्वांचल एक्सप्रेस वे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट में शामिल है। इस मौके पर एहतियात के तौर पर सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम किए गए थे। क्षेत्राधिकारी जगदीश लाल थानाध्यक्ष बृजेश सिंह नागेंद्र सरोज पीएन तिवारी सहित बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी मौजूद रहे।


## कार्यालय जिला पंचायत, फतेहपुर

पत्रांक–631 / जि0पं0–निर्माण / 2020–21 / दिनांक–09.12.2020

### निविदा सूचना

जिला पंचायत, फतेहपुर के समस्त पंजीकृत ठेकेदारों जिला पंचायत, फतेहपुर में पंजीकृत ठेकेदारों के साथ–साथ उ0प्र0 के सरकारी विभागों (सिंचाई विभाग / लोक निर्माण विभाग) में पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि पंद्रहवां वित्त आयोग / राज्य वित्त आयोग / जिलानिधि योजनान्तर्गत निर्माण कार्यो को सम्पादित कराने हेतु मुहरबन्द निविदायें दिनांक 30.12.2020 को पूर्वान्ह 10:00 बजे से अपरान्ह 2:00 बजे तक कर्यालय जिला पंचायत, फतेहपुर में आमंत्रित की जाती हैं तथा दिनांक 30.12.2020 को अपरान्ह 2:30 बजे ठेकेदारों के समक्ष खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 29.12.2020 अपरान्ह 5:00 बजे तक किसी भी कार्यदिवस में निर्धारित शुल्क जमा कर, जिला पंचायत कार्यालय, कलेक्ट्रेट एवं विकास भवन फतेहपुर से क्रय किये जा सकते है, प्रस्तावित कार्यो का विवरण, कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है। निविदा फार्म में भरी जाने वाली दरें, निविदा दाता द्वारा अंको एवं शब्दों में सुस्पष्ट रुप से लिखी जायेंगी तथा निविदा को रजिस्टर्ड डाक द्वारा अथवा कार्यालय में निर्धारित तिथि व समय तक सीधे जमा किया जा सकता है। निविदा फार्म को बेवसाइट fatehpur.nic.in से सीधे डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा फार्म का मूल्य / बयाने की धनराशि किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक की डी0डी0 / एफ0डी0आर0, राष्ट्रीय बचत पत्र के रुप में अथवा जिला पंचायत, फतेहपुर के बैंक ऑफ बड़ौदा, पटेलनगर, फतेहपुर में खुले खाता संख्या 50310100006837 आई0एफ0एस0 कोड़ BARB0PATFAT मे ऑनलाइन जमा की जा सकती है, जिसका विवरण / ट्रांजेक्शन नम्बर व अन्य विभाग के ठेकेदार होने की दशा में उस विभाग का पंजीयन प्रमाण पत्र आदि निविदा के साथ संलग्न करते हुये टेण्डर बॉक्स में जमा करना अनिवार्य होगा। निविदा के समय मूल अभिलेख (निविदा शुल्क, बयाने की धनराशि की डी0डी0 / एफ0डी0आर0 आदि) टेण्डर बॉक्स में न डाले जाने की दशा में वित्तीय निविदा खोले जाने के पश्चात एक सप्ताह के अन्दर कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा। अन्यथा की दशा में सम्बंधित निविदादाता के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही करते हुये उसका पंजीयन निरस्त कर काली सूची में डाले जाने की कार्यवाही की जायेगी। सशर्त निविदा मान्य न होगी। विभाग के सक्षम अधिकारी को पूर्ण अधिकार होगा, कि वह बिना कारण बताये किसी भी या सभी निविदाओं को अस्वीकार कर दें। निविदा स्वीकार होने के पश्चात यदि ठेकेदार द्वारा निर्धारित अवधि में 10 प्रतिशत जमानत राशि जमा कर अनुबंध नहीं कराया जाता है तो कार्य की निविदा मे 2 प्रतिशत जमा धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी। अनुबन्ध के समय कुल 10 प्रतिशत धनराशि जमानत के रुप में मात्र राष्ट्रीयकृत बैंक की एफ0डी0आर0 व राष्ट्रीय बचत पत्र द्वारा जमा करनी होगी। निविदा की विस्तृत जानकारी (अन्य शर्ते आदि) कार्यालय जिला पंचायत, फतेहपुर से किसी भी कार्यदिवस में प्राप्त की जा सकती है। इस सम्बंध में सूचित किया जाता है कि यदि किसी ठेकेदार को तीनों स्थानों (कार्यालय, जिला पंचायत, फतेहपुर / कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी, फतेहपुर व कार्यालय जिलाधिकारी, फतेहपुर) में निविदा प्राप्त करने में कोई असुविधा का सामना करना पडता है तो तत्काल अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, फतेहपुर से सम्पर्क कर प्राप्त कर सकते है। निर्माण कार्यो की स्वीकृति / अनुबंध की कार्यवाही धनराशि की उपलब्धता के आधार पर की जायेगी। निविदा मूल्य में 12 प्रतिशत जी0एस0टी0 की धनराशि सम्मिलित है तथा कार्य की लागत में जी0एस0टी0 की 12प्रतिशत धनराशि सम्मिलित नहीं है। अन्य विभाग मे पंजीकृत ठेकेदारों द्वारा डाली गयी निविदा न्यूनतम होने की दशा में एक सप्ताह के अन्दर कार्यालय जिला पंचायत, फतेहपुर में समस्त अभिलेख उपलब्ध कराते हुये पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। परियोजनाओं का विवरण निम्नवत् है:–

| क्र. सं. | परियोजना का नाम व प्रकृति | धनराशि (लाख रु0 में) | बयाने की धनराशि (रु0 में) | निविदा मूल्य जी.एस.टी. सहित रु0 में | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मुरादीपुर में नाला निर्माण। | 8.90 | 17800.00 | 280.00 | तीन माह |
| 2 | गुनीर संपर्क मार्ग मे बिपत के मकान से राजेश गुप्ता के मकान तक नाला निर्माण। | 8.90 | 17800.00 | 280.00 | तीन माह |
| 3 | ग्राम बहादुरपुर में नाला निर्माण कार्य। | 3.23 | 6460.00 | 168.00 | तीन माह |
| 4 | धौकलपुर में नाला निर्माण कार्य। | 5.09 | 10180.00 | 280.00 | तीन माह |
| 5 | ग्राम कुचवारा में नाला निर्माण। | 7.73 | 15460.00 | 280.00 | तीन माह |
| 6 | ग्राम खरैली में पंचायत भवन के पास से नाला निर्माण कार्य। | 8.86 | 17720.00 | 280.00 | तीन माह |
| 7 | बछरौली में नाला निर्माण। | 8.90 | 17800.00 | 280.00 | तीन माह |
| 8 | ग्राम बैरी मे प्राथमिक विद्यालय से बैरी मोड़ तक नाला निर्माण। | 8.52 | 17040.00 | 280.00 | तीन माह |
| 9 | ग्राम बैरी में सुलभ शौचालय से तालाब तक नाला निर्माण। | 3.77 | 7540.00 | 168.00 | तीन माह |
| 10 | ग्राम दौलतपुर में नाला निर्माण। | 8.90 | 17800.00 | 280.00 | तीन माह |
| 11 | कबरे–शिवदासपुर संपर्क मार्ग में नाला निर्माण। | 8.84 | 17680.00 | 280.00 | तीन माह |
| 12 | रजानगर में नाला निर्माण। | 7.02 | 14040.00 | 280.00 | तीन माह |
| 13 | शाह में भिटरिया तालाब तक नाला निर्माण। | 8.36 | 16720.00 | 280.00 | तीन माह |
| 14 | ग्राम दरवेशपुर में नाला निर्माण कार्य। | 7.42 | 14840.00 | 280.00 | तीन माह |
| 15 | ग्राम डीघ में नाला निर्माण कार्य। | 6.33 | 12660.00 | 280.00 | तीन माह |
| 16 | ग्राम चांदपुर में राज बहादुर के घर के पास से दामोदर तालाब तक नाला निर्माण कार्य। | 4.11 | 8220.00 | 168.00 | तीन माह |
| 17 | ग्राम चांदपुर में शत्रुघन के घर के पास से बटोनिहा तालाब तक नाला निर्माण कार्य। | 5.64 | 11280.00 | 280.00 | तीन माह |
| 18 | दीवान का पुरवा मे नाला निर्माण। | 8.90 | 17800.00 | 280.00 | तीन माह |
| 19 | अल्लीपुर बहेरा मे नाला निर्माण। | 8.91 | 17820.00 | 280.00 | तीन माह |
| 20 | भैरवा में नाला निर्माण। | 8.36 | 16720.00 | 280.00 | तीन माह |
| 21 | ग्राम बहरौली में नाला निर्माण कार्य। | 8.87 | 17740.00 | 280.00 | तीन माह |
| 22 | ग्राम कंसमीरी में नाला निर्माण कार्य। | 8.89 | 17780.00 | 280.00 | तीन माह |
| 23 | गडरियनपुरवा मे नाला निर्माण। | 8.92 | 17840.00 | 280.00 | तीन माह |
| 24 | शाहपुर में नाला निर्माण। | 8.85 | 17700.00 | 280.00 | तीन माह |
| 25 | ग्राम सभा आलमपुर में नाला निर्माण कार्य। | 8.89 | 17780.00 | 280.00 | तीन माह |
| 26 | अमांव में नाला निर्माण। | 8.87 | 17740.00 | 280.00 | तीन माह |
| 27 | छिवलहा में नाला निर्माण। | 8.91 | 17820.00 | 280.00 | तीन माह |
| 28 | ग्राम माझेपुर में नाला निर्माण कार्य। | 8.93 | 17860.00 | 280.00 | तीन माह |
| 29 | सकूलपुर में नाला निर्माण कार्य। | 7.69 | 15380.00 | 280.00 | तीन माह |
| 30 | ग्राम गाजीपुर में नाला निर्माण। | 8.38 | 16760.00 | 280.00 | तीन माह |
| 31 | रामपुर थरियांव में नाला निर्माण। | 8.90 | 17800.00 | 280.00 | तीन माह |
| 32 | ग्राम अमनी में नाला निर्माण। | 3.86 | 7720.00 | 280.00 | तीन माह |
| 33 | ग्राम पपरेंदा में नाला निर्माण कार्य। | 8.91 | 17820.00 | 280.00 | तीन माह |
| 34 | गुलाबपुर में नाला निर्माण कार्य। | 8.93 | 17860.00 | 280.00 | तीन माह |
| 35 | बिन्दकी–चौड़गरा रोड से शिवराजपुर रोड में नाला निर्माण कार्य। | 8.72 | 17440.00 | 280.00 | तीन माह |
| 36 | गोपालपुर में नाला निर्माण। | 8.86 | 17720.00 | 280.00 | तीन माह |
| 37 | जिहरवा में नाला निर्माण। | 8.88 | 17760.00 | 280.00 | तीन माह |
| 38 | ग्राम गौरा चुरियारा में नाला निर्माण। | 7.44 | 14880.00 | 280.00 | तीन माह |
| 39 | करमचंदपुर सांडा में नाला निर्माण। | 8.76 | 17520.00 | 280.00 | तीन माह |
| 40 | अमीरगंज में नाला निर्माण। | 8.84 | 17680.00 | 280.00 | तीन माह |
| 41 | दरियावपुर मजरे जरौली में नाला निर्माण। | 8.93 | 17860.00 | 280.00 | तीन माह |
| 42 | घघौरा में नाला निर्माण। | 8.86 | 17720.00 | 280.00 | तीन माह |
| 43 | ग्राम मलाका में नाला निर्माण। | 8.67 | 17340.00 | 280.00 | तीन माह |
| 44 | सेमरा में नाला निर्माण। | 8.86 | 17720.00 | 280.00 | तीन माह |
| 45 | सुजानीपुर में नाला निर्माण। | 8.90 | 17800.00 | 280.00 | तीन माह |
| 46 | ग्राम ललौली में नाला निर्माण। | 8.89 | 17780.00 | 280.00 | तीन माह |
| 47 | छेदीपुर में नाला निर्माण। | 8.88 | 17760.00 | 280.00 | तीन माह |
| 48 | ग्राम सिमौर मे नाला निर्माण। | 8.92 | 17840.00 | 280.00 | तीन माह |
| 49 | ग्राम लोहारन का पुरवा में नाला निर्माण। | 8.93 | 17860.00 | 280.00 | तीन माह |
| 50 | नगुवापुर (चकमाधौपुर) में नाला निर्माण। | 8.88 | 17760.00 | 280.00 | तीन माह |
| 51 | ग्राम भांजीताला में नाला निर्माण। | 8.90 | 17800.00 | 280.00 | तीन माह |
| 52 | ग्राम खासमउ में नाला निर्माण। | 8.93 | 17860.00 | 280.00 | तीन माह |
| 53 | ग्राम टेनी में नाला निर्माण। | 8.93 | 17860.00 | 280.00 | तीन माह |
| 54 | ग्राम स्कुरी में नाला निर्माण। | 8.93 | 17860.00 | 280.00 | तीन माह |
| 55 | ग्राम उमरा में नाला निर्माण। | 8.93 | 17860.00 | 280.00 | तीन माह |
| 56 | ग्राम सुजानीपुर में नाला निर्माण। | 8.93 | 17860.00 | 280.00 | तीन माह |
| 57 | ग्राम पुरइन में नाला निर्माण। | 8.93 | 17860.00 | 280.00 | तीन माह |
| 58 | ग्राम सिठियानी में नाला निर्माण। | 8.93 | 17860.00 | 280.00 | तीन माह |
| 59 | ग्राम भखरना में नाला निर्माण। | 8.93 | 17860.00 | 280.00 | तीन माह |
| 60 | ग्राम भुरचुनी में नाला निर्माण। | 8.93 | 17860.00 | 280.00 | तीन माह |
| 61 | सातो–धरमपुर पुलिया से लोधनडेरा तक खडंजा निर्माण कार्य | 8.90 | 17800.00 | 280.00 | तीन माह |
| 62 | ग्राम सिमौर में गाजीपुर पिच रोड से गम्हरी पिच रोड तक सी० सी० रोड निर्माण | 8.61 | 17220.00 | 280.00 | तीन माह |
| 63 | ग्राम किसोई से पिच रोड तक सी० सी० रोड निर्माण | 8.31 | 16620.00 | 280.00 | तीन माह |
| 64 | धरमदासपुर मेन रोड से शीतलाधाम संपर्क मार्ग में सी० सी० रोड निर्माण | 7.77 | 15540.00 | 280.00 | तीन माह |
| 65 | संवत मार्ग से गोसाई महिचा तक खडंजा निर्माण कार्य | 6.04 | 12080.00 | 280.00 | तीन माह |
| 66 | खासमऊ पिच रोड से पासिन डेरा अडार तक सी० सी० रोड निर्माण | 4.79 | 9580.00 | 168.00 | तीन माह |
| 67 | बिन्दकी–फतेहपुर मार्ग से ए० पी० एस० कॉलेज तक रोड पटरी पर खडंजा कार्य | 2.97 | 5940.00 | 168.00 | तीन माह |
| 68 | पड़री पिच रोड से डेडासाई संपर्क मार्ग तक सी० सी० निर्माण | 2.17 | 4340.00 | 168.00 | तीन माह |
| 69 | ग्राम सभा भरहरा में सनगाँव रोड से मिल के पीछे बस्ती तक रोड पटरी पर खडंजा कार्य | 2.03 | 4060.00 | 168.00 | तीन माह |
| 70 | धनकामई पिच रोड से इंटरलॉकिंग तक अवशेष भाग में सी० सी० रोड निर्माण | 1.93 | 3860.00 | 168.00 | तीन माह |
| 71 | शाहजहांपुर पुल से बनियानखेडा तक सम्पर्क मार्ग के अवशेष भाग में खडंजा निर्माण कार्य | 1.53 | 3060.00 | 168.00 | तीन माह |
| 72 | राम नगर मजरे लौकियापुर से खागा इंटरलॉकिंग तक अवशेष भाग में लेपन कार्य | 1.29 | 2580.00 | 168.00 | तीन माह |
| 73 | ग्राम संवत में नाली निर्माण कार्य | 0.72 | 1440.00 | 168.00 | तीन माह |
| 74 | ग्राम सरकी में इंटरलॉकिंग रोड से आगे सी० सी० रोड निर्माण | 8.91 | 17820.00 | 280.00 | तीन माह |
| 75 | एन0एच0–2 से अहिरनखेडा तक सी0सी0 रोड निर्माण। | 8.71 | 17420.00 | 280.00 | तीन माह |
| 76 | बिन्दकी–गुनीर रोड़ से पंडितन टोला सरहद तक सी0सी0 रोड निर्माण। | 8.76 | 17520.00 | 280.00 | तीन माह |
| 77 | ग्राम बरेठर बुजुर्ग में गांव बाहर सी0सी0रोड के पास से ओमप्रकाश सिंह के ट्यूबेल तक खड़ंजा कार्य। | 8.93 | 17860.00 | 280.00 | तीन माह |
| 78 | चंदापुर से बलवंतपुर के मध्य कोइलार नाले पर कॉजवे निर्माण। | 8.93 | 17860.00 | 280.00 | तीन माह |
| 79 | ग्राम सरकी में मिलनकेन्द्र का निर्माण। | 4.40 | 8800.00 | 168.00 | तीन माह |
| 80 | विजयीपुर रक्षपालपुर मार्ग में ग्राम पौली पुल के पास यात्री प्रतीक्षालय का निर्माण। | 1.79 | 3580.00 | 168.00 | तीन माह |
| 81 | आइमापुर चौराहे पर यात्री प्रतीक्षालय का निर्माण। | 1.79 | 3580.00 | 168.00 | तीन माह |
| 82 | कल्यानपुर उमरौडी एवं बहुआ में निर्मित पशुरोधालयों में पशुओं हेतु चरही, खड़ंजा आदि निर्माण कार्य। | 8.93 | 17860.00 | 280.00 | तीन माह |

अभियन्ता जिला पंचायत, फतेहपुर — अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, फतेहपुर — अध्यक्ष जिला पंचायत, फतेहपुर

# राजस्थान निकाय चुनाव

## कांग्रेस पर भारी भाजपा

**राजस्थान** के स्थानीय निकाय चुनाव में भाजपा कांग्रेस पर भारी पड़ी है जिससे स्पष्ट है कि गहलौत-पायलट युद्ध ने पार्टी को वास्तव में प्रभावित किया है। भाजपा के लिए स्थानीय निकाय चुनाव भी महत्वपूर्ण हैं क्योंकि ये केन्द्र में सत्तारूढ़ भाजपा की मजबूती प्रदर्शित करने के साथ विकल्प के रूप में विपक्ष शासित राज्य के प्रति अविश्वास प्रस्ताव की तरह हैं। हैदराबाद नगर निगम चुनाव में भाजपा ने विजय से यह भ्रम दूर कर दिया है कि यह शहर केवल इस्लामी संस्कृति के वर्चस्व वाला है। इसी प्रकार भाजपा ने निकाय चुनाव में विजय से राजस्थान में सत्तारूढ़ कांग्रेस को उखाड़ कर अपनी वापसी की घोषणा कर दी है। भाजपा ने राज्य के 21 जिलों में हुए जिला परिषद एवं पंचायत समिति चुनावों में अपना झंडा लहराया है। किसानों के विरोध प्रदर्शन का सामना कर रही भाजपा के लिए यह विजय बहुत महत्वपूर्ण है और उसने दावा किया है कि यह मोदी सरकार के जमीनी सुशासन की स्वीकार्यता है जिसमें कृषि कानून भी शामिल हैं। उसने आरोप लगाया है कि नेतृत्व संकट में उलझी कांग्रेस ने स्थानीय मुद्दों की अनदेखी की है। भाजपा ने राज्य में पराजय के बाद से ही अपना समर्थन मजबूत करने का लगातार प्रयास किया है। उसने इसके लिए जमीनी स्तर पर काम किया है। हालांकि, वह मुख्यमंत्री अशोक गहलौत व उप-मुख्यमंत्री सचिन पायलट के बीच टकराव का लाभ सरकार उलटने के रूप में नहीं पा सकी, पर उसने राज्य में पार्टी की स्थिति में आमूल सुधार किया है। निवर्तमान मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया को ज्यादा महत्व दिए बिना राज्य भाजपा अध्यक्ष सतीश पुनिया तथा विपक्ष के नेता गुलाब चंद कटारिया ने पार्टी की विजय सुनिश्चित की है। भले ही कांग्रेस संगठन पायलट को अपने साथ रखने में सफल रहा हो, पर अंततः उनके व गहलौत के बीच लड़ाई ने राजस्थान कांग्रेस पर असर डाला है।



इन चुनाव परिणामों ने उस टकराव को फिर सामने ला दिया है जो वास्तव में कभी समाप्त नहीं हुआ था। कांग्रेस के केन्द्रीय नेतृत्व ने पायलट की प्रतिबद्धता का सम्मान करने के बजाय गहलौत को ज्यादा महत्व दिया था। वर्तमान चुनाव परिणामों ने टकराव की गंभीरता प्रकट की है। संभवतः भाजपा के पक्ष में लहर का अनुमान लगा कर ही गहलौत ने आरोप लगाया था कि वह उनकी सरकार फिर गिराने का प्रयास कर रही है। इस प्रकार वे अपनी स्थिति मजबूत करने का प्रयास कर रहे हैं। संभवतः अहमद पटेल के निधन के बाद अब कांग्रेस में गहलौत की स्थिति पहले जैसी नहीं रही जिन्होंने आलाकमान को पायलट को सत्ता से बाहर रखने की सलाह दी थी। गहलौत को आशंका है कि स्थानीय चुनाव परिणामों के बाद उनके समर्थक उनसे छिटक सकते हैं। दूसरी ओर, पायलट खेमे का कहना है कि गहलौत की जिद और परिवर्तन रोकने का असर कांग्रेस की संभावनाओं पर पड़ा है। ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि आखिरकार पायलट को कब तक सत्ता से दूर रखा जाएगा? आलाकमान ने एक समन्वय समिति गठित कर मतभेद दूर करने का वादा किया था, लेकिन अब तक पायलट को संतुष्ट करने के लिए कुछ नहीं किया गया है। समिति ने दोनों नेताओं के बीच सत्ता में बेहतर भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए कुछ नहीं किया। पहले चर्चा थी कि पायलट समर्थकों को जगह देने के लिए कैबिनेट पुनर्गठन होगा, लेकिन गहलौत ने आगे कदम नहीं बढ़ाए। इसके साथ ही प्रदेश कांग्रेस समिति में परिवर्तन भी नहीं हुआ ताकि दोनों गुटों को समान प्रतिनिधित्व सुनिश्चित हो सके। हालांकि, गहलौत अधिकांश विधायकों को अपने साथ बनाए रख कर मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बने रहे, पर अब चुनाव में पराजय के बाद उनके समर्थकों की संख्या घटने की आशंका है। पायलट ने 2018 विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को विजय दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, पर राजनीतिक दांवपेंच के कारण मुख्यमंत्री की कुर्सी गहलौत को मिली। कांग्रेस को राजस्थान में अपनी सत्ता बनाए रखने के लिए गुटबाजी पर लगाम लगानी होगी। भाजपा के उभार से स्पष्ट है कि कांग्रेस की सुस्ती अब उस पर भारी पड़ सकती है।

# राजनीति में रजनीकांत

रजनीकांत का राजनीति में प्रवेश महत्वपूर्ण है। वे भाजपा की तरह जनता को आध्यात्मिकता व धार्मिकता समझा कर तमिलनाडु की राजनीति दिलचस्प बना सकते हैं।



**कुमार चेलप्पन**
(लेखक दि पायनियर में वरिष्ठ संपादक हैं)



तमिलनाडु के राजनीतिक इतिहास में गुरुवार 3 दिसंबर, 2020 का दिन दशकों तक याद रखा जाएगा। इसी दिन तमिल फिल्मों के सुपरस्टार रजनीकांत ने अंततः लंबे समय से प्रतीक्षित घोषणा कर दी कि वे तमिलनाडु के आगामी विधानसभा चुनाव में सभी 234 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे तथा इसके लिए 2021 के प्रारम्भ में अपनी 'आध्यात्मिक' राजनीतिक पार्टी घोषित करेंगे। रजनीकांत को यह घोषणा करने में तीन साल का समय लगा क्योंकि उन्होंने 31 दिसंबर, 2017 को ही राजनीति में प्रवेश का इरादा जता दिया था। इस घोषणा के समय उनके साथ तमिलनाडु कांग्रेस समिति के पूर्व प्रमुख तमिलरुई मनियन थे जो लोकप्रिय गांधीवादी हैं। उनके साथ अर्जुनमूर्ति थे जो अभी तमिलनाडु की राजनीति में अपरिचित चेहरा हैं। इस घोषणा से अन्नाद्रमुक व द्रमुक के बीच सीधी लड़ाई का परिदृश्य बदल गया है। थलाइवा के नाम से लोकप्रिय रजनीकांत ने कहा, 'अभी या कभी नहीं। हम तमिलनाडु से जुड़ी सभी चीजें बदलने जा रहे हैं और यह बदलाव अच्छाई के लिए होगा। यदि मैं जीतता हूं तो यह विजय जनता की होगी और अगर हारता हूं तो यह उनकी हार होगी।' अभी यह नहीं कहा जा सकता है कि रजनीकांत की घोषणा का अक्टूबर, 1972 में तत्कालीन सुपरहीरो एम.जी. रामचंद्रन की घोषणा जैसा होगा जिन्होंने द्रमुक के तत्कालीन मुख्यमंत्री एम. करुणानिधि को निकाल कर अन्नाद्रमुक बनाने की घोषणा की थी। एमजीआर की पार्टी ने द्रमुक व कांग्रेस के बीच सिमटी तमिलनाडु की राजनीति बदल दी थी।

रजनीकांत का कोई राजनीतिक अनुभव नहीं है, पर एक मानवीय व्यक्तित्व के रूप में उनकी छवि अच्छी है। हालांकि, राज्य में एमजीआर के बाद अनेक फिल्मी सितारों ने राजनीतिक पार्टियां शुरू कीं, लेकिन उनमें से कोई मतदाताओं पर ज्यादा प्रभाव नहीं डाल सकी। इनमें सरत कुमार, शिवाजी गणेशन, विजयकांत, कमल हासन, आदि शामिल हैं। लेकिन यदि स्वास्थ्य अनुमति दे तो रजनीकांत के राजनीति में बने रहने की उम्मीद है। तमिलनाडु की जनता आध्यात्मिक है और वह रजनीकांत के मानववाद से प्रभावित हो सकती है। द्रविड़ राजनीतिक पार्टियों, खासकर द्रमुक ने जातिविहीन, तार्किक व नास्तिक तमिल समाज का आश्वासन दिया था। लेकिन आज तमिल समाज जातीय भावनाओं से भरा समाज है जहां सभी चीजों पर जातियों, समुदाय व उपजातियों का ठप्पा लगा है। द्रमुक व उससे निकली पार्टियों का जमीनी यथार्थ भी बहुत अच्छा नहीं है। पांच दशक तक द्रमुक के सर्वोच्च नेता रहे एम. करुणानिधि को जस्टिस रंजीत सिंह सरकारिया आयोग ने 'वैज्ञानिक भ्रष्टाचार का पितामह' कहा था। उन्होंने द्रमुक को परिवारी संस्था में बदल दिया था। तार्किक द्रमुक देश की एकमात्र राजनीतिक पार्टी है जिसमें हिंदुओं के खिलाफ जहर उगलने वाले बिशप सरगुनम थे। वे पार्टी के आधिकारिक आध्यात्मिक निर्देशक थे।

द्रमुक का जातिविहीन समाज संभव नहीं हुआ और करुणानिधि ने सभी जाति-आधारित हिंदू समूहों को पिछड़े, अति पिछड़े व अन्य पिछड़े समुदायों में परिभाषित करने का आसान रास्ता अपनाया। इससे हरित क्रान्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले व भारत रत्न से सम्मानित सी. सुब्रमण्यम जेसे लोग बहुत दुखी थे। लेकिन द्रमुक ने इस दृष्टिकोण से सभी जातियों में वर्चस्व स्थापित किया। विडंबना है कि इससे थेवर, वन्नियार, मुक्कुलथ्थार, मुदलियार, नायकर व मरावार, जैसी वर्चस्व वाली जातियों को शैक्षिक संस्थाओं व सरकारी सेवाओं में आरक्षण जैसे लाभ मिले। आईआईएम बंगलौर के सेवानिवृत्त प्रोफेसर आर. वैद्यनाथन के अनुसार, यह द्रविण संगठनों द्वारा तमिलनाडु की जनता से भयानक धोखा था।

रजनीकांत आध्यात्मिक राजनीति के उस अज्ञात और अनगढ़ क्षेत्र में प्रवेश कर रहे हैं जहां द्रमुक व उनके सहयोगी विफल हो चुके हैं। आध्यात्मिक राजनीति का अर्थ समझने के लिए तमिलरुई मनियन की बात सुननी होगी। उन्होंने तमिलनाडु की राजनीति में लोकप्रिय कामराज द्वारा निभाई भूमिका की चर्चा की है जो तमिलनाडु को पारदर्शी, मानवीय व विनम्र राज्य बनाना चाहते थे। 'तमिनाडु को मुख्यमंत्री के रूप में कामराज के शासनकाल में 10 चीनी मिलें आबंटित हुई थीं जिनके लिए जापान सरकार को तकनीकी व वित्तीय सहायता देनी थीं। समझौते के अंतिम रूप लेने के बाद तत्कालीन उद्योग मंत्री आर. वैंकटरामन ने कामराज को बताया कि जापानियों ने इसके लिए मुख्यमंत्री को एक करोड़ का कमीशन दिया है जो कुल लागत का 10 प्रतिशत है। इस पर मुख्यमंत्री ने वैंकटरामन से कहा कि वे जापानियों से एक और चीनी मिल लगाने का अनुरोध करें। इस प्रकार तमिलनाडु में 11 चीनी मिलें लगीं।' राजनीतिक टिप्पणीकार कोलाहला श्रीनिवासन इसे रजनीकांत की आध्यात्मिक राजनीति का एक अंतर्निहित प्रतीक बताते हैं।

रजनीकांत की घोषणा के पहले ही छोटी पार्टियों ने दावा किया था कि उनका कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। वीसीके नेता थोल थिरुमावलन के अनुसार, 'वे स्वतंत्र रूप से काम नहीं कर सकेंगे। भाजपा उनके माध्यम से राज्य में प्रवेश करना चाहेगी। वे भाजपा का एक और चेहरा होंगे और उसी रूप में काम करेंगे। उनके संभावित सहयोगियों के बारे में भी सवाल पूछे जा रहे हैं। तुगलक पत्रिका के संपादक तथा काफी समय से अभिनेता के मित्र एस. गुरुमूर्ति के अनुसार, 'इन चीजों पर बाद में निर्णय हो सकता है और स्वयं रजनीकांत को इन पर बात करनी चाहिए। उनके निर्णय से तमिलनाडु की राजनीति में भारी बदलाव आया है।' सच्चाई यह है कि द्रमुक और कांग्रेस इस घटनाक्रम से परेशान हैं और यह राज्य कांग्रेस अध्यक्ष के.एस. अलागिरी के बयान से स्पष्ट है, 'उनके निर्णय पर टिप्पणी करने का कोई अर्थ नहीं क्योंकि इससे जनता को कोई लाभ नहीं होगा।' इसी प्रकार माकपा नेता के. बालकृष्णन का कहना है कि 'वे जैसी राजनीति की बात कर रहे हैं उसका जनता पर कोई असर नहीं पड़ेगा।'

3 दिसंबर, 2020 तक समझा जा रहा था कि द्रमुक अपने प्रतिद्वंद्वियों पर आसान विजय पा सकेगी। लेकिन विशेषज्ञों के अनुसार रजनीकांत ने जनता को संदेश दिया है कि वे 2021 में विधानसभा चुनाव विजेता पर ध्यान देने के बजाय इसे महत्व दें कि किसे नहीं जीतना चाहिए। इससे यथास्थिति बदलेगी तथा नैतिक पसंद को स्थान मिलेगा। भाजपा की वेट्रीवल यात्रा विगत सोमवार को भगवान मुरुगा थिरुचेंडूर मंदिर पर समाप्त हुई। हालांकि, मीडिया ने इस पर ध्यान नहीं दिया, लेकिन स्पष्ट है कि हिंदुत्व के काफी समर्थक हैं। द्रमुक प्रमुख एम.के. स्टालिन ने यह बयान देकर मामला और खराब कर दिया है कि भारत के लिए सनातन धर्म चीन और पाकिस्तान की धमकियों से अधिक खतरनाक है। इस प्रकार भाजपा रजनीकांत की 'आध्यात्मिक' राजनीति का पक्ष ले सकती है।

मजेदार बात है कि तमिनाडु की किस्मत तमिलों के बजाय केरल में जन्मे एमजीआर, मैसूर में जन्मी जयललिता तथा तेलुगू मात्रभाषा वाले करुणानिधि ने निर्धारित की है। तमिल संस्कृति के स्वघोषित संरक्षक व्यापुरी गोपालस्वामी यानी वाइको तेलुगू हैं। ऐसे में महाराष्ट्र में जन्मे रजनीकांत को वैधता मिलने में कोई कठिनाई नहीं होगी। करुणानिधि व जयललिता के देहान्त के बाद तमिलनाडु की राजनीति में करिश्माई नेता के लिए काफी स्थान है। 2014 के लोकसभा चुनाव में राजग को राज्य में 19 प्रतिशत वोट मिले थे जिस पर द्रमुकव अन्नाद्रमुक का वर्चस्व था। हालांकि, वह 2019 में अपनी स्थिति मजबूत नहीं कर सका और द्रमुक का वर्चस्व स्थापित हो गया। रजनीकांत का राजनीति में प्रवेश महत्वपूर्ण है और यदि वे भाजपा के संगठनात्मक ढांचे का प्रयोग कर जनता को आध्यात्मिकता व धार्मिकता के बारे में समझाने में सफल रहते हैं तो तमिलनाडु में चुनावी संघर्ष दिलचस्प हो जाएगा।

# उपेक्षा का शिकार बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान

> एनटीसीए को बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान के प्रबंधन पर दृष्टि डालनी होगी और राज्य में पर्यटन राजस्व के वितरण पर नियंत्रण लगाना होगा।

**वीके बहुगुणा**
(लेखक सेवानिवृत्त सिविल सेवक हैं)



बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान और बाघ संरक्षित क्षेत्र, जो देश में प्रति वर्ग किलोमीटर बड़ी बिल्लियों की सर्वाधिक सघनता के लिए जातना जाता है, एक ऐसा इलाका है जहां बाघ के दिखने की संभावना सर्वाधिक होती है। मध्य प्रदेश के उमैरिया जिले में स्थित लगभग 124 बाघों वाला यह संरक्षित क्षेत्र 1,536 वर्ग किलोमीटर के दायरे में फैला हुआ है। इसका कोर क्षेत्र 716 वर्ग किमी है। यहां 32 बलुआ पत्थर के टीले, दलदली भूमि, जल स्रोत, चट्टानी इलाके एवं घास के मैदान हैं, जो इसे यहां पाए जाने वाले विविध पादपों एवं जानवरों के लिए एक बेहतरीन पर्यावास बना देते हैं। बांधवगढ़ को 1968 में राष्ट्रीय उद्यान घोषित किया गया था और 1994 में बाघ परियोजना के अंतर्गत शामिल किया गया था। ताला, मघाटी और खितौली नामक इसके तीन पर्यटन क्षेत्र हैं जहां अधिकतर बाघ और अन्य वन्य प्राणी दिखाई देते हैं। बाघों के अलावा, उद्यान में स्तनधारियों की 36, पक्षियों की 250 और तितलियों की 70 प्रजातियां पाई जाती हैं। बघेल शासकों द्वारा, कई गांवों के साथ अपनी राजधानी 1617 में यहां से रीवा स्थानांतरित करने के बाद यहां बाघों की संख्या बढ़नी प्रारम्भ हो गई थी। बांधवगढ़ वन, हालांकि, बघेल शासकों के पसंदीदा शिकारी इलाके रहे हैं, जो, अंधविश्वास एवं गर्व की भ्रामक अनुभूति के चलते एक वर्ष में 109 बाघों का शिकार करने का लक्ष्य निर्धारित करते थे। परिणामस्वरूप, महाराजा गुलाब सिंह ने 1923 में 83 बाघों को मारा था जबकि महाराजा मार्तंड सिंह ने 100 का शिकार किया था। शुक्र है कि, अंधाधुंध शिकार के बावजूद इस इलाके में बाघों की संख्या अधिक रही है। इससे उन वनों की बाघों से परिपूर्ण होने की क्षमता का पता चलता है जो शिकार तथा शिकारियों दोनों के मामले में समृद्ध हैं।

यह प्राणि उद्यान पुरातत्वशास्त्रीय, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक परिप्रेक्ष्य में भी महत्वपूर्ण है। कहा जाता है कि भगवान राम ने श्रीलंका से अयोध्या लौटते समय यह किला लक्ष्मण के लिए बनाया था। शिव पुराण व नारद पंच जैसे प्राचीन धर्मग्रंथों में इस बात के उल्लेख मिलते हैं। पहाड़ी के ऊपर एक मंदिर है, जिसमें लोग राम नवमी व जन्माष्टमी के दौरान जमा होते हैं। यहां कुछ गुफाएं हैं जहां कहा जाता है कि प्राचीन संतों ने तपस्याएं की थीं और अन्य पुरातात्विक स्मारक भी हैं। किले के निकट शेष शैय्या है जिसमें सात फनों वाले शेषनाग पर भगवान विष्णु को दर्शाया गया है।

दु:ख की बात है कि उद्यान का वन्यजीवन मानचित्र बदल रहा है। पूर्व में यह गौरों का घर हुआ करता था लेकिन मवेशियों से संक्रामक बीमारी फैलने के कारण वे सभी खत्म हो गए। 2012 में, लगभग 50 गौर कान्हा राष्ट्रीय उद्यान से यहां लाकर छोड़े गए थे। एक समय, भोजन की कमी के कारण, छत्तीसगढ़ से आए 38 हाथियों का झुंड उद्यान में दाखिल हुआ था और वे यहां पर प्रजनन कर रहे हैं। वे उद्यान तथा बफर क्षेत्र में पड़ास के गांवों के लिए प्रबंधन संबंधी बड़ा सिरर्द बन गए हैं। वे सौर पैनलों को नष्ट कर रहे हैं और इमारतों, कर्मचारियों के निवासों को नुकसान पहुंचा रहे हैं तथा राशन भी खा जाते हैं।

बांधवगढ़ को अवसंरचना, मानव शक्ति तथा दक्षता के परिप्रेक्ष्य में के उच्चतम स्तर पर प्रबंधन के हस्तक्षेप की तत्काल आवश्यकता है। धन की स्थिति भी खराब है और कर्मचारियों को आवास, जलापूर्ति एवं बिजली संबंधी गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उने छह वाहन खराब हो गए हैं लेकिन उद्यान के अधिकारी उनको बदलने में सक्षम नहीं हैं। स्मारिकाओं की दुकानों का प्रबंधन निजी बिजनेसों द्वारा किया जाता है जो खराब हालत में हैं और वन के विश्राम गृह को कर्मचारी वाणिज्यिक उद्यम के तौर पर चला रहे हैं।

राज्य सरकार द्वारा घास के मैदानों के प्रबंधन हेतु दिया जाने वाला पैसा कम रहता है, यद्यपि घास के मैदान शाकाहारी प्राणियों के लिए अनिवार्य हैं। शुक्र है कि कुछ पंचायतों द्वारा उन क्षेत्रों के लिए धन जारी किया गया है जो उनके अधिकार क्षेत्र में आते हैं। यद्यपि बाघ परियोजना से जुड़े प्राधिकारियों ने पैसा दिया है, राज्य सरकार ने अपने हिस्से का धन जारी नहीं किया है। घास के मैदानों का रख रखाव न किया जाना एवं पैसा जारी करने में मामले में लापरवाही एक गंभीर मामला है और मुख्य वन्य जीव वार्डन को तेजी से कदम उठाने की आवश्यकता है। अन्यथा इस उद्यान की स्थिति बिगड़ती ही जाएगी। कहा जाता है कि उद्यान से मिलने वाला वार्षिक राजस्व लगभग 8 करोड़ रुपये है लेकिन इसमें से अधिकतर उद्यान के लिए वापस नहीं दिया जाता है और राज्य में वितरित कर दिया जाता है।

सरकार को आवंटन में राजनीतिक हस्तक्षेप बंद करना होगा और उद्यान से एकत्रित राजस्व का कम से कम 70 प्रतिशत हिस्सा संरचित ढंग से खर्च करना होगा। राज्य वन्य जीव शाखा को उन हाथियों के लिए एक पृथक प्रबंधन योजना निर्धारित करनी होगी जो अब इस वन्य जीव उद्यान का हिस्सा हैं और हाथी परियोजना का लाभ लेना होगा। संग्रहालय एवं निर्वन केंद्र दयनीय दशा से गुजर रहे हैं, और उनके पूर्णरूपेण पुनरोद्धार की आवश्यकता है। निदेशक के पास दोहरा प्रभार है और ताला में रेंजर व परगना अधिकारी प्रशिक्षण अवधि में हैं। यह किसी भी श्रेष्ठ प्रबंधित वन क्षेत्र के लिए स्वीकार्य सिथति नहीं है। उद्यान के प्रबंधन में खामियां स्पष्ट नजर आती हैं क्योंकि दो बाघों को शिकारियों व ग्रामीणों ने मार डाला था। भारत सरकार के वन्य जीव अपराध ब्यूरो (एनटीसीए) ने हाल ही में उन हत्यारों को पकड़ा था। यह राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के लिए खतरे की घंटी होनी चाहिए। उसे कदम उठाते हुए चीजों को पटरी पर वापस लाना होगा। इसे यहां पर मानव शक्ति की निगरानी करने व उनके मुद्दों को संबोधित की आवश्यकता है। एनटीसीए को बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान के प्रबंधन पर दृष्टि डालनी होगी और राज्य में पर्यटन राजस्व के वितरण पर नियंत्रण लगाना होगा तथा संरक्षित वन क्षेत्र से बाहर उसके इस्तेमाल की सीमा निर्धारित करनी होगी। इससे पहले कि यहां पर वन्य जीवन नष्ट होने लगे एनटीसीए को कार्रवाई करने की आवश्यकता है।

## आप की बात

### गरीबों को राशन कार्ड

**भारत** देश मे लोगों को एक राष्ट्र, एक राशन कार्ड उपलब्ध कराकर लोगो को किसी भी राज्य के शहर में राशन प्राप्त करने की सुविधा प्रदान किया है। देश के नौ राज्यो में एक देश एक राशन कार्ड योजना लागू कर दिया है। इन राज्यों में सार्वजनिक वितरण प्रणाली सुधारो को सफलता पूर्वक लागू किया है।इस योजना को लागू करने वाले राज्य उप्र को सबसे ज्यादा लाभ मिलेगा। वित्त मंत्रालय ने खाद्य व सार्वजनिक वितरण विभाग को राज्यो में लागू सुधारो की जांच के लिये नोडल विभाग बनाया है। केंद्र सरकार को सबसे पहले प्रत्येक राज्य के पात्र गरीबो को देखना चाहिये कि उनके पास राशन कार्ड है कि नही।सरकार की हर योजना गरीबों के कल्याण के लिये है। जिसका लाभ उन्हें मिलना चाहिये। लेकिन लोकसेवकों और लचर प्रशासनतन्त्र के कारण आज भी ग्रामीण क्षेत्रो में अनेको गरीब लोगों को राशन का लाभ नही मिलता।वे चिल्लाते घूमते है।उनका राशन कार्ड नही बनता। गरीबों के बने राशन कार्ड काटने और यूनिट काटने का खेल उप्र में देखा जा सकता है। कोरोना काल मे सरकार द्वारा मुफ्त राशन का लाभ गांव के तमाम गरीबों को नही मिला। इसलिये केंद्र और राज्य सरकारें, गरीब लोगों को राशन कार्ड बनवाने का अभियान चलाएं।

– **कुलदीप मोहन,** जरगांव, उन्नाव

### आंदोलन से देश को नुकसान

**वैश्विक** महामारी कोरोना के चलते विगत कई दिनों से बाजार की स्थिति बंद जैसी हो गई है इस दौरान कितना नुकसान हुआ है , इसका अनुमान नहीं लगाया जा सकता है। लेकिन जब जब भारत बंद होता है तो विभिन्न समाचार पत्र पत्रिकाओं के माध्यम से यह ज्ञात होता है कि करोड़ों का नुकसान हुआ है जब हमारा इतना आर्थिक नुकसान होता है तो फिर देश , प्रदेश, शहर बंद करने का क्या औचित्य है ? क्या नुकसान करके देश प्रदेश राज्य, शहर बंद करना ही उचित है? जब-जब बंद हुआ हैं तब तब आम नागरिक के साथ-साथ यातायात, कारखाने आदि आदि बाधित होती है जिसके कारण विकास का पहिया थम जाता है । हम अपनी मांगों को लेकर सकारात्मक रूप से अगर सही समय पर सही बात करें तो उससे देश की दशा और दिशा बदल सकती है , हम बंद करें लेकिन किसी प्रकार से देश शहर, नगर का कोई आर्थिक नुकसान ना करें । देश में हो रहे आर्थिक नुकसान का भार आंदोलनकारियों पर भी पड़ता है आम नागरिकों के साथ यह बात क्यों भूल जाते हैं आंदोलन करने वाले जब जब इस देश में आंदोलन हुआ उन सभी आंदोलनों को राजनीति जामा पहनाया जाता है इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है।

– **प्रकाश हेमावत**, टाटानगर


### देर आयद, दुरुस्त आयद

**नेपाल** ने भारत को रेल प्रोजेक्ट की हरी झंडी दी। और काठमांडू से बिहार के रकसौल तक रेल लाइन बिछाने की योजना है। भारत के साथ सम्बन्धो के इस निर्णय से निश्चित ही चीन को करारा झटका लगना स्वाभाविक है। समाचार पत्र के समाचार के आधार पर नेपाल ने राजधानी काठमांडू को भारत तक रेल लाइन से जोड़ने के प्रस्ताव को हरी झंडी दे दी। नेपाली वेबसाइट रातोपाती डॉट कॉम के अनुसार लम्बे समय बाद नेपाल ने काठमांडू को भारतीय राज्य बिहार के पूर्वी चंपारण जिले के रकसौल को रेललाइन से जोड़ने के भारत की कोकण रेलवे कारपोरेशन लि. को डी आर पी तैयार करने की अनुमति दे दी है। भारत के प्रोजेक्ट को हरी झंडी मिलना। रणनीतिक रूप से चीन को करारा तमाचा है। कुछ भी हो सार्थक पहल निश्चित ही नेपाल भारत के सम्बन्धो को मजबूती प्रदान करेगी। चीन के भटकाव में आये नेपाल की इस सकारात्मक पहल से घर वापसी मालूम होती है। कहते हैं दिन भर का भुला घर लौट आये तो भूला नही कहलाता। इसी तरह नेपाल ने भारत के साथ भागीदारी करनी चाहिए।

– **योगेश जोशी**, बड़वाह, मप्र

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**सार्वजनिक** स्वास्थ्य तथा अन्य विभागीय स्टाफ को इलूरू मुद्दे की गहराई से जांचकर बीमारी के कारणों का पता लगाना चाहिए।

– **जगनमोहन रेड्डी**
मुख्यमंत्री आंध्र प्रदेश

**भारतीय** संदर्भ में कड़े सुधार लाना बहुत कठिन है। हमारे यहां लोकतंत्र का प्रभाव बहुत ज्यादा है।

– **अमिताभ कांत**
नीति आयोग के सीईओ





**मैं** आपको आश्वस्त कर दूं कि आपको जो भी जानकारी मिली है उसके बावजूद हमें अपने लोकतंत्र पर गर्व है।

– **रविशंकर प्रसाद**
केंद्रीय मंत्री

# सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का व्यापक रूप से हो प्रचार प्रसारः उपेंद्र तिवारी

## ● कहा, शौचालय निर्माण में छूट गये घरों की सूची बनाकर कराएं शौचालय का निर्माण



पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

**राज्य मंत्री** स्वतंत्र प्रभार खेल युवा कल्याण एवं पंचायतीराज विभाग उपेन्द्र तिवारी ने गुरूवार को सर्किट हाउस में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। राज्य मंत्री ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप जन कल्याणकारी योजनाओं का जमीनी स्तर पर प्रचार प्रसार कराया जाये। उन्होंने कहा कि बिना किसी भेदभाव के सरकार द्वारा जो योजनाएं चलायी जा रही हैं उसका सही तरीके से पात्र लोगों तक लाभ पहुंचाया जाए। राज्य मंत्री ने कोरोना काल के समय हुए कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि मनरेगा के द्वारा गांवों में हुए कार्यों की सूची वहां के प्रतिनिधि तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि पंचायतीराज विभाग के द्वारा शौचालय बनाने की योजना के अन्तर्गत ग्रामसभाओं में जो लोग अभी शौचालय से वंचित रह गये हैं। उनकी सूची बनाकर शौचालयों का निर्माण कराना सुनिश्चित किया जाये। कहा कि शौचालय निर्माण के कार्य को पूरी ईमानदारी के साथ बिना किसी भेदभाव के पूरा किया जाये। मंत्री उपेंद्र ने कहा कि एक सप्ताह के अंदर ग्राम सभाओं में कार्य को कराने में खर्च हुई राशि का अंकन वॉल पेंटिंग के माध्यम से सार्वजनिक स्थलों पर अंकित किया जाये। विकास के लिए आये हुए बजट की राशि को विकास के लिए कराये जा रहे कार्यों पर ही खर्च करने के लिए कहा है। इसके साथ ही उन्होंने एक टीम बनाकर इसकी रैण्डम जांच कराने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने ग्राम सभा या कलस्टर के अनुसार रोस्टर बनाकर गांव की समस्याओं को निपटाने के लिए कहा है। पेंशन से सम्बंधित लम्बित प्रकरणों के शीघ्रता के साथ निस्तारण करने के लिए कहा है। उन्होंने प्रत्येक ब्लाकों में ग्राम सभाओं का चयन कर वहां पर ओपन जिम बनाने तथा कायाकल्प के अन्तर्गत ग्रामों में विकास कार्य सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आशीष कुमार डीडीओ ए के मौर्या डीपीआरओ रेनू श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# बकाया देयों का भुगतान सुनिश्चित करें बीएसएः उच्च न्यायालय

## ● शिक्षक के लंबित वेतन एरियर का मामला, पीड़ित शिक्षक के पक्ष में हाईकोर्ट ने दिया आदेश, बीएसए को छह सप्ताह में बकाया देय भुगतान कराने के आदेश दिए

**पाटन।** बेसिक शिक्षा में बकाया देयों के भुगतान को लेकर कागजी दांवपेंच का खेल अब जिम्मेदारों को मंहगा पड़ता दिख रहा है। मामले में उच्च न्यायालय ने पीड़ित शिक्षक के पक्ष में सख्त निर्देश दिए हैं। जिसके तहत जिम्मेदारों को बकाया एरियर का भुगतान मय ब्याज सहित करना होगा। इसके लिए कोर्ट की ओर से 6 सप्ताह की मोहलत दी गई है। कोर्ट ने कहा कि आदेश जारी किए जाने की तिथि से निर्धारित समयावधि में सभी बकाया देयों का भुगतान बीएसए सुनिश्चित करें। अब देखना यह होगा कि विभागीय निर्देशों को धता बताने में माहिर महकमे के खिलाड़ी अब न्यायालय के आदेश के बाद किस अंदाज में पेश आते हैं।

गौरतलब है कि सुमेरपुर ब्लाक क्षेत्र में तैनात कई शिक्षक चयन वेतनमान निर्धारण, एरियर एवं इंक्रीमेंट आदि बकाया देयों के लिए बीईओ से लेकर बीएसए आफिस के महीनों से चक्कर काट रहे हैं। मामले को लेकर कुछ शिक्षक बीईओ पर उगाही के चक्कर में सेवा पुस्तिका गायब करने के भी आरोप लगा रहे थे। इस बाबत उच्चाधिकारियों द्वारा कोई प्रभावी कार्रवाई न किए जाने से निराश उच्च प्रा वि के प्रधान शिक्षक स्वदेश कुमार ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। पीड़ित शिक्षक की याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने गत 25 नवंबर को सुनवाई करते हुए कहा कि बीएसए सभी बकाया देयों का भुगतान 12 प्रतिशत ब्याज के साथ सुनिश्चित कराएं। कहा कि पीड़ित शिक्षक का 1 नवंबर 2007 से 28 सितंबर 2009 के बीच समयांतराल का वेतन एरियर व तीन वेतनबृद्धियां लंबित है। जिसका भुगतान नियमानुसार कर दिया जाना चाहिए था। कोर्ट ने बकाया देयों के भुगतान हेतु 6 सप्ताह की मोहलत देते हुए स्पष्ट निर्देश दिए हैं।

## क्विक न्यूज

### इंटर कालेज की मांग को लेकर उप मुख्यमंत्री से मिले ब्लॉक प्रमुख



**नवाबगंज।** स्थानीय विकास खण्ड के युवा ब्लॉक प्रमुख अरुण सिंह लगातार जनहित के कार्यो हेतु सतत प्रत्यनशील रहते है बात चाहे विकास खंड के सुन्दरीकरण की हो या ग्रामसभाओं में निवास करने वाले निवासियों के विकास की। आज इसी क्रम में कुछ ग्रामो में शिक्षा उत्थान हेतु ग्रामीणों की समस्या देखते हुये प्रदेश के उपमुख्यमंत्री दिनेश शर्मा से भेंट कर विद्यालय को लेकर ब्लाक प्रमुख ने डिप्टी सीएम को मांग पत्र सौंपा। इस दौरान उप मुख्यमंत्री दिनेश शर्मा से क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं से अवगत कराते हुए नवाबगंज क्षेत्र की न्याय पंचायत कटेहरू, गोरिदा, जंसार में बालिका इंटर कालेज की मांग को लेकर पत्र देते हुये क्षेत्रीय व जनपदीय समस्याओं को उनके सम्मुख रखा।

### प्रशिक्षण सम्पन्न

**सफीपुर उन्नाव।** स्थानीय सीएससी एकेडमी पर पचास शिक्षणार्थियो को भारत सरकार योजनांतर्गत आर पी एल का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के उपरान्त आए एसेसर ने परीक्षा ली जिसमे 47 लोग उपस्थित हुए। उन्नाव हरदोई मार्ग यूनियन बैंक भवन में संचालित सीएससी एकेडमी में भारत सरकार कौशल मिशन योजना के अंतर्गत आर पी एल का फील्ड सर्वे ट्रेड का दो दिवसीय प्रशिक्षण देकर परीक्षा कराई गई जिसमे पचास में सैंतालीस लोगो ने प्रतिभाग किया। व्यवस्थापकों ने बताया कि पास होने वालो को प्रमाणपत्र वितरित किया जाएगा।

### दुर्घटना में राज्यमंत्री का वाहन क्षतिग्रस्त

**नवाबगंज।** लखनउ कानपुर राजमार्ग पर राज्यमंत्री की इनोवा कार आगे चल रहे एक वाहन से टकरा कर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। कार में राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त पिछड़ा एवं वित्त व विकास निगम बाबू राम निषाद सवार थे। इंनोवा कार गाड़ी संख्या यूपी 32 जेक्यू 3166 सोनिक थाना अजगैन के पास दुर्घटना ग्रस्त हो गयी। मौके पर पहुंची अजगैन पुलिस ने उन्हें सरकारी वाहन से गंतव्य स्थान तक पहुंचाया। दुर्घटना में एक अन्य वाहन व एक बस जो लखनऊ से इन्दोर जा रही थी वह भी छतिग्रस्त हो गयी है। अजगैन प्रभारीनिरीक्षक संतोष सिंह ने बताया कि राज्यमंत्री को किसी भी प्रकार की कोई चोट नही आई हैं।

### विदाई समारोह में नम हुई आंखें

**नवाबगंज, उन्नाव।** कस्बा स्थित डाकघर में कार्यरत पोस्टमैन रमेश चंद्र यादव गुरुवार को 29 साल नौकरी करने के बाद सेवानिवृत्त हो गये। इस दौरान डाकघर कर्मचारियों की ओर से विदाई सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जहाँ सहकर्मियों द्वारा उन्हें माला पहनाकर सम्मानित करते हुए अंगवस्त्र व उपहार भेंट किये गए। जिसके बाद डाकघर कर्मचारियों ने उनके कार्यकाल के दौरान के संस्मरणों को साझा किया। रमेश चंद्र यादव ने सभी को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का संचालन राजेन्द्र सिंह ने किया। इस दौरान उप डाकपाल मिट्ठू राम, पूर्व पोस्टमास्टर ओम प्रकाश यादव, ओवरसियर रामरूप सिंह, हरिशंकर, कैलाश नाथ, जनक दुलारी, राजीव मिश्र, पन्नालाल तिवारी, कौशल किशोर पांडेय, विनोद कुमार आदि मौजूद रहे।

### युवा जोश उत्साह को ध्यान में रख सीखें कौशलः सिंह

**प्रयागराज।** पहली बार एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म फ्रन्टरो ने देश के लोगों के जोश और उत्साह को ध्यान में रखते हुए एक्सक्लुज़िव कोर्स को लांच किया है। स्टार्टअप लर्निंग के लिए क्रिएटिव चैम्पियन की भूमिका निभाएगा। क्योंकि इसके माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े टॉप सेलेब्रिटीज़ वीडियो आधारित कोर्स पेश करेंगे। सत्र का पहला सेट प्लेटफॉर्म पर पहले से उपलब्ध है। जिसमें देश के क्रिकेटर सुरेश रैना यजुवेन्द्र चहल और भुवनेश कुमार तथा नेहा कक्कड़ आदि शामिल हैं। चाहे अभिभावक हों जो अपने बच्चों को सर्वश्रेष्ठ देना चाहते हैं या आज के युवा जो अपने जोश और उत्साह को ध्यान में रखते हुए नए कौशल सीखना चाहते हैं। फ्रन्टरो उन सभी के लिए इनसाइडर टिप्स ट्रेड सीक्रेट और विभिन्न क्षेत्रों जेसे संगीत खेल कॉमेडी एवं फिल्मों से जुड़े दिग्गजों की लर्निंग्स लेकर आता है। सुरेश ने कहा पिछले सालों के दौरान मैदान पर और मैदान के बाहर बहुत कुछ सीखा है। जिसने मुझे एक महत्वाकांक्षी क्रिकेटर के रूप में आगे बढ़ने का मौका दिया है। सह संस्थापक ईशान प्रीत सिंह ने अवधारणा के बारे में कहा मौजूदा दौर में नॉन एकेडमिक कोर्सेज़ के लिए एक बड़ा अंतर मौजूद है। जिसके चलते लोग पारम्परिक क्लासरूम के दायरे से बाहर जाकर अपनी पसंद के क्षेत्र में करियर नहीं बना पाते। जिसके तहत उनके लिए नियमित गतिविधियों, प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है।

### टैंकर-डीसीएम में हुई आमने-सामने की टक्कर, ड्राइवर गंभीर रूप से घायल

**बांगरमऊ उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के संडीला मार्ग पर आर एस चौराहे के निकट टैंकर और डीसीएम की आमने सामने टक्कर हो गई। हादसे में डीसीएम का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक केबिन में फंसकर गम्भीर रूप से घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने कड़ी मशक्कत के बाद केबिन में फंसे चालक को बाहर निकाला और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। यहां के चिकित्सकों ने घायल की हालत नाजुक बताकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हरदोई जनपद के थाना बघौली अंतर्गत ग्राम अहेनुवा अल्लीपुर निवासी राम निवास पुत्र श्यामलाल डीसीएम में माल लादकर सण्डीला जा रहा था। रास्ते में आर एस चौराहा के निकट विपरीत दिशा से आ रहे टैंकर से जबरदस्त भिड़ंत हो गई । हादसे में डीसीएम का केबिन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक घायल होकर केबिन में ही फस गया। हादसे के बाद संडीला मार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारे लग गई । सूचना के काफी देर बाद पहुंची पुलिस ने क्षतिग्रस्त डीसीएम को क्रेन के जरिए मुख्य मार्ग से हटवाया। तब जाकर आवागमन बहाल हो सका।

# मंत्री के आश्वासन पर बालक दास का अनशन समाप्त हुआ



पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**स्मार्ट मीटर** गड़बड़ी को खिलाफअनशन पर बैठे पातालपुरी मठ के महंत का अनशन गुरूवार को समाप्त हो गया। संतों के अनशन पर बैठने की सूचना पाकर पहुंचे राज्यमंत्री ने संतों मुलाकात कर एक सप्ताह में समास्या समाधान की बात कही। राज्यमंत्री डाक्टर नीलकंठ तिवारी ने अनशन पर बैठे महंत बालक दास व अन्य संतों से बातचीत कर समस्या को मुख्यमंत्री के समक्ष रखने का आश्वासन दिया। मंत्री के आश्वासन के बाद संतों ने अनशन समाप्त कर दिया। गौरतलब है कि विद्युत बिल गड़बड़ी को लेकर नरहरपुरा स्थित पातालपुरी मठ में श्रीवैष्णो समाज के तत्वावधान में महंत बालक दास अनशन पर बैठे थे। संत स्मार्ट मीटर में आ रही गड़बड़ियों को ठीक करने के साथ ही अलपसंख्यक मदरसों के तर्ज पर मठ मंदिरों को सब्सिडि देने की मांग उठाई है। महंत बालक दास ने बीजली मीटर की गड़बड़ियों को जल्द दूर कराने की मांग किया है। संतों ने मांग किया है कि जिस प्रकार बुनकरों को बिजली उपलब्ध कराई जा रही है उसी प्रकार मठ मंदिरों को भी बिजली उपलब्ध कराई जाय। मंत्री से वार्ता के दौरान महंत बालक दास के अलावा, स्वामी जीतेन्द्रानन्द सरस्वती, इश्वरदास, ज्ञनप्रकाश, उमेशदास, मोहन दास आदि महंत शामिल रहे।

# पूर्व एमएलसी पर बहू ने दर्ज कराया एफआईआर

**वाराणसी।** पूर्व एमएलसी डॉ. वीणा पाण्डेय के खिलाफ उनकी पुत्रवधू नेहा पाण्डेय ने लंका थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। लंका थानाध्यक्ष के मुताबिक मामले में एफआईआर दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। विणा पाण्डेय के खिलाफलंका पुलिस ने 498, 504, 323, 313 आईपीसी व दहेज प्रतिषेध अधिनियम में एफआईआर दर्ज किया है। मामले में नेहा के पति डॉ. विवेक पाण्डेय, ससुर प्रो. आद्या प्रसाद पाण्डेय तथा देवर डा. निलेश पाण्डेय अभियुक्त बनाये गए हैं। एफआईआर के अनुसार नेहा का 18 फरवरी 2014 को डॉ विवेक पाण्डेय से विवाह हुआ था, जिसमे नेहा के पिता ने 10 लाख रुपये व अन्य तमाम सामान दिए थे। आरोप है कि इसके बाद भी डॉ वीणा पाण्डेय तथा उनका परिवार दहेज के लिए नेहा को प्रताड़ित कर रहे थे। दुर्व्यवहार के कारण नेहा को 2 बार गर्भपात हो गया। सामाजिक कार्यकर्ता डा. नूतन ठाकुर के मुताबिक घर से निकाल दिए जाने के कारण नेहा एक लम्बे समय से अपने मायके में थी और उसका बच्चा भी मायके में ही पैदा हुआ। 7 दिसंबर 2020 को नेहा जब घर आई तो उसे घर में घुसने तक नहीं दिया गया और उसके साथ दुर्व्यवहार किया गया। लंका पुलिस ने नेहा की शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं की। मामले में एक्टिविस्ट डॉ. नूतन ठाकुर ने नेहा से संपर्क इंसाफकी लड़ाई में साथ हुई तब मामले में एफआईआर दर्ज किया हुआ। नूतन ठाकुर ने एडीजी वाराणसी को पत्र लिख कर नेहा की सुरक्षा तथा मामले में कार्यवाही की गुहार लगाई है।

# पन्नालाल पार्क में हुई विद्युत कर्मचारियों की बैठक

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**विद्युत मजदूर** पंचायत के सदस्यों की बैठक गुरूवार अपराहन पन्नालाल पार्क में हुई। बैठक में विद्युत उपकेंद्र पर कर्मचारियों समस्याओं को सुनने, संकलित करने एवं कल कार्यालय अधिशासी अभियंता नगरीय विधुत वितरण खंड-पंचम इमिलियाघाट पर कर्मचारी समस्याओ का बार-बार अनुरोध के बाद भी समाधान न करने पर बाध्य होकर जोरदार प्रदर्शन की तैयारी किया। प्रांतीय अतिरिक्त महामंत्री डा. आरबी सिंह ने बताया कि बनारस के प्रत्येक बिजलीघरों पर एसएसओ के साथ एक-एक हेल्पर की तैनाती का टेंडर प्रबन्ध निदेशक पूर्वांचल विधुत वितरण निगम द्वारा पूर्व में ही किया जा चुका है जो अभी भी प्रभावी है एवं संगठन के साथ अधीक्षण अभियंता नगरीय विधुत वितरण मण्डल-द्वितीय द्वारा द्विपक्षीय वार्ता में हुए समझौते के बाद सभी अधिशासी अभियंता को नवम्बर 2019 में ही एसएसओ के साथ प्रत्येक शिफ्ट में हेल्पर रखने के लिए निर्देशित करने में पश्चात भी अधिशासी अभियंता द्वारा हेल्पर की तैनाती में हिला-हवाली किया जा रहा है। मंडल मंत्री अंकुर पाण्डेय ने कहा कि कर्मचारी इस समय विभाग की तरक्की और अनवरत विधुत आपूर्ति के लिए संकल्पित हैं किंतु अधिशासी अभियंता की हठधर्मिता के कारण बाध्य होकर 11 दिसम्बर को अधिशासी अभियंता नगरीय विधुत वितरण खण्ड पंचम इमिलिया घाट (कैंटोमेंट) के कार्यालय पर अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन करेंगे। जिसका पत्र सभी कार्यालयों, जैसे अधिशासी अभियंता, अधीक्षण अभियंता, मुख्य अभियंता, जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, उपश्रमायुक्त वाराणसी आदि को दिया जा चुका है। इससे पहले 2 दिसम्बर को सभी अधिशासी अभियंता को पत्र लिखकर हेल्पर रखने के लिए अनुरोध किया गया था। बैठक की अध्यक्षता ई. रविन्द्र राय ने और संचालन अंकुर पाण्डेय ने किया।

# बाल मजदूरी के खिलाफ बच्चों ने निकाली रैली




पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**अंतर्राष्ट्रीय** मानवाधिकार के अवसर पर आशा ट्रस्ट एवं लोक समिति की ओर से आशा सामाजिक विद्यालय प्राथमिक स्कुल के बच्चों और गाँव की लड़कियों ने प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम नागेपुर में बाल मजदूरी के खिलाफ जागरूकता रैली निकाली रैली लोक समिति आश्रम नागेपुर से निकाली गयी और यात्री प्रतीक्षालय, किसान प्रशिक्षण केंद्र, अम्बेडकर पार्क तथा गाँव के विभिन्न बस्तियों से होते हुए नन्दघर पहुंचकर समाप्त हुआ। रैली में शामिल बच्चे बाल मजदूरी बन्द करो, बाल दासता खत्म करो, हमारा अधिकार शिक्षा का अधिकार आदि नारे लगाते हुए चल रहे थे। बच्चे हाँथों में तख्तियाँ लिए हुए थे जिस पर जागरूकता के श्लोगन लिखे थे। इस अवसर पर लोक समिति संयोजक नन्दलाल मास्टर ने कहा कि हर बच्चे को स्वास्थ्य और शिक्षा का अधिकार है। बाल दासता बाल मजदूरी सभ्य समाज में अभिशाप है। सरकार ने बच्चों के अधिकार के लिए कानून बनाये हैं लेकिन समस्या अभी भी बनी हुई है। समाज में बच्चों के साथ यौन हिंसा की घटनायें तेजी से बढ़ रही है जो कि चिंताजनक है। जागरूकता रैली में अमित, रामबचन, सुनील, विद्या, श्यामसुन्दर, अनिल कुमार तिवारी, श्यामदास विश्वकर्मा, संतोष कुमार, रश्मि वर्मा, मनजीता, मधुबाला, पंचमुखी आदि लोग शामिल रहे।

# माघमेला को निर्विघ्न संपन्न कराने को लेकर अफसरों ने किया गंगा पूजन

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज



**पतित पावनी** माँ गंगा यमुना और अदृश्य सरस्वती के त्रिवेणी संगम के पावन तट पर गुरूवार को माघमेला 2020 21 को सकुशल सम्पन्न कराने की मंगल कामना के लिए अधिकारियों ने गंगा पूजन किया। मण्डलायुक्त आर रमेश कुमार एडीजी जोन प्रेम प्रकाश आईजी कवीन्द्र प्रताप सिंह डीआईजी एवं एसएसपी सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी के साथ धर्माचार्यों एवं अन्य पुलिस तथा प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में जिलाधिकार भानुचन्द्र गोस्वामी सपत्नीक वैदिक मंत्रोचार के साथ गंगा पूजन किया। मां गंगा से माघ मेला को सकुशल एवं निर्विघ्न रूप से सम्पन्न कराने की कामना करते हुए आशीर्वाद मांगा। डीएम ने मां गंगा को दूध चढ़ाकर उनसे आशीष मांगा। गंगा पूजन के पश्चात जिलाधिकारी ने मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि कोविड 19 के प्रोटोकाल का अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए माघ मेले को सकुशल एवं निर्विघ्न रूप से सम्पन्न कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि कोविड के प्रसार को रोकने के लिए व्यापक बंदोबस्त किये जाने की व्यवस्था की जा रही है। इस अवसर पर एडीएम सिटी अशोक कुमार कनौजिया पुलिस अधीक्षक नगर दिनेश कुमार सिंह प्रभारी मेलाधिकारी विवेक चतुर्वेदी तीर्थपुरोहित एवं धर्माचार्य उपस्थित रहे।

# हिंडाल्को ने सिलवासा में एल्युमिनियम फैक्ट्री को हरी झंडी दी

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**आदित्य** बिरला समूह की मैटल फ्लैगशिप, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड ने सिलवासा में 34,000 टन के एल्युमिनियम निकालने के प्लांट की शुरुआत करने की योजना की उद्घोषणा की। यह नया प्लांट, पश्चिमी और दक्षिणी क्षेत्र में उत्सारित एल्युमिनियम से बने उत्पादों के लिए तेजी से बढ़ते बाज़ार को सेवाएं देगा। चूंकि हिंडाल्को कम्पनी अपनी लंबी अवधि के डाउनस्ट्रीम निवेश योजना की समीक्षा कर रही है, ऐसे में सिलवासा में यह 730 करोड़ रुपये का प्रोजेक्ट हिंडाल्को की डाउनस्ट्रीम स्ट्रेटजी की दिशा में उठाये गए एक बड़े कदम का सूचक है। कम्पनी का उद्देश्य आने वाले कुछ सालों में एक बड़ा वैल्यू एडेड उत्पाद पोर्टफोलियो बनाने का है। यह निवेश आर्थिक बहाली की दिशा में आत्मविश्वास का इशारा करता है, जो कि डाउनस्ट्रीम वेल्यू एडेड उत्पादों के लिए मांग में बढ़ोत्तरी करेगा।

# एनसीसी कैडेटों द्वारा साफ-सफाई कर समाज में स्वच्छता जागरूकता फैलाया गया




पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**हरिश्चन्द्र** स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वारा स्वच्छता पखवारा के अंतर्गत एक दिसंबर से 15 दिसम्बर तक चलाया जाएगा। इसी के तहत गुरूवार को हरिश्चन्द्र महाद्यिालय के एनएनसी कैडेटों द्वारा एक स्वच्छता अभियान की रैली निकाली गई जो महाविद्यालय परिसर होते हुए दारानगर, मध्यमेश्वर, नवापुरा, भारतेन्दु पार्क तक आयी। इस दौरान एनसीसी कैडेटों द्वारा साफ-सफाई कर समाज में स्वच्छता हेतु जागरूकता फैलाया गया रैली के दौरान मैदागिन चौराहे पर नुक्कड़ नाटक का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। रैली का नेतृत्व मेजर डॉ. प्रदीप कुमार पाण्डेय ने किया। महाविद्यालय में समाज के विभिन्न वर्गो में मानवाधिकार के संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से 'मानवाधिकार दिवस' मनाया गया एवं महाविद्यालय के उपप्राचार्य पंकज कुमार सिंह के द्वारा प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं को भी शपथ दिलाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या डॉ. ज्योत्सना चतुर्वेदी ने किया।

# नशे में पत्नी से विवादकर पति ने लगा ली आग


**नवाबगंज।** सोहरामऊ थाना क्षेत्र अंतर्गत जैतीपुर ग्राम में युवक ने शराब के नशे में पत्नी से झगड़ने के बाद अपने घर में मांगलिक कार्यक्रम के दौरान पहुंच कर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा ली। घटना के बाद मौजूद परिजनों ने डायल 112 को फोन कर सूचना दी। सूचना पर आयी पीआरवी ने एंबुलेंस बुलाकर युवक व उसकी पत्नी को नवाबगंज स्थित स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है। जहां युवक की हालत गम्भीर को देख जिला अस्पताल रिफर किया गया। सोहरामऊ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जैतीपुर निवासी आकाश 20 पुत्र श्रीचंद ने देर शाम शराब पीने के बाद अपनी पत्नी उषा से झगड़ा करने के दौरान मारपीट कर दी। जिसने बचने के प्रयास में सास रामरती के पास पहुंच गयी। रामरती दूसरे बेटे राहुल की बेटी के बारहों कार्यक्रम में थी। जहाँ कार्यक्रम के कारण अन्य रिश्तेदार भी बाहर बैठे आग सेंक रहे थे। पत्नी के पीछे पहुंचे आकाश ने पहले अपने ऊपर ज्वलनशील पदार्थ छिड़का इस दौरान बचाने के लिए दौड़े परिजनों के ऊपर भी पेट्रोल फेंक कर आग लगा ली। इस दौरान जल रही आग से रामरती, राहुल, धीरज, सचिन आदि अन्य परिजन भी आंशिक रूप से झुलस गये। सूचना पर पहुंची पीआरवी ने एंबुलेंस बुलाकर आकाश, उसकी पत्नी व अन्य परिजनों को नवाबगंज स्थित स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया जहां युवक की हालत नाजुक देखते हुये उसे जिला अस्पताल रिफर किया गया हैं।

# रेलवे ने पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए वाराणसी से मुम्बई व केवड़िया के लए नई ट्रेन शुरू करने की कवायद

**वाराणसी।** रेलवे ने वाराणसी से होते हुए मुंबई और मध्य प्रदेश से केवड़िया के लिए नई ट्रेन शुरू करने की तैयारी की है। रेलवे की मंशा पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए बाबा विश्वनाथ दरबार को गुजरात में 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' से जोड़ने की है। यह ट्रेन काशी से गुजरात के केवड़िया नर्मदा जिले को जोड़ेगी। गंगा से नर्मदा नदी को जोड़ने के लिए ही इस ट्रेन की शुरुआत की मंशा रेलवे प्रशासन की ओर से जाहिर की गई है। नर्मदा नदी के किनारे ही सरदार सरोवर बांध के सम्मुख स्टैच्यू ऑफ यूनिटी का निर्माण किया गया है। स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के साथ केवड़िया क्षेत्र को दुनिया के नक्शे पर लाने के पीएम के सपने को साकार करने के लिए कई योजनाएं अब धरातल पा रही हैं जिनमें से वाराणसी से केवड़िया तक की यह विशेष ट्रेन भी शामिल है। देश के पहले सी.प्लेन सहित देशभर से यात्रियों के आने.जाने की व्यवस्था केवड़िया तक है। अब रेलवे देश के अलग.अलग हिस्सों से तीन अलग.अलग ट्रेनों को हरी झंडी दे रहा है जिसमें ट्रेन रीवा से मुंबईए वाराणसी और मध्य प्रदेश के बीच संचालित की जाएगी। यह ट्रेन यात्रियों को लेकर स्टैच्यू ऑफ यूनिटी तक पहुंचेगी और उसे देश के विभिन्न स्थलों से जोड़ती है। वाराणसी से केवड़िया के लिए अब चलने वाली स्पेशल ट्रेन दुनिया की सबसे बड़ी स्टैच्यू ऑफयूनिटी पर्यटकों के आकर्षण के केंद्र की रौनक साबित होगी। दुनिया भर के यात्री यहां अब आने लगे हैं लिहाजा रेलवे विभाग ने यहां तक पहुंच के लिए ही विशेष ट्रेन की घोषणा की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी से प्रधानमंत्री के गृह प्रदेश गुजरात के लिए यह विशेष ट्रेन चलेगी। रेलवे सूत्रों के अनुसार अगले साल तक सभी ट्रेनें पटरियों पर दौड़ने लगेंगी और जल्द ही अहमदाबाद से केवड़िया जाने वाली ट्रेनों को भी बढ़ाया जाएगा।

# नड्डा के काफिले पर हमला चिंताजनक : राज्यपाल

भाषा। कोलकाता



**पश्चिम बंगाल** के राज्यपाल जगदीप धनखड़ ने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के काफिले पर बृहस्पतिवार को हुए हमले पर चिंता व्यक्त की और कहा कि राज्य प्रशासन उनकी चेतावनियों के बावजूद कार्वाई करने में विफल रहा। राज्यपाल ने एक ट्वीट में कहा कि उन्होंने मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को इस बारे में आज सुबह 8.19 बजे तथा 9.05 बजे ही सतर्क किया था कि डायमंड हार्बर में भाजपा की बैठक के दौरान कानून व्यवस्था संबंधी दिक्कत पैदा हो सकती है।

धनखड़ ने ट्वीट में लिखा कि मुख्य सचिव ने उन्हें सूचित किया था कि पुलिस महानिदेशक को आगाह कर दिया गया है और तदनुसार अवगत करा दिया गया है। उन्होंने सिलसिलेवार ट्वीट में कहा, घटना से कानूनी प्राधिकार के पूरी तरह विफल होने का संकेत मिलता है।

पुलिस पर हमला न रोक पाने का आरोप लगाते हुए धनखड़ ने कहा, डायमंड हार्बर के पुलिस अधीक्षक के लिए यह समय लोकसेवक के रूप में काम करने का है। राज्यपाल ने लिखा, अराजकता तथा कानून व्यवस्था की स्थिति चरमराने से चिंतित हूं...सत्तारूढ़ पार्टी के गुंडों ने भाजपा अध्यक्ष के काफिले में तोड़फोड़ की और राजनीतिक पश्चिम बंगाल पुलिस समर्थन कर रही है। उन्होंने कहा, मुझे पूरा विश्वास है कि उन्हें (हमलावरों) राजनीतिक पुलिस का संरक्षण प्राप्त है...।

भाजपा सूत्रों और प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि नड्डा के काफिले पर तब हमला हुआ जब वह भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करने डायमंड हार्बर जा रहे थे। इसमें पार्टी महासचिव कैलाश विजयवर्गीय सहित कई नेता घायल हो गए। भगवा दल ने हमले का आरोप तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं पर लगाया है। भाजपा अध्यक्ष बुधवार से दो दिन के पश्चिम बंगाल दौरे पर हैं।

# हैदराबाद की महिला ने पति पर अमेरिका से फोन पर तीन तलाक देने का आरोप लगाया

**हैदराबाद।** हैदराबाद की 24 वर्षीय महिला ने सोमालिया के नागरिक तथा अमेरिकी नागरिकता प्राप्त अपने पति पर बिना कारण बताए फोन पर तीन तलाक देने का आरोप लगाया है। महिला ने इस मामले में केन्द्र सरकार से हस्तक्षेप करने की अपील की है। यहां अपने पिता के साथ रह रही महिला ने बुधवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर को संबोधित करते हुए पत्र लिखकर न्याय की गुहार लगाई। महिला ने कहा कि हैदराबाद में पढ़ाई के दौरान उसने 25 जनवरी 2015 को सोमालियाई नागरिक से शादी की थी। महिला के अनुसार तब से वह हर छह महीने बाद हैदराबाद आता था। वह आखिरी बार इस साल फरवरी में आया था। महिला ने कहा कि इसके बाद वह अमेरिका के बोस्टन चला गया और उसके संपर्क में रहा। साथ ही जरूरत के पैसे भी भेजता था।



प्रयागराज में माघ मेला उत्सव के लिए गंगा पूजन करते हुए साधु।

# एनसीबी ने बॉलीवुड के मेकअप आर्टिस्ट समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया

भाषा। मुंबई

**स्वापक नियंत्रण ब्यूरो** (एनसीबी) ने बृहस्पतिवार को बॉलीवुड के मेकअप आर्टिस्ट और हेयर स्टाइलिस्ट सूरज गोदांबे समेत दो लोगों को मुंबई में गिरफ्तार किया और उनके पास से कोकीन बरामद की। एक अधिकारी ने बताया कि बॉलीवुड में मादक पदार्थ के इस्तेमाल से जुड़े मामलों की जांच कर रही एनसीबी की मुंबई जोनल इकाई ने बुधवार को अंधेरी के ओशिवारा इलाके में स्थित मीरा टॉवर में छापेमारी की।

एनसीबी के अधिकारियों ने बताया कि गोदांबे और एक ऑटोरिक्शा ड्राइवर लालचंद्र यादव को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया गया। एनसीबी दल ने उनके पास से 17.6 ग्राम वजन के, मादक पदार्थ के 16 पैकेट बरामद किए जिनमें 11 ग्राम कोकीन थी।

अधिकारी ने बताया कि गोदांबे मेकअप आर्टिस्ट और हेयर स्टाइलिस्ट है और वह कुछ प्रोडक्शन हाउस के साथ काम कर चुका है। उन्होंने बताया कि गोदांबे मादक पदार्थ मंगवाता था जबकि यादव इसकी आपूर्ति करता था। अधिकारियों ने बताया कि पूछताछ के बाद दोनों को बृहस्पतिवार को, सुबह गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों को मुंबई की एक अदालत में पेश किया गया जहां से उन्हें 16 दिसंबर तक एनसीबी की हिरासत में भेज दिया गया।

एनसीबी ने मंगलवार से मुंबई में कई स्थानों पर छापेमारी के बाद मादक पदार्थ के कारोबारी रीगल महाकाल समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया था। अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत के मामले से जुड़े मादक पदार्थ मामले की जांच के तहत यह कार्यवाही की जा रही है। अधिकारी ने बताया कि एनसीबी ने छापे के दौरान 2.5 करोड़ रुपए मूल्य की चरस और 13.51 लाख रुपए नकद जब्त किए हैं।

# किसानों के प्रदर्शन को लेकर दानवे का दावा हास्यास्पद : संजय राउत

**मुंबई।** शिवसेना सांसद संजय राउत ने किसानों के प्रदर्शन के पीछे चीन और पाकिस्तान का हाथ बताने के केन्द्रीय मंत्री रावसाहेब दानवे के दावे को हास्यास्पद बताते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि अगर यह सच है तो केन्द्र सरकार को पड़ोसी देशों को सबक सिखाना चाहिए। राउत ने यहां पत्रकारों से कहा कि केन्द्र सरकार को यह तय करना चाहिए कि वह नए कृषि कानूनों को लेकर किसानों और सरकार के बीच जारी गतिरोध का जल्द समाधान निकालना चाहती है या नहीं। नए कृषि कानूनों को वापस लेने की मांग पर अड़े हजारों किसान 26 नवंबर से दिल्ली की सीमाओं पर प्रदर्शन कर रहे हैं। इससे न्यूनतम समर्थन मूल्य और मंडी व्यवस्था खत्म हो जाएगी। सरकार ने इन कानूनों का बचाव करते हुए कहा है कि इससे आने वाले वक्त में किसानों को फायदा होगा और उनकी आमदनी बढ़ेगी। केन्द्रीय मंत्री दानवे ने बुधवार को दावा किया कि किसानों के प्रदर्शन के पीछे चीन और पाकिस्तान का हाथ है।

# गो-वध विरोधी विधेयक के विरोध में कांग्रेस ने कर्नाटक विधानसभा का बहिष्कार किया

**बेंगलुरु।** कर्नाटक विधानसभा में गो-वध निषेध विधेयक पारित होने के विरोध में विपक्षी दल कांग्रेस ने बृहस्पतिवार को शीतर सत्र के अंतिम दिन सदन का बहिष्कार किया। विधानसभा अध्यक्ष के बार-बार अनुरोध करने के बावजूद विपक्षी दल ने आज की कार्यवाही में भाग नहीं लिया। विपक्ष के विरोध के बावजूद बुधवार को विवादित कर्नाटक मवेशी वध निषेध और संरक्षण विधेयक, 2020 विधानसभा में पारित हो गया।

विपक्ष के नेता सिद्धरमैया ने इसे लोकतंत्र विरोधी कार्य बताते हुए बुधवार को कहा कि इसके विरोध में कांग्रेस बृहस्पतिवार को सदन का बहिष्कार करेगी। कांग्रेस के विधायकों ने आज विधानसभा सत्र की बैठक में भाग लेने के स्थान पर पार्टी की बैठक में हिस्सा लिया। सदन की कार्यवाही शुरू होने पर आज कांग्रेस का कोई सदस्य उपस्थित नहीं था, ऐसे में विधानसभा अध्यक्ष विश्वेश्वर हेगड़े कागेरी ने उनसे कार्यवाही में भाग लेने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा, विपक्ष के नेता सिद्धरमैया और कांग्रेस विधायकों ने कल कहा था कि वे आज की कार्यवाही में भाग नहीं लेंगे और आज कोई भी उपस्थित नहीं है। मैं उनसे कार्यवाही में भाग लेने की अपील करता हूं।

आसन से विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि गो-वध संबंधी विधेयक पारित होने पर नेता विपक्ष ने उनके बारे में कुछ बातें कही हैं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि वह सदन की कार्यवाही नियमों और परंपराओं के तहत चला रहे हैं। सिद्धरमैया एवं कांग्रेस ने बुधवार को स्पीकर पर इस विधेयक को पेश और पारित करवाने की अनुमति देकर पक्षपातपूर्ण ढंग से काम करने का आरोप लगाया था। वहीं इस बारे में मंगलुरु में कर्नाटक भाजपा के अध्यक्ष और सांसद नलीन कुमार कतील ने आरोप लगाया कि कांग्रेस विधानसभा में पारित गो-वध निषेध विधेयक का विरोध करके तुष्टिकरण की राजनीति कर रही है। यहां जिला भाजपा कार्यालय में गऊ-पूजा के बाद उन्होंने पत्रकारों से कहा कि कांग्रेस हमेशा गो-वध के पक्ष में रही है और विधेयक का विरोध कोई आश्चर्यजनक बात नहीं है।

कतील ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गाय का विशेष स्थान है और मवेशियों के साथ लोगों का जुड़ाव भावनात्मक है। उन्होंने कहा कि इस संस्कृति को जीवित रखने की आवश्यकता है क्योंकि मवेशियों की संख्या लगातार घट रही है। राज्य भाजपा प्रमुख ने किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए यह विधेयक लाने के लिए मुख्यमंत्री बी. एस. एदियुरप्पा और पशुपालन मंत्री प्रभु चौहान को धन्यवाद दिया। कतील ने कहा कि सरकार विधानसभा के अगले सत्र में लव जिहाद के खिलाफ विधेयक पेश करेगी।

## क्विक न्यूज

### जेल में चश्मा दिए जाने से मना करने पर जांच का आदेश

**मुंबई।** महाराष्ट्र के गृहमंत्री अनिल देशमुख ने ऐल्गार परिषद-माओवादियों से संबंध होने के आरोप मे गिरफ्तार गौतम नवलखा को तालोजा जेल में कथित रूप से चश्मा नही दिए जाने के मामले की जांच का आदेश दिया है। देशमुख ने ट्विटर पर इस आशय की जानकारी दी। उन्होंने ट्वीट किया, भीमा-कोरेगांव मामले में आरोपी गौतम नवलखा को जेल प्रशासन ने चश्मा नही दिया क्योंकि उन्होंने उनके परिवार से आया पार्सल भी लौटा दिया। उन्होंने लिखा है, मैने इस मामले की जांच का आदेश दिया है। मुझे लगता है कि इसमें संवेदनशीलता दिखानी चाहिए थी, भविष्य मे ऐसी घटनाओं के दोहराव से बचना होगा। नवलखा के परिवार के सदस्यों ने सोमवार को दावा किया कि 27 नवंबर को तालोजा जेल मे उनका चश्मा चोरी हो गया है। उन्होंने दावा किया है कि चश्मा के बिना नवलखा लगभग दृष्टिहीन है इसके बावजूद जब उन्होंने (परिवार ने) इस महीने की शुरुआत मे डाक से नया चश्मा भेजा तो जेल प्रशासन ने उसे अस्वीकार कर दिया और वापस भेज दिया।

### तृणमूल कांग्रेस ने ममता बनर्जी सरकार के दस वर्ष के शासन पर रिपोर्ट कार्ड जारी किया


**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल मे अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव को ध्यान मे रखते हुए सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने अपनी सरकार की कल्याणकारी नीतियो और पिछले 10 वर्ष की विकासात्मक परियोजनाओं का बृहस्पतिवार को एक रिपोर्ट कार्ड जारी किया। राज्य के शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी टीएमसी रिपोर्ट कार्ड-विकास के दस वर्ष जारी होने के मौके पर मौजूद थे। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी सरकार द्वारा पिछले दशक मे शुरू की गई योजनाओं से बड़ी संख्या मे लोगों का फायदा हुआ है। चटर्जी ने कहा कि पार्टी नेता राज्य के सभी 294 विधानसभा क्षेत्रों में इस रिपोर्ट कार्ड को ले कर लोगो के बीच जाएंगे। टीएमसी भवन मे आयोजित इस कार्यक्रम मे राज्य के मंत्री फिरहाद हकीम, सांसद डेरेक ओ ब्रायन और सुदीप बंदोपाध्याय मौजूद थे। चटर्जी ने कहा कि तृणमूल ने 2011 में सत्ता में आने के बाद शिक्षा के क्षेत्र के लिए आवंटित धनराशि को 13,872 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 37,069 करोड़ रुपए किया। इस दौरान अन्य नेताओं ने भी सरकार की योजनाओं और उससे हुए फायदों के बारे में जानकारी दी।

### भारतीय वैज्ञानिकों ने कोविड-19 के नए संभावित उपचार की पहचान की

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारतीय वैज्ञानिकों ने ऐसी दवाओं और संभावित मिश्रणों की पहचान की है जो नोवेल कोरोना वायरस के प्रोटीन को लक्ष्य कर सकते हैं और संक्रमण के उपचार में प्रभावी तरीके से मदद कर सकते हैं। ड्रगबैंक आंकड़ों के अध्ययन पर जर्नल साइंटिफिक रिपोर्ट्स में प्रकाशित लेख में कहा गया कि सार्स-सीओवी-2 पर हमला करने के नए तरीकों की पहचान की गई जिनके बारे में अभी तक ध्यान नही दिया गया था। तमिलनाडु के अलगप्पा विश्वविद्यालय और स्वीडन के केटीएच रॉयल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के अनुसंधानकर्ताओं ने ऐसी दवाओं और मिश्रण की सूची पेश की है जिन पर संक्रमण के उपचार की दृष्टि से जांच किए जाने की जरूरत है। अध्ययन में शामिल वैभव श्रीवास्तव और अरूल मुरुगन के अनुसार इससे वायरस के उत्परिवर्तन के इर्द गिर्द काम करने मे मदद मिलेगी। श्रीवास्तव ने कहा, वायरस तेजी से उत्परिवर्तित हो रहा है अर्थात वह अपने प्रोटीन मे बदलाव कर रहा है। अगर हमारे पास कोई ऐसी दवा हो जो अनेक प्रोटीन को लक्ष्य बना सकती हो, और कोई अगर उत्परिवर्तित हो जाती है तो दवा अन्य पर भी प्रभावी होगी। इस अवधारणा ने दल को ऐसे मिश्रण तलाशने के लिए प्रोत्साहित किया जिनमें कई गुण हों।

### छत्तीसगढ़ के कोरबा हाथियों के हमले में तीन ग्रामीणों की मौत

**कोरबा (भाषा)।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में पिछले चार दिनों में हाथियो के हमले में दो महिलाओं समेत तीन ग्रामीणो की मौत हो गई। कोरबा जिले के वन विभाग के अधिकारियो ने बृहस्पतिवार को बताया कि आज तड़के लगभग चार बजे जिले के पसान वन परिक्षेत्र के अंतर्गत घाघरा गांव में बुधमनिया बाई (50) को एक दंतैल हाथी ने कुचल दिया। महिला की मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि बुधमनिया बाई फसल की रखवाली के लिए खलिहान में सोई हुई थी। इस दौरान एक दंतैल हाथी खलिहान में घुस आया और महिला को कुचलकर मार डाला। उन्होंने बताया कि घटनास्थल पर वन विभाग के दल को रवाना किया गया तथा महिला का शव बरामद किया गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में 17 हाथियो का दल विचरण कर रहा है। वन विभाग ने गांवों में मुनादी कर ग्रामीणो को सतर्क किया है कि वह जंगल में न जाएं और न ही खलिहान में रात गुजारें। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इससे पहले सोमवार की शाम पसान वन परिक्षेत्र के बिर्रा गांव निवासी घासीराम गोंड़ (65) की हाथी के हमले में मौत हो गई थी। उन्होंने बताया कि गोंड़ मवेशियों को चराने के बाद उन्हें गौठान में बांधकर अपने घर की ओर जा रहे थे। इस दौरान अचानक एक हाथी ने गोंड़ पर हमला कर दिया। उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।



केरल के एनारकुलम में स्थानीय चुनाव के दूसरे चरण के चुनाव में वोट डालने के लिए लाइन में लगे हुए मतदाता।

# महाराष्ट्र : शिरडी जाते समय हिरासत में ली गई तृप्ति देसाई

**पुणे।** महाराष्ट्र के अहमदनगर में पुलिस ने सामाजिक कार्यकर्ता तृप्ति देसाई और उनके संगठन के अन्य सदस्यों को शिरडी जाते समय रास्ते में हिरासत में ले लिया। वे लोग साईबाबा मंदिर के बाहर लगे बोर्ड को हटाने के लिए शिरडी जा रहे थे जिस पर लिखा है कि श्रद्धालु सभ्य तरीके के कपड़ा पहनें। देसाई ने पहले चेतावनी दी थी कि अगर विवादास्पद संदेश वाले बोर्ड को नहीं हटाया जाता है तो वह और अन्य कार्यकर्ता दस दिसंबर को शिरडी जाएंगे और खुद ही बोर्ड हटा देंगे।

सब डिविजनल मजिस्ट्रेट (शिरडी क्षेत्र) गोविंद शिंदे ने मंगलवार को कानून-व्यवस्था की स्थिति का हवाला देते हुए देसाई को नोटिस जारी किया था और उनसे कहा था कि अहमदनगर के शिरडी में आठ दिसंबर की मध्य रात्रि से 11 दिसंबर की मध्य रात्रि तक प्रवेश नहीं करें। बहरहाल, नोटिस की अवहेलना करते हुए देसाई अपनी संगठन भूमाता ब्रिगेड के 20 सदस्यों के साथ बृहस्पतिवार की सुबह शिरडी जाने के लिए पुणे से रवाना हुईं।

अहमदनगर के पुलिस अधीक्षक मनोज पाटिल ने कहा, हमने पुणे-अहमदनगर राजमार्ग पर सुपा गांव के पास बंबई पुलिस कानून की धारा 68 के तहत देसाई को संगठन के 15- 16 अन्य सदस्यों के साथ हिरासत में लिया। साईबाबा मंदिर न्यास ने हाल में मंदिर परिसर के बाहर एक बोर्ड लगाकर श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे भारतीय संस्कृति के मुताबिक सभ्य तरीके से कपड़े पहनें। न्यास के अधिकारियों ने कहा कि उन्हें शिकायतें मिली थीं कि कुछ लोग मंदिर में आपत्तिजनक तरीके से कपड़े पहनकर आते हैं। बहरहाल, न्यास के एक वरिष्ठ अधिकारी ने स्पष्ट किया कि उन्होंने श्रद्धालुओं पर कोई ड्रेस कोड लागू नहीं किया है और यह संदेश केवल अपील है।

# बुद्धदेव भट्टाचार्य की हालत में कुछ सुधार, लेकिन अभी स्थिति नाजुक

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री बुद्धदेव भट्टाचार्य के स्वास्थ्य में बृहस्पतिवार को थोड़ा सुधार हुआ, लेकिन उनकी स्थिति अब भी नाजुक है। अस्पताल के सूत्रों ने बताया कि 76 वर्षीय नेता अब भी वेंटिलेटर पर हैं। अस्पताल में बुद्धदेव का उपचार कर रहे एक वरिष्ठ चिकित्सक ने कहा, उनकी स्थिति में कुछ सुधार हुआ है। उनका पीसीओटू स्तर भी स्थिर है और आज सुबह यह 42 रहा। सीओपीडी (फेफड़ों में रुकावट से श्वसन संबंधी परेशानी) के मरीजों के लिए यह स्तर सामान्य है। उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया है और उनकी स्थिति नाजुक है।

उनके हृदय की स्थिति, धड़कन, रक्तचाप और ऑक्सीजन का स्तर इस समय स्थिर है। उसने बताया कि रक्त संबंधी जांच समेत प्राथमिक जांच में कोई विशेष असामान्यता नहीं दिखी। डॉक्टरों की सात सदस्ईय टीम ने उनकी स्थिति का आकलन किया। बयान में बताया गया कि भट्टाचार्य को बृहस्पतिवार को भी वेंटिलेटर पर रखा जाएगा और वेंटिलेटर से उन्हें धीरे-धीरे हटाए जाने की योजना बनाई जा रही है।

भट्टाचार्य को सांस संबंधी तकलीफ बढ़ने के बाद बुधवार दोपहर निजी अस्पताल की सघन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया था। एक वरिष्ठ चिकित्सक ने आगे के उपचार की जानकारी देते हुए बताया कि भट्टाचार्य को पर्याप्त पोषक तत्व दिए जा रहे हैं और अन्य बातों का पूरा ख्याल रखा जा रहा है। वह अब भी वेंटिलेंटर पर हैं। चिकित्सक ने कहा, चिकित्सक उनके स्वास्थ्य पर लगातार नजर रख रहे हैं और उचित कदम उठा रहे हैं। भट्टाचार्य के परिवार के सदस्यों को उनके स्वास्थ्य की स्थिति की जानकारी दी गई और माकपा राज्य सचिव सूर्य कांत मिश्रा दिन में अस्पताल पहुंचे। चिकित्सक ने बताया कि माकपा नेता की ऑक्सीजन का स्तर 90 से 95 प्रतिशत के आस-पास है और वह होश में आ गए हैं।

# हज के लिए आवेदन की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 10 जनवरी किया गया

**नई दिल्ली/मुंबई।** केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने बृहस्पतिवार को बताया कि हज-2021 के लिए आवेदन की अंतिम तिथि को आज 10 दिसंबर से बढ़ा कर 10 जनवरी तक कर दिया गया है और साथ ही हज यात्रियों के अनुमानित खर्च में भी कमी की गई है। मंत्री के कार्यालय की ओर से जारी बयान के अनुसार, प्रति तीर्थयात्री अनुमानित खर्च को रवानगी केन्द्रों के अनुसार कम कर दिया गया है।

नकवी ने यह भी कहा कि हज जून-जुलाई 2021 में होना निर्धारित है। कोविड-19 महामारी के मद्देनजर सऊदी अरब और भारत सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार पूरी प्रक्रिया चल रही है। नकवी ने यहां भारतीय हज कमेटी की बैठक की अध्यक्षता की, जिसके बाद उनके हवाले से जारी बयान में कहा गया है, आज यानी दस दिसंबर हज 2021 के लिए आवेदन का अंतिम दिन था। अब इस तारीख को बढ़ाकर 10 जनवरी 2021 कर दिया गया है। बयान में कहा गया है कि हज 2021 के लिए अब तक 40 हजार से अधिक आवेदन मिल चुके हैं। इनमें 500 से अधिक वे महिलाएं भी शामिल हैं, जिन्होंने मेहरम श्रेणी (पुरुष साथी के बिना हज पर जाना) के तहत आवेदन किया है।

बयान के अनुसार हज 2020 के लिए 2,100 महिलाओं ने इस श्रेणी के तहत आवेदन किया था। उनके आवेदन अभी वैध हैं, इसलिए वे अगले साल हज पर जाएंगी। इसके अलावा इस श्रेणी में नए आवेदन भी स्वीकार किए जा रहे हैं। इस श्रेणी के तहत हज पर जाने की इच्छुक महिलाओं को लॉटरी व्यवस्था से अलग रखा जाएगा। नकवी ने कहा कि सऊदी अरब से फीडबैक मिलने और उसपर चर्चा के बाद प्रति हज यात्री अनुमानित खर्च को रवानगी केन्द्रों से अनुसार कम कर दिया गया है।

हज 2021 पर जाने के लिए 10 रवानगी केन्द्र अहमदाबाद, बेंगलुरू, कोचीन, दिल्ली, गुवाहाटी, हैदराबाद, कोलकाता, मुंबई और श्रीनगर हैं। हज के लिए आवेदन, ऑनलाइन और मोबाइल एप्प के जरिए एवं ऑफलाइन माध्यम से किए जा रहे हैं। नकवी ने कहा, रवानगी केन्द्र (इम्बार्केशन प्वाइंट) के अनुसार हज 2021 के खर्च के आकलन एवं सऊदी अरब से प्राप्त फीडबैक के आधार पर प्रति हज यात्री सम्भावित खर्च भी कम किया गया है। वर्तमान आंकलन के मुताबिक, अहमदाबाद और मुंबई रवानगी केन्द्र से जाने वाले हज यात्रियों को लगभग 3 लाख 30 हजार रूपएअ बेंगलुरु, लखनऊ दिल्ली और हैदराबाद रवानगी केन्द्र से जाने वाले हज यात्रियों को लगभग 3 लाख 50 हजार रूपए खर्च करने होगे।



पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना में भाजपा नेता विजय वर्गीय की कार पर हमले में घायल ड्राइवर अपनी चोट दिखाता हुआ

# नए संसद भवन में दिखेगी विभिन्न धर्मों के पावन चिन्हों की झलक

भाषा। नई दिल्ली

**संसद** का नया भवन त्रिभुजाकार होगा जो कई धर्मों के पावन चिन्हों की एक झलक पेश करेगा और देश के तीन राष्ट्रीय प्रतीकों कमल, मोर और बरगद पर आधारित थीम इसके भीतरी हिस्से की शोभा बढ़ाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को नए संसद भवन की आधारशिला रखी। 917 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत वाले इस भवन का निर्माण कार्य देश की आजादी के 75 साल पूरे होने तक हो जाने की संभावना है।

इस नए संसद भवन का निर्माण वर्तमान संसद भवन के बिल्कुल सामने हो रहा है। यह निर्माण कार्य टाटा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है। करीब 100 साल पहले 83 लाख रुपए की लागत से बने मौजूदा संसद भवन को संग्रहालय में तब्दील कर दिया जाएगा। नए संसद भवन में लोकसभा और राज्यसभा कक्षों का आकार पहले के मुकाबले काफी बड़ा होगा। नए भवन में संसदीय कार्यवाही के दौरान 888 लोकसभा सदस्यों और 384 राज्यसभा सदस्यों के बैठने की क्षमता होगी। लोकसभा कक्ष में 1272 लोगों के बैठने की अतिरिक्त क्षमता होगी ताकि यहां पर दोनों सदनों की संयुक्त बैठक हो सके। नए भवन के वास्तुकार विमल पटेल ने पीटीआई-भाषा को बताया, नए संसद भवन को त्रिभुजाकार में डिजाइन किया गया है क्योंकि यह इसी आकार वाले भूखंड पर बन रहा है। इसमें तीन प्रमुख

## ● अंदर की शोभा बढ़ाएंगे राष्ट्रीय प्रतीक



कक्ष- लोकसभा, राज्यसभा और सेंट्रल लॉन्ज होंगे। साथ ही, देश के कई धर्मों और संस्कृतियों से जुड़े पावन चिन्ह त्रिभुजाकार भवन की शोभा बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि लोकसभा कक्ष के लिए थीम राष्ट्रीय पक्षी मोर तथा राज्यसभा कक्ष के लिए थीम राष्ट्रीय पुष्प कमल और सेंट्रल लॉन्ज के लिए थीम राष्ट्रीय पेड़ बरगद है। राष्ट्रीय चिन्ह इस नए संसद भवन का शिखर होगा। पटेल के अनुसार, नई इमारत की पूरी संरचना वर्तमान संसद के अनुरूप होगी ताकि दोनों भवन के एक दूसरे के पूरक लगें।

नए संसद भवन की छत की चित्रकारी राष्ट्रपति भवन की चित्रकारी की तरह होगी और कारपेट का डिजाइन भी पारंपरिक होगा। वर्तमान संसद भवन की कई खूबियां इस नए भवन में भी देखने को मिलेंगी। मसलन, इसके अंदर की दीवारों में भी श्लोक अंकित होंगे।

# जिस भवन से शुरू हुआ भारत का नियति के साथ साक्षात्कार

भाषा। नई दिल्ली

**भारत** की सर्वोच्च पंचायत की गोलाकार आकृति वाला ऐतिहासिक संसद भवन भले ही अब इसके एक नए भवन परिसर के कारण सत्ता की



चमक-धमक से दूर हो जाएगा किंतु इसकी ऐतिहासिक प्रासंगिकता कभी धुंधली नहीं पड़ सकती क्योंकि यही वह स्थान है जहां से देश ने नियति के साथ साक्षात्कार किया था।

लोकसभा के पूर्व महासचिव सुभाष काश्यप ने पीटीआई-भाषा को बताया कि यह वही भवन है जहां क्रांतिकारी भगत सिंह ने औपनिवेशिक ब्रिटिश सरकार को जगाने का प्रयास किया था, जहां संविधान को अपना स्वरूप मिला, जहां ब्रिटिश सरकार ने सत्ता सौंपी। यह वही परिसर है जहां पहली बार सांसद के रूप में कदम रखने से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने माथा टेका था। इन बातों को, घटनाओं को भुलाया नहीं जा सकता है। लोकसभा के एक अन्य पूर्व महासचिव पी. डी. टी. आचार्य का कहना है कि भले ही भविष्य में कदम रखने के लिए नए भवन की आवश्यकता है लेकिन हमें वर्तमान भवन के ऐतिहासिक महत्व और विरासत को बनाए रखना चाहिए।

उन्होंने कहा कि आसपास के भवनों से वर्तमान संसद भवन को ढंकने का कोई भी प्रयास इतिहास के साथ हिंसा होगी। काश्यप ने विश्वास जताया कि नए भवन के निर्माण से वर्तमान संसद भवन का ऐतिहासिक महत्व कम नहीं होगा। उन्होंने कहा कि यह दुनिया के सर्वोत्तम संसद भवनों में से एक है। इसका ऐतिहासिक महत्व बने रहना चाहिए और मुझे लगता है कि वह बना रहेगा। यह संसद भवन कई ऐतिहासिक घटनाओं का गवाह रहा है। इसी भवन में क्रांतिकारी भगत सिंह और बटुकेश्वर दत्त ने बम फेंक कर ब्रिटिश सरकार तक अपनी आवाज पहुंचानी चाही थी, यहां पर संविधान सभा की बैठकें हुईं, पहले प्रधानमंत्री नेहरू ने 14-15 अगस्त, 1947 की आधी रात को देश की आजादी के अवसर पर अंग्रेजी में अपना भाषण ट्राइस्ट विथ डेस्टिनी (नियति के साथ साक्षात्कार) दिया था। ब्रिटिश कालीन इस इमारत की डिजाइन और निर्माण कार्य की जिम्मेदारी एडविन लुटियंस और हर्बर्ट बाकर को दी गई थी। इन्हीं लुटियंस के नाम पर संसद भवन और आसपास के क्षेत्र को लुटियंस जोन कहा जाता है। वर्तमान संसद भवन की आधारशिला 12 फरवरी 1921 को रखी गई और छह साल चले निर्माण कार्य में उस समय 83 लाख रुपए का खर्च आया था। भवन का उद्घाटन भारत के तत्कालीन गवर्नर जनरल लॉर्ड इरविन ने किया था। आचार्य ने पीटीआई-भाषा को बताया कि मौजूदा भवन देश के इतिहास के एक सुनहरे पन्ने को दिखाता है और नए संसद भवन के निर्माण के साथ ही यह अध्याय समाप्त हो रहा है।

उन्होंने कहा कि 2026 में सांसदों की अधिकतम संख्या पर लगी रोक समाप्त होने के बाद उनकी संख्या बढ़ेगी और वर्तमान संसद भवन में इतने लोगों के बैठने की जगह नहीं है। आचार्य ने कहा, नई जगह खोजना जरूरी है और इसे जितना जल्दी किया जाए उतना ही अच्छा होगा। इसका अर्थ यह नहीं है कि इस तरह का प्रचार किया जाए कि पुराने संसद भवन का कोई महत्व नहीं है और नया संसद भवन विशाल और भव्य होगा। उन्होंने कहा कि नए संसद भवन का निर्माण गलत नहीं हैं, लेकिन इसे जिस तरह से पेश किया जा रहा है, उसे लेकर मुझे चिंता है।

# शाह ने केंद्रीय बलों से जवानों को दी गई छुट्टियों का रिकॉर्ड मांगा

भाषा। नई दिल्ली

**केन्द्रीय** गृहमंत्री अमित शाह ने सभी केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों को निर्देश दिया है कि वे पिछले तीन साल में जवानों को दिए गए अवकाश की सूची बनाकर उनके मंत्रालय को भेजें। गौरतलब है कि गृहमंत्री अपनी महत्वाकांक्षी योजना के तहत जवानों को साल में कम से कम 100 दिन अपने परिवार के साथ गुजारने का मौका देने के पक्ष में हैं।

अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को बताया कि गृहमंत्रालय ने सभी बलों को निर्देश दिया है कि वे अवर महानिदेशक (मानव संसाधन प्रभारी) रैंक के एक अधिकारी को इस काम पर लगाएं और अगले महीने के पहले सप्ताह तक जवानों की छुट्टियों के संबंध में रिपोर्ट सौंपने को कहा है। केन्द्रीय सशस्त्र बलों या अर्धसैनिक बलों में सीआरपीएफ, बीएसएफ, आईटीबीपी, सीआईएसएफ और



एसएसबी शामिल हैं। गृहमंत्रालय का यह निर्देश उसके तहत आने वाले असम राइफल्स पर भी लागू होगा। पीटीआई को प्राप्त आधिकारिक दस्तावेज के अनुसार, शाह ने पिछले साल शुरू की गई इस योजना का हाल ही में समीक्षा करने के बाद यह निर्देश दिया है। इस योजना के तहत बलों को सुनिश्चित करना है कि प्रत्एक जवान और अधिकारी साल में कम से कम 100 दिन अपने परिवार के साथ गुजारें। इस योजना का लक्ष्य बेहद मुश्किल हालात में लंबे-लंबे शिफ्ट में काम करने वाले बलों में तनाव को कम करना, खुशियों को बढ़ाना है। गृह मंत्रालय ने सभी बलों से पिछले तीन साल, 2018, 2019 और 2020 में जवानों को दी गई छुट्टियों का पूरा हिसाब मांगा है, ताकि पता किया जा सके कि गृहमंत्री का प्रस्ताव जमीनी स्तर पर लागू हो रहा है या नहीं। गृहमंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इसका लक्ष्य यह पता करना है कि बल निर्देशों को लागू कर पा रहे हैं या नहीं। आंकड़ों से मंत्रालय और गृहमंत्री को जमीनी हालात और अपेक्षित परिणाम नहीं मिलने के कारणों का पता लगता है।

बलों से कहा गया है कि वे मंत्रालयों को अपने संख्या बल के बारे में बताएं, कितने लोगों को साल में 75 अवकाश पाने का अधिकार है और उनमें से कितने कर्मियों ने अपना अवकाश लिया है। कितने जवानों ने 60-74 अवकाश लिया है और उनमें से कितने सिर्फ 45 से 59 दिन अवकाश ले पाए हैं।

# श्रीकृष्ण जन्मस्थान परिसर विवाद में पक्षकार बनने के लिए पांच नई याचिकाएं दायर

भाषा। मथुरा

**उत्तर** प्रदेश के मथुरा जनपद में श्रीकृष्ण जन्मस्थान परिसर से शाही ईदगाह को हटाकर उक्त भूमि वापस मंदिर ट्रस्ट को सौंपे जाने के लिए जिला न्यायाधीश की अदालत में चल रहे मामले में बृहस्पतिवार को पांच अन्य लोगों ने पक्षकार बनाए जाने के लिए याचिकाएं दायर कीं।

अदालत सात जनवरी को इस मामले की सुनवाई करेगी। गौरतलब है कि पिछली सुनवाई के समय 18 नवम्बर को अखिल भारतीय तीर्थ पुरोहित महासभा एवं श्री माथुर चतुर्वेद परिषद ने इस मामले में वाद दाखिल करने वाली रंजना अग्निहोत्री आदि की याचिका को निरस्त करने का आग्रह किया था जबकि अखिल भारत हिन्दू महासभा ने उनका पक्ष लेते हुए शाही ईदगाह के कथित अतिक्रमण को वहां से हटाने की प्रार्थना की थी। जिला शासकीय अधिवक्ता (आपराधिक मामले) शिवराम सिंह तरकर ने बताया, बृहस्पतिवार को कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मामले में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं मथुरा नगरपालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार अग्रवाल, गोवर्धन के पूर्व विधायक अजय कुमार पोइया के पुत्र ब्रजेंद्र कुमार पोइया, भाजपा नेता योगेश कुमार उपाध्याय उर्फ आवा और डॉ. केशवाचार्य (वृन्दावन) तथा एक अन्य याचिकाकर्ता अजय गोयल ने स्वयं को पक्षकार बनाए जाने के लिए अर्जी दाखिल की है।

उन्होंने बताया, इससे पहले श्रीकृष्ण जन्मभूमि ट्रस्ट की ओर से वकील राधाकृष्ण खण्डेलवाल अदालत में पेश हुए और वकालतनामा प्रस्तुत किया। तरकर ने बताया कि बृहस्पतिवार को जिला न्यायाधीश साधना रानी ठाकुर के अवकाश पर रहने के कारण अगली सुनवाई सात जनवरी को तय की गई है।

# मानवाधिकारों की रक्षा करने में सुरक्षा बलों की भूमिका महत्वपूर्ण : राय

भाषा। नई दिल्ली

**केंद्रीय** मंत्री नित्यानंद राय ने बृहस्पतिवार को कहा कि कर्तव्य के पालन के अलावा मानवाधिकारों की रक्षा करने में सुरक्षा बलों की महत्वपूर्ण भूमिका है। मानवाधिकार दिवस के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र ने समाज के कमजोर तबके के कल्याण और विकास को शीर्ष प्राथमिकता दी है। कार्यक्रम को डिजिटल तरीके से संबोधित करते हुए राय ने कहा, मानवाधिकारों की रक्षा करने में सुरक्षा बलों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

सुरक्षा बल पूरे साहस के साथ अपने कर्तव्य का निर्वहन करने के साथ ही नागरिकों के अधिकारों के प्रति भी अत्यंत संवेदनशीलता का परिचय दे रहे हैं। गृह मंत्रालय के एक बयान के मुताबिक गृह राज्यमंत्री राय ने कहा कि कमजोर वर्गों के अधिकारों



की रक्षा तभी की जा सकती है जब न केवल वे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हों बल्कि समाधान भी उन तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि मानव अधिकारों के संवर्धन एवं संरक्षण में स्थानीय पंचायतों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसलिए उन्हे सशक्त करने का काम किया गया है।

मंत्री ने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान सरकार द्वारा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के माध्यम से प्रत्एक व्यक्ति के भोजन के अधिकार की रक्षा कर यह सुनिश्चित किया गया कि कोई भी भूखा न रहे। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों के मजदूरों को सशक्त करने के लिए मनरेगा के तहत दी जाने वाली मजदूरी में भी वृद्धि की गई है। कोविड-19 से प्रभावित प्रवासी मजदूरों के अधिकारों का संरक्षण सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने उनके खातों में डीबीटी के माध्यम से सीधे पैसे पहुंचाए। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग द्वारा मानवाधिकारों के प्रोत्साहन और संरक्षण के लिए किए गए कार्यों और उसमें लोगों के विश्वास की सराहना करते हुए केंद्रीय गृह राज्य मंत्री ने कहा कि आयोग भय और पक्षपात के बिना अर्द्धन्यायिक निगरानीकर्ता की अपनी भूमिका बखूबी निभा रहा है।

उन्होने कहा कि मानवाधिकारों को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य पीसी पंत ने कहा कि कोविड-19 महामारी की वजह से यह वर्ष पूरी दुनिया में मानवता के लिए बहुत ही कठिन रहा है।

## कांग्रेस ने जम्मू-कश्मीर में शीघ्र ही विधानसभा चुनाव कराने की वकालत की

**जम्मू।** कांग्रेस की जम्मू कश्मीर मामलों की प्रभारी रजनी पाटिल ने बृहस्पतिवार को इस केंद्रशासित प्रदेश में निर्वाचित सरकार की मांग करते हुए कहा कि यदि कोविड-19 के समय जिला विकास परिषद (डीडीसी) के चुनाव कराए जा सकते हैं तो विधानसभा के भी चुनाव कराए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा जम्मू कश्मीर में प्रचार के लिए दर्जनों केंद्रीय मंत्रियों, राष्ट्रीय नेताओं और फिल्मी हस्तियों को लेकर आई क्योंकि उसे डर है कि वह इस स्थानीय चुनाव में हार जाएगी।

पाटिल ने कांग्रेस नेताओं की सुरक्षा एवं गाड़ियां वापस लेने को लेकर प्रशासन पर भी निशाना साधा एवं दावा किया कि इस कदम का लक्ष्य उन्हें डीडीसी चुनाव में प्रचार से रोकना है। पाटिल के साथ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गुलाम अहमद मीर भी थे। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, जम्मू कश्मीर में यदि वह (सरकार) कोविड के वक्त डीडीसी चुनाव करा सकती है तो मैं शीघ्र ही विधानसभा चुनाव कराने एवं निर्वाचित सरकार स्थापित करने की अपील एवं मांग करती हूं।

# जनजातीय आबादी में कुपोषण आनुवंशिक विकार और संक्रामक रोगों का होना चिंताजनक

भाष। नई दिल्ली

**केंद्रीय** स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन ने बृहस्पतिवार को कहा कि यह चिंता का विषय है कि वर्तमान समय में देश में जनजातीय आबादी कुपोषण, आनुवंशिक विकारों और संक्रामक रोगों से ग्रसित है। उन्होंने कहा कि सरकार ने देश में जनजातीय आबादी के कल्याण के लिए कई कदम उठाए हैं, 10 मुख्य समस्याओं का पता लगाया है और उन पर फौरन ध्यान देने की जरूरत है तथा इस दिशा में काम शुरू कर दिया गया है।

वर्धन ने कहा, हमारी जनजातीय आबादी की जीवनशैली मान्यताओं, रीति रिवाजों, मूल्यों और परंपराओं की ओर ले जाती है जो प्रकृति के अनुरूप हैं। इस जीवनशैली की पद्धति से उन्हें प्रकृति से जो मिला है उसने विभिन्न रोगों के प्रति उनके शरीर की प्रतिरक्षा क्षमता को मजबूत किया है। उन्होंने




कहा, हालांकि यह चिंता का विषय है कि जनजातीय आबादी आज कुपोषण, आनुवंशिक विकारों और संक्रामक रोगों से ग्रसित है।

वह छठे भारत अंतरराष्ट्रीय विज्ञान उत्सव (आईआईएसएफ) 2020 की तैयारियों के सिलसिले में भारतीय स्वास्थ्य अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर)-राष्ट्रीय जनजाति स्वास्थ्य अनुसंधान संस्थान (एनआईआरटीएच), जबलपुर द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को डिजिटल माध्यमों से संबोधित कर रहे थे। यह विज्ञान उत्सव 22-25 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा।

## बंगाल में बांग्लादेशी लोग बस रहे हैं, लेकिन राज्य के लोगों को भगाया जा रहा है: जेपी नड्डा

भाषा। डायमंड हार्बर (पश्चिम बंगाल)



**भाजपा** अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि बांग्लादेश के लोग यहां आ रहे हैं और बस रहे हैं, लेकिन तृणमूल कांग्रेस राज्य के निवासियों को भगा रही है। दक्षिण 24 परगना जिले में मछुआरा समुदाय के लोगों के साथ एक बैठक में नड्डा ने आरोप लगाया कि केंद्र द्वारा राज्य को भेजे जाने वाले अनाज को तृणमूल कांग्रेस के नेता हड़प जाते हैं। उन्होंने कहा कि भ्रष्टतम सरकारों में से एक यहां चल रही है। यह चाल (चावल) चोर की सरकार है। नड्डा ने आरोप लगाया, बांग्लादेश से लोग यहां आ रहे हैं और बस रहे हैं, जबकि पश्चिम बंगाल के निवासियों को तृणमूल कांग्रेस राज्य से बाहर भगा रही है।

# एयर बबल व्यवस्था के तहत भारत-नेपाल ने उड़ानें बहाल करने का लिया निर्णय

भाषा। नई दिल्ली

**भारत** और नेपाल ने दोनों देशों के बीच एयर बबल व्यवस्था के तहत उड़ानों का परिचालन बहाल करने का निर्णय लिया है। एयर बबल व्यवस्था के तहत यात्रा से 72 घंटे पहले आरटी-पीसीआर जांच की रिपोर्ट समेत स्वास्थ्य संबंधी उन सभी दिशा-निर्देशों पर अमल किया जाएगा जिनका पालन अभी अन्य देशों के साथ किया जा रहा है।

सूत्रों ने बताया कि प्रारंभ में यह सेवा दिल्ली और काठमांडू के बीच प्रत्एक तरफ से एक उड़ान के परिचालन से शुरू होगी। सूत्रों ने बताया, हमने कुछ समय पहले नेपाल को प्रस्ताव दिया था और नेपाल ने इसके लिए अब स्वीकृति दी। सूत्रों ने बताया कि विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला ने हाल में नेपाल की यात्रा की थी और उन्होंने दोनों देशों के बीच विशेष संबंधों के मद्देनजर लोगों के आपसी संपर्क के महत्व को रेखांकित किया था। अगले तीन हफ्तों में नेपाल के विदेश मंत्री प्रदीप ग्यावली के भारत आने की संभावना है। सूत्रों ने बताया कि यह सेवा भारत और नेपाल के नागरिकों समेत उनके लिए शुरू होगी जिनके पास वैध भारतीय वीजा है। पर्यटन वीजा रखने वालों के लिए यह सुविधा उपलब्ध नहीं है।

भारत की ओर से विमानों का परिचालन एअर इंडिया करेगी। वहीं ओवरसीज सिटिजनशिप ऑफ इंडिया और भारतीय मूल के लोग (पीआईओ) कार्डधारकों को भी यात्रा की अनुमति मिलेगी। भारत में कोविड-19 महामारी की वजह से निर्धारित अंतरराष्ट्रीय उड़ाने 23 मार्च से ही निलंबित हैं। हालांकि वंदे भारत मिशन के तहत मई महीने से विशेष अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का परिचालन किया जा रहा है। भारत और नेपाल के बीच रिश्तों में उस समय तनाव सामने आया जब रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने आठ मई को उत्तराखंड में लिपुलेख दर्रे को धारचूला से जोड़ने वाली रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण 80 किलोमीटर लंबी सड़क का उद्घाटन किया। नेपाल ने इस उद्घाटन का विरोध करते हुए दावा किया था कि यह मार्ग उसके क्षेत्र से होकर गुजरता है। इसके कई दिन बाद नेपाल ने लिपुलेख, कालापानी और लिम्पियाधुरा को अपना क्षेत्र बताते हुए एक नया मानचित्र जारी कर दिया।

भारत ने नवंबर 2019 में नया मानचित्र जारी किया था, जिसमें इन क्षेत्रों को भारत का हिस्सा दिखाया गया था। नेपाल के मानचित्र जारी करने के बाद भारत ने इस पर कड़ी आपत्ति जताते हुए इसे एकपक्षीय कृत्य करार दिया था और काठमांडू को आगाह किया था कि क्षेत्रीय दावों को कृत्रिम रूप से बढ़ा-चढ़ाकर पेश करने का प्रयास न करे। पिछले महीने सेना प्रमुख जनरल एम एम नरवणे ने भी नेपाल की यात्रा की थी।

## बांग्लादेश से जाली नोट की तस्करी करने के तीन दोषियों को विशेष एनआईए अदालत ने सुनाई सजा

**बेंगलुरु।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की एक विशेष अदालत ने बांग्लादेश से जाली भारतीय मुद्रा नोट (एफआईसीएन) तस्करी कर लाने के दोषी ठहराए गए तीन व्यक्तियों को अलग अलग अवधि की जेल की सजा सुनाई। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। एनआईए के एक प्रवक्ता ने बताया कि दालिम मियां, अशोक महादेव कुंबर और शकरूद्दीन शेख को अदालत ने सोमवार को सजा सुनाई। अधिकारी ने कहा कि एनआईए ने मामले की छानबीन 2018 में अपने हाथ में ली थी। उन्होंने कहा कि कुंबर के पास से 82,000 रुपए मूल्य के जाली नोट बरामद हुए थे जो उसे मियां से मिले थे। जांच के दौरान राजेंद्र पाटिल, गंगाधर कोलकर, शहनोयाज कसूरी और शेख की संलिप्तता का पता चला। इस मामले में एनआईए ने सभी छह गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध आरोपपत्र दाखिल किए।

# पेज 1 का शेष

## आत्मनिर्भर भारत...

बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि नए संसद भवन का निर्माण नूतन और पुरातन के सहअस्तित्व का उदाहरण है और यह समय तथा जरूरतों के अनुरूप खुद में परिवर्तन लाने का प्रयास है। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर उस दिन को भी याद किया जब 2014 में पहली बार एक सांसद के तौर पर वह संसद भवन पहुंचे थे और उस वक्त उन्होंने लोकतंत्र के इस मंदिर में कदम रखने से पहले माथा टेक कर नमन किया था। उन्होंने कहा, हमारे वर्तमान संसद भवन ने आजादी के आंदोलन और फिर स्वतंत्र भारत को गढ़ने में अपनी अहम भूमिका निभाई है।

## प्रजातंत्र को...

आरोप लगाया, मोदी जी लोकतंत्र के मूल्यों और संस्कृति पर नैतिक सीख दे रहे हैं, जबकि व्यवहार में वह लोकतंत्र को नष्ट कर रहे हैं, हर विरोध को दबा रहे हैं और युवाओं को अपना जीवनसाथी चुनने से रोक रहे हैं। यह घोर दोहरा मापदंड है। दूसरी ओर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संसद के नए भवन के शिलान्यास के अवसर पर कहा कि सांसदों के संवैधानिक दायित्वों को पूरा करने के लिए नए भवन की जरूरत थी। वहीं उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने कहा कि संसद का नया भवन हमारे सनातन संस्कारों और 21वीं सदी की हमारी अपेक्षाओं, आकांक्षाओं को प्रतिबिंबित करेगा।

## पश्चिम बंगाल...

गुजरने की कोशिश की तो प्रदर्शनकारी वाहनों के साथ दौड़ने लगे और उनपर मुक्कों, लाठी-डंडों तथा लोहे की छड़ों से हमला कर शीशे तोड़ दिए। कुछ किमी. दूर प्रदर्शनकारियों के एक और समूह ने सड़क को अवरुद्ध कर दिया और नड्डा के काफिले पर पथराव कर दिया। विजयवर्गीय और पार्टी उपाध्यक्ष मुकुल रॉय के हाथ में चोट आई है, जबकि रॉय के सुरक्षाकर्मी के सिर में पत्थर लगा। नाराज नड्डा ने हमले को अभूतपूर्व करार दिया और आरोप लगाया कि राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति पूरी तरह चरमरा गई है और यह गुंडा राज में तब्दील हो गया है।

## राजस्थान की...

जीत दर्ज की। इसी तरह, 4371 पंचायत समिति सदस्यों के चुनाव में कांग्रेस को 1852, भारतीय जनता पार्टी को 1989, बसपा को पांच, आरएलपी को 60 और माकपा को 26 सीटों पर जीत हासिल हुई जबकि 439 सीटों पर निर्दलीय उम्मीदवार जीते।

## प्रस्ताव पर...

ने फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को बनाये रखने के बारे में लिखित आश्वासन देने और नये कृषि कानूनों के कुछ प्रावधानों में संशोधन की पेशकश की है। तोमर ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि नये कृषि कानूनों में किसानों को जहां कहीं भी कोई आपत्ति है, हम खुले दिमाग से उस पर विचार करने के लिये तैयार है। हम किसानों की सभी शंकाओं को दूर करना चाहते हैं। प्रेस कांफ्रेंस में तोमर के साथ केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल भी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि हम किसान नेताओं से सुझाव मिलने की प्रतीक्षा करते रहे ताकि उनकी चिंताओं का समाधान किया जा सके लेकिन वह कृषि कानूनों को वापस लेने पर अड़े हैं। पिछले करीब दो सप्ताह से किसानों का नये कृषि कानूनों को लेकर विरोध जारी है। किसान राष्ट्रीय राजधानी की विभिन्न सीमाओं पर अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। वह तीन नये कृषि कानूनों को वापस लिये जाने की मांग कर रहे हैं। तोमर ने कहा कि सरकार किसानों के साथ बातचीत के लिये हर समय तैयार है और आगे भी तैयार रहेगी। उन्होंने कहा कि ठंड के इस मौसम में कोविड-19 महामारी के बीच किसान प्रदर्शन कर रहे हैं इसको लेकर हम चिंतित हैं।

## पूर्ववर्ती सरकारों...

का विकास यहीं के युवाओं, किसानों और मेधाओं को करना होगा। पयर्टन को पिकनिक मानने की धारणा को छोड़ना होगा। पर्यटन को बढ़ावा देकर रोजगार का मार्ग तलाशना होगा। अधिकारियों को कार्यशैली बदलने की नसीहत देते हुए योगी ने कहा कि अकादमिक संस्थाओं और अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत डाटा से ही पूर्वांचल पिछड़ा है। गलत आकड़े और डाटा का हश्र देश बिहार चुनाव में देख चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में वर्तमान समय में इन्फ्रास्ट्रक्चर पर जोर है। प्रदेश में 9 क्लाइमेट जोन हैं। इसका उपयोग किया जा रहा है। देश में पहला जलमार्ग वाराणसी से हल्दिया के बीच शुरू हुआ है। प्रदेश में कनेक्टिविटी तेजी से बढ़ रही है। पिछड़े इलाकों में शुमार पूर्वांचल और बुंदेलखंड में एक्सप्रेस-वे का निर्माण हो रहा है। पूर्वांचल एक्सप्रेस को लिंक एक्सप्रेस से जोड़ कर औद्योगिक विकास का खाका तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि कुशीनगर में इंटरनेशनल एयरपोर्ट बन कर तैयार है। प्रदेश में आठ एयरपोर्ट संचालित हैं। 20 जिलों में एयरपोर्ट का निर्माण हो रहा है। योगी ने कहा कि ऑप्टिकल फाइबर से गाँव को जोड़ रहे है। कॉमन सर्विस सेंटर से रोजगार के साथ सुविधाएं भी मिल रही हैं। मुख्यमंत्री ने एक जिला एक उत्पाद का जिक्र करते हुए कहा कि तीन साल पहले जिलों में औद्योगिक विकास को लेकर चर्चा हुई तो अधिकारी कुछ बोलते नहीं थे। काम शुरू हुआ तो 75 जिलों में से 57 में परम्परागत उद्योग का चिन्हांकन हुआ। जहां उद्योग नहीं थे, वहा के उत्पाद को देखते हुए कार्ययोजना बनाई गई। आज वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट पीएम के आत्मनिर्भर भारत का आधार बन रहा है। स्थानीय उत्पाद को रोजगार से जोड़ने से ही तरक्की संभव है। प्रयागराज के कुंभ का मतलब पूर्ववर्ती सरकारों में भगदड़ और गंदगी हुआ करती थी। देश-दुनिया के करोड़ों लोगों ने कुंभ में साफ-सफाई के साथ स्वच्छ गंगा को देखा। प्रदेश सरकार ने कुंभ की धारणा को बदला है। अयोध्या की दिवाली को लेकर पूरे दुनिया में चर्चा है। काशी की देव दिवाली का लोग अनुसरण कर रहे हैं। प्राथमिक स्कूलों की दशा को लेकर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि तीन साल पहले मेरे पास प्राथमिक स्कूलों को बंद करने का प्रस्ताव अधिकारी दे रहे थे। उत्तर प्रदेश के 1.58 लाख विद्यालयों में कायाकल्प योजना से सुधार हुआ है। तीन वर्षों में प्राथमिक स्कूलों में 54 लाख बच्चे बढ़े हैं।

## जनवरी तक...

समारोह कराना भी बड़ी चुनौती था। लेकिन परिषद के पदाधिकारियों, प्राचार्यों और छात्र-छात्राओं ने एक बार फिर दिखा दिया कि विपत्ति आपको एक अवसर देती है और सफलता आपको चुनौती। दोनों के बीच सामंजस्य स्थापित करने वाला ही सफल होता है। हमें कोरोना से भी लड़ना होगा और शिक्षा जगत के कार्यों को भी कोरोना से बचाते हुए करना होगा।

## हालात को....

भाजपा के युवा मोर्चा और एसी विंग के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन करते हुए मथुरा रोड पर स्थित सिसोदिया के आवास के पास लगे पुलिस बैरिकेड को पार करने की कोषिष की, जिनमें से चार-पांच को पुलिस ने हिरासत में ले लिया और उन्हें मंदिर मार्ग थाने ले गई। मुक्त और समेकित वातावरण पर भारत का रूख साझा किया। उन्होंने राष्ट्रों की सीमाओं की अखंडता और विवादों के बातचीत के जरिए शांतिपूर्ण समाधान की भी बात कही। अधिकारियों ने बताया कि चीन के रक्षा मंत्री वेई फेंगही भी इस ऑनलाइन बैठक में शामिल हुए। इस बैठक में आसियान के 10 सदस्य देशों के अलावा आठ वार्ता साझेदारों भारत, चीन, ऑस्ट्रेलिया, जापान, न्यूजीलैंड, कोरिया, रूस और अमेरिका ने हिस्सा लिया। सिंह ने कहा कि जिस समय हम आपसी विश्वास और भरोसा बढ़ा रहे हैं, ऐसे में स्थिति को और पेचीदा बनाने वाली किसी भी कार्रवाई से बचने और गतिविधियों को अंजाम देने में संयम बरतने से क्षेत्र में शांति बनाने में मदद मिलेगी। रक्षा मंत्री की यह टिप्पणी पूर्वी लद्दाख में भारत और चीन के बीच सात महीने से अधिक समय से सीमा पर जारी गतिरोध की पृष्ठभूमि और दक्षिण चीन सागर तथा हिंद प्रशांत क्षेत्र में चीन की विस्तारवादी गतिविधियों के बीच आई है। गौरतलब है कि दक्षिण चीन सागर में आसियान के कई सदस्य देशों का चीन के साथ सीमा विवाद है। रक्षा मंत्री ने कहा कि स्वतंत्रता, खुलेपन और समावेशिता के मूल सिद्धांतों के आधार पर मिलकर चुनौतियों से निपटने की क्षमता क्षेत्र का भविष्य तय करेगी। सिंह ने कहा कि नियम आधारित व्यवस्था, समुद्री सुरक्षा, साइबर संबंधी अपराध एवं आतंकवाद जैसे कई खतरे हैं, जो चुनौतियां बने हुए हैं और हमें एक मंच के तौर पर इनसे निपटने की आवश्यकता है। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि हिन्द-प्रशांत क्षेत्र कई परंपरागत और गैर-परंपरागत सुरक्षा खतरों का सामना कर रहा है।

# मोटेरा में होगा दिन-रात्रि टेस्ट

## इंग्लैंड टीम का दौरा फरवरी में, कार्यक्रम जारी

### चार टेस्ट, तीन वनडे और पांच टी-20 मुकाबले खेलेगी इंग्लैंड

भाषा। नई दिल्ली

**कोविड**-19 महामारी के कारण लंबे समय के बाद अगले साल फरवरी-मार्च में इंग्लैंड के दौरे से भारतीय सरजमीं पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की वापसी होगी और तब अहमदाबाद के सरदार पटेल (मोटेरा) स्टेडियम में चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला का तीसरा मैच 24 फरवरी से दिन-रात्रि के रूप में खेला जाएगा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड नेअगले साल फरवरी-मार्च में इंग्लैंड के 52 दिवसीय भारतीय दौरे के कार्यक्रम की घोषणा की जिसमें नव निर्मित मोटेरा स्टेडियम में दिन-रात्रि टेस्ट के अलावा श्रृंखला का चौथा टेस्ट और टी-20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के पांचों मुकाबले खेले जाएंगे। बीसीसीआई के मुताबिक रोटेशन नीति के तहत टेस्ट श्रृंखला के पहले दो मैचों की मेजबानी चेन्नई (पांच फरवरी से पहला टेस्ट मैच) सौपी गई है, जबकि तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला को पुणे (23 से 28 मार्च) में खेली जाएगी। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने गुरुवार को गुजरात क्रिकेट संघ के इंडोर अकादमी के उद्घाटन के दौरान मोटेरा को दिन-रात्रि टेस्ट की मेजबानी की घोषणा की। पिछले साल ईडन गार्डन में बांग्लादेश के खिलाफ दिन-रात्रि टेस्ट के बाद गुलाबी गेंद से भारतीय सरजमीं पर यह दूसरा मुकाबला होगा। बीसीसीआई से जारी विज्ञप्ति के अनुसार चेन्नई श्रृंखला के शुरुआती दो टेस्ट मैचों की मेजबानी करेगा जबकि अन्य दो मैच अहमदाबाद स्थित सरदार पटेल मोटेरा स्टेडियम में खेले जाएंगे। एक लाख 10 हजार दर्शकों की क्षमता वाला मोटेरा, दुनिया का सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम है। दिन-रात्रि टेस्ट के बाद पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के मुकाबले भी अहमदाबाद में ही खेले जाएंगे। इंगलैड़ के इस दौरे के आखिरी चरण में तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला होगी जिसके सभी मैच पुणे में खेले जाएंगे। इंग्लैंड की टीम श्रीलंका के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला में भाग लेने के बाद कोलंबो से 27 जनवरी को चेन्नई पहुंचेगी। श्रीलंका और भारत के खिलाफ उसके टेस्ट मुकाबले आईसीसी टेस्ट चैम्पियनशिप का हिस्सा हैं। बयान के मुताबिक बीसीसीआई ने देश में मौजूदा स्थिति (कोविड-19) को देखते हुए इस दौरे के मैचों को तीन स्थलों तक सीमित रखने का फैसला किया है। शाह ने कहा कि दोनों बोर्डों ने विश्व क्रिकेट के दो ताकतवर टीमों के बीच प्रतिस्पर्धी मैचों वाली रोमांचक श्रृंखला के लिए मिलकर काम किया है। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी टॉम हैरीसन ने कहा कि बीसीसीआई ने तीन स्थानों चेन्नई, अहमदाबाद और पुणे में जैव सुरक्षित माहौल में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट कराने की योजना बनाई है।

**कार्यक्रम**

पहला टेस्ट: पांच से नौ फरवरी: चेन्नई, दूसरा टेस्ट: 13 से 17 फरवरी: चेन्नई, तीसरा टेस्ट: 24 से 28 फरवरी: अहमदाबाद, चौथा टेस्ट: चार से आठ मार्च: अहमदाबाद।

पहला टी-20 अंतरराष्ट्रीय 12 मार्च: अहमदाबाद, दूसरा टी-20 अंतरराष्ट्रीय 14 मार्च: अहमदाबाद, तीसरा टी-20 अंतरराष्ट्रीय 16 मार्च: अहमदाबाद, चौथा टी-20 अंतरराष्ट्रीय 18 मार्च: अहमदाबाद, पांचवा टी-20 अंतरराष्ट्रीय 20 मार्च: अहमदाबाद।

पहला एकदिवसीय: 23 मार्च: पुणे
दूसरा एकदिवसीय: 26 मार्च: पुणे
तीसरा एकदिवसीय: 28 मार्च : पुणे

## कोहली आईसीसी वनडे बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर

भाषा। दुबई

**आस्ट्रेलिया** के खिलाफ हाल ही में तीन मैचों की श्रृंखला में दो अर्धशतक जमाने वाले भारतीय कप्तान विराट कोहली आईसीसी एक दिवसीय बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर बने हुए हैं। कोहली ने दूसरे और तीसरे वनडे में 89 और 63 रन बनाए। उनके रैंकिंग में 870 अंक हैं। हैमस्ट्रिंग चोट के कारण वनडे श्रृंखला से बाहर रोहित शर्मा (842) दूसरे स्थान पर बने हुए हैं। पाकिस्तान के बाबर आजम उनसे पांच अंक पीछे तीसरे स्थान पर हैं। विश्व कप 2019 के बाद पहला वनडे खेलने वाले हरफनमौला हार्दिक पंड्या ने पहले मैच में 90 और तीसरे में नाबाद 92 रन बनाए थे। वह पहली बार 553 अंक लेकर शीर्ष 50 बल्लेबाजों में 49वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

आस्ट्रेलियाई टीम में से कप्तान आरोन फिंच कैरियर के सर्वश्रेष्ठ 791 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर हैं। पहले दो मैचों में शतक जमाने वाले स्टीव स्मिथ 2018 के बाद पहली बार शीर्ष 20 में आकर 15वें स्थान पर हैं।

## कोहली पिछले 10 वर्षों में भारत के सबसे प्रभावशाली खिलाड़ी: सनी

भाषा। मुंबई



**पूर्व** दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने कहा कि मैच जिताऊ प्रदर्शन के मामले में कप्तान विराट कोहली पिछले 10 वर्षों में भारत के सबसे प्रभावशाली खिलाड़ी रहे हैं। भारत के लिए 2008 में पदार्पण करने वाले कोहली पिछले एक दशक में सभी प्रारूपों में सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज बन कर उभरे है। उन्होंने हाल में महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकार को पीछे छोड़ते हुए एकदिवसीय में सबसे तेजी से 12,000 रन पूरे करने का रिकार्ड अपने नाम किया। गावस्कर ने एक कार्यक्रम क्रिकेट कनेक्टेड में कहा कि मुझे लगता है कि अगर आप व्यक्तिगत प्रदर्शन को देखते है तो निश्चित रूप से वह विराट कोहली होंगे। रनों का पीछा करते हुए उनके प्रदर्शन के दम पर भारतीय टीम ने बहुत सारे मैच जीते है। गावस्कर ने कहा कि मैं सिर्फ रन और विकटों की संख्या की जगह खिलाड़ी के प्रभाव को देखता हूं और इस मामले में आपको मानना होगा कि यह दशक विराट कोहली का है। भारतीय टीम के द्वारा जीते गए मैचों पर उनका प्रभाव बहुत ज्यादा रहा है।

गावस्कर के विचार से हालांकि ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज मैथ्यू हेडन इत्तेफाक नहीं रखते, जिनका मानना है कि महेन्द्र सिंह धोनी इस दशक के सबसे अधिक प्रभाव वाले भारतीय खिलाड़ी है। धोनी ने इस साल अगस्त में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा था। हेडन ने कहा कि यह काफी महत्वपूर्ण और अहम है कि धोनी ने विश्व कप और चैम्पियंस ट्राफी का खिताब जीता। मेरे लिए विश्व कप का खिताब मील के पत्थर की तरह है। उन्होंने कहा कि जब बात विश्व कप की आती है तो आपको अच्छा कप्तान के साथ मध्यक्रम में शांत और दमदार खिलाड़ी भी चाहिए जो खूबी उनमें थी।

### केन विलियमसन दूसरा टेस्ट नहीं खेलेंगे




**वेलिंगटन**। न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरा टेस्ट नहीं खेल सकेंगे क्योंकि वह अपने पहले बच्चे के जन्म के लिए पत्नी के साथ रहना चाहते हैं। विलियमसन ने पहले टेस्ट में 251 रन बनाए थे जो न्यूजीलैंड ने एक पारी और 134 रन से जीता था। विलियमसन गुरूवार की सुबह ही टाउरंगा चले गए जहां उनका घर है। उन्हें दोपहर में लौटना था लेकिन मुख्य कोच गैरी स्टीड ने बाद में कहा कि अभी वह घर पर ही रहेंगे। स्टीड ने कहा कि बच्चे के जन्म के कारण टेस्ट छोड़ने वाले केन पहले खिलाड़ी नहीं है। उसके जैसे खिलाड़ी की कमी तो खलेगी लेकिन आपात योजना हमेशा तैयार रखनी पड़ती है। उन्होंने कहा कि विल यंग तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे।

### ट्रैक इंडोर विश्व प्रतियोगिता फिर स्थगित

**मोनाको**। चीन में होने वाली ट्रैक एवं फील्ड इंडोर विश्व चैंपियनशिप को लगातार दूसरे साल भी स्थगित कर दिया गया। विश्व एथलेटिक्स ने बताया कि नानजिंग शहर को 2020 में इसकी मेजबानी करनी थी जिसे अगले साल मार्च के लिए टाल दिया गया था। इसका आयोजन हालांकि अब मार्च 2021 में भी नहीं हो सकेगा। इस खेल की संचालन संस्था ने यहां एक बयान में कहा कि अगले साल के शुरुआत में भी कोविड-19 को लेकर अनिश्चितता बरकरार है। नानजिंग इस महामारी का शुरुआती केन्द्र माने जाने वाले वुहान से 530 किलोमीटर दूर है। विश्व एथलेटिक्स ने कहा कि इस शहर ने 2023 में इन खेलों की मेजबानी की हामी भरी है। इसके अगले सत्र का आयोजन 2022 में सर्बिया के बेलग्रेड में होगा।

### इटली के पूर्व रॉसी कप्तान का निधन



**रोम**। फुटबॉल विश्व कप 1982 में इटली को चैम्पियन बनाने वाले कप्तान पाओलो रॉसी का निधन हो गया। वह 64 साल के थे। खिलाड़ी के बाद वह अपने देश में कमेंटेटर के तौर पर भी सक्रिय थे। वह सरकारी प्रसारणकर्ता आरएआई (रेडियो टेलीविजन इटैलिया) से जुड़े थे, जिसने गुरूवार को बताया कि उनका निधन एक लाइलाज बीमारी के कारण हुआ। उन्होंने सट्टेबाजी के मामाले में निलंबन से 1980 वापसी के बाद दमदार प्रदर्शन किया और 1982 में अपनी टीम को विश्व चैम्पियन बनाने में अहम भूमिका निभाई। टीम का नेतृत्व करने के साथ उन्होंने स्पेन में हुए इस विश्व कप में छह गोल दागे। इसमें ब्राजील के खिलाफ 3-2 की जीत में उन्होंने हैट्रिक लगाई थी। उन्होंने वेस्ट जर्मनी के खिलाफ फाइनल मैच का पहला गोल किया था। इटली ने इस मैच को 3-1 से अपने नाम कर विश्व कप का खिताब उठाया था। वह 1982 में फीफा के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए थे।

### पीसीबी को नहीं मिल पा रहा मुख्य चयनकर्ता

**कराची**। पूर्व तेज गेंदबाज मोहम्मद अकरम ने चयन की मौजूदा व्यवस्था में काम करने से इनकार करते हुए नाम वापिस ले लिया है जिससे पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को नया मुख्य चयनकर्ता नहीं मिल पा रहा। जानकार सूत्रों ने बताया कि अकरम इस पद के लिए पहली पसंद थे लेकिन उन्होंने शर्त रखी कि चयन को लेकर पुरानी व्यवस्था लागू की जाए। पुरानी व्यवस्था में बोर्ड मुख्य चयनकर्ता की अध्यक्षता में तीन या पांच सदस्यीय राष्ट्रीय चयन समिति का गठन करता है जो टीमों को चुनती है और उस पर बोर्ड अध्यक्ष स्वीकृति जताते हैं। नई व्यवस्था अक्टूबर 2019 से लागू हुई जिसमें राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच मिसबाह उल हक थे जो मुख्य चयनकर्ता भी हैं। इसके अलावा समिति के बाकी सदस्य छह प्रांतीय टीमों के मुख्य कोच होते हैं।

### सत्यसागर होंगे चेन्नई सिटी के मुख्य कोच

**चेन्नई**। पूर्व चैंपियन चेन्नई सिटी एफसी ने गुरुवार को आगामी आई लीग फुटबाल टूर्नामेंट के लिए सत्यसागर को अपना नया मुख्य कोच नियुक्त किया। क्लब के पूर्व सहायक कोच सत्यसागर सिंगापुर के अकबर नवास की जगह लेंगे। नवास अक्टूबर में टीम से अलग हो गए थे। क्लब के यहां जारी बयान में सत्यसागर ने कहा कि मैं इस नए अवसर को लेकर बहुत खुश हूं। सभी जानते हैं कि मैं अकबर नवास के साथ काम कर रहा था तथा मैं चेन्नई सिटी की संस्कृति और ढांचे से अच्छी तरह अवगत हूं। मैं स्थानीय युवा खिलाड़ियों के साथ काम करने को लेकर भी उत्साहित हूं। सत्यसागर को कोचिंग का 26 साल का अनुभव है।

### मानस सिंह का हरफनमौला खेल

**लखनऊ**। मानस सिंह के हरफनमौला खेल की बदौलत गौतमबुद्ध क्रिकेट अकादमी ने अंडर-16 चैलेंजर सीरीज में एसडी क्रिकेट क्लब को छह विकेट से हरा दिया। माइक्रोलिट सेंटर में खेले गए लीग मैच में एसडी क्लब ने पहले बैटिंग करके 28.5 ओवर में सभी विकेट के नुकसान पर 132 रन बनाए। व्योग गुप्ता ने 37, प्रियांशु राय ने 26 और तौसीफ ने 25 रन का योगदान दिया। मानस सिंह ने 32 रन देकर चार और जतिन कुमार ने 24 रन देकर दो विकेट चटकाए। जवाब में गौतमबुद्ध क्रिकेट अकादमी ने 17.5 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 133 रन बनाकर छह विकेट से जीत हासिल कर ली। मानस सिंह ने बेहतरीन बैटिंग करके 64 रन की पारी खेली। इसके अलावा शिव कुमार ने 30 रन का योगदान दिया। एसडी क्लब के कैफ जमील ने 42 रन देकर दो और अभिनव सिंह ने 38 रन देकर दो विकेट प्राप्त किए।

## दूसरे अभ्यास मैच में विहारी और कुलदीप पर रहेंगी नजरें

### मुकाबला आज से

भाषा। सिडनी

**आस्ट्रेलिया** ए के खिलाफ गुलाबी गेंद से खेले जाने वाले दूसरे अभ्यास मैच में भारत की नजरें दूसरे स्पिनर कुलदीप यादव या अतिरिक्त बल्लेबाज हनुमा विहारी पर रहेंगी चूंकि 17 दिसंबर से शुरू हो रहे दिन रात के पहले टेस्ट के लिए यह मैच ड्रेस रिहर्सल की तरह होगा। सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर होने वाला दिन रात का यह मैच पहले टेस्ट की तैयारी के लिए अच्छा अवसर होगा। वैसे यहां की सपाट पिच एडीलेड ओवल की पिच से एकदम अलग है। इयान चैपल के अनुसार एडीलेड में पिच पर घास जमी होगी। इस मैच में विराट कोहली शायद नहीं खेलेंगे जिन्होंने संकेत दिया है कि टेस्ट श्रृंखला के लिए वह अपनी तैयारी अलग से करेंगे। यह रणनीति का हिस्सा भी हो सकता है ताकि आस्ट्रेलिया को टेस्ट मैच में उनकी तैयारी की भनक नहीं लग सके। कोहली ने टी-20 श्रृंखला खत्म होने के बाद कहा था किमैं पूरा मैच खेलने में विश्वास रखता हूं। मैं फिजियो से बात करूंगा और अपनी तैयारी के बारे में फैसला लूंगा।

आस्ट्रेलिया के नए उभरते खिलाड़ी कैमर ग्रीन के पास टीम प्रबंधन को प्रभावित करने का एक और मौका होगा। वहीं मिशेल स्वेपसन उम्मीद कर रहे होंगे कि अगले साल एससीजी पर होने वाले तीसरे टेस्ट में उन्हें मौका मिले। पहले अभ्यास मैच में भारत के लिए अजिंक्य रहाणे और चेतेश्वर पुजारा पहली पारी में और रिधिमान साहा दूसरी पारी में अच्छा खेले लेकिन उनके अलावा बल्लेबाजों ने निराश ही किया। यह भारत के लिए टीम संयोजन तय करने का आखिरी मौका है। देखना यह है कि 36 टेस्ट खेल चुके केएल राहुल को तरजीह मिलती है या नहीं चूंकि मयंक अग्रवाल का सलामी बल्लेबाज के तौर पर खेलना तय है।

अच्छी सीम और स्विंग गेंदबाजी के सामने पृथ्वी साव की कमजोर तकनीक की कलई खुल जाती है। वहीं शुभमन गिल शीर्ष स्तर पर खुद को स्थापित नहीं कर सकें हैं। ऐसे में कोहली और मुख्य कोच रवि शास्त्री अनुभव को प्राथमिकता दे सकते हैं।

## मुंबई इंडियन्स से टैलेंड स्कॉउट के रूप में जुड़े पार्थिव पटेल

**मुंबई**। भारत और गुजरात के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज पार्थिव पटेल गुरुवार को टैलेंट स्काउट (नई प्रतिभाओं को ढूंढने वाला) के रूप में आईपीएल की मौजूदा चैंपियन टीम मुंबई इंडियन्स से जुड़ गए। भारत की तरफ से 25 टेस्ट, 38 एकदिवसीय और दो टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले पार्थिव ने बुधवार को संन्यास लेने की घोषणा की। मुंबई इंडियन्स ने बयान में कहा कि पार्थिव को दो दशक से भी अधिक समय तक घरेलू और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में खेलने का अपार अनुभव है। इसके अलावा उन्हें आईपीएल की भी अच्छी समझ है। मुंबई इंडियन्स के मालिक आकाश अंबानी ने कहा कि वह पार्थिव के फ्रेंचाइजी से जुड़ने से खुश हैं। उन्होंने कहा कि जब वह मुंबई इंडियन्स की तरफ से खेला करते थे तब हमें उनकी क्रिकेट की समझ को जानने का मौका मिला था।

## वार्नर के बिना हमारी बल्लेबाजी की गहराई की होगी परीक्षा: स्मिथ

भाषा। एडीलेड

**आस्ट्रेलिया** के स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ का मानना है कि भारत के खिलाफ 17 दिसंबर से शुरू हो रहे पहले टेस्ट में चोटिल डेविड वॉर्नर की गैर मौजूदगी में आस्ट्रेलियाई बल्लेबाजी की गहराई की कड़ी परीक्षा होगी। वार्नर और विल पुकोवस्की की चोटों के कारण आस्ट्रेलिया को नए सिरे से टीम संयोजन तलाशना होगा। स्मिथ ने वर्चुअल प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि हमारी बल्लेबाजी की गहराई की परीक्षा होनी तय है। वॉर्नर नहीं है और कुछ नए खिलाड़ी आएंगे। इससे पता चलेगा कि भारत जैसी अच्छी टीम के सामने हम कहां ठहरते हैं।

उन्होंने कहा कि पिछली बार उन्होंने हमें हराया था। उनकी टीम बहुत अच्छी है और यह श्रृंखला शानदार होगी। हमारे लिए जो भी शीर्षक्रम में खेलेगा, उसे अपना काम बखूबी करना है। स्मिथ ने भारतीय गेंदबाजी आक्रमण को शानदार बताते हुए कहा कि ईशांत शर्मा के बिना यह हालांकि सबसे मजबूत आक्रमण नहीं है। ईशांत चोट के कारण टेस्ट श्रृंखला से बाहर हैं।

स्मिथ ने कहा कि भारत के पास अच्छे अनुभवी गेंदबाज हैं। मोहम्मद शमी ने काफी क्रिकेट खेलना है और जसप्रीत बुमराह ने भी। स्पिन में अश्विन, जडेजा और कुलदीप के पास काफी अनुभव है। ईशांत का नहीं खेलना भारत के लिए बड़ा नुकसान है।


उसके पास काफी अनुभव है और उसके बिना यह सबसे मजबूत गेंदबाजी आक्रमण नहीं है। टेस्ट क्रिकेट में स्मिथ का सामना बुमराह से पहली बार होगा। उन्होंने कहा कि कुछ अलग से तैयारी नहीं करनी है। हमें पता है कि वह कैसे गेंद डालता है। उसका एक्शन थोड़ा अलग है लिहाजा सतर्क रहना होगा।

## जमशेदपुर से ड्रा खेलकर ईस्ट बंगाल ने हासिल किया सत्र का पहला अंक

भाषा। गोवा

**शुरूआती** तीनों मैचों में हार का सामना करने वाली ईस्ट बंगाल की टीम ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के अपने चौथे मैच में जमशेदपुर एफसी को गोल रहित ड्रा पर रोक कर इस फुटबॉल टूर्नामेंट के सातवें सत्र में अपना पहला अंक हासिल किया। ईस्ट बंगाल के लिए हालांकि यह ड्रा एक बड़ी सफलता की तरह रही क्योंकि टीम को 25वें मिनट के बाद से ही 10 खिलाड़ियों के साथ खेलने को मजबूर होना पड़ा। इस मैच के बाद ईस्ट बंगाल के खाते में एक अंक जुड़ गया है। वह 11 टीमों की तालिका में अब भी अंतिम स्थान पर है। दूसरी ओर, जमशेदपुर के पांच मैचों से छह अंक हो गए हैं। मौजूदा सत्र में यह उसका तीसरा ड्रा है। वह पांचवें स्थान पर है। मध्यांतर से पहले कई मौके बनाने के बाद भी जमशेदपुर की टीम सफलता हासिल नहीं कर सकी। ईस्ट बंगाल के लिए हालांकि यह हाफ निराशजनक रहा क्योंकि युगेंसेन लिंगदोह को 21वें मिनट में पीला कार्ड दिखाया गया था और फिर 25वें मिनट में फाउल के लिए उन्हें दूसरा पीला कार्ड मिला, जो लाल कार्ड में परिवर्तित हो गया। इसके बाद टीम को मैदान में 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा। जमशेदपुर के स्टार नेरीजुस वाल्सकिस ने 29वें मिनट में गोल करने का शानदार मौका चूक गए। वाल्सकिस का वॉली पोस्ट से महज कुछ इंच दूर से निकल गया। 38वें मिनट में अइतोर मोनरॉय ने कार्नर किक लिया। स्टीफन इजे ने ऊपर उठते हुए हेडर लिया लेकिन गेंद क्रासबार के टकराकर लौट गई।दूसरे हाफ के शुरुआती 15 मिनट दोनों टीमों के लिहाज से निराशाजनक रहे। इस दौरान दोनों ने मौका तलाशने की कोशिश की लेकिन किसी को सफलता नहीं मिली।

## ग्लाबाख को हराकर रीयल मैड्रिड बाहर होने से बचा



### चैम्पियंस लीग

एपी। मैड्रिड

**पहले** हाफ में करीम बेंजीमा के दो गोल की मदद से रीयल मैड्रिड ने बोरूसिया मोंशेंग्लाबाख को 2-0 से हरा दिया, जिससे टीम चैम्पियंस लीग से जल्दी बाहर होने से बच गई। मैड्रिड को अगले दौर में पहुंचने के लिए यह मैच हर हालत में जीतना था। इसके साथ ही टीम लगातार 24वीं बार नॉकआउट में पहुंच गई है। इस जीत से कोच जिनेदीन जिदान ने राहत की सांस ली होगी जो चैम्पियंस लीग और स्पेनिश लीग में खराब प्रदर्शन के बाद आलोचकों के कोपभाजन बने हुए थे। ग्लाबाख भी पहली बार अंतिम 16 में वहुंची है। उसके और शखतार दोनेत्स्क के समान अंक थे लेकिन एक दूसरे के खिलाफ बेहतर रिकार्ड के आधार पर उसने अंतिम 16 में जगह बनाई। शखतार ने इंटर मिलान से गोलरहित ड्रा खेला।

### लीवरपूल को मिडजिलैंड ने 1-1 गोल से बराबरी पर रोका

हरनिंग (**जर्मनी**)। लीवरपूल ने लीग के इतिहास में अपना सबसे तेज गोल दागा लेकिन आखिरी ग्रुप मैच में नई टीम एफसी मिडजिलैंड ने उसे 1-1 से ड्रा पर रोक दिया। मोहम्मद सालाह ने 55वें सेकंड में ही पहला गोल कर दिया और वह चैम्पियंस लीग में लीवरपूल के लिए सर्वाधिक गोल करने वाले फुटबॉलर बन गए।

उनका यह लीग में 22वां गोल था जो स्टीवन गेरार्ड से एक अधिक है। ग्रुप डी के विजेता के तौर पर अगले दौर में पहुंच चुकी लीवरपूल ने कई खिलाड़ियों को आराम दिया था हालांकि सालाह ने पूरा मैच खेला। मिडजिलैंड के लिए अलेक्जेंडर स्कोल्ज ने दूसरे हाफ में बराबरी का गोल किया।

### मैनचेस्टर सिटी ने मार्शेले को हराकर लीग से बाहर किया

**मैनचेस्टर**। मैनचेस्टर सिटी ने लीग मैच में मार्शेले को 3-0 गोल से हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। इसके साथ ही फ्रांस के इस क्लब की तीसरे स्थान पर रहने और यूरोपा लीग के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीदें भी खत्म हो गई। चोटों से प्रभावित सत्र में पांचवीं बार ही खेल रहे सर्जियो एगुरो ने 11वें मिनटमें गोल दागा। इसके अलावा फेरान टोरेस ने 48वें और रहीम स्टर्लिंग ने 90वें मिनटमें गोल किए। मैनचेस्टर सिटी पहले ही नॉकआउट दौर में प्रवेश कर चुकी है। दूसरी ओर मार्शेले को अंतिम स्थान पर रहने से बचने के लिए दूसरे मैचों के अनुकूल नतीजे चाहिए थे। दूसरे मैच में पोर्तो ने ओलंपियाकोस को 2-0 से हराया लेकिन बेहतर गोल औसत के आधार पर यूनानी टीम मार्शेले से आगे रही।

### लोकोमोटिव को 2-0 से हराकर ग्रुप में शीर्ष रहा बायर्न म्युनिख

**म्युनिख**। गत चैम्पियन बायर्न म्युनिख ने चैम्पियंस लीग फुटबॉल के आखिरी लीग मैच में लोकोमोटिव मॉस्को को 2-0 से हराकर अपना अपराजेय अभियान जारी रखा। बायर्न के लिए निकलस सुले और एरिक मैक्जिम ने गोल दागे। टीम ग्रुप ए में 16 अंक लेकर शीर्ष पर रही। दूसरे स्थान पर एटलेटिको मैड्रिड है जिसने साल्सबर्ग को 2-0 से हराया।

उसके बायर्न से सात अंक कम है। साल्सबर्ग के लिए यह करो या मरो का मैच था लेकिन इसमें मिली हार के बाद वह तीसरे स्थान पर रही और उसे यूरोपा लीग के लिए क्वालीफिकेशन से ही संतोष करना पड़ेगा।

## शेयर बाजार में पांच दिन से जारी तेजी थमी

### मुनाफावसूली के चलते गिरावट

भाषा। मुंबई

**बीएसई** सेंसेक्स में पांच दिन से जारी तेजी का सिलसिला बृहस्पतिवार को टूट गया, यह करीब 144 अंक गिरकर बंद हुआ। निफ्टी में भी गिरावट रही। कारोबारियों के बीच मुनाफा वसूली का दौर चलने से बैंक और सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों के शेयर में गिरावट रही। कारोबारियों के मुताबिक अन्य एशियाई शेयर बाजारों के नरम रुख और डॉलर के मुकाबले रुपये के कमजोर रहने से भी निवेशकों पर दबाव रहा।

बीएसई का 30 कंपनियों के शेयर का सूचकांक सेंसेक्स पांच दिन की तेजी के सिलसिले को तोड़ते हुए नरमी के रुख के साथ खुला और दिनभर कारोबार के दौरान निचले बना रहा। अंत में यह 143.62 अंक यानी 0.31 प्रतिशत गिरकर 45,959.88 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के सूचकांक निफ्टी में पिछले सात दिन की बढ़त थम गई। यह 50.80 अंक यानी 0.38 प्रतिशत घटकर 13,478.30 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल अल्ट्राटेक सीमेंट सबसे अधिक नुकसान में रहा। यह शेयर 3.27 प्रतिशत टूटकर बंद हुआ। यह गिराव सीमेंट शेयरों के रुझान के अनुरूप ही है। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग ने सीमेंट कंपनियों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा-रोधी व्यवहार को लेकर जांच शुरू की है। इसके अलावा महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक, इंडसइंड बैंक, एक्सिस बैंक, बजाज फाइनेंस, एनटीपीसी और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर में 2.50 प्रतिशत तक की गिरावट रही।

हालांकि रोजमर्रा के उपभोक्ता उत्पाद बनाने वाली कंपनी (एफएमसीजी) नेस्ले इंडिया का शेयर 4.17 प्रतिशत, आईटीसी का 3.58 प्रतिशत और हिंदुस्तान यूनिलीवर का शेयर 2.61 प्रतिशत लाभ के साथ बंद हुआ। कोटक बैंक, लार्सन एंड टुब्रो और ओएनजीसी के शेयर में 1.13 प्रतिशत तक की बढ़त रही। इसके अलावा हांगकांग, सोल और टोक्यो के शेयर बाजार भी नरमी के साथ बंद हुए। हालांकि शंघाई शेयर बाजार में बढ़त रही।

वहीं यूरोपीय बाजारों में निवेशकों का रुख सावधानी भरा रहा। वह लगातार ब्रिटेन और यूरोपीय संघ के बीच ब्रेक्जिट को लेकर जारी बातचीत पर निगाह बनाए हुए हैं। वहीं उन्हें यूरोपीय सेंट्रल बैंक के नीतिगत निर्णय का भी इंतजार है। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेस में शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, पांच दिन तेजी के रुख बाद घरेलू बाजारों में अन्य एशियाई शेयर बाजारों की ही तरह गिरावट रही। कमजोर वैश्विक संकेतों ने भी इसमें अपना योगदान दिया। इसके अलावा विभिन्न क्षेत्रों में मुनाफा वसूली चलने के साथ ही सरकारी बैंकों, बैंकों, छोटी और मझली कंपनियों के शेयर भी गिरावट का रुख लिए रहे।

## सीतारमण ने एमएसएमई के बकाए की समीक्षा की

भाषा। नई दिल्ली

**वित्त** मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के बकायों के भुगतान की स्थिति की अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने केंद्रीय उपक्रमों (सीपीएसई) और केंद्र सरकार की एजेंसियों पर छोटी मझोली इकाइयों के बकायों की विशेष रूप से समीक्षा की। बैठक में वित्तीय सेवा विभाग के सचिव देवाशीष पांडा, एमएसएमई सचिव ए के शर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

इस साल मई में घोषित किए गए आत्मनिर्भर भारत पैकेज के तहत केंद्र सरकार की एजेंसियों और केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों को एमएसएमई का बकाया 45 दिनों में चुकाना है। एक बयान में कहा गया कि मई 2020 से भारत सरकार, विशेष रूप से एमएसएमई मंत्रालय द्वारा इन बकायों के भुगतान के लिए नियमित रूप से ठोस उपाए किए गए हैं।

## स्विगी पहले चरण में 36,000 रेहड़ी-पटरी वालों को जोड़ेगी

### प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि

भाषा। नई दिल्ली

**ऑनलाइन** खाना मंगाने के मंच स्विगी ने गुरुवार को कहा कि प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना के तहत वह रेहड़ी-पटरी वालों के लिए अपनी योजना का विस्तार 125 शहरों में करेगी।

स्विगी ने एक बयान में कहा कि पहले चरण के तहत कंपनी 36,000 रेहड़ी-पटरी वालों को जोड़ेगी, जिसके तहत 125 शहरों में उसके मंच के जरिए ऋण दिया गया है। इसके लिए स्विगी ने आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय के साथ अहमदाबाद, वाराणसी, चेन्नई, दिल्ली और इंदौर में एक पायलट परियोजना लागू की थी, जिसके तहत 300 से अधिक रेहड़ी-पटरी वाले पहले ही उसके मंच से जुड़ गए हैं। कंपनी ने बयान में कहा कि उसके मंच से जुड़ते समय रेहड़ी-पटरी वालों को भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के साथ पंजीकृत किया जाएगा और उन्हें खाद्य सुरक्षा प्रशिक्षण और प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

स्विगी के सीओओ विवेक सुंदर ने कहा कि सुरक्षा और सफाई के साथ उपभोक्ताओं के दरवाजे तक विविधतापूर्ण भोजन पहुंचाने वाले मंच के रूप में हमें उन पसंदीदा स्ट्रीट फूड को लाने की खुशी है, जो कई महीनों से नदारद थे।

उन्होंने कहा कि रेहड़ी-पटरी से खानपान भारत में आम जिंदगी का हिस्सा है और स्वीगी आवास तथा शहरी मामलों के मंत्रालय को धन्यवाद देती है कि उन्होंने स्विगी को यह मौका दिया।




विलिंगटन में नये रक्षा सचिव की घोषणा के दौरान बोलते नवनिर्वाचित अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन

# फाइजर के कोविड-19 टीके को पार करनी होनी अंतिम बाधा

**एपी।** वाशिंगटन

● **अमेरिका में हरी झंडी पाने के लिए एफडीए के वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों की चर्चा के दौर की बड़ी बाधा को पार करना होगा**

**कोविड-19** के लिए फाइजर के टीके को अमेरिका में हरी झंडी पाने के लिए एफडीए के वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों की चर्चा के दौर की बड़ी बाधा को पार करना होगा। अगर एफडीए टीके को मंजूरी दे देता है तो देश में इसे सुरक्षित और प्रभावी मानकर इसका उपयोग शुरू किया जाएगा। फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन डिपार्टमेंट (एफडीए) की टीका सलाहकार समिति की बृहस्पतिवार को हो रही बैठक अमेरिका में फाइजर के टीके के उपयोग को मंजूरी देने के लिहाज से संभवत: एक पड़ाव है। परीक्षण के दौरान टीका काफी हद तक कोरोना वायरस संक्रमण से बचाव करने में प्रभावी साबित हुआ है।एफडीए का यह पैनल एक साइंस कोर्ट की तरह काम करता है और यह टीके से जुड़े तमाम पहलुओं पर चर्चा करेगा। चर्चा का सीधा प्रसारण किया जाता है। ज्यादातर मामलों में एफडीए गैर-सरकारी विशेषज्ञों की इस समिति की सलाह को मानता है, हालांकि उसके लिए ऐसा करना अनिवार्य नहीं है।दुनिया भर में कोरोना वायरस संक्रमण के बढ़ते मामलों, दुनिया में 15 लाख से ज्यादा लोगों की मौत, अकेले अमेरिका में 2,89,000 से ज्यादा लोगों की संक्रमण से मौत होने की पृष्ठभूमि में एफडीए का टीके के उपयोग पर फैसला आने वाला है।हालांकि, इस बैठक में ब्रिटेन में टीकाकरण के दौरान दो लोगों को हुए इसके प्रतिकूल प्रभावों (रिएक्शन) के मामले पर भी चर्चा होगी क्योंकि ब्रिटिश सरकार इसकी जांच कर रही है। वहीं ब्रिटिश अधिकारियों ने गंभीर बीमारी से ग्रस्त या अतीत में गंभीर बीमारी की चपेट में आए लोगों को टीका लगाने को लेकर चेतावनी दी है।इसके बावजूद एफडीए से टीके को जल्दी मंजूरी मिलने की संभावना है क्योंकि सप्ताह की शुरुआत में पैनल की बैठक में इसके प्रति सकारात्मक रूख रहा है।एफडीए का कहना है कि बड़े पैमाने पर किया गया फाइजर का अध्ययन बताता है कि जर्मन कंपनी बायोएनटेक के साथ मिलकर विकसित किया गया उसका यह टीका सभी लोगों पर 90 प्रतिशत से ज्यादा प्रभावी है। सुरक्षा संबंधी कोई बड़ी मसला सामने नहीं आया है और टीके से जुड़े सामान्य साइड इफेक्ट जैसे बुखार, थकान और इंजेक्शन लगने की जगह पर दर्द आदि को बर्दाश्त किया जा सकता है। जॉन हॉप्किंस यूनिवर्सिटी के इंटरनेशनल वैक्सीन एक्सेस सेंटर के प्रमुख डॉक्टर विलियम मूस का कहना है, रिपोर्ट में दिए गए आंकड़े बिल्कुल वैसे ही हैं जैसा कि हमने पहले सुना था और यह उत्साहित करने वाले हैं। उन्होंने कहा, मुझे ऐसा कुछ नहीं दिखा रहा जिससे टीके की मंजूरी में देरी हो सकती है। इस संबंध में एफडीए के कमिश्नर स्टीफन हान ने एक साक्षात्कार में कहा, बहुत सारे सवाल किए जा रहे हैं कि इसमें इतना वक्त क्यों लग रहा है या क्या हम पूरी क्षमता के साथ प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं आशा करता हूं कि लोग हमारी पारदर्शिता को देखेंगे।

## इजराइल में 27 दिसंबर से शुरू होगा संक्रमण से बचाव के लिए टीकाकरण अभियान: नेतन्याहू

**एपी।** अबूधाबी,



**इजराइल के** प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने घोषणा की है कि उनके देश में लोगों को कोरोना वायरस संक्रमण से बचाव के लिए टीका लगाने का काम 27 दिसंबर से शुरू हो जाएगा। इसी के साथ इजराइल, अपने नागरिकों के लिए टीकाकरण अभियान शुरू करने वाले दुनिया के शुरुआती देशों में शुमार हो जाएगा।

नेतन्याहू का यह बयान तब आया है जब संयुक्त अरब अमीरात ने बुधवार को कहा कि कोविड-19 से रोकथाम के लिए चीन के टीके का शेखडोम महासंघ में परीक्षण किया गया और यह 86 प्रतिशत प्रभावी रहा। अमीरात के बयान में ज्यादा जानकारी नहीं दी गई, लेकिन इसमें दवा के प्रभावी होने के संबध में पहली बार सार्वजनिक तौर पर बताया गया।

इससे पहले बुधवार को नेतन्याहू ने फाइजर के टीके की पहली खेप आने पर प्रसन्नता व्यक्त की थी और इसे देश के लिए जश्न का दिन बताया था। उन्होंने कहा, मुझे इस टीके पर विश्वास है। मैं उम्मीद करता हूं कि आने वाले दिनों में इसे उचित मंजूरी मिल जाएगी। नेतन्याहू ने कहा कि वह टीका लगवाने वाले पहले शख्स बनना चाहते हैं, ताकि लोगों के सामने एक उदाहरण पेश किया जा सके। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि जन टीकाकरण अभियान 27 दिसंबर से शुरू होगा, जिसमें एक दिन में 60,000 लोगों को टीका लगाया जाएगा। उन्होंने 90 लाख की आबादी वाले इस देश में टीके की इतनी संख्या को पर्याप्त बताया।

जिन लोगों को टीका लग जाएगा उन्हें विशेष कार्ड या फोन के लिए ऐप दिए जाएंगे,ताकि वे बेरोकटोक घूम सकें और अर्थव्यवस्था को फिर से खोलने और दूसरों को भी टीकाकरण के लिए प्रोत्साहित कर सकें। नेतन्याहू ने कहा, हम वायरस को समाप्त करने जा रहे हैं।

## फेसबुक के खिलाफ अविश्वास के मुकदमे शुरू किए जाने का स्वागत

**भाषा।** वाशिंगटन

**शीर्ष अमेरिकी** सांसदों ने फेसबुक के खिलाफ अविश्वास के दो मुकदमे चलाए जाने का स्वागत करते हुए कहा कि सोशल मीडिया साइट की जवाबदेही काफी समय से लंबित थी। मुकदमों में आरोप लगाया गया है कि फेसबुक ने डिजिटल बाजार में अपने आधिपत्य का दुरुपयोग किया है और वह प्रतिस्पर्धा विरोधी कार्यों में संलिप्त रहा है। हालांकि इन्फॉमेशन टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन फाउंडेशन ने कहा कि संघीय व्यापार आयोग और 48 राज्यों द्वारा बुधवार को दायर मुकदमे अमेरिकी प्रतिस्पर्धा एवं उपभोक्ताओं दोनों के लिए खतरा हैं। हाउस ज्यूडिशियरी कमेटी के अध्यक्ष जेरोल्ड नाडलर ने कहा, ऐसा लगता है कि इंस्टाग्राम और व्हाट्सऐप से प्रतिस्पर्धा करने के बजाए फेसबुक ने अपने प्रभुत्व के विस्तार के लिए उन्हें खरीद लिया। उन्होंने कहा, फेसबुक ने अवैध रूप से अपना एकाधिकार बनाए रखा, जिसकी वजह से उसने अन्य अनुचित कार्य किए। पहली बात तो, ऐसा होना ही नहीं चाहिए था और उसकी जवाबदेही काफी समय से लंबित थी। अविश्वास, वाणिज्यिक और प्रशासनिक कानून पर प्रतिनिधि सभा की न्यायिक उपसमिति के उपाध्यक्ष व सांसद जो नेगुसे ने कहा कि उपसमिति की डिजिटल बाजार संबंधी जांच में इसके कई सबूत मिले हैं कि फेसबुक ने सोशल नेटवर्किंग पर अपना एकाधिकार बनाए रखने के लिए अपने प्रतिद्वंद्वियों का अधिग्रहण करने, उनकी नकल करने लिए बाजार में अपनी ताकत का इस्तेमाल किया। प्रतिनिधि सभा की अविश्वास संबंधी मामलों की उपसमिति के अध्यक्ष डेविड एन सिसिलिने ने कहा कि फेसबुक ने लोगों की निजता को नुकसान पहुंचाया और अपने मंच को विकसित करने के लिए गलत सूचना के प्रसार की अनुमति दी।

### कोविड-19 एंटीबॉडी जांच की रिपोर्ट में लगता है महज 20 मिनट का समय

**लॉस एंजिलिस (भाषा)।** वैज्ञानिकों ने कोविड-19 बीमारी के कारक सार्स-सीओवी-2 वायरस के एंटीबॉडी का सटीक तरीके से पता लगाने के लिए नई जांच विकसित की है जिसका परिणाम महज 20 मिनट में मिल जाता है। इस जांच के संबंध में अध्ययन साइंटिफिक रिपोर्टस पत्रिका में प्रकाशित हुआ है। यह मौजूदा समय में उपलब्ध बेहद सटीक जांच जितनी ही भरोसेमंद है, साथ ही यह कम जटिल है और जांच का परिणाम जल्दी आ जाता है। सीरोलॉजिकल जांच के लिए गोल्ड स्टैंडर्ड बेहद जटिल प्रयोगशाला पद्धति एलिसा का उपयोग होता है, इसमें चार से छह घंटे का समय लगता है और यह रोग प्रतिरोधक क्षमता के संबंध में गुणवत्तापूर्ण जानकारी देता है। अनुसंधानकर्ताओं का कहना है कि सामान्य जांच स्ट्रिप के उपयोग से परिणाम जल्दी आता है लेकिन वह ज्यादा भरोसेमंद नहीं होता और ना ही शरीर में एंटीबॉडी के स्तर की सटीक जानकारी दे पाता है। लेकिन, जांच का यह नया तरीका, बायोलेयर इंटरफेरोमेट्री इम्यूनोसॉरबेंट एसेस (बीएलआई-आईएसए) 20 मिनट से भी कम समय में शरीर में एंटीबॉडी के स्तर का सटीक पता लगा लेता है।

## अमेरिका में एक दिन में कोरोना वायरस संक्रमण से रिकॉर्ड तीन हजार से ज्यादा लोगों की मौत

**एजेंसी।** वाशिंगटन

**अमेरिका में** कोरोना वायरस संक्रमण से एक दिन में तीन हजार से ज्यादा लोगों की मौत हुई है। कोविड ट्रैकिंग प्रोजेक्ट के अनुसार अमेरिका में बुधवार को 3,054 लोगों की संक्रमण से मौत हुई,जो अब तक की एक दिन में सर्वाधिक संख्या है। इससे पहले सात मई को 2,769 लोगों की संक्रमण से मौत हुई थी।देश में बुधवार को 18 लाख नमूनों की जांच की गई। देश में संक्रमण के 210,000 मामले हैं और 106,688 लोगों का अस्पतालों में उपचार चल रहा है। गौरतलब है कि अमेरिका संक्रमण से सर्वाधिक प्रभावित देश है और यहां संक्रमण से बचाव के लिए कम से कम दो टीकों को मंजूरी जल्द मिल सकती है।

## दक्षिण अफ्रीका में तीन भारतवंशी स्वतंत्रता सेनानियों की याद में बनाया गया स्मारक

**भाषा।** जोहानिसबर्ग

● **रंगभेद के खिलाफ आवाज उठाने वाले वंदेयर का 84 साल की उम्र में 2015 में निधन हो गया जबकि नानाभाई और नायडू का क्रमश: 78 और 80 साल की उम्र में 2016 में निधन हुआ**

**दक्षिण अफ्रीका** में भारतवंशी स्वतंत्रता सेनानियों शिरीष नानाभाई, रेगी वंदेयर और इंद्रेश नायडू की याद में स्मारक बनाया गया है। रंगभेद के खिलाफ आवाज उठाने वाले वंदेयर का 84 साल की उम्र में 2015 में निधन हो गया जबकि नानाभाई और नायडू का क्रमश: 78 और 80 साल की उम्र में 2016 में निधन हुआ।गैर सरकारी संगठन अहमद कठराडा फाउंडेशन (एकेएफ) ने वेस्टपार्क में दक्षिण अफ्रीका के क्रांतिकारी नेता लालू इसू चीबा के समाधि स्थल पर तीनों नेताओं की याद में स्मारक बनाया है। रंगभेद के खिलाफ आंदोलन में हिस्सा लेने के कारण चारों नेताओं को 1961 में गिरफ्तारी के बाद रोबेन जेल में एक दशक तक रहना पड़ा था।एकेएफ बोर्ड के सदस्य इस्माईल वादी ने बताया कि जिन लोगों को याद किया जा रहा है वे बेहद साधारण लोग थे और वे अपनी अंतरात्मा की आवाज पर अभियान में शामिल हुए थे तथा सबके लिए प्रेरणास्रोत बन गए।वादी ने कहा, रेगी वेटर थे, शिरीष एक स्टोर में काम करते थे और इंद्रेश सामान्य कामकाजी व्यक्ति थे लेकिन उन्होंने रंगभेद के खिलाफ अभियान को आगे बढ़ाया और अपने समय में महत्वपूर्ण कार्यकर्ता बन गए।



यंगून में एक बौद्ध भिक्षु को दान करती महिला

## क्विक न्यूज

### पूर्वी अफगानिस्तान में महिला टीवी एंकर की हत्या

**काबुल।** पूर्वी अफगानिस्तान में बृहस्पतिवार को एक महिला टीवी एंकर की हत्या कर दी गई। गवर्नर के एक प्रवक्ता अताउल्ला खोग्यानी ने बताया कि नंगरहार प्रांत स्थित अपने घर से मलाला मैवंद जैसे ही कार से निकली, हमलावरों ने उनकी कार पर गोलियां चलानी शुरू कर दी। अभी तक किसी ने भी इस हत्या की जिम्मेदारी नही ली है लेकिन इस्लामिक स्टेट से संबद्ध एक आतंकवादी का मुख्यालय पूर्वी अफगानिस्तान में है और अफगानिस्तान मे आम नागरिको पर हुए हालिया हमलों में से ज्यादातर की जिम्मेदारी उसने ली है। इस क्षेत्र में तालिबान की भी मौजूदगी है।टीवी और रेडियो उद्घोषक के रूप में कार्य करने के साथ ही मैवंद एक सामाजिक कार्यकर्ता थी और अफगानिस्तान मे महिलाओ और बच्चो के अधिकारो की वकालत करती थी। पिछले महीने अफगानिस्तान में अलग-अलग बम विस्फोटों में दो अफगान पत्रकारों की मौत हो गई।

### हांगकांग के निर्वासित कार्यकर्ता से की मुलाकात

**लंदन।** ब्रिटेन की विदेश मंत्री ने हांगकांग के लोकतंत्र समर्थक निर्वासित कार्यकर्ता नाथन लॉ से अर्धस्वायत्त क्षेत्र की स्थिति और ब्रिटेन की नई आव्रजन नीतियो पर चर्चा करने के लिए मुलाकात की। ब्रिटेन की इस नीति का मकसद हांगकांग पर बीजिंग के दबदबे से उपजी चिताओ के बाद शहर छोड़ने की इच्छा रखनेवाले लोगो की मदद करना है।प्रीति पटेल लॉ से मुलाकात करने वाली ब्रिटेन की पहली मंत्री है। बीजिंग की ओर से गिरफ्तारी का वारंट जारी होने से पहले लॉ हांगकांग से भागने में सफल रहे थे। बुधवार को हुई बैठक के बाद पटेल ने एक बयान मे कहा, ब्रिटेन हांगकांग के लोगों के साथ खड़ा रहेगा और उनकी सुरक्षा और स्वतंत्रता बनाए रखने का अपना वादा निभाएगा। ब्रिटेन ने जुलाई मे घोषणा की थी कि वह हांगकांग के करीब 30 लाख लोगो को नागरिकता की पेशकश करेगा। ब्रिटेन के प्राधिकारी इस बात पर जोर दे रहे है कि वे ब्रिटेन के पूर्व उपनिवेश के प्रति अपने ऐतिहासिक कर्तव्य को बरकरार रखेंगे। हालांकि चीन ने ब्रिटेन की इस पेशकश की निंदा करते हुए इसे घरेलू मामलो मे ब्रिटेन का दखल करार दिया है।

### अमेरिकी नेता भविष्य के संबंधों के लिए गड्ढा खोद रहे हैं: चीन

**बीजिंग।** चीन की समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने बृहस्पतिवार को कहा कि ट्रंप प्रशासन के अधिकारी चीन और उसके अधिकारियो के खिलाफ कार्वाई करके भविष्य मे अमेरिकी प्रशासन के चीन के साथ संबंधो के लिए गड्ढा खोद रहे है। शिन्हुआ ने अपने एक संपादकीय में कहा कि सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के नौ करोड़ 20 लाख सदस्यों और उनके परिवार के लिए वीजा पांबदी जैसे कदमो ने अमेरिका मे चीन विरोधी ताकतो के, अपने राजनीतिक फायदो के लिए चीन-अमेरिका संबंधो पर अंकुश के कुटिल इरादो को फिर से उजागर कर दिया है। दरअसल अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने पिछले सप्ताह इस प्रकार के वीजा की अवधि 10वर्ष से घटा कर एक माह कर दी, जो ट्रंप प्रशासन द्वारा अपने अंतिम दिनो मे अपनाए जा रहे सख्त रवैए को दर्शाता है। संपादकीय में कहा गया है, चीन के हितो से जुड़े मुद्दो पर चीन और अमेरिका के संबंधो के सर्वप्रमुख बिदुओं को लगातार चुनौती दे कर चीन विरोधी नेता चीन के साथ अगले प्रशासन के संबंधो के लिए न सिर्फ गड्ढा खोद रहे है, बल्कि अपने राजनीति हित भी साध रहे है। इसमे कहा गया है कि दोनो देशो को अपने मतभेदों को दूर करने को प्राथमिकता देनी चाहिए।

### ईरान और अफगानिस्तान के बीच पहले रेल लिंक की शरुआत

**तेहरान।** ईरान और अफगानिस्तान के नेताओं ने दोनों देशों के बीच पहले रेलवे लिंक का बृहस्पतिवार को उद्घाटन किया और उम्मीद जताई कि इससे क्षेत्र मे व्यापार संपर्क बढ़ेगा। पूर्वी ईरान से पश्चिमी अफगानिस्तान के बीच 140 किलोमीटर लंबी लाइन को अफगानिस्तान के हेरात शहर तक पहुंचाने के लिए 85 किलोमीटर और बढ़ाया जाएगा। इससे युद्ध प्रभावित देश में अहम परिवहन सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। ईरान के राष्ट्रपति हसन रूहानी ने दोनो देशो के संबंधो के लिए इसे ऐतिहासिक दिनो मे से एक करार दिया। उन्होंने कहा कि ईरान अमेरिका के ट्रंप प्रशासन की ओर से प्रतिबंध लगाए जाने के बावजूद लाइन निर्माण में सफल रहा। अफगानिस्तान के राष्ट्रपति अशरफ गनी ने रेल मार्ग को ईरान का बेशकीमती तोहफा करार दिया।

### कर संबंधी मामले में संघीय जांच का सामना कर रहे हैं हंटर बाइडन

**वाशिंगटन।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन के पुत्र हंटर बाइडन ने कहा है कि वह कर संबंधी मामले मे संघीय जांच का सामना कर रहे है। अपने कर संबंधी मामलों के कारण हंटर एक बार फिर सुर्खियो मे है। हंटर का मामला बाइडन के चुनाव प्रचार के दौरान भी चर्चा का विषय रहा।संघीय जांचकर्ताओ ने मंगलवार को हंटर बाइडन समेत कई लोगो को समन जारी किए। बाइडन से जुड़े एक व्यक्ति ने नाम सार्वजनिक नही करने की शर्त पर यह जानकारी दी। व्यक्ति ने बताया कि कर संबंधी यह जांच हंटर के कारोबार से जुड़ी है। मामले से जुड़े और हंटर के करीबी रहे एक अन्य व्यक्ति ने बताया कि न्याय विभाग की जांच संभावित कर धोखाधड़ी के अपराधो पर केंद्रित है। इस संबंध मे बाइडन के राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी की दौड़ मे शामिल होने के करीब एक साल पहले से जांच चल रही है।

## बिना मास्क सिर्फ फेस शील्ड कोरोना से बचाव में कारगर नहीं

**भाषा।** तोक्यो



**बिना मास्क** के सिर्फ फेस शील्ड पहनना कोविड-19 से बचाव में कारगर नहीं है क्योंकि हवा के प्रवाह से आसपास के छोटे कण प्लास्टिक के बने इन शील्ड के भीतर पहुंच सकते हैं। एक नए अध्ययन में यह जानकारी दी गई है। शोध पत्रिका फिजिक्स ऑफ फ्लूड्स में प्रकाशित रिपोर्ट में कहा गया है कि कई लोग मास्क की जगह फेस शील्ड का इस्तेमाल कर रहे हैं। स्कूलों, विश्वविद्यालयों, रेस्टोरेंट और कारोबार करने की जगह पर इसका इस्तेमाल बढ़ गया है। जापान में फुकुओका यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों समेत कई वैज्ञानिकों ने कहा है कि छींकने से जो कण निकलते हैं, वे फेस शील्ड को पार कर सकते हैं। अध्ययन के सहलेखक फुकुओका यूनिवर्सिटी से फुइजो अकागी ने कहा, ये कण फेस शील्ड से होकर तुरंत महज आधे से एक सेकंड के भीतर चेहरे तक पहुंच सकते हैं जिससे व्यक्ति को छींकें आनी शुरू हो सकती हैं। अध्ययन में वैज्ञानिकों ने यह पता लगाया कि फेस शील्ड पहना व्यक्ति अगर किसी संक्रमित व्यक्ति के आस पास एक मीटर के दायरे में रहता है तो उसकी (संक्रमित व्यक्ति की) छींक का क्या असर होगा। विश्लेषण के आधार पर वैज्ञानिकों ने कहा कि छींक के बाद निकले कण बेहद तेज गति से निकलते हैं और हवा में भी इनका प्रवाह तीव्र होता है। वैज्ञानिकों ने बताया कि ये कण इतने सूक्ष्म होते हैं कि इन्हें माइक्रोस्कोप के माध्यम से ही देखा जा सकता है। ये कण शील्ड के ऊपरी और निचले खुले किनारों से होते हुए भीतर चेहरे तक पहुंच सकते हैं, जो संक्रमण का कारण बन सकता है। वैज्ञानिकों का मानना है कि मास्क के बगैर सिर्फ फेस शील्ड पहनना कोविड-19 से बचाव में बिल्कुल कारगर नहीं है।

## पेपर-टेस्ट से कुछ मिनटों में हो सकती है कोरोना जांच

**भाषा।** वाशिंगटन

**भारतीय मूल** के एक वैज्ञानिक के नेतृत्व में कोविड-19 का कागज आधारित परीक्षण विकसित किया गया है। कागज-आधारित इलेक्ट्रोकेमिकल सेंसर का उपयोग करने वाली इस जांच में पांच मिनट के अंदर ही वायरस की मौजूदगी के बारे में पता चल सकता है। अमेरिका में इलिनोइस विश्वविद्यालय के अनुसंधानकर्ताओं ने सार्स-सीओवी-2 की आनुवंशिक कणों की उपस्थिति का पता लगाने के लिए एक इलेक्ट्रिकल रीड-आउट सेटअप के साथ एक ग्राफीन-बेस्ड इलकेबायोसेंसर विकसित किया है। पत्रिका एसीएस नैनो में प्रकाशित एक अनुसंधान के अनुसार, इस बायोसेंसर में दो घटक हैं, एक इलेक्टोरल रीड-आउट को मापने और दूसरा वायरल आरएनए की उपस्थिति का पता लगाने के लिए...। इसके निर्माण के लिए, प्रोफेसर दिपंजन पान के नेतृत्व में अनुसंधानकर्ताओं ने एक प्रवाहकीय फिल्म बनाने के लिए ग्रेफीन नैनोप्लेटलेट्स की एक परत फिल्टर पेपर पर लगाई और फिर उन्होंने इलेक्ट्रिकल रीड-आउट के लिए एक सम्पर्क पैड के रूप में ग्राफीन के शीर्ष पर पूर्वनिर्धारित डिजाइन के साथ सोने का एक इलेक्ट्रोड रखा। सोने और ग्रेफीन दोनों में अधिक सेंसिटिविटी और कन्डक्टिवटी होती है, जो विद्युत संकेतों में परिवर्तन का पता लगाने के लिए इस प्लेटफ़ॉर्म को अल्ट्रासोनिक बनाता है। अनुसंधानकर्ताओं के दल को उम्मीद है कि कोविड-19 के अलावा इसका इस्तेमाल अलग-अलग बीमारियों का पता लगाने के लिए भी किया जा सकता है।

## वैज्ञानिकों ने कोविड-19 के निरंतर प्रसार के नतीजों की व्याख्या की

**भाषा।** बोस्टन

**वैज्ञानिकों** ने ब्राजील के मानौस में लोगों में कोविड-19 के प्रसार का विश्लेषण किया जहां नोवेल कोरोना वायरस का पहला मामला सामने आने के सात महीनों के अंदर 70 प्रतिशत से ज्यादा आबादी संक्रमित हो गई। अध्ययन में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि बीमारी का प्रसार निरंतर होता है तो क्या हो सकता है। अनुसंधानकर्ताओं के मुताबिक, दुनिया में जिन जगहों पर कोविड-19 महामारी का प्रसार सबसे तेजी से हुआ, उनमें ब्राजील एक है जबकि अमेजन इस महामारी से सबसे बुरी तरह प्रभावित क्षेत्र है। अनुसंधानकर्ताओं में अमेरिका के हॉर्वर्ड विश्वविद्यालय के सदस्य भी थे। उन्होंने कहा कि अमेजन के सबसे बड़े नगर मानौस में सार्स-सीओवी-2 का पहला मामला मार्च के मध्य में आया था जिसके बाद दवाइयों के उपयोग के बगैर (एनपीआई) सामाजिक दूरी जैसे उपायों को अमल में लाने की पहल शुरू की गई। जर्नल साइंस में प्रकाशित अध्ययन के मुताबिक, इसके बाद महामारी की विस्फोटक स्थिति बनी जिसमें मृत्युदर अपेक्षाकृत उच्च थी। इसके बाद सामाजिक दूरी जैसे ऐहतियाती उपायों में ढील के बावजूद नए मामलों में सतत गिरावट हुई। वैज्ञानिकों ने यह जानने के लिए मानौस में रक्त दाताओं के आंकड़े एकत्र किए कि क्या महामारी का प्रसार इसलिए धीमा हुआ क्योंकि संक्रमण सामूहिक प्रतिरोध क्षमता के चरम तक पहुंच गया था या फिर इसकी वजह व्यवहारगत बदलाव और एनपीआई जैसे कारक हैं। उन्होंने एकत्रित रक्त के नमूनों से वायरस संक्रमण दर का परिणाम निकाला और इस आंकड़े की तुलना साओ पाउलो के आंकड़ों से की जो कम प्रभावित था। शोधकर्ताओं ने मानौस में अक्टूबर तक 76 प्रतिशत संक्रमण दर का अनुमान व्यक्त किया जिसमें एंटीबॉडी प्रतिरक्षा को घटाते हुए आकलन किया गया था। उन्होंने कहा कि तुलनात्मक रूप में साओ पाउलो में अक्टूबर तक संक्रमण दर 29 प्रतिशत थी, जिसे आंशिक रूप से बड़ी आबादी के आकार से समझाया गया।

# इंटरनेशनल किड्स फिल्म फेस्टिवल बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण फिल्में देखने का अवसर

**अंतर्राष्ट्रीय बालफिल्म महोत्सव फेस्टिवल आईकेएफएफ, का चौथा संस्करण ऑनलाइन आयोजित किया जा रहा है। इस महोत्सव में 40 देशों की 25 भाषाओं की 150 से अधिक फिल्में प्रस्तुत की जाएंगी। इन फिल्मों के माध्यम से पर्यावरण, संघर्ष से लेकर अंतरिक्ष जैसे विषयों को बड़े परदे पर रखा जाएगा ताकि समाज में जागरूकता का अधिक से अधिक प्रसार किया जा सके। प्रस्तुत है पायनियर संवाददाता शालिनी सक्सेना की ये रिपोर्ट-**

2020 एक आश्चर्यजनक वर्ष रहा है। इसे स्कूल जाने वाले बच्चों से अधिक वास्तविक ढंग से कोई नहीं जान सकता है क्योंकि उनके लिए ही ये समय सर्वाधिक कठिन रहा है। घर में बंद, ऑनलाइन कक्षाएं करते हुए वे लगभग पूरे साल ही सोचते रहे हैं कि इस साल स्कूल खुलेंगे भी या नहीं? बच्चों के लिए वैसे तो बहुत कुछ किया और कहा जा रहा है लेकिन हमें बच्चों के भीतर सामाजिक तथा सांस्कृतिक कौशल का विकास प्राथमिकता के आधार पर करना होगा। हमें उनके सामने कहानियां रखकर उन्हें सोचने के लिए प्रोत्साहित करना होगा। हमें उनके साथ दुनिया के सामने प्रस्तुत चुनौतियों के बारे में भी बात करनी होगी ताकि वे उनप विजय प्राप्त कर सकें।

अंतर्राष्ट्रीय बालफिल्म फेस्टिवल (आईकेएफएफ) के चौथे ऑनलाइन संस्करण के माध्यम से बच्चे विश्व के कुछ श्रेष्ठ सिनेमा को देख और उससे परिचित हो सकेंगे। स्पष्ट कारणों के चलते इसे इस बार वर्चुअल ढंग से आयोजित किया जा रहा है। अच्छी बात ये है कि इसमें दिखाई जाने वाली फिल्में किसी भी दूसरे प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध नहीं हैं ये फिल्में विशेष रूप से महोत्सव के लिए ही बनाई गई हैं ताकि बच्चों को भी इस बात का आभास हो कि उनके लिए कुछ विशेष प्रबंध किये गये हैं।

एलएक्सएल आईडियाज़ के एमडी तथा चीफ लर्नर सैयद सुल्तान का कहना है, 'इस साल हमारे पास अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्में हैं जिनमें पर्यावरण, संबंध, भौतिक छवि, संस्कृति, भावनाएं तथा प्रेरणा जैसे विषयों पर कहानी दिखाने की योजना है। इन सभी फिल्मों को आयु, प्रासंगिकता तथा पूरे परिवार के लिए बनी फिल्मों को अलग-अलग श्रेणी में रखा गया है। आईकेएफएफ ने बच्चों को विजुअल कहानी कहने की महत्वपूर्ण बातें सिखाने का भी प्रयास किया हैं। हम कई वर्कशॉप तथा मास्टर क्लास एवं फिल्म निर्माण प्रतियोगिता भी रखने वाले हैं।

इसके माध्यम से हमारा उद्देश्य बच्चों को उनकी प्रतिभा दिखाने तथा अपनी कहानी प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान करना होगा। विजेता बच्चे को अंतर्राष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल में बतौर जरूरी अवसर प्रदान किया जाएगा जिसके लिए उन्हें उत्साहवर्धक पुरस्कार भी प्रदान किये जाएंगे।'

'इस साल हम कई अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्मों को यहां दिखाएंगे जिनमें हम र्यावरण, संबंध, भौतिक छवि, संस्कृति, भावनाएं तथा प्रेरणा जैसे विषयों को उठाएंगे। इन सभी फिल्मों को उनकी विशेषता के आधार पर श्रेणीबद्ध किया गया है। इसके अलावा अध्यापकों तथा बच्चों के लिए विशेष रूप से बनाई गई फिल्में भी हैं जिन्हें हम उनके भविष्य को ध्यान में रखते हुए दिखाने जा रहे हैं।

पिछले साल के विपरीत जब राजधानी के स्कूलों ने इन फिल्मों को दिखाया था। लेकिन अब जबकि ये ऑनलाइन है तो इस बार इसमें 10,000 से अधिक स्कूल इसमें प्रतिभागी हैं जिसके कारण हर कोने के बच्चों तक ये फिल्में पहुंच सकेंगी। सभी को एक मंच पर लाना काफी चुनौतीपूर्ण कार्य था। अहमद इस बारे में बताने लगते हैं, 'हमारे मुख्य चुनौती 40 से 50 स्कूलों के बीच समन्वय स्थापित करना या उनकी फिल्मों का प्रस्तुतीकरण नहीं था क्योंकि हम डिजिटल माध्यम से उनसे पहले से ही संपर्क में थे। ऐसे देखें तो इस प्रकार की कोई समस्या ही नहीं थी। हमारा महोत्सव इस प्रकार डिजाइन किया गया है कि बच्चे स्कूल आकर इन फिल्मों को देख सकते थे। लेकिन महामारी के कारण हुए लॉकडाउन के चलते हमें फिल्में दिखाने के लिए एक नया मंच प्रदान करना पड़ा। लोग नेटलिक्स जैसे उच्च गुणवत्तापूर्ण प्लेटफॉर्म के आदी हैं और इसके चलते हमें भी वैसा ही कुछ तैयार करना था और वो भी सीमित समय सीमा के भीतर,' अहमद ने हमें बताया। उनके अनुसार उनके ऐप पर कोई भी फिल्म टीवी या मोबाइल किसी पर भी देखी जा सकती है।

अहमद ने हमें आगे बताया कि बच्चों के माता-पिता को समझना होगा कि उन्हें बच्चों को अच्छी कंटेंट वाली फिल्में ही दिखाना चाहिये और जब तक कोई अच्छी कंटेंट देख न ले उसे पता ही नहीं चलेगा कि ये होता क्या है, 'स्थिति आज भी बहुत दयनीय है। हम आज भी बच्चों को ध्यान में रखते हुए कोई फिल्म नहीं बनाते। इसके भी कुछ कारण हैं। पहली बात ये कि बच्चों की फिल्में बनाई ही कम जाती हैं। दूसरी बात ये कि जो लोग बनाते हैं वे ये मानकर चलते हैं कि बच्चे बहुत बुद्धिमान होते हैं। मैंने दूसरे देशों की फिल्में देखी हैं जो उत्कृष्ट कही जा सकती हैं लेकिन भारत में हम आज भी सतही फिल्में ही बनाते हैं। हम अधिकांश धन बच्चों को गणित या विज्ञान पढ़ाने में ही व्यय कर देते हैं और इसके परे कोई भी अपनी ऊर्जा लगाने के लिए तैयार ही नहीं है। इसके अलावा मांग का भी असर पड़ता है। जागरूकता की भी कमी है। बच्चों के देखने योग्य कंटेंट दूसरे देशों में बहुत ऊपर के स्तर की है। आप फिनलैंड या ऑस्टेऊेलिया का ही उदाहरण ले लीजिये। लेकिन भारत में ये देखने को नहीं मिलता। हमें पता ही नहीं है कि अच्छी कंटेंट कहते किसे हैं क्योंकि हमने कभी इसे देखा ही नहीं है।'

महोत्सव ऑनलाइन होने के कारण देश के हर कोने के बच्चों को दुनिया भर से आई इन फिल्मों को देखने का एक अवसर मिलेगा और साथ ही वर्कशॉप के दौरान उनके निर्माता और मीडिया विशेषज्ञों के साथ बात करने का भी अवसर मिलेगा।' ये सब तभी संभव होगा जब वे क्रेयन ऐप डाउनलोड करेंगे जो एक सुरक्षित वीडियो प्लेटफॉर्म है। इस प्लेटफॉर्म के तीन हिस्से हैं-वॉच, लर्न एवं परफॉर्म। ये ऐप प्रतिभा सिखाने का भी प्लेटफॉर्म है जिसमें आप दक्ष लोगों से बात भी कर सकते हैं। नवंबर 20 से प्रारंभ हुए इस महोत्सव की 40 से अधिक देशों की 150 से अधिक और 30 अलग अलग भाषाओं की फिल्में देखने का एक माह का व्यय मात्र 99 रुपये रखा गया है।




### अवश्य देखिये

**डॉटर ऑफ कश्मीर**

भारत
5 मिनट
संवाद नहीं
**निर्देशक:** किरण सुभाष देशमुख
फिल्म कश्मीर में रहने वाले एक पिता-पुत्री के बीच के संबंधों पर आधारित है। पिता हाथ से कारपेट बनाने के कारखाने में काम करते हैं लेकिन परिस्थितियां उन्हें उग्रवाद की ओर ले जाती हैं। लेकिन जब वो अपनी बेटी का परिवार के लिए संघर्ष देखते हैं तो वो आतंकियों के शिविर से बचकर वापस आ जाते हैं लेकिन उन्हें फिर से वहां जाने को बाध्य किया जाता है।

**फीचर फिल्म**
**2040**
**ऑस्ट्रेलिया**
**निर्देशक:** डेमन गेमियू
फिल्म में पर्यावरण समस्या के व्यावहारिक समाधान सुझाए गए हैं और ऐसा इस आशा के साथ किया जाता है कि फिल्म निर्माता की बेटी जो 2040 में 21 साल की होगी और उसे अच्छा भविष्य मिल सकेगा।

**कैप्टेन मॉर्टेन एंड द स्पाइडर क्वीन**
जर्मनी
**निर्देशक :** कैस्पर जेंसिस, हेनरी निकोलसन तथा रिहो अंट
**एनिमेशन**
एक युवा को जादू से एक कीड़े के आकार का बना दिया जाता है और अपनी टॉय बोट को किनारे लगाना है लेकिन परिस्थियां जोखिमपूर्ण बन जाती हैं।

**धारन: ( डैम वॉल )**
भारत
**निर्देशक:** देतांती दानी
ये एक छ: साल की एक नगरीय लड़की और आठ साल के ग्रामीण बालक के बीच मित्रता की कहानी है जो लड़के के घर को डैम के पानी में डूबने से बचाने की एक युक्ति खोज निकालते हैं।

## ट्रेंड बाजार

### दीपिका की स्माइल अब एथेंस एअरपोर्ट पर



**अभिनेत्री** दीपिका पादुकोण को एथेंस इंटरनेशनल एअरपोर्ट पर 'द ऑथेंटिक स्माइल्स ऑफ द पीपल ऑफ द वर्ल्ड' पर आयोजित एक प्रदर्शनी में दिखाया गया है। द ऑथेंटिक स्माइल्स कैंपेन को कोविड 19 के कारण बंद किये जाने के बाद इसका परिचालन पुन: खोलने पर आयोजित किया गया था।

उनके एथेंस के प्रशंसकों को ग्रे रंग की उनकी मूर्ति वहां देखने को मिल सकती है। ये साड़ी पहने है और गले में हार और एक छोटी बिंदी लगाए हुए है। इसके निकट लिखा है, 'भारतीय बॉलिवुड अभिनेत्री को ग्रे मार्बल में देखिये एथेंस एअरपोर्ट पर मुस्कुराते हुए।

### अभिनेता पंकज त्रिपाठी के बहुरे दिन



**अभिनेता** पंकज त्रिपाठी का कहना है कि लगता है कि मेरा समय आ गया है और ईश्वर करे ये बीते ही नहीं। मैं दर्शकों को एक के बाद एक श्रेष्ट और स्मरणीय फिल्म देना चाहता हूं। दुनिया का मनोरंजन करना ही मेरा एकमात्र उद्देश्य है। मैं इस काम पर बहुत मेहनत करना चाहता हूं। दुनिया के लिए 2020 अच्छा नहीं रहा। लेकिन मेरे कॅरियर और अभिनय को सही आकार देने के लिए मैं इसे स्मरणीय कह सकता हूं।

### सोनू सूद को मिली भूमिकाओं में आया अंतर



अभिनेता सोनू सूद को लॉकडाउन के दौरान परोपकार के काम करते देखने के चलते लोकप्रियता मिली थी उनका कहना है कि अब उन्हें मिलने वाली भूमिकाओं में परिवर्तन आया है। उन्होंने बताया, 'अब मुझे अलग प्रकार के रोल ऑफर किये जा रहे हैं वे अब महानता टाइप तथा रियल लाइफहीरो जैसे कहे जा सकते हैं। जो भी मैंने वास्तविक जीवन में किया है वे उसे स्क्रिप्ट में शामिल करना चाह रहे हैं। मेरा प्रयास यही है कि मैं अपेक्षाओं पर खरा उतरूं और भूमिका के साथ न्याय करूं। मेरा दायित्व बढ़ गया है।'

सोनू अब 'भारत के महावीर' के आयोजक बन गए हैं जिसमें महामारी के दौरान दयालुता की कहानियों को समेटने का प्रयास किया गया है।

### निक जोनास ने प्रियंका की फिल्म में किया कैमियो



**पॉप** स्टार निक जोनास को अपनी पत्नी के साथ उनकी रोमांटिक हॉलिवुड फिल्म 'टेक्स्ट फॉर यू' में कैमयो चरित्र निभाते देखा जा सकेगा। ये समाचार तब प्रसारित हुआ जब निक को लंदन में एक कैब में पत्नी के साथ एक सीन करते हुए लोगों ने देखा।

इस जोड़ी को लोगों ने देखा कि वे आपस में एक तर्क किये जा रहे हैं जिसमें प्रियंका के चरित्र को कहते सुना गया, 'मेरी कैब से उतरो'। निक को इसके बाद कैब से उतरते हुए देखा गया। इस फिल्म को जिम स्ट्रॉज़ ने निर्देशित किया है और ये जर्मनी की फिल्म एसएमएस फर डिक, का अंग्रेजी रूपांतरण है जो सोफी क्रेमर के उपन्यास पर आधारित है।

## दुनिया भर में नेटफ्लिक्स पर भारत में फिल्मों के सबसे अधिक दर्शक

**नई दिल्ली।** नेटफ्लिक्स ने गुरुवार को कहा कि दुनिया भर में उसके मंच पर फिल्मों के सबसे अधिक दर्शक भारत के हैं और बच्चों, नॉन-फिक्शन और कोरियाई नाटकों जैसी श्रेणियों में कंटेंट की खपत तेजी से बढ़ रही है।

पिछले कुछ वर्षों में सस्ते डेटा टैरिफ और किफायती स्मार्टफोन की उपलब्धता के कारण नेटफ्लिक्स, अमेजन प्राइम और डिजनी हॉटस्टार जैसे प्रमुख ओवर दि टॉप (ओटीटी) कंपनियों ने तेजी से वृद्धि की है।

कोरोना वायरस महामारी की रोकथाम के लिए लागू किए गए लॉकडाउन के दौरान भी ऑनलाइन वीडियो और म्यूजिक स्ट्रीमिंग जैसी सेवाओं का उपयोग बढ़ा।

नेटफ्लिक्स इंडिया की उपाध्यक्ष (कंटेंट) मोनिका शेरगिल ने एक ब्लॉगपोस्ट में कहा, वैश्विक स्तर पर भारत में नेटफ्लिक्स पर सबसे ज्यादा फिल्में देखी जाती हैं और पिछले साल भारत में हमारे 80 प्रतिशत सदस्यों ने हर सप्ताह कम से कम एक फिल्म देखी।

उन्होंने आगे कहा कि सबसे लोकप्रिय थ्रिलर रात अकेली है रहा, जबकि सर्वाधिक लोकप्रिय एक्शन फिल्में एक्सट्रैक्शन , मलंग , और द ओल्ड गार्ड थीं, और सबसे लोकप्रिय कॉमेडी फिल्म लूडो थी।

उन्होंने बताया कि 2020 में नॉन-फिक्शन श्रृंखलाओं को इससे पिछले साल के मुकाबले 250 प्रतिशत अधिक देखा गया, जबकि डॉक्युमेंट्री को 100 प्रतिशत अधिक देखा गया।

## अभिनेत्री नीतू कपूर कोविड-19 से संक्रमित



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री नीतू कपूर ने बृहस्पतिवार को कोरोना वायरस से संक्रमित होने की जानकारी देते हुए कहा कि उन्होंने खुद को पृथक कर लिया है और फिलहाल वह बेहतर महसूस कर रही हैं।

चार दिसंबर को कपूर परिवार के करीबी सूत्र ने पीटीआई-भाषा को बताया था कि चंडीगढ़ में फिल्म जुग जुग जीयो की शीटिंग के दौरान 62 वर्षीया अभिनेत्री कोविड-19 से संक्रमित हो गई थीं। अपने अभिनेता-बेटे रणबीर कपूर द्वारा जरूरी इंतजाम किए जाने के बाद मुंबई लौटी नीतू कपूर ने आज इंस्टाग्राम पर अपने स्वास्थ्य के बारे में यह जानकारी साझा की। उन्होंने एक बयान में कहा, इस सप्ताह की शुरुआत में मैं कोविड-19 से संक्रमित पाई गई थी। उन्होंने कहा सभी सुरक्षा उपायों का पालन किया जा रहा है और तत्काल मदद के लिए मैं अधिकारियों का आभार व्यक्त करती हूं। मैं पृथकवास में हूं और अपने डॉक्टर की सलाह पर दवा ले रही हूं और फिलहाल बेहतर महसूस कर रही हूं। उन्होंने कहा, कृपया सुरक्षित रहें, मास्क पहनें, सुरक्षित दूरी बनाए रखें। ध्यान रखें। नीतू कपूर के अलावा फिल्म जुग जुग जीयो के अभिनेता वरुण धवन और फिल्म निदेशक राज मेहता भी कोविड-19 से संक्रमित पाए गए हैं।

## प्रख्यात नर्तक अस्ताद देबू का निधन, कई नामचीन हस्तियों ने दी श्रद्धांजलि



**मुंबई।** मशहूर नर्तक अस्ताद देबू का बृहस्पतिवार को मुंबई में निधन हो गया। उनके परिवार ने यह जानकारी दी। वह 73 वर्ष के थे। भारतीय शास्त्रीय नृत्य कथक और कथकली में पारंगत देबू ने दोनों नृत्य विधाओं को मिलाकर अनूठी नृत्य शैली पेश करने लिए ख्याति बटोरी।

उनके परिवार ने सोशल मीडिया पर उनके निधन की सूचना देते हुए बताया, 10 दिसंबर को तड़के वह दुनिया छोड़कर चले गए। मुंबई में अपने घर पर उन्होंने आखिरी सांस ली। कुछ समय से वह बीमार चल रहे थे। परिवार ने बताया, वह अपने पीछे अविस्मरणीय प्रस्तुतियों की विरासत छोड़ गए हैं। कला के प्रति अपने समर्पण के कारण उन्होंने हजारों दोस्तों, प्रशंसकों के दिलों में जगह बनाई।

परिवार ने कहा, परिवार, दोस्त, देश-दुनिया में शास्त्रीय और आधुनिक नृत्य बिरादरी के लिए उनका जाना अपूरणीय क्षति है। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दे। हमें उनकी कमी महसूस होगी।

देबू की लंबे समय से मित्र रहीं और पीटीआई की पूर्व पत्रकार पद्मा अल्वा ने बताया, कोविड-19 संबंधी पाबंदियों के कारण देबू के अंतिम संस्कार में सिर्फ परिवार के लोग शामिल हुए थे।

उन्होंने बताया, दिन में 11 बजे वर्ली में उनका अंतिम संस्कार हुआ। कोविड-19 संबंधी बंदिशों के चलते अंतिम संस्कार में सिर्फ परिवार के लोग मौजूद थे। देबू के साथ कई दशकों तक अपने जुड़ाव को याद करते हुए अल्वा ने कहा कि उन्होंने अपना एक अभिन्न मित्र खो दिया। उन्होंने कहा, अस्ताद से कुछ दिन पहले मेरी बातचीत हुई थी। वह जाने (दुनिया से) की बात कह रहे थे। सोमवार तक तकरीबन हर दिन हमारी बातचीत होती रही और अब वह कभी लौटकर नहीं आएंगे। मैंने 45 साल पुराना एक साथी खो दिया। अभिनेता अनुपम खेर ने भी ट्विटर पर देबू को श्रद्धांजलि दी और कहा कि उनकी कला को हमेशा याद किया जाएगा। उन्होंने ट्वीट किया, आधुनिक नृत्य शैली ने अपने पुरोधा को खो दिया है और भारत ने अपनी एक सांस्कृतिक निधि को गंवा दिया है। फिल्मकार नंदिता दास ने लिखा, सुनकर झटका लगा। बचपन से ही उनकी प्रशंसक रही हूं। इस साल हमने अपने बहुत से चहेते लोगों को खो दिया है। इसके अलावा संगीतकार एहसान नूरानी, कास्टिंग निर्देशक टी. जोसेफ ने भी देबू के निधन पर शोक जताया है। देबू ने परंपरागत एवं आधुनिक शैली को मिलाकर नृत्य की एक नई विधा तैयार की। उनका जन्म गुजरात के नवसारी में 13 जुलाई, 1947 को हुआ था। देबू ने युवावस्था में गुरु प्रह्लाद दास से कथक सीखा। बाद में उन्होंने गुरु ई के पाणिकर से कथकली का प्रशिक्षण लिया। अपनी प्रयोगधर्मी शैली में उन्होंने 70 से ज्यादा देशों में एकल, सामूहिक और युगल नृत्य की प्रस्तुतियां दीं। नृत्य के क्षेत्र में योगदान के लिए उन्हें 1995 में संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार दिया गया था। वह 2007 में पद्मश्री से भी सम्मानित किए गए। देबू ने मणिरत्नम, विशाल भारद्वाज जैसे फिल्मकारों की फिल्मों और मशहूर चित्रकार एम एफ हुसैन की फिल्म मीनाक्षी : ए टेल ऑफ थ्री सिटीज के लिए कोरियोग्राफी की थी।

## सलमान खान ने अंतिम की शूटिंग आरंभ की



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान ने अपनी आगामी फिल्म अंतिम- द फाइनल ट्रूथ की शूटिंग शुरू की। समझा जाता है कि सलमान फिल्म में एक सिख पुलिसकर्मी का चरित्र निभा रहे हैं। खान के बहनोई और अभिनेता आयुष शर्मा ने इंस्टाग्राम पर इस फिल्म में सलमान की छवि की झलक देने वाली एक वीडियो क्लिप साझा की। शर्मा भी इस फिल्म में नजर आएंगे। क्लिप में खान पगड़ी पहने एक सब्जियों के बाजार में धीमी गति से चलते दिखाई दे रहे हैं। शर्मा ने इंस्टाग्राम पर लिखा, अंतिम की शूटिंग शुरू हो रही है। भाई का अंतिम से पहला लुक। माना जा रहा है कि यह फिल्म 2018 की हिट मराठी फिल्म मुल्शी पैटर्न की रिमेक है।

## दक्षिण अफ्रीका में तीन भारतवंशी स्वतंत्रता सेनानियों की याद में बनाया गया स्मारक

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका में भारतवंशी स्वतंत्रता सेनानियों शिरीष नानाभाई, रेगी वंदेयर और इंद्रेश नायडू की याद में स्मारक बनाया गया है। रंगभेद के खिलाफ आवाज उठाने वाले वंदेयर का 84 साल की उम्र में 2015 में निधन हो गया जबकि नानाभाई और नायडू का क्रमश: 78 और 80 साल की उम्र में 2016 में निधन हुआ। गैर सरकारी संगठन अहमद कठराडा फाउंडेशन (एकेएफ) ने वेस्टपार्क में दक्षिण अफ्रीका के क्रांतिकारी नेता लालू इसू चीबा के समाधि स्थल पर तीनों नेताओं की याद में स्मारक बनाया है। रंगभेद के खिलाफ आंदोलन में हिस्सा लेने के कारण चारों नेताओं को 1961 में गिरफ्तारी के बाद रोबेन जेल में एक दशक तक रहना पड़ा था। एकेएफ बोर्ड के सदस्य इस्माईल वादी ने बताया कि जिन लोगों को याद किया जा रहा है वे बेहद साधारण लोग थे और वे अपनी अंतरात्मा की आवाज पर अभियान में शामिल हुए थे तथा सबके लिए प्रेरणास्रोत बन गए। वादी ने कहा, रेगी वेटर थे, शिरीष एक स्टोर में काम करते थे और इंद्रेश सामान्य कामकाजी व्यक्ति थे लेकिन उन्होंने रंगभेद के खिलाफ अभियान को आगे बढ़ाया और अपने समय में महत्वपूर्ण कार्यकर्ता बन गए। तीनों स्वतंत्रता सेनानियों के परिवार के सदस्यों ने लोकतंत्र के लिए उनके योगदान से जुड़ी यादें साझा कीं। स्वतंत्रता सेनानियों को याद करते हुए दक्षिण अफ्रीका नेशनल डिफेंस फोर्स के पूर्व जनरल शिफिवी न्यंडा ने कहा, उनकी गैरमौजूदगी के बावजूद आज भी हम उनसे प्रेरणा ले सकते हैं।








ठंड और कोहरे की आफत, न अलाव न रैनबसेरा, कैसे रात काटें बेचारे

# डीएम साहब! अब तो जलवा दीजिए अलाव!

● 'पायनियर' ने जाना शहर के चौराहा व सार्वजनिक स्थलों का हाल

संवाददाता। सीतापुर








**ठंड ने** प्रचंड रूप दिखाना शुरू कर दिया है। ऊपर से कोहरे ने चादर बिछा दी है। जरूरतमंद, असहायों के लिए आफत आ गई है। ऐसा लगता है कि अभी तक सरकार और प्रशासन को शायद ठंड का अहसास नहीं हो रहा है। यही कारण है कि सीतापुर शहर चौराहे हो या फिर सार्वजनिक स्थल, कभी पर कोई अलाव जलते नजर नहीं आ रहे हैं। अस्पतालों में मरीजों के तीमारदार, मुसाफिर और रिक्शाचालक हर कोई ठिठुरन भरी रातें काटने को मजबूर हैं। अस्पतालों के बाहर पन्नियां जलाकर और अस्पताल के अंदर फर्श पर लेटकर रात बिताने को विवश है। बस अड्डे पर तो रात भर मुसाफिर बसों के इंतजार में खुले आसमान के नीचे रात गुजार रहे हैं। **'पायनियर'** की टीम ने देर रात शहर में ठंड से जंग लड़ते लोगों का जाना हाल हम आपको रोडवेज बस स्टैंड का हाल दिखाते हैं। यहां पर हमारे **संवाददाता अरुणेश अवस्थी** ने जायजा लिया तो पाया कि खुलेआसमान के नीचे मुसाफिर बसों के इंतजार में खड़े हैं। रैन बसेरा तो था, लेकिन उसमें पर्याप्त बिस्तर नहीं थे। ट्रांसपोर्ट चौराहे पर अलाव नहीं जल रहे थे, रिक्शा चालक ठिठुरने को मजबूर थे। लालबाग चौराहे पर न तो रैन बसेरा बना था न ही अलाव जल रहे थे। महिला जिला अस्पताल के बाहर मरीजों के तीमारदारों का बहुत ही बुरा हाल था। रैन बसेरा न होने से खुले में तीमारदार सोते नजर आए। खुद लकड़ियां जलाकर आग तापते दिखे। जिला अस्पताल के अंदर और बाहर दोनों जगह पर बहुत बुरा हाल दिखा। बाहर रिक्शा चालक पॉलिथीन जलाकर आग तापते मिले, और अंदर फर्श पर तीमारदार रात बिताने को मजबूर दिखे।

जनपद में मिले तीन पॉजिटिव

# कोरोना से पूर्व मंत्री राम लाल राही का निधन

संवाददाता। सीतापुर




**कांग्रेस** के दिग्गज नेता, पूर्व केंद्रीय गृह राज्यमंत्री रामलाल राही को कोरोना ने हम सबसे छीन लिया। उनके निधन से सीतापुर में राजनीतिक क्षेत्र की बड़ी क्षति मानी जा रही है। 84 वर्षीय राम लाल राही का मिलन सार व्यष्कित्व था, श्रीराही ने जिला अस्पताल में अंतिम सांस ली। हालत बिगड़ने के बाद उनके बेटे रमेश राही, सुरेश राही उन्हें लखनऊ ले जाने की तैयारी कर रहे थे, लेकिन कूरनियत को कुछ और ही मंजूर था। वर्ष 1934 में लहरपुर के ढखेरा में जन्मे राही ने केंद्रीय की नग्नसिम्हाराव की सरकार में केंद्रीय गृहराज्यमंत्री बनकर सीतापुर का नाम देश-दुनिया तक पहुंचाया। राही मिश्रिख से चार बार सांसद चुने गए। जबकि दो बार हरगांव विधान सभा क्षेत्र से विधायक भी बने। उनके आर्शीवाद से राजनीति के क्षेत्र में उनका परिवार भी खूब फ्ला-फूला। पत्नी सुंदरि देवी राही जिला पंचायत सदस्य चुनी गईं। साथ ही उनके बड़े बेटे रमेश राही हरगांव से समाजवादी पार्टी के टिकट से विधायक चुने गए। जबकि छोटे बेटे सुरेश राही मौजूदा वक्त में भाजपा से हरगांव से विधायक हैं। पुत्र वधू मंजरी राही को जनप्रतिनिधि बनाने की उनकी इच्छा अधूरी रह गई। कांग्रेस में लंबे समय तक रहने के बाद सपा, भाजपा से होकर आखिर समय में अपने पुराने घर कांग्रेस में लौट आए थे। इनका अन्तिम संस्कार आज गोपाल घाट पर किया जाएगा। पिछले 24 घंटे में 3 की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आई है। सीएचसी सांडा, एलिया और शहर के लोहारबाग में 1-1 केस मिला है। अब सीतापुर में कोरोना के मरीजों की संख्या 4,658 हो गई है।

# एसडीएम ने किया विद्यालय का निरीक्षण

संवाददाता। महमूदाबाद सीतापुर

● कम्प्यूटर ऑपरेटर सहित कई अनुपस्थित

**महमूदाबाद** एसडीएम पीएल मौर्य ने ब्लाक संसाधन केन्द्र और जूनियर हाईस्कूल रामकुण्ड का औचक निरीक्षण किया। गुरूवार की सुबह पीएल मौर्य अचानक बीआरसी परिसर पहुंचे, यहां एबीएसए अजय विक्रम सिंह मौजूद नहीं थे। कम्प्यूटर आपरेटर अनुज वर्मा, कमल किशोर के साथ-साथ चपरासी अनूप कुमार, धीरेन्द्र कुमार व गौरव मिश्र भी अनुपस्थित मिले। एसडीएम ने बीआरसी परिसर और कार्यालय में सफाई व्यवस्था खराब होने पर नाराजगी जाहिर की। परिसर में ही बने जूनियर हाईस्कूल रामकुण्ड में निरीक्षण के दौरान प्रधानाध्यापिका समेत चार अध्यापक अवकाश पर बताये गये। एसडीएम ने बताया कि अध्यापकों की अनुपस्थित से जवाब तलब किया है।

## नाट्य मंचन कर छात्राओं को किया गया जागरूक



महमूदाबाद-विद्यालय में मौजूद छात्र-छात्राएं व शिक्षिकाएं पायनियर

**महमूदाबाद** के कम्पोजिट विद्यालय कलुवापुर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मीना मंच की संदर्भदाता ममता देवी ने विद्यार्थियों को वूमेन पावर लाइन 1090 व डायल 100 के बारे में बताया। मिशन शक्ति टीम की आरती गौड़, पल्लवी श्रीवास्तव व मंजू ने घरेलू हिंसा पर नाटक प्रस्तुत कर महिलाओं और किशोरियों को जागरूक किया। मीना मंच की पल्लवी श्रीवास्तव, रेनू सिंह, आरती, निहारिका, शशिकला द्वारा गीत पेश किया गया। इस अवसर पर कस्तूरबा गांधी विद्यालय की वार्डेन पारूल, पंकज रावत आदि उपस्थित थे।

# तीन तेंदुओं ने किया मवेशियों का शिकार

● बेहटा के मीतमऊ में नीलगाय व बछड़े पर किया हमला



**रेउसा सीतापुर।** सीतापुर में पिछले काफी समय से कई इलाकों में तेंदुएं का घ्शोर सुनाई दे रहा था, लेकिन बेहटा इलाके में तीन तेंदुआ देखे जाने की सनसनी जानकारी सामने आ रही है। ग्रामीणों ने अपनी आंखों से दो बड़े और एक छोटे तेंदुए को देखा है। इन तेंदुओं ने एक नीलगाय का शिकार भी किया है। और पास के गांव परेवा में बछड़े का मांस भी नोंच ले गए हैं। तेंदुए के पगचिंह भी पाए गए हैं। एक साथ तीन तेंदुआ देखे जाने से इलाके में दहशत का माहौल है। मौके पर तम्बौर थाने का फोर्स पहुंच गया है। वन विभाग के रेंजर अभय प्रताप मल्ल भी दलबल के साथ रवाना हो गए हैं। शारदा नदी के समीप स्थित मीतमऊ गांव के पास तीन तेंदुआ देखे जाने की पुष्टि जिला पंचायत के पूर्व सदस्य उदय प्रताप भार्गव ने की है।

लहरपुर विधान सभा में भी नहीं निकल पाई पदयात्रा, घर में हुए नजरबंद

# पुलिसिया सख्ती, बेबस दिखे सपाई


लहरपुर-सपा नेता ओमेन्द्र वर्मा को किसान पद यात्रा निकालने से रोकती पुलिस


तंबौर-थाने में मौजूद सपा नेता जहीर अब्बास व अन्य। पायनियर

संवाददाता। लहरपुर/तंबौर सीतापुर

**किसान** आंदोलन के समर्थन में सपा की किसान पद यात्रा निकालने को सीतापुर के लहरपुर में सपाईयों ने खूब तामझाम किए थे, वो पद यात्रा निकालने की हिम्मत जुटाते, इससे पहले लहरपुर तहसील और पुलिस प्रशासन ने रात में ही दबिशें दी, मगर उन्हें कामयाबी नहीं मिली। सुबह पुलिस ने समाजवादी युवजन सभा के पूर्व प्रदेश सचिव ओमेंद्र वर्मा को उनके समर्थकों के साथ लहरपुर-बिसवां तिराहे से गिरफ्तार कर लिया। ये लोग यात्रा निकालने की तैयारी कर रहे घ्थे। इसके अलावा तम्बौर पुलिस ने लहरपुर विधान सभा क्षेत्र से पूर्व प्रत्याशी जहीर अब्बास, नगर पंचायत के पूर्व चेयरमैन नसीम खां को भी उनके समर्थकों के साथ गिरफ्तार कर लिया। जबकि पूर्व विधायक जासमीर अंसारी व उनकी पत्नी पूर्व सांसद कैसर जहां, सपा नेता हाजी जावेद अहमद, छात्र सभा के जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद निहाल कुरैशी, युवा सपा नेता शोध्भित मिश्रा, नगर अध्यक्ष मोहम्मद आसिफ रफी को उनके निवास पर पुलिस ने नजरबंद कर दिया। इससे उनके मंसूबे धर के धरे रह गए। कृषि के तीन बिल के विरोध में दिल्ली के बॉर्डर पर घ्आंदोलनरत किसानों के समर्थन में उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सात दिसंबर से किसान पद यात्रा निकालने का एलान किया था। उनके आह्वान पर सीतापुर में भी पार्टी ने विधान सभा क्षेत्रवार पद यात्रा निकालने का कार्यक्रम तय कर जिम्मेदारियां दी थीं। इस यात्रा के चौथे दिन गुरुवार को लहरपुर विधान सभा क्षेत्र में सपा की घ्किसान पद यात्रा प्रस्तावित थी, इस यात्रा को निकालने के लिए पार्टी नेताओं ने अपनी तैयारियां भी कर रखी थीं, लेकिन तहसील और पुलिस प्रशासन की सख्ती की आगे उनकी चली नहीं। पुलिस ने अभी हाल में ही समाजवादी पार्टी में शामिल हुए नगर पालिका परिषद के चेयरमैन, पूर्व विधायक जसमीर अंसारी व उनकी पत्नी पूर्व सांसद कैसर जहां को उनके आवास पर ही नजरबंद कर दिया और निगरानी को उनके घर पर पुलिस का पहरा बिठा दिया। इसी प्रकार नगर पालिका परिषद के पूर्व प्रत्याशी रहे सपा नेता हाजी जावेद अहमद को भी कोतवाली प्रभारी ओपी राय ने उनके घर पर नजरबंद कर दिया। पुलिसिया कार्रवाई से सपा नेता हाजी जावेद अहमद आक्रोशित हो गए। उन्होंने भाजपा सरकार पर निशाना साधा, बोले, यह कैसा लोकतंत्र है जहां पर किसी भी व्यक्ति को अभिव्यक्ति की आजादी नहीं हो यह तो अंग्रेजी हुकूमत से भी बदतर प्रशासन हम समाजवादियों के साथ व्यवहार कर रहा है। आंदोलन करने जा रहे युवा सपा नेता शोभित मिश्रा ने भाजपा सरकार को आड़े हाथों लिया, उनका कहना है कि सरकार के इस रवैये से सपाई डरने वाले नहीं हैं, इसका पुरजोर विरोध किया जाएगा। इनके अलावा पुलिस ने समाजवादी पार्टी के छात्र सभा जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद निहाल कुरैशी व युवा सपा नेता शोभित मिश्रा के घर पर भी पुलिस ने फोर्स लगा दी और उन्हें घरों से बाहर निकलने नहीं दिया। उधर, घ्लहरपुर-बिसवां तिराहे पर पद यात्रा निकालने की तैयारी की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और वहां से समाजवादी युवजन सभा के पूर्व प्रदेश सचिव ओमेंद्र वर्मा, उनके समर्थकों को गिरफ्तार कर लिया।

उत्तर प्रदेशीय के पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ ऐलिया का हुआ अधिवेशन

# कुलदीप बाजपेयी बने अध्यक्ष


ऐलिया-अधिवेशन में मौजूद विजयी पदाधिकारी पायनियर

**ऐलिया सीतापुर।** उत्तर प्रदेशीय पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ ऐलिया में त्रैवार्षिक अधिवेशन हुआ। जिसमे कुलदीप बाजपेई ने अध्यक्ष व रईस अहमद ने मंत्री पद के लिए नामांकन भरा। कोई अन्य प्रत्याशी न होने के कारण पर्यवेक्षक रुद्रकांत मिश्रा व लक्ष्मी नारायण गुप्ता ने दोनों को निर्विरोध विजयी घोषित कर दिया। रामसनेही शुक्ल, पूनम द्विवेदी व राम कुमार चौधरी को उपाध्यक्ष चुना गया। कोषाध्यक्ष सुशील मिश्र बने। शैलेंद्र राठौर, राजेश जाटव व संतोष मिश्रा संयुक्त मंत्री मनोनीत किए गए। जिलाध्यक्ष रामचंद्र मिश्र, जिला मंत्री रणविजय यादव, प्रांतीय प्रवक्ता मनीष पांडे मंडलीय अध्यक्ष अपूर्व दीक्षित आदि ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी है।

## दो पक्षों में मारपीट, महिला की मौत

**महोली सीतापुर।** कोतवाली महोली इलाके के चड़रा गांव में मामूली विवाद में चटकी लाठियों में बीचबराव करने आई बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। बुधवार शाम गांव के दो ममेरे भाइयों रामपाल व श्रीराम के पक्षों में बालू भरने को लेकर विवाद हो गया। बातचीत बढ़ने पर दोनों पक्षों में लाठियां चलने लगी। इस दौरान बीच बचाव करने पहुंची गांव की 45 वर्षीय माया देवी भी सिर पर लाठी लगने से गंम्भीर रुप से घायल हो गई। इलाज के दौरान जिला अस्पताल में उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव कब्जे में ले लिया है।

शहर कोतवाली इलाके के जीआईसी चौराहे का मामला

# युवती ने युवक पर बरसाए जूते, वीडियो वायरल!

● महिला के पर्स, फोन पर झप्पटा मारकर भाग रहे थे बाइक सवार

संवाददाता। सीतापुर


सीतापुर-युवक को जूती से पिटाई करती महिला पायनियर

**इस तस्वीर** पर नजर आ रहे नजारे में आप देख सकते हैं कि किस तरह एक युवती एक युवक के मुंह पर जूतों की बौछार कर रही है। तो वहीं दूसरी ओर एक युवक को युवती द्वारा पिटते देखने उमड़ी भीड़ न केवल तमाशबीन बनी है बल्कि मौजूद कुछ लोग युवती को और पीटने के लिए उकसा भी। काफी देर तक सरेआम यह तमाशा शहर के एक मुख्य चौराहे पर चलता रहा और पुलिस के पास तो अभी सूचना ही नहीं पायी थी। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे इस वीडियो में लोग लड़की से छेड़छाड़ में युवक की पिटाई की आशंका जताकर चटकारे लेकर देख रहे हैं। पता करने पर ज्ञात हुआ कि वीडियो में दिख रही बहादुर युवती का नाम अनुराधा सिंह है, बुधवार को शहर कोतवाली में उसने अज्ञात लोगों के विरुद्ध तहरीर देकर यह आरोप लगाया है कि रोजाना कि तरह वह बीएसए कार्यालय के पास बस से उतरकर अपनी कोचिंग लखनऊ कैम्पस फोन पर बात करते जा रही थी कि तभी पीछे से बाइक सवार दो युवकों ने उसके फोन व पर्स पर झपट्टा मारा और भागने का प्रयास करने लगे लेकिन अनुराधा बड़ी बहादुरी से एक को पकड़ कर उससे भिड़ी रही। जीआईसी चौराहे पर डिवाइडर से टकरा जाने से तीनों गिर। एक आरोपी तो भाग निकला लेकिन दूसरे को पकड़ कर उसने पब्लिक की मदद से जमकर पिटाई कर दी। मामले में शहर कोतवाली के अपराध निरीक्षक गिरीश चंद्र अग्रिहोत्री ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। एक आरोपी पुलिस की हिरासत में है और दूसरे की तलाश के लिए दबिस दी जा रही है।

# हेलो, मैं रक्षा मंत्री बोल रहा हूं, गोली मार दूंगा!

● चीनी मिल महमूदाबाद के मुख्य गन्ना अधिकारी को मिली धमकी

संवाददाता। महमूदाबाद सीतापुर




**दि किसान** सहकारी चीनी मिल महमूदाबाद के गन्ना अधिकारी को गोली मारने की धमकी दिए जाने से हड़कंप, ये धमकी फोन पर किसी अज्ञात शख्श ने दी। उसने यह धमकी रक्षा मंत्री के नाम से दी है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सीतापुर के दि किसान सहकारी चीनी मिल महमूदाबाद के मुख्य गन्ना अधिकारी महेंद्र कुमार ने कोतवाली महमूदाबाद में लिखित शिकायत की है, कि वो अपने कार्यालय में सरकारी कार्यों का संपादन कर रहे थे, दोपहर में उनके मोबाइल नंबर पर 8279599708 पर 9670465546 से कॉल आई और उसने कहा, मैं रक्षा मंत्री बोल रहा हूं, आप कैसे चीनी मिल चला रहे हैं, आपको गोली मार दूंगा, आप अपने ऑफिस आइए, हम आपको आपके आर्ॅफिस में घुसकर गोली मारेंगे, चाहे महमूदाबाद में आज ही कर्फ्यू लग जाए। धमकी भरे इस ऑडियो का भी गन्ना अधिकारी महेंद्र कुमार ने पुलिस को सौंपा है। पुलिस को शिकायती पत्र मिलते ही जांच के लिए महमूदाबाद कोतवाल अनिल कुमार पांडेय चीनी मिल महमूदाबाद पहुंच गए। पूरे प्रकरण की जानकारी मुख्य गन्ना अधिकारी ने दी।

## तालाब में डूबने से युवक की मौत

**संदना सीतापुर।** संदना थाना क्षेत्र के गांव मिश्रापुर में 30 वर्षीय युवक की तालाब में डूबने से मौत हो गई। वह शराब के नशे में था। पैर फिसलने से वह तालाब में गिर गया था।

# ज्वैलरी, कपड़े की दुकान व घर से लाखों का माल चोरी

## ● एक ही रात में चोरों ने तीन जगहों पर बोला धावा



संवाददाता। मैगलगंज-खीरी

**मैगलगंज कस्बे** में बीती रात अज्ञात चोरों ने ज्वैलरी व कपड़े की दुकान और एक घर पर धावा बोलकर लाखों का माल चोरी कर लिया। दोनों घटनाओं की जानकारी मैगलगंज पुलिस को दे दी गई है। घटना में जांच के लिए जनपद मुख्यालय से स्वाट टीम भी बुलाई गई।

मैगलगंज कस्बे के मुख्य बाजार में स्थित सुखमनी ज्वेलर्स की दुकान पर बीती रात चोरों ने शटर को तोड़कर ज्वेलरी (सोना, चांदी) सहित डेढ़ लाख रुपए नगदी पार कर दी। सुखमनी ज्वेलर्स के मालिक अमरजीत सिंह ने बताया की गुरुवार की रात लाइट चली जाने के कारण दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे बंद हो गए थे।उसी समय अज्ञात चोरों ने लोहे का शटर तोड़कर दुकान के अंदर अलमीरा में रखी सोना, चांदी एवं नगदी गायब कर दी। भुक्तभोगी को घटना की जानकारी अल सुबह हुई जब गली से निकलने वालों की निगाह टूटे हुए शटर पर पड़ीए घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत सिंह भी सुबह ही घटनास्थल पर पहुंचे और उन्होंने इसकी जांच के लिए जनपद मुख्यालय से स्वात टीम भी बुलाई जिसने घटना स्थल का विधिवत निरीक्षण कर फोटोग्राफी की और फिंगर प्रिंट भी लिए। बीती रात पड़ रहे घनघोर कोहरे की वजह से गली एवं अन्य दुकानों में लगे सीसीटीवी फुटेज में भी चोरों की तस्वीरें साफ नहीं आ सकी। चोरों ने कोहरे का भरपूर फायदा उठाते हुए घटना को अंजाम दिया। वहीं दूसरी घटना कस्बे चौखड़िया रोड स्थित दिनेश गुप्ता के मकान में सदर दरवा जे का ताला तोड़ते हुए चोर अंदर दाखिल हुए और वहां बोरियों में रखी पीतल सहित अन्य कीमती सामान गायब कर दिए। पुलिस को घटना की जानकारी दे दी गई।

# सरकारी हास्पिटल का कायाकल्प

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** आज से कल को बेहतर बनाने एवं अपने से अधिक दूसरों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से कार्य कर रहे नगर के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रभारी ने अपने सूझबूझ व देशहित की सोच के चलते लगभग डेढ़ शताब्दी पूर्व बने हास्पिटल को प्रकृति की वनस्पतियों, औषधियों से अच्छादित करते हुए हास्पिटल की कायाकल्प कराने का कार्य किया है। जिसका लाभ क्षेत्रवासियों को मिलता रहेगा।

बताते चलें कि वर्ष 2013 में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी के पद पर डा. डीके वर्मा ने कार्यभार संभाला था। उस वक्त हास्पिटल के हालात बद से बदत्तर थे। बारिश के समय हास्पिटल के मुख्यद्वार से अस्पताल की इमारत तक जलभराव की स्थित बनी रहती थी। गंदगी का अंबार था। डेढ़ सौ वर्ष पुरानी इमारत की देखभाल करने वाला कोई नही था। पर श्री वर्मा ने चार्ज लेते हुए समस्याओं पर ध्यान दिया और नगर पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल के सहयोग जलभराव की समस्या का निदान इण्टरलाक लगवाकर कराया। इसके बाद उन्होंने विधायक अरविंद गिरि के सहयोग से हास्पिटल में वार्डों का निर्माण तथा मार्गों पर इंटरलाक का कार्य कराया।

इसी के साथ उन्होने इमारत की रंगरोंगन का कार्य भी कराया। श्री वर्मा ने बताया कि नगर पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल व उनके पति वरुण अग्रवाल के सहयोग से एक हजार लीटर की पानी की टंकी व पाइप लाइन की व्यवस्था कराई गई। जिससे पानी की समस्या का निदान हुआ। उन्होने मरीजों के बैठने के लिए झोपड़ी का भी निर्माण कराया है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डा. डीके वर्मा ने बताया कि मुझे बचपन से ही पौधों से अधिक प्रेम है। हास्पिटल को मैंने प्राकृतिक औषधालय बनाने का कार्य भी किया है। अस्पताल प्रांगण में एलोवेरा, तुलसी, नीम, गिलोय, आवंला, शतावर, सहजन व हरसिंगार सहित तमाम औषधियों के पौधे लगाये हैं। कुछ पौधे कुम्भी प्रभारी डा. गणेश कुमार के सहयोग से मिले हैं। कुछ पौधों को मैंने अपने पैसे से खरीद कर रोपित किया है। उन्होंने बताया कि पौधे लगाने के बाद ट्रीगार्ड नगर पालिका अध्यक्ष के सहयोग से प्राप्त हुए है। इस प्रकार उन्होंने अपनी डयूटी पूरी निष्पक्षता व ईमानदारी से की है और करते रहेंगे।

# जेल से रिहा हुए प्रदर्शनकारी



संवाददाता। गोला गोकर्णनाथ-खीरी।

**समाजवादी पार्टी** के राष्ट्रीय अध्यक्ष उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के आवाहन पर गोला गोकरननाथ में किसानों के समर्थन में आंदोलन करने जा रहे सपा नेताओं को भारत बंद के समर्थन में प्रदर्शन करने से पहले ही सोमवार पुलिस प्रशासन ने घर जाकर गोला कोतवाली लेकर पूरा दिन नजरबंद कर शाम को सभी नेताओं को जेल भेज दिया था। सपा नेताओं का कहना है कि किसान यात्रा के मद्देनजर रात से ही प्रशासन हम लोगों की तलाश कर रहा था। कार्यक्रम के पहले से ही समाजवादियों को प्रशासन द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया। मौजूदा सरकार के दवाब में पुलिस प्रशासन ने द्वेष भावना रखते हुए हम लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। सरकार समाजवादियों से इतनी डरी हुई हैं कि हम लोगों को किसानों की सम्मान यात्रा तक नहीं निकलने दी गई। जेल जाने वाले आंदोलनकारी वारिस अली अंसारी, पंकज लाला, आकाश लाला, रजत गुप्ता, प्रभात गुप्ता व आरिफ अंसारी रहे। सपा नेता वारिस अली अंसारी ने कहा कि समाजवादी पार्टी किसानों के हित में खड़ी है। सरकार बिना किसानों की राय लिए उनके लिए जो भी कानून बनाए हैं वह किसानों के हित में नहीं है। यह कानून सिर्फ और सिर्फ धनवान सेठों को ही फायदा पहुंचाएंगे।

किसानों को नहीं यह सरकार किसानों की उनकी उपज का कोई भी फसल पर समर्थन मूल्य नहीं दे रही है। सरकार किसानों की आवाज दबा रही है और हम सभी समाजवादी साथी ऐसा नहीं होने देंगे।

# ज्वलंत समस्याओं को लेकर 26 को बैठक का आयोजन

**लखीमपुर-खीरी।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष जय नारायण तिवारी के निर्देशानुसार आगामी 26 दिसम्बर को प्रस्तावित धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु जन जागरण अभियान एवं कर्मचारियों की ज्वलंत समस्याओं के निस्तारण के बारे में विचार-विमर्श हेतु एक अति आवश्यक बैठक जिला चिकित्सालय के सभागार में आहूत की गयी है। जनपद खीरी के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह एवं मंत्री डा. सहदेव सचान ने राज्य कर्मचारीजनपद खीरी के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह एवं मंत्री डा. सहदेव सचान ने राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के समस्त सहयोगी संगठनों के पदाधिकारियों एवं सदस्यों से अधिक से अधिक संख्या में बैठक में प्रतिभाग करने की अपील की है।

# डीएम ने स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति जानी, दी हिदायत

संवाददाता । लखीमपुर-खीरी।




**बुधवार की** देर शाम डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता एवं सीएमओ डा. मनोज अग्रवाल की उपस्थिति में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक के आरंभ में सीएमओ डा. मनोज अग्रवाल ने बैठक के एजेंडा बिंदु सहित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों के संबंध में अद्यतन स्थिति से अवगत कराया। बैठक में जिला स्तर पर विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों में स्वास्थ्य संकेतकों की अद्यतन स्थिति एवं प्रगति पर बिंदुवार समीक्षा हुई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि पूरे स्वास्थ्य महकमे को डिजिटल प्लेटफार्म से जोड़ते हुए फील्ड में एक्टिवेट करें, स्वास्थ्य संकेतकों में बेहतर परफॉर्मेंस दिखाएं। उन्होंने कहा कि फील्ड में बेहतर काम करने वाली आशा संगिनियों को सम्मानित करते हुए उनका मनोबल बढ़ाया जाए। सभी अधीक्षक लीडरशिप रोल लेते हुए अपने-अपने ब्लाक में स्वास्थ्य संबंधी शासकीय योजनाओं का जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन सुनिश्चित कराते हुए इसकी डेली मानीटरिंग करें। स्वास्थ्य संकेतकों में उत्कृष्ट रैंकिंग वाले चिकित्सा अधिकारियों की डीएम ने सराहना की एवं रैंकिंग में फिसड्डी रहे। चिकित्सा अधिकारियों को बेहतर काम करने वाले चिकित्सा अधिकारियों का अनुकरण करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य कार्यक्रमों में फिसड्डी रहे चिकित्सा अधिकारी अपने कार्यों में तेजी लाएं एवं स्वास्थ्य कार्यक्रमों में अपनी स्थिति को बेहतर बनाएं।

उन्होंने कहा कि आशाओं के भुगतान समय से किया जाए। उन्होंने कहा कि ब्लॉक के स्तर पर स्वास्थ्य व्यवस्था की जिम्मेदारी संबंधित एमओआईसी के कंधों पर है। उन्होंने कहा कि एक बेहतर कार्ययोजना के साथ टीम भावना से स्वास्थ्य संकेतको में उत्कृष्ट प्रदर्शन करें। डीपीओ संजय कुमार निगम ने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की पात्रता एवं योजना की बारीकियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। श्री निगम ने बताया कि चिकित्सालय में जन्म लेने वाली कन्याओं को इस योजना से लाभान्वित कराए जाने में आप बड़ी भूमिका है।डीएम ने बैठक में चिकित्सालयो में ओपीडी की अद्यतन स्थिति, आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत आयुष्मान कार्डों का वितरण एवं उसके सापेक्ष उपचारित लाभार्थियों की अद्यतन स्थिति, जन्म पंजीकरण, स्टिलबर्थ रेश्यो, जननी सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, संस्थागत प्रसव, राष्ट्रीय दृष्टिहीनता निवारण कार्यक्रम, राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम, वेक्टर जनित रोग, न्यूबॉर्न स्टेबलाइजेशन यूनिट सहित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की बिंदुवार समीक्षा की एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में एसीएमओ डा. आरपी दीक्षित, डा. अश्विनी, डा. रविंद्र शर्मा, डा. संतोष चक, सीएमएस डा. आरसी अग्रवाल व डा. नसरीन सहित सभी एमओआईसी मौजूद रहे।

# बाइक की टक्कर से साइकिल सवार घायल

संवाददाता। मैलानी-खीरी



**शासन के** लाख कोशिशों के बावजूद ओवर लोड व तेज रफ्तार का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा। जिम्मेदार अधिकारियों की मिलीभगत से जारी निरन्तर घटनाओं का सिलसिला चल रहा है। इसके बावजूद वह अंजान बने रहते हैं। ताजा मामला मैलानी क्षेत्र का है। यहां एक बाइक सवार ने साईकिल सवार को जबरदस्त टक्कर मार दी। साईकिल सवार जख्मी हो गया है।

मैलानी से खुटार रोड पर गदनिया जंगल का है। यहां पचपन वर्ष के राजदेव निवासी नकाहघाट थाना मैलानी जिला खीरी घर से मैलानी खाद लेने आ रहे थे। तभी मैलानी से खुटार की तरफ जा रहे बाइक सवार ने राज देव को जोरदार टक्कर मार दी। इससे उसके हाथ, कमर व शरीर के कई अंगों में चोटें आई हैं। तत्काल राहगीरों द्वारा घायल को इलाज के लिए निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया। जहां उसका उपचार जारी था। घटना की परिजनों ने पुलिस को दे दी है। बाइक सवार घटना के बाद से मौके से फरार हो गया। सब कुछ जानते हुए भी अंजान बने हुए हैं।

## क्विक न्यूज

### कृषि बिल के विरुद्ध सपा ने निकाली किसान यात्रा



**संडीला (हरदोई)।** कृषक बिल के विरोध करते हुए सपा ने किसान यात्रा का आयोजन कर केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की नीतियों की तीखी आलोचना की। सपा विधानसभा अध्यक्ष आर पी यादव के नेतृत्व में लखनऊ रोड पर गिरजा पेट्रोल पम्प के पास से किसान यात्रा निकाली गयी। इस अवसर पर पूर्व एमएलसी अवध कुमार सिंह बागी समेत तमाम सपा नेताओं ने केन्द्र की भाजपा सरकार द्वारा लागू की गयी। कृषि नीति की तीखी आलोचना करते हुए इसे कृषि क्षेत्र को कारपोरेट के हाथों सौंपने और किसानों को अपने ही खेतों में मजदूर बना देने का प्रयास का आरोप लगाया। इस रैली में नगर अध्यक्ष अकील अंसारी के अलावा मुकेश यादव, विशाल अर्कवंशी, छत्रपाल, अमन त्रिपाठी, सरवर गाजी, कौशल मौर्य आदि तमाम सपा नेतागण मौजूद रहे। बाद में पुलिस ने इस रैली को रोक लिया। इस अवसर पर सपा नेताओं ने राष्ट्रपति को सम्बोधित एक ज्ञापन भी सौंपा।

### फूड सेफ्टी आन व्हील को एसडीएम ने दिखायी हरी झण्डी

**संडीला (हरदोई)।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन द्वारा मौके पर ही खाद्य पदार्थों में मिलावट में जांच के लिए चलाये गये वाहन फूड सेफ्टी आन व्हील को एसडीएम ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। एसडीएम मनोज कुमार श्रीवास्तव ने इस वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करते हुए कहा कि इससे मिलावट करने के वालों के विरुद्व मौके पर ही तत्काल सूचना मिलते ही जांच की जा सकेगी।इस अवसर पर अभिहीत अधिकारी सतीश कुमार, खाद्य सुरक्षा अधिकारी रामकिशोर, अनिरुद्ध गंगवार, खुशीराम, अजीत सिंह के अलावा खाद्य विश्लेषक डा चंद्रजीत यादव तथा अभिहीत अधिकारी हरदोई सतीश कुमार मौजूद रहे।

### नवजात कन्या को जंगल में फेंका

**संडीला (हरदोई)।** एक नवजात कन्या को उसकी निर्मम जन्मदाता ने मरने के लिए जंगल में फेंक दिया। जिसें बाद में चाइल्ड लाइन को सौंपा गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना कासिमपुर के अर्न्तगत् ग्राम संतोखा गांव के बाहर युक्लेप्टिस के बाग में एक बच्चे के रोने की आवाज ग्राम निवासी कल्लू की पत्नी निर्मला ने सुनी। जब वह तलाश करते हुए बाग के अन्दर गयी तो उसे एक बच्ची पेड़ के नीचे रोती हुई मिली। बाद में इस मामले की सूचना पुलिस को दी गयी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा चाइल्ड लाइन हरदोई को बच्ची के मिलने की सूचना दी। बाद में इसी संस्था के लोग लिखा पढ़ी के बाद उसे लेकर हरदोई चले गये।

### दामाद पर लगाया ससुर की हत्या का आरोप

**बरेली।** लगभग 1 साल से दामाद के घर रह रहे बुजुर्ग की मौत के बाद उसके भतीजे ने दामाद पर हत्या का आरोप लगाया। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी।शाहजहांपुर से पुवायां निवासी राम रहीम पुत्र ठाकुर दास की फतेहगंज पूर्वी थाना क्षेत्र के गांव गोटिया में अपनी बेटी कमला के घर पर बीती रात मौत हो गई। तब मृतक के भतीजे महेंद्र ने कमला के पति पर 3 एकड़ जमीन के लालच में हत्या का आरोप लगाया। घर वालों ने बताया कि राम रहीश के कोई भी बेटा नहीं था और उसने अपनी जमीन बेटी कमला के नाम कर दी थी और वहीं रह रहा था। शिकायत दर्ज होने पर पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी।

### नशे के आदी युवक की लाश मिली

**बरेली।** नशे के आदी एक युवक की लाश घर से दूर पाई गई। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।अलीगंज थाना क्षेत्र में रमपुरा खुर्द गांव में रहने वाले 30 वर्षीय फरमान पुत्र मोहम्मद यासीन की लाश आज सुबह घर से दूर मझगवां ब्लॉक में पेट्रोल पंप के पास सड़क किनारे पाई गई। मृतक के घर वालों ने बताया कि फरमान तमाशा दिखाता था और कुछ समय से वह नशे का आदी था। वह नशे का इंजेक्शन लगाता था।

### कार की चपेट में आकर रोजगार सेवक घायल

**संडीला (हरदोई)।** तेज गति से आ रही कार की चपेट में आकर रोजगार सेवक घायल हो गये। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सभा मीतों के रोजगार सेवक धर्मवीर यादव अपनी बाइक से शीतला मंदिर रोड से शहर के अन्दर आ रहे थे। वहीं पानी की टंकी के पास तेज गति से आ रही कार ने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे रोजगार सेवक घायल हो गये और उनकी बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी। इस घटना की रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है।

# सपाइयों ने साइकिल यात्रा निकाल कर गिनाईं किसान बिल में खामियां



**हुसैनगंज ( फतेहपुर )।** किसान बिल के विरोध में आज समाजवादी पार्टी के विधानसभा में प्रभारी अरूणेश पांडेय, जिलाध्यक्ष विपिन सिंह यादव व कृष्ण कुमार सिंह यादव रुक्कू, रामबाबू यादव महासचिव विधानसभा के नेतृत्व में साइकिल यात्रा निकाली गई। जिसमें साइकिल यात्रा प्रारंभ हुई जो ग्राम सिठौरा से होती हुयी जो गौरी, गोकुलपुर, चक इटैली, इटैली, नरौली, पतरिया, अस्तुपुर, पट्टीशाह, कसेरूआ होते हुए इटैली में वापस जाकर समाप्त हुई। पार्टी जिलाध्यक्ष जिस-जिस गांव से गुजरे गांव के किसानों को सरकार के बिल के बारे में बताते हुए बताया कि सरकार सब किसानों की जमीन छीनने में लगी है। जिसके विरोध में सब लोग एक होकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के हाथों को मजबूत करना है और किसान बिल वापस कराना है। जिसके लिए सभी को एक होकर के आंदोलन को मजबूत बनाना है। इस दौरान रुक्कू यादव ने किसानो को किसान बिल से किसानों को होने वाली समस्याओं के बारे में बताया। इस मौके पर रोहित यादव, प्रिंस गौतम, अनोखे लाल, मनीष कुमार, नीरज यादव, अजय यादव, अनिल वर्मा, प्रतीक यादव, गोलू तिवारी, मोनू चौधरी, सुशील यादव, समर सिंह, सोनू चौहान, दिनेश पासवान, अशोक पासवान, राजेंद्र पासवान, चंद्रेश कुमार मौर्य, कमलेश पासवान, अयोध्या प्रसाद, रामाआसरे, अनूप सिंह, नंदलाल सिंह, मन्नू सिंह यादव, शैलेंद्र पाल सोनकर, रमेश यादव, पप्पू यादव, अनूप सिंह परिहार, अखिलेश यादव, मोनू मौर्य, आलोक मौर्य, धर्मेंद्र यादव, अवधेश कुमार, धर्मेंद्र मौर्य, राजकरण यादव, अंकित यादव, मुन्नू सिंह यादव, राम बाबू, बाबू यादव, उमाकांत गुप्ता, दिवाकर शुक्ला, अवधेश सिंह यादव, सैयद हुसैन, अमित पाठक, कुलदीप सिंह यादव, सागर सिंह, दीपक यादव, अभिषेक आदि मौजूद रहे।

# भैंस के आगे बीन बजा कर कृषि कानून पर जताया विरोध



**बिंदकी ( फतेहपुर )।** समाजवादी पार्टी के लोगों ने भैंस के आगे बीन बजा कर केंद्र द्वारा लाए गए कृषि कानून का विरोध जताया और जमकर नारेबाजी की। बाद में एक रैली निकाली गई जो क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर से गुजरी इस बीच कई स्थानों पर नुक्कड़ सभा भी की गई। जिस पर सरकार द्वारा लाए गए कृषि कानून पर जमकर नाराजगी जताई गई और कहा कि यदि यह कानून वापस नहीं लिया जाता तो निश्चित रूप से विभिन्न तरीकों से आंदोलन जारी रहेगानगर के रामलीला मैदान में सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रामेश्वर दयाल दयालू के नेतृत्व में भारी संख्या में सपाई कार्यकर्ता व समर्थक तथा ग्रामीण एकत्र हुए। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष ने भैंस के आगे बीन बजा कर केंद्र सरकार द्वारा लाए गए इस कानून का विरोध जताया और कहा कि केंद्र सरकार वर्तमान समय में भैंस की तरह ही है जिसके सामने लगातार पूरे देश में विरोध प्रदर्शन चल रहा है लेकिन सरकार के कानों में जूं नहीं रेंग रही यदि यही स्थिति रही तो पूरे देश में आंदोलन और तेज होगा और हर हाल में सरकार को कृषि कानून वापस लेना होगा। बाद में नारेबाजी करते हुए पैदल और चार पहिया वाहन से रामलीला मैदान से तहसील रोड अस्पताल रोड होते हुए ललौली चौराहा पहुंचे। यहां से ललौली रोड होते हुए पूर्व जिलाध्यक्ष तथा पूर्व जिला महासचिव महेंद्र बहादुर सिंह बच्चा सहित सभी लोग बाइक व चार पहिया वाहन में सवार हो गए और भवानीपुर गांव पहुंचे जहां पर एक नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। उसके बाद रैली अमेंना, दरियापुर गांव होते हुए जोनिहा कस्बे पहुंची जहां पर एक नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। यहां भी पार्टी के नेताओं ने कृषि कानून के विरोध में जमकर नाराजगी जाहिर की। इसके बाद यह रैली दलेल खेड़ा, केवई, बरहट, लालपुर, मंडराव, ललियापुर तथा फरीदपुर गांव होते हुए वापस रामलीला मैदान पहुंची। इस मौके पर अजीत पटेल, संजय यादव, कामता यादव, सियाराम यादव, अनिरुद्ध यादव, दानिश खान, सभासद राहुल गुप्ता, सभासद कमलेश गुप्ता, इमरान नेता, नसीम राइन, यूनुस खान, रफत हुसैन आदि मौजूद रहे।

# अन्तर्जनपदीय चोर गिरोह का हुआ खुलासा, आधा दर्जन गिरफ्तार

संवाददाता। फतेहपुर



**पुलिस** अधीक्षक सतपाल अंतिल के दिशा निर्देशन पर अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी सदर द्वारा अपराधियों पर छेड़े गये अभियान के तहत मुखबिर की सटीक सूचना पर बेरूईहार पावर हाउस के समीप कटीले बबूल के टीले के पास कुछ लोग चोरी की वारदात की योजना बना रहे हैं। जिस पर कोतवाली व स्वाट टीम ने छापा मारकर अवैध तमंचा, बमों व नकदी बरामद करते हुए अर्न्तजनपदीय चोर गैंग का पर्दाफाश करते हुए छः लोगों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से दो अवैध तमंचा, आठ देशी बम व 9800 रूपये बरामद हुए हैं। पुलिस लाइन के सभागार में पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने बताया कि आज सुबह मुखबिर की सूचना पर कोतवाली प्रभारी रवीन्द्र श्रीवास्तव, उपनिरीक्षक अनिरूद्ध द्विवेदी चौकी बाकरगंज, उपनिरीक्षक शैलेन्द्र यादव, कां. विष्णुदेव सिंह, कां. अभिजीत यादव, कां. राजकमल वर्मा व महिला कां. वर्षा एवं स्वाट टीम के प्रभारी उपनिरीक्षक विनोद कुमार मिश्रा, उपनिरीक्षक विपिन कुमार, कां. पंकज सिंह, कां. अतुल त्रिपाठी, कां. इन्द्रजीत व कां. अजय कुमार आज सुबह क्षेत्र में अपराधियों की टोंह में गश्त कर रहे थे। तभी मुखबिर की सटीक सूचना पर बेरूईहार पावर हाउस के समीप सूचना मिली की कुछ लोग बबूल के कटीले टीले के पास बैठे चोरी की योजना बना रहे हैं। जिस पर कोतवाली प्रभारी व स्वॉट टीम हरकत में आते हुए मौके पर पहुंच घेराबंदी करते हुए मौजूद आधा दर्जन लोगों को हिरासत में ले लिया। जिनके कब्जे से दो 315 बोर का तमंचा, आठ जिन्दा देशी बम व 9800 रूपये बरामद हुए हैं। पुलिस की गिरफ्त में आये अकरम पुत्र मेंहदी हसन, सद्दाम पुत्र खुर्शीद, तसलीम पुत्र वसीम, मोजिम पुत्र मेंहदी हसन निवासी हमीदाबाद थाना विलासपुर व फिरोज पुत्र रिहासत निवासी केरमचा थाना मिलख जनपद रामपुर बताया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पकडे गये आरोपी शातिर किस्म के हैं। जो जनपद सहित अन्य जनपदों में अपराध को अंजाम देते हैं। उन्होने बताया कि पूंछतांछ के दौरान उन्होने बताया कि वह अपने गैंग के साथ रोडवेज बस, मैजिक व ई-रिक्शा में घूम-घूमकर दिल्ली, उत्तराखण्ड व प्रदेश के अन्य जनपदों में जेब काटने तथा चोरी करने का काम करते थे।

# छात्राओं ने मानवाधिकार की रक्षा के लिए किया जागरूक

संवाददाता। फतेहपुर

**डॉ0 भीमराव अम्बेडकर** राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा मानवाधिकार दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत समस्त महाविद्यालय परिवार एवं छात्राओं द्वारा मानवाधिकार सम्बंधी शपथ ली गयी और छात्राओं द्वारा मानवाधिकार की रक्षा हेतु सबको जागरूक करने के लिए भव्य रैली निकाली गयी। तत्पश्चात् मानवाधिकार विषय पर एक क्विज़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं ने बढ़-चढकर भाग लिया। क्विज़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर एम0ए0 तृतीय सेमेस्टर की मीमताज़ रेशमी एवं फूल फात्मा रहीं।

द्वितीय स्थान पर मीमताज़ शिफा बी0ए0 तृतीय वर्षर हीं और तृतीय स्थान पर शालिनी कुमारी मौर्य एम0ए0 तृतीय सेमेस्टर, सृष्टि तिवारी बी0ए0 प्रथम वर्ष, प्रियंका वर्मा एम0ए0 तृतीय सेमेस्टर रहीं। जनमानस को मानवाधिकार के प्रति जागरूक करने के लिए छात्राओं ने स्लोगन एवं पोस्टर भी बनाये। इसी क्रम में महाविद्यालय की एनसीसी यूनिट द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा के अन्तर्गत एक रैली का आयोजन भी किया गया। एनसीसी कैडेट्स ने राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के गेट पर जाकर झाड़ू लगाकर एवं कूड़ा बिन कर स्वच्छता का संदेश दिया।

इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ0 अपर्णा मिश्रा ने कहा कि स्वच्छता ही स्वस्थ एवं निरोगी शरीर का आधार है तथा मानवाधिकार दिवस पर बोलते हुए प्राचार्या ने कहा किस भी को अपने अधिकारों का अवश्य ज्ञान होना चाहिए और अधिकारों के हनन पर अपनी आवाज अवश्य उठाना चाहिए तथा अधिकारों के साथ-साथ अपने कर्तव्यों को भी जानना आवश्यक होता है।

इस अवसर पर राजनीति विज्ञान प्रभारी डॉ0 शकुन्तला, डॉ0 लक्ष्मीना भारती, एनसीसी प्रभारी डॉ0 अजय कुमार, डॉ0 सरिता गुप्ता, डॉ0 शोभा सक्सेना, डॉ0 प्रशान्त द्विवेदी, डॉ0 प्रतिमा गुप्ता, बसन्त कुमार मौर्य, श्रीमती विदेह वर्मा, अशोक कश्यप एवं श्रीमती शोभा शर्मा आदि उपस्थित रहीं।

# शादी समारोह में गये युवक की हत्या

संवाददाता। बकेवर



**पत्नी के** साथ साली की शादी में शामिल होने गये युवक की ईंट से कुचल कर गांव के ही एक नामजद शराबी युवक ने हत्या कर दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी शराबी को घटना स्थल से ही गिरफ्तार कर लिया है। हत्या की वजह शराब पीने के बाद दोनों के बीच झगड़ा होना बताया गया है।बकेवर कस्बे के औरैया रोड स्थित किदवईनगर निवासी 37 वर्षीय आनंदपाल उर्फ बबलू बुधवार की दोपहर अपनी पत्नी सुनीता के साथ मोटर साईकिल पर सवार होकर थाना क्षेत्र के ग्राम सुनवर्षा निवासी मोसिया ससुर भारत सिंह पाल की पुत्री की शादी मे शामिल होने गया था ।जहां कि वह रात साढ़े दस बजे तक शादी समारोह में मौजूद रहा इसके बाद वह लापता हो गया । गुरुवार की सुबह उसका शव गांव के बहार ब्रहम्मादीन पाल के अधबने मकान के बहार सड़क पर लावारिस अवस्था मे पड़ा मिला उसके सिर और मुह पर गंभीर चोटों के निशान थे ।वही शव के पास उसकी मोटरसाइकिल भी खड़ी हुई थी। गांव के लोग जब सुबह जागे और तो उन्होंने खून से लथपथ अज्ञात शव देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी जिसपर प्रभारी निरीक्षक अंजन कुमार सिंह पुलिस के साथ पंहुचे और उसकी शिनाख्त कराई तो मृतक की पत्नी सुनीता ने उसकी पहचान अपने पति आनंद उर्फबबलू के रुप में की और यह भी बताया कि मृतक अपने गले में सोने की बीस ग्राम बजन की जंजीर और दो अंगूठियां भी पहने हुए था। जो कि गायब है। शव की शिनाख्त होते ही इस घटना की सूचना प्रभारी निरीक्षक अंजनी कुमार सिंह ने अपने उच्च अधिकारियों को भी दी जिसपर अपर पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह पुलिस उपाधीक्षक चन्द्रपाल सिंह डॉग स्क्वायड टीम के साथ घटना स्थल पर पंहुचे और बारीकी से जांच की तो जिस अधबने मकान के सामने मृतक का शव पड़ा था उस मकान के कमरे के बहार भी मृतक का खून पड़ा हुआ था जिसपर यह स्पष्ट हो गया कि आनंद उर्फबबलू की हत्या ब्रहम्मादीन के अधबने मकान मे की गयी थी । जांच के दौरान पुलिस ने जब अधबने मकान के कमरे की कुंडी बहार से खुली देखी तो पुलिस ने दरवाजे को बहार से ठेलकर अंदर गयी तो कमरे के अंदर अधबने मकान के मालिक ब्रहम्मादीन बाबा का पुत्र श्याम नशे की हालत में बेसुध पड़ा हुआ था और उसके पहने गये कपड़ो पर भी खून के छींटे पड़ हुऐ थे। उधर पुलिस ने मृतक का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा वहीं आरोपित को हिरासत मे लेकर थाने आयी जहां कि पुलिस उससे पूछताछ कर रही है । वही मृतक की पत्नी सुनीता ने इस घटना के संबंध में पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया जिसमे उसने अपने पति की हत्या का आरोप पुलिस हिरासत मे लिए गये श्याम सिंह पर लगाया है पुलिस ने मृतक की पत्नी के द्वारा दिये गये प्रार्थना पत्र के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है।

## तिलक समारोह में तमंचे से हर्ष फायरिंग, युवक को लगी गोली

**अमृतपुर फर्रुखाबाद।** बीती रात तिलक समारोह में हुई हर्ष फायरिंग से युवक गोली लगने से घायल हो गया। उसे लोहिया अस्पताल में भर्ती किया गया। थाना क्षेत्र के ग्राम हुसैनपुर राजपुर निवासी रैवारी राठौर के पुत्र महिपाल का विवाह जनपद हरदोई के लोनार बूटामऊ निवासी रिखराज की पुत्री से तय हुआ था। बीती रात तिलक समारोह का आयोजन था। बधू पक्ष से तकरीबन 20 परिजन तिलक समारोह में पंहुचे। जहाँ तिलक का आयोजन शुरू हुआ। अचानक ग्राम कुम्हरौर निवासी नन्हे पुत्र जगदीश नें अपने 315 बोर के तमंचे से हर्ष फायरिंग की। जिससे गोली पास खड़े राजू पुत्र सीताराम श्रीवास्तव के कंधे पीछे गोली लगी। घायल राजू के भाई सुनील कुमार नें पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष जसबंत सिंह फोर्स के साथ आ गये। घायल राजू को परिजन उपचार के लिए लोहिया अस्पताल लेकर पंहुचे। जहाँ उसका उपचार किया गया। गुरुवार को पुलिस उपाधीक्षक अजेय कुमार शर्मा भी घटना स्थल पर पंहुचे और जाँच पड़ताल की। सीओ नें बताया कि घायल राजू के भाई सुनील की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी की तलाश की जा रही है।

## वाहन की टक्कर से महिला घायल

**फर्रूखाबाद।** राजेपुर थाना क्षेत्र के अन्तर्गत इटावा-बरेली हाईवे नया गांव के निकट सड़क पार करते समय अज्ञात वाहन की चपेट में आने से महिला गम्भीर रूप से घायल हो गयी। घायल महिला को 108 एंबुलेंस से राजेपुर समुदाय स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने पूजा पत्नी मनोज निवासी नयागांव बस से उतरकर अपने गांव की ओर सड़क पार कर रही थी। तभी हुल्लापुर की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार वाले एक अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार टक्कर दी। जिससे महिला 100 मीटर तक सड़क पर घसीटती हुई सड़क किनारे जा गिरी। ग्रामीणों ने महिला को उपचार के लिये 108 एंबुलेंस को सूचना दी। राजेपुर समुदाय स्वास्थ्य केंद्र डॉक्टर प्रमीत राजपूत ने महिला का प्रथम उपचार कर हालत गम्भीर होने पर उसे फर्रूखाबाद के डॉ0 राममनोहर लोहिया अस्पताल के लिये रेफर कर दिया। घटनास्थल पर मौके से अज्ञात वाहन चालक सहित फरार हो गया।

## क्विक न्यूज

### आग लगने से घर का सामान राख

**इटावा।** बकेवर थाना क्षेत्र के अंतर्गत कथुआ बकेवर में रहने वाली सीता देवी पत्नी विजय कुमार निवासी मुंशी लाल भट्टे के पीछे द्वारा जिला अधिकारी को एक लिखित ज्ञापन दिया जिसमें उसने अवगत कराया कि वह बहुत ही गरीब महिला है बीते कुछ दी पूर्व जब वह शादी समारोह में गई थी तो उसकी झोपड़ी में आग लग गई जिससे उसका घर का सारा सामान जल कर राख हो गया पीड़ित महिला द्वारा सरकार से आर्थिक मदद दिलाने की मांग की ।

### कार ने मारी टक्कर, वृद्धा की घटनास्थल पर मौत

**जसवंतनगर।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत हाइवे पर नगला कन्हई के समीप एक कार की टक्कर से 55 बर्षीय महिला की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। गुरुवार की शाम लगभग 3 बजे जसवंतनगर की तरफसे इटावा की तरफजा रही एक जैन स्टीरियो कार का अगला टायर फट गया जिससे बह अनियंत्रित हो गई और सड़क पर ही खडी ग्राम हिरनाहर पोस्ट मलाजनी थाना जसवंतनगर निवासी जमुना देवी पत्नी मोहर दल के जोर की टक्कर लगी जिससे उसकी सिर में चोट आई और उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह मय फोर्स के वहा पहुंचे ओर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है।

### जमीन पर कब्जा करने का प्रयास

**भरथना।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नगला भोज कुर्रा में दबंगों द्वारा जमीन पर कब्जा करने का प्रयास किया जिसको लेकर पीड़ित महिला लाडन देवी पत्नी सुरेंद्र पाल सिंह द्वारा जिला अधिकारी को एक लिखित ज्ञापन दिया जिसमें उसने अवगत कराया की गांव के ही कुछ दबंग लोग उसकी जमीन पर कब्जा करना चाहते हैं जिसको लेकर उसने कई बार पुलिस से शिकायत की पर पुलिस द्वारा उसकी किसी प्रकार की मदद नहीं की गई।

### भवन निर्माण पर लगाई रोक,जिलाधिकारी को दिया ज्ञापन

**इटावा।** चकरनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नगला जोर निवासी सन्तोष कुमार दीक्षित गुरु दयाल दीक्षित ने जिला अधिकारी को एक लिखित ज्ञापन दिया जिसमें उन्होंने अवगत कराया कि उनका पैतृक मकान टूट फूट गया है उसे बनवाना चाहते पर पड़ोस के रहने वाली दबंग लोग पुलिस से साठगांठ कर कर मकान को नहीं बनने दिया है जिसके लिए उसने कई बार लिखित प्रार्थना पत्र सीओ चकरनगर तथा उच्च अधिकारियों को दिए जा चुकी है पर कोई भी उनकी सुनवाई नहीं कर रहा और दबंग लोग उन्हें जान से मारने की धमकी नहीं दे रहे हैं पीड़ित द्वारा माननीय मुख्यमंत्री के पोर्टल पर शिकायत भी दर्ज कराई है पर अभी तक उसकी कोई सुनवाई नहीं हुई।

### सातनपुर मंडी में गिरे आलू के दाम

**फर्रुखाबाद।** आलू का दाम लगातार गिरने से किसान को चिंता सताने लगी है। गुरुवार को आलू 200 रुपये पैकेट लुढक गया। आवक भी कई गुना बढ़ी है। गुरुवार को शहर की सातनपुर मंडी में आवक लगभग 215 ट्रक हुई। जिससे आलू मंडी वाहनों से पटी हुई नजर आयी। आलू आवक अधिक होनें से 200 रूपये पैकेट लगभग कम हो गया। आलू 751 रूपये 850 रूपये पैकेट प्रति बोरा बिक्री हुआ।

### दुर्घटनाओं में दो बाइक सवार घायल

**कायमगंज/फर्रुखाबाद।** फर्रुखाबाद के मोहल्ला अंगूरी बाग निवासी राजेश पुत्र विश्राम कायमगंज किसी काम से आए थे। बाइक से वापस जाते समय किसी अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के लिए कायमगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां सूचना पर आए घायल के परिजन उसे लेकर फर्रुखाबाद चले गए । उधर गत रात कायमगंज के निकट बसे गांव लालबाग निवासी 28 वर्षीय बाबू खां टीपी चौराहा के पास बाइक से जाते समय किसी अज्ञात चौपहिया वाहन की चपेट में आकर घायल हो गए। उपचार के लिए नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां उनका उपचार जारी है।

### खाया जहर हालत गंभीर

**कायमगंज/फर्रुखाबाद।** किसी कारणवश गृह कलह से खिन्न होकर जनपद एटा थाना अलीगंज के गांव फरसोली निवासी 28 वर्ष राजेश पुत्र सियाराम ने विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया । हालत गंभीर होने पर घबराए परिजन उसे उपचार के लिए कायमगंज नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। यहां से उसे डॉ राम मनोहर लोहिया अस्पताल फर्रुखाबाद के लिए रेफर कर दिया गया।

### हिमांशु दुबे बने सेवाश्रम युवा मोर्चा के नगर अध्यक्ष

**इटावा।** सेवाश्रम संगठन की एक बैठक सुरेश आश्रम भरथना में सम संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता तहसील बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी सुरेश चंद यादव एडवोकेट ने की। बैठक में मुख्य रूप से सेवाश्रम प्रमुख चौ0 अमित त्रिपाठी एडवोकेट ने भाग लिया। सेवाश्रम के जिला मंत्री राजेश यादव प्रभारी भरथना की संस्कृति पर जिला प्रभारी राकेश यादव ने सेवाश्रम भरथना के नगर अध्यक्ष अनिल बाबू शाक्य को जिला कमेटी में सचिव पाली ग्राम के प्रधान मनोज यादव को सेवाश्रम भरथना नगर का अध्यक्ष तथा युवा नेता हिमांशु दुबे को सेवाश्रम युवा मोर्चा भरथना का नगर अध्यक्ष मनोनीत किया। इस अवसर पर सेवाश्रम जिला उपाध्यक्ष कैप्टन भैरों सिंह भदौरिया जगदीश बाथम महेंद्र सिंह यादव राजनारायण दुबे जिला कार्यसमिति सदस्य विपिन शुक्ला अरुण दौरे जिला संगठन मंत्री हरगोविंद शाक्य डॉक्टर अवधेश यादव उदय प्रताप यादव प्रभाकर गुप्ता दिवाकर गुप्ता राज किशोर यादव श्री निर्वेश यादव कमलेश सविता समेत बड़ी संख्या में सेवाश्रम कार्यकर्ता उपस्थित रहे नवनियुक्त पदाधिकारियों को सेवाश्रम कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया और शुभकामनाएं प्रदान की ।सेवाश्रम प्रमुख चौधरी अमित त्रिपाठी एडवोकेट ने सभी पदाधिकारियों से समाज सेवा में तन मन धन से जुटने का आह्वान किया ।

### 28 कोरोना पॉजिटिव, संख्या पहुंची 4441

**फर्रुखाबाद।** जिले में 28 कोरोना मरीजों की जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आई है जिससे जिले में कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या 4441 पर पहुंच गई है। कोविड की रोकथाम हेतु डीएम व एसपी अभियान चलाकर आमजनमानस को लगातार जागरुक कर रहे हैं जिससे आम जनमानस को कोरोना जैसी महामारी से बचाया जा सके। जिला मुख्यालय से आई रिपोर्ट के मुताबिक जिले में 28 कोरोना संक्रमित मरीज मिले हैं जिनकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। जिससे जिले में कोरोना संक्रमितों की संख्या 4441 पर पहुंच गई है। वहीं आज एक्टिव मरीजों में इजाफा हुआ है। जिले में आज 103 मरीज एक्टिव हो गये हैं जिनका इलाज चल रहा है। वहीं जिले में स्वस्थ एंव होमआईसोलेशन मरीजों की संख्या 4261 हो गई है। सभी स्वस्थ मरीजों को प्रशासन की निगरानी में उन्हें घर भेज दिया है, वहीं सभी होमआईसोलेट मरीजों का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। जबकि जिले में कोरोना से मरने वालों की संख्या 77 पर पहुंच गई है।

### डीएम के निर्देश पर 762 बनाए गए गोल्डन कार्ड

**कानपुर देहात।** आयुष्मान भारत योजनाए भारत सरकार की एक स्वास्थ्य योजना है। इस योजना के अन्तर्गत आने वाले प्रत्येक पात्र परिवार को पाँच लाख रूपये तक का कैश रहित स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध कराया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत गोल्डेन कार्ड धारक व्यक्ति पाँच लाख रूपये तक का अपना मुफ्त इलाज चुने गये सरकारी/प्राइवेट अस्पताल में करा सकता है। जनपद में गोल्डेन कार्ड बनाये जाने में की जा रही शिथिलता/धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र ने विशेष अभियान चलाकर गुणात्मक प्रगति लाने के निर्देश दिये गये। जिसके क्रम में आज 762 गोल्डेन काडे बनाये गये है। उक्त प्रगति जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, खण्ड विकास अधिकारी व स्वास्थ्य विभाग की टीमों के संयुक्त प्रयास से विशेष अभियान चलाकर किया गया है। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी/प्रभारी चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि प्रतिदिन रणनीति बनाकर समय से टीम को चिन्हित ग्रामों में भेजे तथा इसका व्यापक प्रचार.प्रसार कराते हुए गोल्डेन कार्ड बनाये जाने हेतु प्रतिदिन का लक्ष्य निर्धारित कर उसे पूर्ण कराएं।

## सपा जिलाध्यक्ष के मामले में नामजद 15 आरोपियों को भी हाईकोर्ट से मिली राहत

**फर्रुखाबाद।** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष सहित 18 लोगों पर लिखाये गये मुकदमें में हाई कोर्ट नें बचे हुए नामजद 15 लोगों की गिरफ्तारी पर भी रोंक लगा दी है।

दरअसल बीते 6 नवंबर को शमसाबाद के पूर्व चेयरमैंन विजय गुप्ता नें सपा जिलाध्यक्ष नदीम अहमद फारुखी सहित 18 लोगों को नामजद के साथ ही 500 अज्ञात लोगों के खिलाफ धारा 147, 149, 153 ए, 269, 270, 188, 504, 506, 341, 152, 124ए तथा 7 सीएलए एक्ट व 3 महामारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किए गया था। जिसके बाद सपा जिलाध्यक्ष भूमिगत हो गये थे। सपा जिलाध्यक्ष को हाई कोर्ट ने 24 नवंबर यानी 18 दिनों बाद उनकी गिरफ्तारी पर रोंक लगा दी। पुलिस नें इस मामले में तब तक पुलिस नें शमसाबाद के कोढला निवासी रेहान पुत्र मजर और मुसब्बर को जेल भी भेज चुकी है।

इसके साथ ही बचे हुए 15 आरोपी हाईकोर्ट की दहलीज पर फरियाद लेकर पंहुचे। हाईकोर्ट के अधिवक्ता विजय कुमार महेंद्र नें पैरवी की। जिसके बाद कोर्ट नें बचे हुए 15 नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी पर रोंक लगा दी है।

### इन 18 लोगों के नामजद है मुकदमा

अब्दुल्ला पुत्र मुजाहिद निवासी मोहल्ला शैदबाडा, आजम पुत्र मसूद, मसूद पुत्र मकबूल, सकेबी पुत्र मसूद निवासी ईमली दरबाजा, मेराज व एजाज पुत्र कमर निवासी शेरवानी टोला, धर्मेन्द्र पुत्र महेश चन्द्र निवासी अददुपुर, मुसब्बर व इलू पुत्र बब्बन, गुलजार पुत्र कदीर, शकील उर्फ पप्पू पुत्र जलील, नन्हा पुत्र बन्ने निवासी काजीटोला, गुड्डू पुत्र कादर, नहीम पुत्र लल्ला, रिहान पुत्र रहमत गीर, रेहान पुत्र मजर निवासी कोटला, अदीब पठान पुत्र परबेज निवासी मोहल्ला गढ़ी सहित 500 अन्य अज्ञात के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया था।

## डीआरएम फर्रूखाबाद जंक्शन स्टेशन के विकास कार्यों का करेंगे निरीक्षण

संवाददाता। फर्रूखाबाद

**पूर्वोत्तर** रेलवे इज्जतनगर मण्डल रेल प्रबंधक आशुतोष पंत शुक्रवार 11 दिसम्बर 2020 को फर्रूखाबाद जंक्शन स्टेशन का निरीक्षण करने आएंगे।

रेल सूत्रों के अनुसार इज्जतनगर मण्डल रेल प्रबंधक श्री पंत कल शुक्रवार प्रात: कासगंज जंक्शन स्टेशन से अपनी स्पेशल ट्रेन द्वारा सभी स्टेशनों का विण्डो निरीक्षण करते हुये फर्रूखाबाद जंक्शन स्टेशन पर पहुँचेंगे और करीब एक घण्टे में फर्रूखाबाद जंक्शन स्टेशन के विकास कार्यों का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद वे फर्रूखाबाद से मण्डल की अंतिम स्टेशन रावतपुर तक सभी स्टेशनों एवं ट्रैक विण्डो निरीक्षण करेंगे। इस अवसर पर एसडीआरएम अजय वार्ष्णेय, वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक श्रीमती नीतू व अन्य अधिकारीगण उनके निरीक्षण में मौजूद रहेंगे।

## धूमधाम से मनाया गया मानवाधिकार दिवस




**औरैया।** राष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संस्थान भारत द्वारा गुरुवार को स्थानीय कार्यालय पर विश्व मानवाधिकार दिवस के उपलक्ष्य में सम्मान समारोह और गोष्ठी का आयोजन किया गया आयोजन में मुख्य रुप से मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्राधिकारी औरैया सुरेंद्र नाथ यादव जी मौजूद रहे सर्वप्रथम उन्होंने सरस्वती प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया राष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संस्थान भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवम विश्नोई ने सभी को मौलिक अधिकारों के बारे में बताया और कहा मानवाधिकार जाति धर्म और रंग में भेद नहीं करता मानवाधिकार के तहत सभी समान है सभी को स्वतंत्र रूप से जीने का अधिकार है वही क्षेत्राधिकारी सुरेंद्र यादव ने सभी को जागरूक करते हुए कई मानवाधिकार कानून को समझाया और कहा मैं सभी अधिकारों में शिक्षा के अधिकार को सर्वोपरि मानता हूं क्योंकि बिना शिक्षा के कुछ भी संभव नहीं है अशिक्षित व्यक्ति को बरगला कर गलत कार्य कराए जा सकते हैं। उन्होंने संस्थान के सदस्यों को सम्बोधित करते हुए कहा कि समाज को निरंतर जागरूक करें और सभी को उनके अधिकार बताएं जिससे किसी का उत्पीड़न ना हो। कार्यक्रम में मानवाधिकार संगठन से जुड़े समस्त कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया उनको सम्मान चिन्ह देकर शिवम द्वारा सम्मानित किया गया कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सब इंस्पेक्टर बृजेश भार्गव भी उपस्थित रहे। इस मौके पर आर एम एस पी ग्रुप के सब डायरेक्टर हिमांशु विश्नोई, संस्थान की प्रदेश प्रभारी एकता गुप्ता, जिलाध्यक्ष इन्द्रपाल, महिला जिलाध्यक्ष माया सिंह अजय आनन्द चौधरी, अखिलेश त्रिवेदीए नेहा तिवारी, रजनीश पदमिनी दीक्षित, संजीव पोरवाल तनु दीवाकर, ब्रजेश बंधु, अनामिका पाल, वंदना, कामिनी, लकी पोरवाल, लता, पुष्पेन्द्र कुमार, गोपाल पांडेय, कृष्णकांत चतुर्वेदी, प्रवेश चतुर्वेदी, ओमकान्त तिवारी, विवेक विश्नोई, विमल कुमार दीपक पुरवार, सर्वेश कुमारी पोरवाल, ईशा नागेश बाबू, सरला देवी, मनोरमा, ज्योति तिवारी, सुलोचना सुनील सिंह तोमर, संध्या देवी, प्रभा पाल रामचंद्र विश्नोई, बबीता गुप्ता, अवस्थी, प्रीति सिंह राठौर, भारती पोरवाल, केसर जहां, कैलाश नारायण, कुसुम, रामकुमार पोरवाल, पुष्पा देवी मौजूद रहे ।

## सपा महिला जिलाध्यक्ष धन देवी यादव के नेतृत्व में महिलाओं ने बंद कराया बाजार



**एरवाकटरा/औरैया।** केंद्र सरकार द्वारा लाये गये कृषि बिल कानून का विरोध करने के लिए समाजवादी पार्टी महिला सभा की जिलाध्यक्ष धन देवी यादव ने महिला कार्यकर्ताओं के साथ एरवाकटरा कस्बे में गलियों में घूम घूम कर लोगों को भाजपा सरकार की असलियत बताई और लोगों से 2022 के चुनाव में भाजपा सरकार को सबक सिखाने की अपील की। किसानों के समर्थन में आज समाजवादी पार्टी महिला सभा की जिलाध्यक्ष धन देवी यादव ने एरवाकटरा कस्बे में अपनी महिला कार्यकर्ताओं के साथ घूम घूम कर कस्बे का बाजार बंद कराया तथा दुकानदारों से इस बिल का विरोध करने का आवाहन किया। उन्होंने कहा कि यह बिल पूंजीपतियों को खुश करने वाला है। यदि यह बिल लागू हो गया तो किसान दिहाड़ी मजदूर बनकर रह जाएगा।

सपा महिला सभा की जिलाध्यक्ष धन देवी यादव ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार किसानों से उसका हक छीनने पर तुली है लेकिन समाजवादी पार्टी ऐसा हरगिज़ नहीं होने देगी। उन्होंने कहा कि किसानों के हितों पर कुठाराघात नहीं होने दिया जाएगा। हमारी पार्टी किसानों की हित की लड़ाई जारी रखेगी जब तक की केंद्र की भाजपा सरकार इस बिल में संशोधन करने को राजी नहीं हो जाती ए हौसला बढ़ाते हुए कहा कि आने वाला समय समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं का है। भाजपा की गलत नीतियों से ऊबकर जनता समाजवादी पार्टी की ओर आशा भरी निगाहों से देख रही है। 2022 में अखिलेश यादव के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश में अपनी पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएगी। प्रदर्शन में सपा महिला सभा की जिलाध्यक्ष धन देवी यादव, लालमन सूर्यवंशी,विधानसभा अध्यक्ष रामादेवी पाल, बीडीसी उषा देवी, अनुराधा यादव, कमला देवी ए प्रिया यादव आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## विजयी भाजपा एमएलसी मानवेन्द्र का हुआ स्वागत

संवाददाता। इटावा



**स्नातक** विधान परिषद सदस्य मानवेन्द्र प्रताप सिंह विजयी होने के बाद इटावा आगमन पर सिचाई विभाग के डाक बंगले पर उनका जोश खरोश के साथ पार्टीजनों ने अभूतपूर्व अभिनंदन किया।इस अवसर पर उन्होने कहा कि यह जीत भाजपा कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम के कारण मिली है जिसमे इटावा का बड़ा योगदान है। भाजपा प्रदेश कार्य समिति के सदस्य गोपाल मोहन शर्मा ने कहा कि संगठन की शक्ति ने सारे मिथकों को तोड़कर विधान परिषद मे बिजय प्राप्त कर कीर्तिमान स्थापित किया इसलिए बे सब अभिनंदन के योग्य व देवतुल्य कार्यकर्ता है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष अजय धाकरे ने सभी कार्यकर्ताओं को जीत का श्रेय दिया तथा जिलाध्यक्ष व गोपाल मोहन शर्मा ने प्रतीक चिन्ह शाल भेटकर स्वागत किया। विधायक सावित्री कठेरिया, राजेन्द्र गुप्ता, शिवकांत चौधरी, विमल भदौरिया, अन्नू गुप्ता, मनीष यादव, मुकेश यादव, विक्रम अग्रवाल, करन सिंह, शिवकिशोर धनगर देव प्रताप सिंह, जितेंद्र गोंड, संजू भदौरिया, नीतू मिश्र, विरला शाक्य, विनीता गुप्ता, गुड्डी बाजपेयी, सुलेखा तिवारी, सचेन्द्र सिंह, योगेन्द्र सिंह, अनुग्रहनारायन सेंगर, सुशांत, बंटू चौहान, राजेन्द्र राजपूत, राजेश तिवारी, अनूप जाटव, अखिलेश शर्मा, ब्रजवीर यादव, राहुल यादव, मन्नू यादव सहित सैकड़ों पार्टी के संमानित जनो द्वारा फूलमालाओं से लड़कर सदस्य विधानपरिषद मानवेन्द्र प्रताप सिंह का स्वागत किया गया।

## बेटे के हत्यारों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने को एसपी की चौखट पर पहुंचा पूर्व सैनिक

**कायमगंज/फर्रुखाबाद।** कोतवाली कायमगंज के गांव हजरत पुर निवासी सेवा निवृत्त सैनिक वेदराम शाक्य ने पुलिस अधीक्षक को अपनी पीड़ा बताते हुए एक प्रार्थना पत्र दिया। उसके अनुसार वेदराम का कहना है कि इसी माह की 8 तारीख को उसका बेटा सुरेंद्र सिंह धान फसल की बिक्री करके घर पर आया था। उसी समय शाम लगभग 4:00 बजे जोगेंद्र सिंह व कुल्फसिंह पुत्रगण सूबेदार व विकास पुत्र जोगेंद्रसिंह तथा प्रेमपाल पुत्र कुलुफसिंह उसके घर आए और बहाना बनाकर मेरे बेटे को अपने साथ ले गए। पिता का कहना है कि जब उसका लड़का घर से गया। तो उसके पास एक सेट सैमसंग मोबाइल जिसका नंबर भी उसने दिए गए प्रार्थना पत्र में अंकित करते हुए कहा कि धान बिक्री के 30 हजार भी उसके पास थे ।

जब काफी देर हो गई और मेरा बेटा वापस नहीं लौटा। तब उसकी तलाश की खोजवीन कर ही रहा था कि उसी समय गांव के ही कुछ लोगों ने आकर बताया कि तुम्हारे बेटे को उक्त लोग अपने घर में बंद कर मारपीट करने के बाद गांव के ही रामकिशन के घर के सामने सड़क पर डाल गए हैं। जब हम लोग वहां पहुंचे तो आरोपियों ने हमें धमकी दी कि अगर तूने रिपोर्ट लिखाई तो तुझे भी गोलियों से भून देंगे ।पिता का कहना है कि इन लोगों की मारपीट से मेरे बेटे की मौत हो गई है।

आरोप है कि आरोपियों ने सुरेंद्र के पास का मोबाइल तथा धान बिक्री के रुपए भी छीन लिए और गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। रिटायर्ड सैनिक ने पुलिस अधीक्षक से कहा है कि उसने घटना की सूचना उसी समय कोतवाली कायमगंज को दे दी थी । किंतु उसके बेटे की हत्या करने वालों के विरुद्ध अब तक रिपोर्ट नहीं लिखी गई है। उसने पुलिस अधीक्षक से आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराने एवं अपनी व परिजनों की सुरक्षा करने की गुहार लगाई है।

## जिलाधिकारी ने ईवीएम, वेयर हाउस का किया गहन निरीक्षण

**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी डॉ दिनेश चन्द्र ने माती कलेक्ट्रेट के समीप बने वेयर हाऊस व ईवीएमए वीवीपैड वेयर हाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि शीघ्र ही कार्य खत्म कर गोदाम को निर्वाचन विभाग को सौंपे तथा जहां कही भी फर्स आदि सही नही उसे ठीक कराये इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न की जाये गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाये। ईवीएम वीवीपैड कक्ष का भी जायजा लिया। वहीं जिलाधिकारी ने ईवीएम वीवीपैड गोदाम की दीवार में दरार पाये जाने पर नाराजगी जाहिर करते हुए निर्देशित किया कि शीघ्र ही मरम्मत करायी जाये। इस दौरान उन्होनें वेयर हाऊस मे साफ सफाई के निर्देश दिये। वही निर्वाचन कार्यालय को अपने नये भवन मे शीघ्र स्थापित करने के भी निर्देश दिये। वहीं उन्होंने कहा कि ईवीएम वेयर हाउस के मैदान में मिट्टी डलाकर बराबर कर घास व वृक्ष लगाये जाये जिससे कि आगामी निर्वाचन के कार्य सही प्रकार से सम्पादित हो इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न की जाये। वहीं जिलाधिकारी ने कलेक्टेऊट के समीक्ष साफसफाई व वृक्ष आदि लगवाकर सौन्दरीकरण कराये जाने के निर्देश दिये। इस मौके पर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट राजीव राज, जिला सूचना अधिकारी वीएन पाण्डेय व निर्वाचन विभाग के कर्मचारी आदि मौजूद रहे।

## कौशल विकास मिशन

# छह लाख लाख लोगों को दिए गए प्रमाणपत्र

**कानपुर देहात।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ युवाओं को तकनीकी प्रशिक्षण दिलाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का जो कदम उठाया है, उसमें प्रशिक्षण लेकर बड़ी मात्रा में युवा अपना स्वरोजगार कर रहे हैं और विभिन्न सरकारी, निजी संस्थाओं में नौकरी कर रहे हैं। प्रदेश में बड़ी संख्या में परम्परागत शिल्पकार एवं कुशल कारीगर उपलब्ध हैए जिनके द्वारा उत्पादित सामग्री की देश व प्रदेश में व्यापक मांग है। प्रदेश के कारीगरोंए शिल्पकारों द्वारा कई उत्पादित वस्तुओं का अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में काफी मांग है। किन्तु उत्पादों के शिल्पकारोंए बुनकरोंए कारीगरों के प्रमाणीकरण की समुचित व्यवस्था न होने से बस्तुओं की विक्री में कठिनाई आ रही थीं इन स्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए प्रदेश सरकार ने प्रदेश में पहली बार पूर्वार्जित प्रशिक्षण को मान्यता योजना ;रिकग्निशन आफ प्रायर लर्निंगद्ध आरण्पीण्एलण् के माध्यम से कारीगरों को प्रशिक्षित जाने हेतु आवश्यक स्वीकृति प्रदान कर दी है।आरपीएल (रिकग्निशन आफ प्रायर लर्निंग) कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रदेश के मुख्यमंत्री जी द्वारा किया जा चुका है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत पूर्व में प्रशिक्षित कारीगरों, शिल्पकारों को जिनके उत्पादों का अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता नही थीए उन्हें अल्प अवधि का प्रशिक्षण देते हुए प्रमाण पत्र दिया जा रहा है। कौशल विकास मिशन के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रशिक्षणार्थियों की परीक्षाए मूल्यांकन कराने के उपरान्त ही प्रमाण पत्र प्रदान किया जाता है। आरपीएल योजना के अंतर्गत पूर्वार्जित प्रशिक्षण को मान्यता प्रदान करने के लिए शिल्पकारोंए कारीगरो का भी मूल्यांकन कराते हुए मान्यता प्रमाण पत्र दिया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत प्रशिक्षणार्थियों पर आने वाले व्यय को उ0प्र0 कौशल विकास मिशन के अंतर्गत स्थापित राज्य कौशल विकास निधि द्वारा वहन किया जा रहा है। प्रदेश सरकार का ध्येय है कि प्रदेश के कुशल कारीगरों के उत्पादों की अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता हो और उनकी उत्पादित वस्तुओं को राष्ट्रीय अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की बाजार मिलेए जिससे लोग उनकी वस्तुओं को क्रय करें और उत्पाद करने वाले शिल्पकारों कारीगरों की आर्थिक उन्नति हो सके। सरकार की नीति है कि प्रदेश के युवाओं को हर स्तर पर रोजगार से लगाया जाय। आरपीएल् योजना के अंतर्गत वर्तमान वित्तीय वर्ष में निजी प्रशिक्षण प्रदाताओं को प्रदेश के 75 जनपदों में कुल 5,88,850 प्रशिक्षणार्थियों को अल्प प्रशिक्षण देने का लक्ष्य रखते हुए कार्यक्रम शुरू करा दिये गये हैंए जिसमें 5,68,932 का लक्ष्य निजी प्रशिक्षण प्रदाताओं द्वारा तथा शेष 19918 को राजकीय प्रशिक्षण संस्थाओं द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## राजवीर सिंह को मिला सीओ सिटी का चार्ज, अजेय शर्मा अमृतपुर के सीओ बने



**फर्रुखाबाद।** पुलिस उपाधीक्षक के दो पदों पर बीती रात पुलिस अधीक्षक ने नई तैनाती कर दी। जिससे अब सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रहेगी। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा नें बीती रात पुलिस उपाधीक्षक (सीओ) अमृतपुर के पद पर तबादले पर आये अजेय कुमार शर्मा की तैनाती कर दी। उनके क्षेत्र में थाना अमृतपुर, राजेपुर और कमालगंज है। इसके साथ ही वह प्रधान लिपिक शाखा, भवन, पासपोर्ट सेल, रिट सेल, विशेष जाँच प्रकोष्ट, डीसीआरबी, सम्मन सेल, जन शिकायत प्रकोष्ट, जनसूचना सेल, महिला सम्मान सेल, फिल्ड यूनिट, मॉनिटरिंग सेल, आईजीआरएस, परिवार परामर्श केंद्र का भी कार्यभार देखेंगे। वहीं पुलिस उपाधीक्षक सिटी के पद पर राजवीर सिंह की तैनाती की गयी है। राजवीर अमृतपुर सीओ के अलावा कार्यालय और लाइन का भी चार्ज देख रहे थे। एसपी नें उन्हें सीओ सिटी का चार्ज दे दिया। इसके साथ ही वह अव कोतवाली फतेहगढ़, फर्रुखाबाद, थाना मऊदरवाजा, महिला थाना एवं पुलिस लाइन अपराध शाखा व अभिसूचना इकाई के साथ ही यातायात शाखा का कार्य भी देखेंगें।

# परिषदीय विद्यालयों की दिशा व दशा बदलेगी

- सशक्तिकरण से होगा विद्यालयों में गुणात्मक सुधार: सी एल चौरसिया
- सिलिकॉन वैली अमेरिका स्क्वेयर पांडा से हुआ बेसिक शिक्षा विभाग का करार: ओंकार राणा


सम्बोधित करते उप शिक्षा निदेशक सीएल चौरसिया।

**चित्रकूट।** प्रगतिशील चित्रकूट शिक्षा विभाग ने सिलिकॉन वैली अमेरिका स्थित शिक्षा टेक्नोलॉजी कंपनी स्क्वेयर पांडा के साथ एक करार पर हस्ताक्षर किए हैं। सरकारी स्कूलों में प्राथमिक और ईसीसीई शिक्षकों के लिए एक विस्तृत सशक्तिकरण कार्यक्रम संचालित किया जायेगा। जिससे सरकार की मंशानुरूप परिषदीय विद्यालयों के बच्चो को भी प्राइवेट विद्यालयों की भांति गुणवत्तापरक शिक्षा मिल सकेगी। ईसीसीई पर विशेष ध्यान दिए जाने के साथ राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 शिक्षकों के कौशल बढ़ाने, उन्हें भविष्य के लिए तैयार करने, जीवनभर शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए उन्हें तकनीकी जानकारी और भाषा अभिग्रहण कौशल के साथ सुसज्ज करने की आवश्यकता को अधोरेखित करती है। प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा प्रणाली की चुनौतियों से निपटने के लिए दुनिया के सर्वश्रेष्ठ तरीकों का इस्तेमाल करते हुए यह अनोखा व्यावहारिक शिक्षक सशक्तिकरण कार्यक्रम नीति आयोग के विजन के साथ संचालित किया जा रहा है। गुरुवार को मुख्यालय स्थित खंड शिक्षा कार्यालय में आयोजित शिक्षक सशक्तिकरण कार्यक्रम का उद्घाटन उप शिक्षा निदेशक सी.एल. चौरसिया ने किया। उप शिक्षा निदेशक सी एल चौरसिया ने कहा कि भारत में विकसित की गई नई शिक्षा नीति 2020 में ईसीसीई की श्रेष्ठता के बारे में बताया गया है। शुरुआती शैक्षणिक वर्षों में यह अत्यंत प्रभावशाली हैं। बच्चे के जीवन के पहले शुरुवाती 8 साल महत्वपूर्ण होते हैं, क्योंकि इस अवधि में विकास की गति सबसे ज्यादा होती है और शिक्षक एक ऐसी शक्ति हैं जो प्रभावी निर्माण कर सकते हैं। स्क्वेयर पांडा के साथ हमारे गठजोड़ से 21वी सदी के कौशल के साथ शिक्षकों के सशक्तिकरण के लिए शिक्षा की नवाचारी तकनीकें और ज्ञान मिल सकेगा। जिससे बच्चों के लिए लंबी अवधि में शैक्षणिक सफलता सुनिश्चित की जा सकेगी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ओमकार राणा ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों में शैक्षणिक गुणवत्ता सुधार के लिए शिक्षको का तकनीकी तौर पर विकसित होना अत्यंत आवश्यक है। न्यूरोसाइंस के साक्ष्य के आधार पर इस बात को स्वयं चिह्नित किया है कि बच्चे के मस्तिष्क का 85 प्रतिशत विकास 8 वर्ष की आयु से पहले हो जाता है। शैक्षणिक परिणामों पर पर्याप्त ध्यान देना भविष्य की पीढ़ियों और अर्थव्यवस्था की उत्पादकता में निवेश करना है। सरकार के लिये यह आवश्यक है कि बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास पर ध्यान दे। लेवल प्लेइंग फील्ड का निर्माण किया जा सके। सभी के लिये अवसरों को समावेशी बनाया जा सकेगा।जिला विद्यालय निरीक्षक बलिराज राम ने कहा कि शिक्षा ही मनुष्य के सर्वांगीण विकास की संवाहक है। शिक्षक, शिक्षार्थी और समाज के आपसी सामंजस्य से बच्चों के भावी जीवन को सवार कर एक आदर्श नागरिक का निर्माण किया जा सकता है। स्क्वेयर पांडा के एमडी आशीष झालानी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में बुनियादी साक्षरता और अंकज्ञान स्थापित करने के लिए शिक्षा विभाग प्रगतिशील विचारधारा सराहनीय है।

स्क्वेयर पांडा के लिए यह हमारी प्रतिबद्धता का विस्तार है। कहा कि अनोखे मॉड्यूल्स, ईष्टतम उपयोगिता और व्यावहारिक प्रशिक्षण के साथ भारत में इससे पहले इस तरह के अनोखे कार्यक्रम को कभी भी लागू नहीं किया गया है। भारत में 6 प्रारंभिक शिक्षकों में से एक प्रशिक्षित नहीं होता। चित्रकूट में अब यह सब बदलने जा रहा है। बताया कि 60 घंटों का कार्यक्रम शिक्षकों के समग्र ज्ञान और भविष्य के लिए कौशल निर्माण करने के लिए सक्षम बनाता है। बुनियादी साक्षरता और अंकज्ञान की बढ़ी हुई समझ के साथ शिक्षकों को प्रारंभिक शिक्षा के तंत्रिका विज्ञान को समझने के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। लगातार बदलने वाले शैक्षणिक परिदृश्य में अभ्यस्त होने में मदद के लिए शिक्षकों को उनके 21वी सदी के कौशल का विस्तार करना सिखाया जाएगा।इसके अलावा स्क्वायर पांडा के प्रतिनिधि से विभव श्रीवास्तव एवं चंद्रेश कुमार सिंह ने बताया कि गुणात्मक ईसीसीई और शिक्षक सशक्तिकरण कार्यक्रम में नई खोज करने वाले स्क्वेयर पांडा की मूल टीम में 82 से ज्यादा अनुसंधानकर्ता और विशेषज्ञ हैं, जो संज्ञानात्मक तंत्रिका विज्ञान, प्रारंभिक शिक्षा, शिक्षक प्रशिक्षण और दुनियाभर की टेक्नोलॉजी के क्षेत्र से जुड़े हुए हैं।इस अवसर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी चित्रकूट चंद्रमोहन सिंह, जिला समन्वयक धीरेन्द्र सिंह, डॉ संग्राम सिंह, दिलीप सिंह, अभिषेक सिंह, गीत श्रीवास्तव, स्वाती अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

# चित्रकूट के ऐतिहासिक धरोहरों के पर्यटन विकास की बनाएं कार्ययोजना: डीएम


बैठक में निर्देश देते डीएम।

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शेषमणि पांडेय तथा पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल की उपस्थिति में चित्रकूट पर्यटन के समेकित विकास के संबंध में समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। जिसमे जिलाधिकारी ने कहा कि पर्यटन विकास पर शासन का विशेष फोकस है। यह शासन के मुख्य प्राथमिकता बिंदुओं पर है। जिसको देखते हुए सभी विभाग अपने कार्यों पर तेजी लाएं जो भी विकास कार्य कराए जाएं वह गुणवत्तापूर्ण रहे इसका विशेष ध्यान दें। उन्होंने पुरातत्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि कोठी तालाब, मिनी खजुराहो (गणेश बाग), सोमनाथ मंदिर, श्रषियन आश्रम सहित अन्य पुरातत्व धरोहरों का सुंदरीकरण कराया जाना है। उसमें पर्यटन अधिकारी के साथ भ्रमण करके प्राक्कलन तैयार किया जाए। गणेश बाग के सुंदरीकरण पर पार्क, पेयजल, पथ मार्ग, प्रकाश व्यवस्था, बैठने के लिए बेंच आदि की व्यवस्था के लिए पर्यटन अधिकारी मुख्य विकास अधिकारी के साथ बैठकर प्रस्ताव तैयार करा कर शासन को भेजे। ताकि धनराशि अवमुक्त होते ही सुंदरीकरण कार्य कराया जा सके।पुरातत्व विभाग के अधिकारियों से यह भी कहा कि जो प्रदेश सरकार व भारत सरकार के मानक में पौराणिक धरोहर हैं उनकी सूची भी उपलब्ध कराएं और जहां पर कार्य करा रहे हैं उसकी भी जानकारी दी जाए। पर्यटन अधिकारी से कहा कि जो पुरातत्व विभाग के अंतर्गत पुराने मंदिर नहीं आते हैं उनके जीर्णोद्धार के लिए प्रस्ताव तत्काल बनाकर शासन को भेजा जाए। कोठी तालाब के पास जो पार्क का निर्माण कराना है उसका भी प्रस्ताव अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद उपलब्ध कराएं तथा पुरातत्व विभाग से एनओसी भी प्राप्त की जाए। ताकि विकास कार्य कराए जा सके। इसके अलावा फूड प्लाजा की दुकानों का आवंटन तत्काल करा दिया जाए। राजकीय निर्माण निगम रामायण सर्किट में मंच पर टीन शेड के कार्य को पूरा करें तथा परिक्रमा मार्ग के कवर टीन शेड जो शेष है उसे भी पूर्ण करें। एसडीएम कर्वी, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग से कहा कि इनके कार्यों की तकनीकी जांच कर रिपोर्ट उपलब्ध कराएं। फुट ओवरब्रिज के निर्माण की समीक्षा पर कहा कि यह कार्य माह अक्टूबर 2020 में पूर्ण हो जाना चाहिए, लेकिन अभी तक कार्य पूर्ण नहीं हुआ है। इस संबंध में परियोजना प्रबंधक राजकीय निर्माण निगम का जवाब तलब किया जाए। आरती स्थल राम घाट पर सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करा दी जाए तथा चोपड़ा तालाब पर फव्वारा की व्यवस्था कराएं। अधिशासी अभियंता सिंचाई को निर्देश दिए कि पर्यटन के विकास की योजना बनाकर उपलब्ध कराये। प्रभागीय वनाधिकारी से कहा कि वन चेतना केंद्र लक्ष्मण पहाड़ी के भी सुंदरीकरण का प्रस्ताव बनाकर दे। सीडीओ से कहा कि संबंधित विभागों से प्रस्ताव लिया जाए ताकि विकास कार्य कराए जा सके।

# बिकरु कांड के बाद शासन ने आर्म्स एक्ट के मुकदमों पर पुलिस को दिए सख्त आदेश

**हमीरपुर।** कानुपर देहात जिले के बिकरु कांड के बाद आर्म्स एक्ट( आयुध अधि.) के अभियोगों को गंभीरता से लेते हुये शासन ने प्रभावी पैरवी करने के लिये पुलिस को सख्त आदेश दिये है वही संयुक्त निदेशक अभियोजन हमीरपुर ने शासकीय अधिवक्ता फौजदारी से कहा है कि सत्र न्यायालय में शस्त्र अधिनियम के लंबित अभियोगों की सूची तत्काल अभियोजन कार्यालय में प्रेषित करे जिले के संयुक्त निदेशक (जेडी) अभियोजन बीएल वर्मा ने बताया कि विकरु कांड मे अवैध असलहो से पुलिस की जिस प्रकार से निर्ममता से हत्या की गयीथी इसके बाद प्रत्येक जिले में आर्मस एक्ट के तहत अदालत में चल रहे अभियोगों पर शासन विशेष ध्यान दे रहा है। पुलिस अधीक्षक एनके सिंह को पत्र लिखकर कहा है कि सात मार्च 2020 से आयुध अधिनियम के मामलों में सजा कराने का अभियान चलाया गया था कोरोना महामारी के चलते हाईकोर्ट की गाइडलाइन के कारण न्यायालयों में कार्य प्रभावी होने के कारण अभियोगों में कोई प्रगति नही हो पायी है. लिहाजा शासन ने इस अभियान को फिर से तेज गतिदेने के आदेश दियेहै ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को सजा सुनायी जा सके। इस मामले मे पुलिस अधीक्षक से कहा है कि संबंधित थाना प्रभारियों को आदेश देकर आयुध अधिनियम मे लंबित अभियोगों में पैरवी कर समय से वारंट व तामीला कराकर साक्षीगणों व माल मुकदमाती को न्यायालय के सामने उपलब्ध कराये वही इस अधिनियम ने सजा बढाकर सात से दस साल तक कर दी गयी है। जिससे ज्यादातर अवैध असलहे रखने वाले लोग अब जेल की हवा खायेगे। पुलिस अभी भी आयुध अधिनियम को बहुत ही हल्के से लेती है अपर पुलिस महानिदेशक अभियोजन आशुतोष पांडेय के आदेश से पुलिस मोहकमें हलचल उत्पन्न हो गयी है। जिला शासकीय अधिवक्ता ने अभी तक अभियोजन को शस्त्र अधि. के लंबित मुकदमों की सूची नही सौपी है।

## क्विक न्यूज

### दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट के वांछित दबोचे गए

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल के निर्देश पर कर्वी कोतवाल अरुण पाठक की टीम में अपहरण व दुष्कर्म तथा पाक्सो एक्ट के वांछित प्रताप पुत्र महावीर, बिहारी पुत्र नत्थू निवासी चकौंध कोतवाली कर्वी को गिरफ्तार किया है। इसी क्रम में मानिकपुर थानाध्यक्ष केके मिश्रा की टीम ने रामकलेस रामानन्द निवासी जिगनवाह मजरा गिदुरहा के कब्जे से चार किलो छह सौ ग्राम हरा गांजा बरामद कर एनडीपीएस एक्ट में जेल भेजा है। एंटी रोमियो टीमों ने चित्रकूट इंटर कालेज कर्वी में छात्राओं के साथ गोष्ठी कर जागरूक किया। एंटी रोमियो टीम कोतवाली कर्वी ने ट्राफिक चौराहा, एलआईसी तिराहा, गणेश बाग, कच्ची छावनी, पुरानी बाजार में भ्रमण कर छात्राओं व महिलाओं को विभिन्न फोन नम्बर के साथ थाने के सीयूजी नम्बर देकर जागरूक किया। एंटी रोमियो टीमों ने छात्राओं व बालिकाओं से घटित किसी प्रकार की समस्या के बारे में पूंछा। पुलिस से संचालित नम्बरों पर कॉल करने कहा। एंटी रोमियो टीम थाना रैपुरा, मानिकपुर व पहाडी ने विभिन्न गांवों में भ्रमण कर महिलाओं में आत्मविश्वास बढाया।

### बाइक व पिकअप की भिड़ंत में युवक की मौत

**चित्रकूट।** बाइक व पिकअप के बीच हुई टक्कर में बाइक सवार युवक की मौके पर मृत्यु हो गई। दूसरा युवक गम्भीर रुप से घायल हो गया है। ये हादसा गुरुवार को अपरान्ह तीन बजे राजापुर-छीबों मार्ग पर हुआ। बताया गया कि राजेश (35) पुत्र नंगू निवासी छीबों व मंगलवा (38) पुत्र धर्मा निवासी छीबों राजापुर की ओर जा रहे थे। राजापुर की ओर से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने सिकरी गांव के पास मोटरबाइक सवारों को ठोकर मार दी। इससे राजेश की मौके पर मृत्यु हो गई। मंगलवा गम्भीर रुप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल को एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रामनगर भेजकर मृतक के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है।

### बाइक सवार तीन लोगों ने रोडवेज परिचालक से की मारपीट

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** टिकट न बनवाने को लेकर बस चालक परिचालक के साथ तीन लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। रोडवेज परिचालक ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। गुरुवार की सुबह दिल्ली से कानपुर को जा रही रोडवेज बस पर तीन लोग सवार हुए। परिचालक ने तीनों युवकों से टिकट बनवाने को कहा। जिस पर तीनों ने टिकट लेने से मना कर दिया। जिससे परिचालक और यात्रियों में विवाद हो गया। पूर्वी क्रासिंग के निकट आरोपियों केबाइक पर सवार होकर आए। तीन अज्ञात साथियों ने रोडवेज बस में परिचालक एवं चालक के साथ मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया। जिसके बाद परिचालक ने आरोपियों के विरुद्ध 22 हजार की नकदी छीन लेने का भी आरोप लगाया। वहीं कोतवाली पुलिस तीन बाइक सवार युवकों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### जिला विद्यालय निरीक्षक ने किया औचक निरीक्षण

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** जिला विद्यालय निरीक्षक ने नगर के सरोजिनी देवी गर्ल्स इंटर कॉलेज में पहुंचकर विद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय की शिक्षिकाओं सही छात्राओं से जानकारी ली। इसके उपरांत उन्होंने प्रधानाचार्य को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। गुरुवार को नगर के तिर्वा रोड स्थित सरोजिनी देवी गर्ल्स इंटर कॉलेज में पहुंचे जिला विद्यालय निरीक्षक राजेंद्र बाबू ने अभिलेखों सहित कोरोना से बचाव संबंधी मानको का निरीक्षण करने के उपरांत साफसफाई व्यवस्था को परखा। इस दौरान उन्होंने शौचालय की खुली छत को अति शीघ्र डलवाए जाने के निर्देश दिए तथा विद्यालय के बाहर अतिक्रमण जमाए अतिक्रमणकारियों को हटाए जाने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य रामा त्रिवेदी सहित तमाम शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

### तमंचा लगाकर वीडियो वायरल करने वाला युवक गिरफ्तार

**सरीला (हमीरपुर)।** सोशल मीडिया पर कमर में तमंचा लगाकर वीडियो वायरल होने पर हरकत में आई पुलिस ने एक को तमंचे के साथ दबोच भी लिया है। सोशल मीडिया पर दो दिन से लाल शर्ट पहने युवक ने कमर में तमंचा लगाकर खुद का वीडियो बनाने के बाद उसे फेसबुक पर डाल दिया था। चौकी प्रभारी विजय सिंह ने बताया कि यह वीडियो ट्विटर के माध्यम से उच्चाधिकारियों के पास पहुंचा था। पहचान के बाद बरगवां गांव के दीपक राजपूत को तमंचा व कारतूस के साथ गांव के चौराहे से दबोच लिया गया है। आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।

### घर में घुसकर मारपीट करने का मामला दर्ज

**कोंच(जालौन)।** रुपये न देने पर घर में घुसकर मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफमुकदमा दर्ज कर लिया है।नगर के मुहल्ला तिलक नगर निवासी महिला अस्सो पत्नी मुन्ना ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि बीती 3 दिसंबर को मुहल्ले के ही रहने वाले जगदीश, कमल अपने साथी संदीप, दीपक निवासी जयप्रकाश नगर को साथ लेकर नशे की हालत में उसके घर में घुस आये और शराब खरीदने के लिये उसके बेटे से 500 रुपये की मांग करने लगे। अस्सो ने प्रार्थना पत्र में बताया कि रुपये देने से जब मना कर दिया तो उक्त लोगों ने एकराय होकर गाली गलौज करते हुए हम दोनों को मारापीटा और चीख पुकार सुनकर पड़ोसियों को मौके पर आता देख उक्त लोग जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गये। सभी लोगों के खिलाफ दफा 323, 387,452, 504, 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### बीडीओ कोंच से गाली गलौच पर पर दर्ज हुआ मुकदमा

**कोंच(जालौन)।** ब्लॉक कर्मी के साथ मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच आरंभ कर दी है।कोंच खंड विकास अधिकारी शुभम बरनबाल ने कोंच कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि बुधवार को क्षेत्र के ग्राम गोरा करनपुर निवासी धीरज पुत्र केदार सिंह अपने 4 अज्ञात साथियों के साथ ब्लॉक कार्यालय आया और किसी बात को लेकर वह ब्लॉक कर्मचारी के साथ गाली गलौज करने लगा व सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न की।खंड विकास अधिकारी ने प्रार्थना पत्र में बताया कि धीरज को जब रोकने की कोशिश की गयी तो उसने जान से मारने की धमकी दी। वहीं पुलिस ने धीरज व उसके 4 अज्ञात साथियों के खिलाफदफा 353, 504, 506, 34 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### अधिकारों को जानने के साथ प्रयोग करने का ज्ञान आवश्यक: प्राचार्य

**हमीरपुर।** स्व. पूरन रामप्रकाश दीक्षित महाविद्यालय गहरौली मे विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ लोकेन्द्र नाथ पाण्डेय ने छात्र छात्राओं को आज के दिन का महत्व बताते हुए कहा कि मनुष्य को अपने अधिकारों को जानने के साथ साथ उनका प्रयोग करने का भी ज्ञान होना चाहिये। किसी व्यक्ति के अधिकारों हनन पर उसके अधिकार दिलाने का संकल्प दिलाया। शिक्षा संकाय के विभागाध्यक्ष डॉ अखिलेश गुप्ता ने कहानी के माध्यम से अपनी बात को प्रस्तुत करते हुए कहा कि बिना अधिकारों के मानव बिना पैर के व्यक्ति के सामान है। जो अपने अधिकारों को जानते हुए भी उनका उपयोग नहीं कर पता है वह मानव के रूप मे पशुवत विचरण कर रहा है। कृषि विभाग के विभागाध्यक्ष एवं राष्ट्रीय स्वयं सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनीष द्विवेदी ने मानवाधिकार के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा के महत्व को बताते हुए कहा की किस प्रकार हम योजना राष्ट्रीय योजना के अंतर्गत राष्ट्र की सेवा कर सकते है।

# आयुष्मान कार्ड पर लाभ न देने वाले अस्पतालों पर कार्रवाई की जाए: डीएम

**हमीरपुर।** प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत सम्पन्न बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाकर सभी पात्र लोगों का आयुष्मान गोल्डेन कार्ड बनाने का कार्य किया जाये। इस योजना के तहत नवंबर माह में गोल्डन कार्ड बनाए जाने की प्रगति ठीक न पाए जाने पर जिलाधिकारी ने चेतावनी देते हुए प्रगति में सुधार करने के निर्देश दिए

जिलाधिकारी ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत पात्र लोगों को योजना का लाभ देने में शिथिलता बरतने वाले निजी चिकित्सालयों को नोटिस दी जाए तथा इस योजना में संबंधित सूचीबद्ध अस्पताल द्वारा यदि अपेक्षित प्रगति प्राप्त न की जाए तो उनके विरुद्ध कार्यवाही की जाए। जिलाधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना सरकार की अत्यंत महत्वाकांक्षी योजना है इसके माध्यम से गरीब , असहाय, कमजोर वर्ग के लोगों को प्रति परिवार ,प्रतिवर्ष पांच लाख तक की निशुल्क चिकित्सा सुविधा अनुमन्य होती है। जिससे गरीब व्यक्तियों की आर्थिक स्थिति उनके इलाज में बाधा नहीं बनती है। इस योजना में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा अधिक से अधिक लोगों को लाभ दिया जाए । उन्होंने कहा कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा प्रतिदिन इस योजना की समीक्षा की जाए ।जनपद का कोई भी लाभार्थी परिवार गोल्डन कार्ड से वंचित ना होने पाए। जनपद में कुल 431401 गोल्डन कार्ड बनाने का लक्ष्य है, जिसमें से अब तक 65730 लोगों के गोल्डन कार्ड बनाए जा चुके हैं । नवंबर माह में कुल 405 गोल्डन कार्ड बनाए गए हैं। अब तक जनपद के 1676 लोगों ने गोल्डन कार्ड आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत निशुल्क चिकित्सा सुविधा का लाभ उठाया है।

## ब्लाक स्तरीय मिशन शक्ति कार्यशाला का किया आयोजन

**मौदहा (हमीरपुर)।** विकासखंड जिला समन्वयक (बालिका शिक्षा) की अध्यक्षता में मिशन नारी शक्ति एवं मिशन प्रेरणा के अन्तर्गत कार्यशाला का आयोजन किया गया।जिसमें मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिला तथा बच्चों की तस्करी, बलपूर्वक भिक्षावृत्ति, बालश्रम विषय पर ब्लाक स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।कार्यशाला में श्रीमती संदीपा कुमारी द्वारा मिशन शक्ति से सम्बंधित गीत गाकर महिला एवं बाल अधिकारों पर चर्चा की गई। जिसमें क्रमश: संध्या सिंह संकुल शिक्षक नारायच, कु.नेहा सिंह संकुल शिक्षक कुनेहटा, हरिश्चन्द्र संकुल शिक्षक बिहरका, फूलचंद्र संकुल शिक्षक रीवन, द्वारा मिशन शक्ति के बारे में गीत के माध्यम से एवं नाटक के माध्यम से अपने विचार व्यक्त किए। कार्यशाला में महिलाओं को जागरूक करने एवं बाल अधिकारों के संरक्षण के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में विकासखंड मौदहा के 177 परिषदीय विद्यालयों के मीना मंच की शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं एवं कार्यशाला में प्रतिभाग किया। कार्यशाला का संचालन उमाशंकर प्रजापति, सुनील दत्त, गुरूतेज प्रताप सिंह, हरिप्रकाश कुशवाहा, एवं रमजानी ब्लाक सुगमकर्ता मीना मंच द्वारा किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ संजय कुमार (खण्ड शिक्षा अधिकारी) मौदहा द्वारा किया गया।

# कांग्रेस जिलाध्यक्ष पद को लेकर घमासान हुआ और तेज

**उरई ( जालौन )।** पिछले दिनों कांग्रेस जिलाध्यक्ष के साथ दो लड़कियों द्वारा की गयी मारपीट के बाद से ही जहां निवर्तमान पार्टी जिलाध्यक्ष अनुज मिश्रा को हटाये जाने की चर्चाओं का दौर शुरू हो गया था तो वहीं गुरुवार को पार्टी के प्रांतीय नेताओं के सामने भी आधा दर्जन पार्टी नेताओं ने अपनी दावेदारी पेश की। हालांकि इस दौरान प्रांतीय नेताओं के सामने पार्टी का दफ्तर अखाड़ा बन गया और फिर दोतरफा नारेबाजी शुरू हो गयी जिससे एक बारगी तो माहौल बिगड़ता दिखा लेकिन मौके पर मौजूद नेताओं ने बीच में हस्तक्षेप कर हाथापाई की नौबत को डाल दिया। हालांकि इस बीच मीडिया कर्मियों ने सारे घटनाक्रम का वीडियो बनाकर उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

गुरुवार को कांग्रेस पार्टी के प्रांतीय नेता योगेश दीक्षित प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्वी जोन प्रभारी, रोहित चौधरी राष्ट्रीय सह प्रभारी उप्र व राहुल रिछारिया प्रदेश सचिव, जनपद प्रभारी कांग्रेस कार्यालय पहुंचे। प्रांतीय नेताओं के पहुंचते ही वहां पर पहले से मौजूद पार्टी के दो गुटों में गहमा गहमी का दौर शुरू हो गया जब तक जिले के नेता कुछ समझ पाते तब तक नारेबाजी शुरू हो गयी चूंकि दोनों ओर से नारेबाजी हो रही थी लिहाजा नौबत आपस में हाथापाई की बननी शुरू हो गयी तो नेताओं पर बीच में आकर हस्तक्षेप कर अनहोनी घटना का टालने का प्रयास किया तब कहीं जाकर माहौल शांत हुआ।

इसके बाद पार्टी के वरिष्ठ नेता व निर्विवाद छवि रखने वाले राजीव नारायण मिश्रा ने जिलाध्यक्ष पद को लेकर अपनी दावेदारी पेश करते हुये अपने समर्थन में पूर्व नगराध्यक्ष जालौन धर्मेन्द्र मिश्रा, पूर्व चेयरमैन सुरेश सिंघल, चंद्रशेखर वर्मा, ब्लाक अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण चतुर्वेदी, कोंच पालिका चेयरमैन सरिता अग्रवाल, लालू शेख, गीतेश उदैनिया पूर्व नगराध्यक्ष कोंच, रवि गौतम, प्रमोद शुक्ला, हाजी मुहम्मद, अमित रावत, राघवेंद्र तिवारी, हाजी नसरुल्ला, अखिलेश व्यास कोटरा, पूर्व चेयरमैन कोटरा मूलचंद्र बुधौलिया, सिद्धार्थ दीवौलिया समर्थन में आगें आए। तो वहीं पार्टी के वरिष्ठ नेता महेश तिवारी पिरौना, अमर सिंह, रेहान सिद्दीकी, आशीष चतुर्वेदी व गौरीश द्विवेदी जालौन ने भी कांग्रेस जिलाध्यक्ष के लिए अपनी दावेदारी पेश करते हुये जिलाध्यक्ष पद के लिये दावेदारी को रोचक दौर में पहुंचा दिया है।

## ई रिक्शा व बाइक भिड़ंत में एक दर्जन सवारियां घायल, अस्पताल मे भर्ती

**राठ( हमीरपुर )।** राठ-चरखारी मार्ग पर ई-रिक्शा और बाइक से आमने सामने भिड़ंत हो जाने से ई-रिक्शा में सवार आधा दर्जन सवारियां घायल हो गई। वहीं बाइक सवार भी गिरकर घायल हो गया। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने घायलों को इलाज के लिये सीएचसी में भर्ती कराया है। ई-रिक्शा में सवार एक महिला की हालत नाजुक होने पर चिकित्सक ने मेडिकल कॉलिज उरई रिफर कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के टिकारिया गांव निवासी प्रशांत ई-रिक्शा में सवारियां भरकर राठ आ रहा था। तभी बाइक से अपनी ससुराल महोबा जा रहे कस्बे के गुलाब नगर मोहल्ला निवासी करनसिंह चरखारी मार्ग स्थित एक रिसोर्ट के पास ई-रिक्शा से टकरा गया। इस हादसे में रिक्शे में सवार कुंजन गंगोत्री पत्नी रामस्वरूप, सीमा पत्नी सरमन, वरिया पत्नी मुल्लू घायल हो गये। वही ई-रिक्शा की भिड़ंत में बाइक चालक करन सिंह भी घायल हो गया। वहां मौजूद राहगीरों की मदद से मौके पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। डा.आलोक ने बताया कि कुंजन की हालत गंभी होने पर उसे उरई रिफर कर दिया गया। इसी तरह करहरा गांव निवासी नीरेंद्र साईकिल से टकरा जाने पर गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं जनपद महोबा के सिजेहरी गांव निवासी सुनील और उसकी पत्नी मिथलेश बाइक से अपनी बहन सुधा को छोडने बिलरख जा रहा था। तभी राठ-हमीरपुर मार्ग पर बाइक का संतुलन बिगड़ जाने पर तीनों बाइक से गिरकर घायल हो गये। घायलों को एंबुलेंस कर्मियों ने सीएचसी में भर्ती कराया।

# गौशालाओं के संचालन पर भाकियू ने उठाए सवाल


एसडीएम को ज्ञापन सौंपते किसान।

**कोंच( जालौन )।** भारतीय किसान यूनियन की एक बैठक भारत सिंह पटेल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिसमें किसानों की समस्याओं को रखा गया। बैठक के बाद तहसील अध्यक्ष चतुर सिंह पटेल के नेतृत्व में आधा सैकड़ा से अधिक किसानों ने समस्याओं से संबंधित छह सूत्रीय ज्ञापन उप जिलाधिकारी अशोक कुमार को सौंपा।

किसानों ने सौंपे गए ज्ञापन में कहा कि नहरों में पानी का संचालन शीघ्र कराया जाए जिससे पानी के लिए परेशान हो रहे किसान को राहत मिल सके। वही किसानों ने ज्ञापन में कहा कि तहसील क्षेत्र के अधिकतर गांवों में गौशालाओं का संचालन सही तरह से नहीं हो रहा है। जिसके चलते आए दिन अन्ना गायो द्वारा किसानों की फसलों को नष्ट कर दिया गया है।

किसानों ने कहा कि गौशालाओ बंद गायो को न तो खाने के लिए भूसा है और न पीने के लिए पानी की कोई मुकम्मल व्यवस्था है। भेड़ रवा गॉव के बीच पटे पड़े मलंगा नाले की सफाई कराने की बात भी किसानों ने ज्ञापन में कही। किसानों ने कहा कि तहसील क्षेत्र के तमाम किसान अभी भी किसान सम्मान निधि से वंचित है उन्हें शीघ्र सम्मान निधि दिलाई जाए। वहीं किसानों ने निर्माणाधीन उरई कोंच मार्ग को शीघ्र पूरा कराने की बात कही तथा कहा अस्त व्यस्त पड़े मार्ग पर आए दिन दुर्घटनाये हो रही है। किसानों ने अपने मॉग पत्र कहा कि जालौन से कोंच तक विद्युत कार्य होने जा रहा जिसे 25 दिसम्बर के बाद कार्य प्रारंभ कराया जाए। ज्ञापन देने वालों में डा. पीडी पचीपुरा राम प्रताप सिंह कुंज बिहारी वीरेंद्र सिंह जयराम सिंह भगवान सिंह रामदास कुशवाहा कौशल किशोर कुशवाहा राम सिंह काका कालीचरण कुशवाहा गोटी राम कुशवाहा राकेश कुमार श्याम सुंदर अवध बिहारी बालकृष्ण गोविंद सिंह प्रेम किशोर आदि मौजूद थे।

## मासूम के साथ दो युवकों ने घिनौने कृत्य को दिया अंजाम

**उरई( जालौन )।** आटा थाना क्षेत्र के अंर्तगत ग्राम संधी में दो युवकों ने पांच वर्षीय मासूम बालिका के साथ दुष्कर्म करने की घटना प्रकाश में आयी है। मामले लिखित तहरीर पीड़ित बालिका के पिता ने थाना पुलिस को दे दी है। पुलिस ने दोनों नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार आटा थाना क्षेत्र के अंर्तगत ग्राम संधी में घर के बाहर खेल रही पांच वर्षीय दलित मासूम को गांव के ही दो युवकों ने बीती शाम बहला फुसलाकर अपने घर ले गये फिर उसके साथ दोनों लड़कों ने बारी-बारी सामूहिक दुष्कर्म कर डाला। इसके बाद मासूम को उसके घर के रास्ते छोड़ कर मौके से फरार हो गये। पीड़ित बालिका जब घर पहुंची तो खून से लतपथ थी जब अपनी मां के पास पहुंची तो उसे खून से सना देख मां के होश उड़ गये और बगैर देरी किये बच्ची को साथ लेकर मां आटा थाने जा पहुंची जहां पर पीड़ित मासूम बालिका के पिता ने दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना पुलिस को लिखित तहरीर दी। थाना पुलिस ने मामले की गम्भीरता को देखते हुए पीड़ित बालिका को डाक्टरी परीक्षण के लिए जिला महिला अस्पताल भिजवाने के साथ ही मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने दो आरोपियों को हिरासत में ले लिया है।

# विधवा का पुर्नविवाह कराना बेहद ही पुनीत कार्य है: रीता


पुर्नविवाह के जोडे को आर्शीबाद देकर जागरूक करतीं एबीआरसी कमालगंज।

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** वर्तमान समय कें शिक्षित समाज में विधवा पुर्नविवाह को बुरा नहीं समझा जाता है परन्तु धार्मिक लोगों और देहाती, अनपढ़ समाज में विधवाओं की दशा अब भी बड़ी शोचनीय है। जबकि विधवा का पुनर्विवाह कराकर वैवाहिक सुखमय जीवन में प्रवेश कराना बेहद ही पुनीत कार्य है। हम सभी को रुढिवादिता की सोंच को बदलकर विघवा महिला के जीवनयापन के लिये पुर्नविवाह करानें के लिये प्रयासरत रहना चाहिये।

यह बात जनपद की सीमा पर स्थित आस्था के प्रतीक प्रसिद्ध हनुमान मंदिर में अपनें भांजे की विधवा बहू का वैदिक रीति रिवाज से पुनर्विवाह कराकर आर्शीबाद देनें के उपरान्त एबीआरसी कमालगंज रीता वर्मा नें अपनें पति सुनील वर्मा के साथ कही। कहा कि विधवा महिलाओं को भी समाज में सम्मान की दृष्टि से देखा जाना चाहिये। कहा कि विधवा महिला समाज में अकेली कैसे अपना जीवन यापन कर सकेगी।

हम सभी को मिलकर समाज में फैली कुरीति को दूर करना होगा। इसके उपरान्त वैश्य एकता मंच के नगर अध्यक्ष नीलेश गुप्ता ने सपत्नी व कई लोगों नें नव विवाहित जोडे को आर्शीबाद देकर उपहार भेंट किये।

## दुकानदार के साथ मारपीट के मामले में दो दिन बाद भी नहीं दर्ज हुआ मुकदमा

**कालपी( जालौन )।** नगर के मोहल्ला टरननगंज चौकी के ठीक सामने स्थित एक दुकान पर एक दारूबाज ने गाली देने से मना करने पर एक दुकानदार के सिर में ईंट मारकर उसे जख्मी कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई, परन्तु घटना के दो दिन बीत जाने के उपरांत भी पुलिस ने प्राथमिकी तक दर्ज करना मुनासिब नहीं समझा। मामला नगर के मोहल्ला टरननगंज का है, जहां टरननगंज चौकी से ठीक सामने राजेश कोष्टा पुत्र लालमन निवासी मोहल्ला हैदरीपुरा की पान मसाले की दुकान है। घटना सोमवार शाम लगभग सात बजे की है, जब लल्ला गुप्ता पुत्र छन्नू खलीफा राजेश की दुकान के बाहर शराब के नशे में गाली गलौच कर रहा था। तभी दुकानदार ने उसे गालियां देने से मना किया। गालियां देने से मना करना दुकानदार को महंगा पड़ गया। शान में गुस्ताखी से आगबबूला होकर नशे में धुत लल्ला गुप्ता ने दुकानदार के सिर पर वार कर दिया। जिससे दुकानदार बुरी तरह जख्मी होकर गिर गया।

# वैक्सीन रखने की तैयारी रखें दुरुस्तः डीएम

संवाददाता। रायबरेली



**प्रदेश में** कोविड-19 का संक्रमण नियंत्रण में आ रहा है फिर भी कोरोना संक्रमण को बढ़ने व रोकने के लिए सावधानी व सर्तकता बरतना जरूरी है। सरकार द्वारा संक्रमण को रोकने के लिए प्रभावी कद नियंत्रण उठाये जा रहे है। इस समय त्यौहार व शादियों का समय होने के कारण सभी लोगों को सावधानी व सर्तकता रहने के साथ ही मास्क व हाथ धोने के साथ ही सोशल डिस्टेसिंग का पालन करना जरूरी है। यह जानकारी अपर मुख्य सचिव सूचना नवनीत सहगल द्वारा देते हुए बताया गया कि आमजनमानस को भीड़-भाड़ से दूर रहने, पहले से बीमार बुजुर्गो, बच्चों, गर्भवती महिलाओं को कोविड-19 के संक्रमण से बचाना होगा। जबतक कोरोना वैक्सीन नही बाती है तबतक सावधानी बरतनी जरूरी है। उन्होंने समस्त जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि कोविड-19 कोरोना संक्रमण की रोकथाम हेतु स्वास्थ्य प्रोटोकाल का कड़ाई से पालन कराये जाए। त्योहारो व शादियों को देखते हुए आमजनमानस को सोशल डिस्टेसिंग व मास्क का प्रयोग के लिए जागरूक करना जरूरी है।जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए कहा कि कोरोना महामारी से निपटने के लिए कोरोना वैक्सीन की तैयारियां शुरू हो गई है। उन्होंने सीएमओं सहित समस्त एसडीएम व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि ज्ञात हुआ है कि कोरोना वैक्सीन आने वाली है तथा उसकी तैयारियां अन्तिम चरण में हैं। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों के साथ ही वो डाक्टर जो कोरोना मरीजों से सीधे स्वाद रख रहे है हाई रिस्क वाले आधिकारियों व कर्मचारियों को पहले डोज दी जायेगी। वैक्सीन को रखने के साथ ही शासन के निर्देशों के अनुरूप जिन लोगों को वैक्सीन लगनी है उनकी सूची भी तैयार रखें। इसके अतिरिक्त कोल्डचेन बनाने की प्रक्रिया को पूरी तरह से दुरूस्त रखा जाए। कोल्डचेन कक्ष में कोरोना वैक्सीन की डोज रखी जानी है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्दों पर भी वैक्सीन सुरक्षित रखने के हास किस्म के रेफ्रिजरेटर आदि की भी व्यवस्थाए दुरूस्त रखी जाए। इसके अलावा वैक्सीन लगाने आदि का भी प्रशिक्षण की भी व्यवस्थाए दुरूस्त रखें। इसके अलावा अन्य जो टीकाकरण के कार्य व अभियान चलाये जा रहे है व 21 दिसम्बर से 8 जनवरी 2021 तक चलने वाले फाईलेरिया अभियान की भी बेहतर कार्य योजना तैयार कर अभियान को प्रभावी तरीके से चलाया जाए।इस मौके पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) राम अभिलाष, एसडीएम अंशिका दीक्षित, एसीएमओ, अधीक्षक डा0 नरेन्द्र सिंह, सहित वरिष्ठ चिकित्सक डा0 अल्ताफआदि अधिकारी उपस्थित थे।

# सीएचसी अधीक्षक ने सफाईकर्मी के विरुद्ध दर्ज कराया मुकदमा

संवाददाता। शिवगढ़ (रायबरेली)

**सामुदायिक** स्वास्थ्य केन्द्र शिवगढ़ के अधीक्षक डॉ. एलपी सोनकर ने अस्पताल में तैनात सफाई कर्मी रवि कुमार के ऊपर बदसलूकी करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने आरोपी सफाई कर्मी रवि कुमार को गिरफ्तार कर लिया है।

विदित हो कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगढ़ के अधीक्षक डॉ.एलपी सोनकर ने शिवगढ़ थाने में तहरीर देकर सफाई कर्मी रवि कुमार पर आरोप लगाया है कि बृहस्पतिवार को पूर्वाहन 11 बजे जब सफाई कर्मी रवि कुमार से साफ- सफाई के लिए कहा गया तो वह आग बबूला हो गया जिसने पहले अश्लील गाली दी बाद में कॉलर पकड़ लिए और मारपीट पर आमादा हो गया। अधीक्षक की तहरीर पर शिवगढ़ पुलिस ने सफाई कर्मी रवि कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ.एलपी सोनकर ने बताया कि सफाई कर्मी रवि कुमार आए दिन बदसलूकी करता था। गुरुवार पूर्वाहन 11 बजे जब उससे सफाई करने के लिए कहा गया तो वह गाली गलौज करते हुए कालर पकड़ लिया एवं मारपीट पर आमादा हो गया। वहीं थाना परिसर में मौजूद सफाई कर्मी रवि कुमार की पत्नी कंचन का कहना है कि उसके पति के ऊपर फर्जी आरोप लगाया है गया। शिवगढ़ थानाध्यक्ष धीरेंद्र कुमार यादव ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगढ़ के अधीक्षक डॉ.एलपी सोनकर की तहरीर पर सफाई कर्मी के खिलाफमुकदमा दर्जकर गिरफ्तार कर लिया गया है।

## झोलाछाप के उपचार से युवक की बिगड़ी हालत, रेफर किया

**ऊंचाहार।** गांव गांव अपनी पैठ जमाए झोलाछाप के उपचार के बाद एक मरीज का हालत गंभीर होने का मामला प्रकाश मे आया है।जिसकी हालत गंभीर होने पर सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।बताते चले कि ऊंचाहार कोतवाली के गांव पट्टीरहसकैथवल निवासी राजेश 29वर्ष पुत्र मिश्रीलाल का हालत बिगड़ने पर उसको झोलाछाप चिकित्सक के यहां दिखाया गया जहां पर उसका उपचार के दौरान आपरेशन तक कर कर दिया गया।जिसके बाद उसकी हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार हेतु सीएचसी मे परिजनो के द्वारा भर्ती करवाया गया।जहां पर उसकी प्राथमिक उपचार मे हालत न सुधरने पर उसको उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोप

संवाददाता। ऊंचाहार

**शादी का** झांसा देकर युवती के साथ दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश मे आया है।जिसमे पीड़ित युवती ने अरोपित युवक के खिलाफ कोतवाली पहुंच शिकायत किया है। ऊंचाहार कोतवाली के गांव मनीपुरभटेहरी निवासिनी युवती कोतवाली के बाबूगंज निवासी युवक के साथ प्रेम प्रसंग कई वर्ष से चलता था।जिसमे प्यार मे दोनो एक दूजे के साथ शादी करने की बात पर शारीरिक संबंध तक रखते थे।जिसमे दोनो के बीच अनबन होने पर पीड़ित युवती अपने परिजनो के साथ गुरूवार के दिन कोतवाली पहुंचकर अरोपी युवक के खिलाफ तहरीर देकर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है।कोतवाली निरीक्षक ने बताया कि प्रकरण प्रेम प्रसंग का है।फिलहाल पूरे प्रकरण के तथ्य की जांच हेतु क्षेत्रीय दरोगा को मौके पर भेजा गया है।जिसके बाद विधिक कार्यवाही किया जाएगा।

# 17 दिसम्बर को मनाया जाएगा अमर शहीद लाहिड़ी का बलिदान दिवस

संवाददाता। गोंडा

● डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि कार्यक्रम में कोविड-19 प्रोटोकाल का अनुपालन पूरी तरह से सुनिश्चित कराया जाय

**आजादी के** महानायक अमर शहीद राजेन्द्र नाथ लाहिड़ी का बलिदान दिवस हर वर्ष की भांति 17 दिसम्बर को पारम्परिक तरीके से कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन करते हुए मनाया जाएगा। गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजन के सम्बन्ध में जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। जिसमें जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि कार्यक्रम में कोविड-19 प्रोटोकाल का अनुपालन पूरी तरह से सुनिश्चित कराया जाय, इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर लें। बैठक में जेल अधीक्षक द्वारा बताया गया कि पूर्व की भांति इस वर्ष भी सुबह 09 बजे हवन, 10 बजे गार्ड ऑफ ऑनर, 10:30 बजे वृक्षारोपण, 10:45 बजे सर्व धर्म सभा का आयोजन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम, 11 बजे देशगान तथा दोपहर 12 बजे कार्यक्रम का समापन होगा।

बैठक में जिलाधिकारी ने नगरपालिका के अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए हैं नगर के पीपल चौराहा, जिला कारागार तथा अमर शहीद लाहिड़ी समाधि स्थल पर साफ-सफाई के साथ-साथ अन्य आवश्यक प्रबन्ध समय से सुनिश्चित कर लिए जाएं। उन्होने यह भी निर्देश दिए हैं कि बलिदान दिवस के अवसर पर होने वाले निर्धारित स्थल जैसे जिला कारागार में हवन, पुष्पान्जलि, समाधि स्थल पर साफ-सफाई आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं।

बैठक में एडीएम राकेश सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट वन्दना त्रिवेदी, एसडीएम सदर कुलदीप सिंह, एसडीएम वीर बहादुर यादव व महेन्द्र कुमार, जेल अधीक्षक शशीकान्त यादव, सीओ सिटी लक्ष्मीकान्त गौतम, प्रशिक्षु सीओ आशीष शर्मा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा0 इन्द्रजीत प्रजापति, डीआईओएस अनूप श्रीवास्तव, समाजसेवी धरमवीर आर्य, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी नईम अहमद, रेखा श्रीवास्तव तथ आर्य समाज के प्रतिनिधि सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# रैनबसेरों को लेकर सक्रियता बढ़ाएंः डीएम

संवाददाता। गोंडा

**ठण्ड व** कोहरे के दृष्टिगत जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने रैन बसेरों से सम्बन्धित सभी नोडल अधिकारियों को पूरी सक्रियता बरतने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी ने नोडल अधिकरियों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने क्षेत्र के रैन बसेरे का निरीक्षण कर तत्काल सभी आवश्यक प्रबन्ध सुनिश्चित कराते हुए निरीक्षण की फोटोग्राफ्स उपलब्ध कराएं।जिलाधिकारी ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में सम्बन्धित उपजिलाधिकारी व पुलिस क्षेत्राधिकारी को तथा नगर क्षेत्र में नगर मजिस्ट्रेट तथा पुलिस क्षेत्राधिकारी को संयुक्त रूप से नोडल अधिकारी नामित करते हुए रैन बसेरों में आवश्यक प्रबन्ध सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि ठण्ड से बचाव के दृष्टिगत जनपद में 11 रैन बसेरों को स्थापित कर सक्रिय कर दिया गया हैं जिसमें 01 रैन बसेरा जिला अस्पताल, 01 महिला अस्पताल, 02 कस्बा करनैलगंज, 01 कस्बा नवाबगंज, 01 मनकापुर, 01 तरबगंज, 01 खरगूपुर, 01 रेलवे स्टेशन गोण्डा, 01 रोडवेज बस स्टाप गोण्डा तथा डूडा विभाग संचालित 01 रैन बसेरा आश्रय गृह में संचालित किया जा रहा है। स्थापित किए गए सभी रैन बसेरों की जिओ टैगिंग कराई गई है तथा कोई भी व्यक्ति गूगल के सहयोग से रैन बसेरे तक आसानी से पहुंच सकता है।जिलाधिकारी ने बताया कि आगामी दिनों में ठण्ड से बचाव के दृष्टिगत रैन बसेरों की स्थापना कराई गई है तथा रैन बसेरों में कोविड-19 प्रोटोकॉल का ध्यान रखते हुए प्रबन्ध कराए गए हैं। इसके साथ ही सभी उपजिलाधिकारियों को उनकी तहसीलों के प्रमुख स्थलों पर अलाव जलवाने के भी निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने यह भी निर्देश दिए हैं कि रैन बसेरों में रूकने वाले कमजोर लोगों को ठण्ड से बचाने के लिए गद्दे, कम्बल, स्वच्छ पेयजल, शौचालय एवं किचन आदि की व्यवस्था कराई जाय। कोविड-19 के दृष्टिगत रैन बसेरों में सोशल डिस्टेसिंग का अनुपालन कराते हुए प्रत्येक दिन सैनेटाइज कराया जाये। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी, नगर मजिस्टेऊट, समस्त उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका,नगर निकाय एवं जिला पूर्ति अधिकारी, अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देश दिये है कि ठण्ड एवं शीतलहरी से उत्पन्न होने वाली समस्याओं के दृष्टिगत जनपद में आश्रयहीन व्यक्तियों हेतु रैन बसेरों में पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करायें ताकि कोई भी निराश्रित, असहाय एवं कमजोर वर्ग के व्यक्ति रात में सड़क अथवा फुटपाथ पर सोने के लिए बाध्य न हो। जिलाधिकारी ने कहा है कि रैन बसेरों में रूकने वाले कमजोर वर्ग के लोगों को ठण्ड से बचाने के लिए आवश्यक गद्दे, कम्बल, स्वच्छ पेयजल, शौचालय एवं किचन आदि की व्यवस्था नि:शुल्क कराई गई है इसके साथ ही रैन बसेरों के आस-पास अलाव जलाने की भी व्यवस्था कराई जा रही है।

## आरोपित को भेजा जेल

**लालगंज रायबरेली। पिटाई में घायल युवक की मौत के मामले में एक आरोपी को पुलिस ने जेल भेजा है। इसके पहले चार आरोपित इसी मामले में जेल भेजे जा चुके हैं। बीती 2 दिसंबर की रात लगभग 9 रू30 बजे शांती नगर मुहल्ला निवासी राजन सोनी समेत उसके भाइयों अनिल, सुनील, पुनीत,विनय आदि की कुछ लोगों ने पूरे नवरंग मजरे आलमपुर गांव में जमकर पिटाई की थी। जिसमें गंभीर रूप से घायल विनय को लालगंज अस्पताल से जिला अस्पताल रेफर किया गया था गंभीर दशा में उसे लखनऊ इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। विनय की इलाज के दौरान 4 दिसंबर की देर शाम मौत हो गई थी। जिस पर पुलिस ने 5 दिसंबर को आरोपित मंगे ,करन, कुलदीप व संदीप को जेल भेज दिया था। इसी मुकदमे में आरोपित सुरेंद्र को पुलिस ने गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेजा है।**

## क्विक न्यूज

### दिव्या पाण्डेय का एमबीबीएस में हुआ चयन, खुशी

**सुलतानपुर।** दिव्या पाण्डेय ने जिले का नाम रोशन कर दिया है। ग्राम डोमापारा, तहसील जयसिंहपुर की रहने वाली कृष्णा पाण्डेय की पुत्री दिव्या पाण्डेय का एमबीबीएस में चयन हो गया है। उनका चयन होने से परिवार के साथ साथ पूरे गांव में खुशी का जश्न है। दिव्या अपने परिवार में सबसे बड़ी हैं। उनके पिता श्री पाण्डेय सेना से सेवानिवृत्त होने के बाद उत्तर प्रदेश पुलिस में सिपाही हैं, जो महानगर लखनऊ में तैंनात हैं। बेटी की सफलता पर पिता का सिर गर्व से ऊंचा हो गया है। नात-रिश्तेदारों के साथ साथ शुभचिंतकों ने दिव्या के उज्जल भविष्य की कामना की है।

### जनता दर्शन में डीएम ने सुनी फरियाद

**सुलतानपुर।** जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट स्थित अपने कक्ष में जनता दर्शन में आये सभी फरियादियों की समस्याओं को सोशल डिस्टेंसिंग के साथ सुना। शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। कहा कि संबंधित अधिकारी प्राप्त शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर करना सुनिश्चित करें। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जायेगी। इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी शमशाद हुसैन सहित जनता दर्शन में आये फरियादीगण आदि उपस्थित रहे।

### क्रेन की टक्कर से युवक की मौत

**बल्दीराय, सुल्तानपुर।** हरौरा बाजार से घरेलू सामान खरीद कर घर लौट रहे युवक को अनियंत्रित क्रेन ने टक्कर मार दी। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने घायल युवक को निकट सामुदायिक स्वास्थ केंद्र बल्दीराय में भर्ती कराया। हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहा इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। हादसे में युवक की मौत से समूचे परिवार में कोहराम मचा हुआ है। बल्दीराय थाना क्षेत्र के अतौला, सोनबरसा गांव निवासी सूरज उम्र (25) वर्ष पुत्र नंहू, हरौरा बाजार से घरेलू सामान खरीद कर घर वापस आ रहा था, रास्ते में हलियापुर-बेलवाई मार्ग पर देहली बाजार हर्ष महिला महाविद्यालय के पास क्रेन ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घायलावस्था में बाजारवासी उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बल्दीराय में भर्ती कराए। जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इलाज के दौरान जिला अस्पताल में युवक की मौत हो गई। थानाध्यक्ष बल्दीराय अमरेंद्र सिंह ने बताया कि क्रेन को कब्जे में लिया गया है। मृतका के पिता ने तहरीर दी है, जांच कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### लोक अदालत का आयोजन कल

**गोंडा।** आगामी 12 दिसम्बर को जनपद न्यायालय गोण्डा एवं समस्त तहसीलों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए सिविल जज सीनियर डिवीजन/प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रविशंकर गुप्ता ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार लोक अदालत का आयोजन 12 दिसम्बर को होगा जिसमें राजस्व, मनरेगा, भूमि अधिग्रहण वादों, चकबन्दी वादों, श्रम मामलों, माध्यस्थम प्रकरणों, नगर पालिकॉनगर निगम टैक्स वसूली मामलों, दीवानी वाद, मोटर दुर्घटना वाद, फौजदारी वाद, एन0आई0 एएक्ट, पारिवारिक वाद, इजराय वाद, लघु दाण्डिक वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद एं व अन्य सुलह समझौते के आधार पर होने वाले वादों का निस्तारण किया जाएगा।

### दीपक हत्याकांड में परिजनों से मिला कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल

**सुल्तानपुर।** गुरुवार को कांग्रेस जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा के निर्देश पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता लाल पद्माकर सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल कुड़वार थाना क्षेत्र के रंके डीह में हुई दलित युवक की हत्या के मामले में परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए न्याय का भरोसा दिलाया। गुरुवार को पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे श्री सिंह ने मृतक के पिता राम तीरथ से मिलकर घटना के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां ली वही मौके पर मौजूद कुड़वार थाना क्षेत्र की पुलिस से भी मामले को लेकर बातचीत की । जिला प्रवक्ता नफीस फारूकी ने कहा रंके डीह गांव के दलित युवक दीपक की हत्या बड़ी दुखद घटना है। पार्टी परिजनों के साथ पूरी संवेदना के साथ खड़ी है जल्द ही एक प्रतिनिधिमंडल पुलिस अधीक्षक शिवहरी मीणा से मिलकर मामले के खुलासे व दोषियों पर कार्यवाही की मांग करेगा। घटना की विस्तृत जानकारी प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू व उत्तर प्रदेश की प्रभारी प्रियंका गांधी को डिजिटल माध्यमों से भेजी जा रही है। प्रतिनिधिमंडल में जिला महासचिव विजय पाल, इंतजार अहमद पिंटू, सभासद राजदेव शुक्ला आदि मौजूद रहे।

### 14 से शुरू हो जायेगी ऊँचाहार एक्सप्रेस

**लालगंज रायबरेली।** प्रयागराज से चंडीगढ़ के बीच चलने वाली ऊंचाहार एक्सप्रेस (4217) आगामी 14 दिसम्बर से षुरू की जायेगी। इस टेऊन के चलने से क्षेत्रीय लोगो को पंजाब के विभिन्न शहरो से लेकर राजधानी दिल्ली पहुंचने में आसानी होगी।

# दहेज हत्या के दो आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता। श्रावस्ती

**पुलिस अधीक्षक** श्रावस्ती अरविन्द कुमार मौर्य द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक बी0सी0 दूबे व क्षेत्राधिकारी भिनगा इकौना हौसला प्रसाद के कुशल निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक ज्ञानेन्द्र पान्डेय मयहमराही द्वारा क्षेत्र में भ्रमणशील क्षेत्र थे। दिनांक बुधवार को मुखबिर की सूचना पर ग्राम बेलकर से अभियुक्तगण मेराज पुत्र हमीद अली व हमीद अली पुत्र मूने निवासीगण ग्राम बेलकर थाना इकौना जनपद श्रावस्ती को गिरफ्तार किया गया। जो मु0अ0सं0 349.2020 धारा 498 ए 304 बी भा0द0वि0 व 3.4 डीपी एक्ट के वांछित अभियुक्त थे। जिन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल रवाना किया गया।

## ट्रैक्टर ने दो लोगों को रौंदा 4 लोग गंभीर रूप से घायल

**श्रावस्ती।** जमुनहा. मल्हीपुर थाना क्षेत्र के इंडो नेपाल बॉर्डर पर कलकलवा की तरफसे तेज रफ्तार से आ रहा ट्रैक्टर अचानक अनियंत्रित होकर 2 लोगों को बुरी तरीके से रौंद दिया और ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर 20 फुट गहरी खाई में गिर गया जिससे ट्रैक्टर पर दो लोग और ज ?मी हो गए।। सभी घायलों को रात में अस्पताल भेजा गया। बाद में ट्रैक्टर को जेसीबी की सहायता से बाहर निकाला गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना थाना मल्हीपुर के इंडो नेपाल बॉर्डर की है जहां पर कलकलवा से तेज रफ्तार से आ रहे ट्रैक्टर एक महिला को रौंद दिया जिससे 25 वर्षीय महिला रीता देवी पत्नी महेश कुमार बुरी तरीके से घायल हो गई वंही ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर मार्जनील बांध के नीचे 20 फिट गहरी खाई में गिर गया जिसके कारण ट्रैक्टर पर बैठा एक व्यक्ति और चालक गंभीर रूप से घायल हो गये ग्रामीणों ने फौरन पुलिस को सूचना दी पुलिस ने तुरंत घायलों को अस्पताल पहुंचाया जहां पर घायलों की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

## दो पक्षों में जमकर मारपीट

**श्रावस्ती।** गिलौला. थाना गिलौला अंतर्गत ग्राम रामपुर खेडा में गुरुवार की सुबह जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुआ जिसमें प्रथम पक्ष शिवकुमार मिश्रा को दूसरे पक्ष दीपू व अन्य भाई समेत पुत्र गण शिव शंकर शिव शंकर ने लाठी डंडे बांका राड व छत से ईट चलाकर बुरी तरह से घायल कर दिया। पीड़ति को पड़ोसियों ने थाना गिलौला पहुचाया पुलिस ने पी?ित से प्रार्थना पत्र लेकर उचित कार्यवाही करते हुए मेडिकल के लिये सीएचसी गिलौला भेजा जहां पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर जिला स्वास्थ्य केंद्र रेफर कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र गिलौला के अंतर्गत ग्राम सभा रामपुर खेड़ा में दो पक्षों के बीच जमीनी विवाद को लेकर जमकर मारपीट हुआ जिसमें प्रथम पक्ष शिवकुमार मिस्र व उनके चाचा के लड़के को तृतीय पक्ष ने बुरी तरह से मारा पीटा जिसमें प्रथम पक्ष द्वारा बताया जा रहा है की खेत में बांस के कुछ पेड़ लगे हुए हैं जो निजी नंबर में है लेकिन द्वितीय पक्ष द्वारा जबरन वास्को काटा जा रहा था तो प्रथम पक्ष ने रोकना चाहा जिस बात को लेकर द्वितीय पक्ष वह प्रथम पक्ष में कहासुनी हुआ जिसको लेकर थाना गिलौला पर 9 दिसम्बर को सुलह समझौता हुआ था लेकिन द्वितीय पक्ष के द्वारा पुनः 10 दिसम्बर को सुबह उसी बात को लेकर लाठी.डंडे व धारदार औजार से प्रथम पक्ष पर प्रहार कर दिया गया जिससे प्रथम पक्ष बुरी तरह घायल हो गया जिसको गांव के कुछ व्यक्तियों द्वारा थाना गिलौला लाया गया।

# केएनआई के विधि संकाय में साक्षरता जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन



विधिक साक्षरता जागरूकता शिविर में मौजूद न्यायिक अफसर

**सुलतानपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार जनपद न्यायाधीश सन्तोष राय की संरक्षता मे सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सतीश कुमार मगन की अध्यक्षता में मानवाधिकार दिवस के अवसर पर कमला नेहरू विधि संकाय फरीदीपुर जनपद सुलतानपुर में विधिक साक्षरता जागरूकता शिविर का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती की प्रतिमा का माल्यार्पण कर हुई। प्राचार्य राधे श्याम सिंह ने मानवाधिकार दिवस के अवसर पर कोविड-19 को ध्यान में रखते हुए अपने विचार रखे। सुभाष यादव प्रोफेसर विधि संकाय, छात्रा वर्तिका तिवारी एवं इरम शाहिद तथा छात्र रविकांत त्रिपाठी द्वारा मानवाधिकार दिवस के अवसर पर अपने अपने व्यक्त किए गए। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बताया मानवाधिकार आयोग को शिकायतें प्राप्त कर उस पर कार्यवाही करने का पूर्ण अधिकार होता है। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि मानवाधिकार के उल्लंघन के लिए मानवाधिकार आयोग का गठन किया गया है जिसके माध्यम से मानवाधिकार के उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही की जाती हैं। इसके साथ ही उन्होंने मानवाधिकार दिवस क्यों मनाया जाता है तथा मौलिक अधिकार के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में बी पी सिंह समन्वयक कमला नेहरु विधि संकाय सुल्तानपुर द्वारा उपस्थित सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुल्तानपुर एवं अन्य अतिथियों तथा छात्र छात्राओं को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। विधिक साक्षरता शिविर का संचालन नवराज मेहंदी जैदी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुल्तानपुर के पैरा लीगल वालंटियर अनुज कुमार विश्वकर्मा तथा सौम्या चित्रांशी भी उपस्थित रहे।

# तमंचा और कारतूस के साथ पकड़ा गया युवक

● आर्म्स एक्ट की कार्रवाई कर भेजा गया जेल

● अपराधियों और वांछितों के खिलाफकुड़वार पुलिस का चल रहा अभियान

संवाददाता। सुलतानपुर


पुलिस हिरासत में आरोपी युवक

**पुलिस अधीक्षक** शिवहरि मीणा के निर्देश व क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में अपराधियों व वांछितों के खिलाफ चलाए जा रहे धर पकड़ अभियान में कुड़वार पुलिस को सफलता मिली। गश्त के दौरान पुलिस ने एक युवक के कब्जे से अवैध तमंचा और जिन्दा कारतूस बरामद किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की कार्यवाही करते हुए न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।गौरतलब हो कि अपराध की रोकथाम और अपराधियों पर नकेल कसने के लिए पुलिस कप्तान ने मातहतों को सख्त हिदायत दे रखी है। क्राइम मीटिंग में भी पुलिस अधीक्षक ने लंबित विवेचनाओं को पूरा करने के साथ-साथ अपराधियों की धर पकड़ के लिए फरमान जारी किया था। गुरूवार को कुड़वार थानाध्यक्ष और उप निरीक्षक सीताराम यादव हमराही सिपाहियों के साथ क्षेत्र में गश्त पर थे। इसी बीच मुखबिर से सूचना मिली कि एक युवक हसनपुर रेलवे क्रासिंग के पास मौजूद है। उसके पास अवैध तमंचा और कारतूस भी है। सूचना पर सक्रिय हुई पुलिस टीम ने मौके पर पहुंच युवक को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उसके कब्जे से पुलिस ने एक अदद तमंचा 315 बोर और एक जिन्दा कारतूस बरामद किया। आरोपी की शिनाख्त सुनील कुमार तिवारी पुत्र शिव शंकर तिवारी निवासी ग्राम बहमरपुर थाना कुड़वार के रूप में हुई। युवक के खिलाफ पुलिस ने आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर मजिस्टेऊट के न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

## गांजे के साथ आरोपी गिरफ्तार

चांदा पुलिस ने भी ऑपरेशन अंकुश के तहत एक किलो 100 ग्राम गांजे के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान विवेक सिंह पुत्र सकल देव सिंह निवासी सिघौली थाना चांदा के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर अदालत में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## सात पर हुई शांति भंग की कार्यवाही

जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों की पुलिस ने शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में सात व्यक्तियों के खिलाफशाति भंग की कार्यवाही की है। जिसमें धम्मौर से एक, बल्दीराय से दो, हलियापुर से एक, गोसाईगंज से एक, अखण्डनगर से एक व लम्भुआ से एक व्यक्ति शामिल है।

# कृषि बिल के विरोध में सपा कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

**शिवगढ़ (रायबरेली)।** समाजवादी पार्टी के बछरावां विधानसभा अध्यक्ष राकेश त्रिवेदी उर्फ आलू महराजगंज व पूर्व विधायक रामलाल अकेला की अगुवाई में शिवगढ़ क्षेत्र के बरियारपुर में समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं ने कृषि बिल के विरोध में प्रदर्शन करते हुए सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जिसकी जानकारी होते ही शिवगढ़ थानाध्यक्ष धीरेंद्र कुमार यादव, महराजगंज एसडीएम विनय कुमार मिश्रा मय फोर्स के मौके पर पहुंच गए और प्रदर्शन कर रहे सपा कार्यकर्ताओं के साथ बरियारपुर स्थित यादव ढाबा प्रांगण में बैठकर सभी को समझा-बुझाकर शान्त कराया। पूर्व विधायक रामलाल अकेला ने कहा कि भाजपा सरकार किसान विरोधी है। जब तक सरकार कृषि बिल वापस नही लेगी तब तक सपा कार्यकर्ता शान्त नही बैठेंगे। वहीं बछरावां विधानसभा अध्यक्ष राकेश त्रिवेदी ने कहा कि भाजपा पुलिस के बल पर तानाशाही रवैया अपना रही है। एसडीएम विनय कुमार मिश्रा का कहना है कि प्रदेश में धारा 144 लागू है धारा 144 का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। वहीं शिवगढ़ क्षेत्र के ग्राम पंचायत बेड़ारु में समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष शिव शंकर सिंह वर्मा की अगुवाई में सैकड़ों सपा कार्यकर्ताओं ने सड़कों पर उतर कर कृषि बिल के विरोध में प्रदर्शन करते हुए सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। शिव शंकर सिंह वर्मा ने कहा कि भाजपा द्वारा लाया गया कृषि बिल किसानों के हित में नही है। भाजपा तानाशाही रवैया अपनाकर किसानों की आवाज दबाना चाहती है। यदि सरकार ने कृषि बिल वापस नही लिया तो आर-पार की लड़ाई लड़ने के लिए आंदोलनात्मक रणनीति अपनाई जाएगी। पूर्व विधायक श्यामसुंदर भारती ने कहा कि किसानों की आय दोगुनी का ढिढ़ोरा पीटने वाली सरकार में किसान त्राहि-त्राहि कर रहा है। किसान मिट्टी मोल धान बेचने को मजबूर है किंतु सूबे की सरकार को दिखाई नही देता। इस मौके पर यूथ ब्रिगेड के बछरावां विधानसभा अध्यक्ष अंकित वर्मा, लोहिया वाहिनी के विधानसभा अध्यक्ष आशीष पटेल, ब्लाक महासचिव रज्जन लाल पटेल, श्याम बाबू, राम मनोहर, राकेश, वीर प्रकाश, रमाकांत सहित सैकड़ों सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पायनियर
लखनऊ, शुक्रवार, 11 दिसंबर 2020



# सफाईकर्मियों ने डीपीआरओ पर लगाया धनउगाही का आरोप

● कहा-निलंबित करने के बाद बहाली के नाम पर दलालों के जरिए करते हैं वसूली

संघ ने कार्रवाई न होने पर 16 से धरना-प्रदर्शन करने की दी चेतावनी

संवाददाता। बस्ती

**उ.प्र.** ग्राम पंचायत राज सफाई कर्मचारी संघ ने जिला पंचायत राज अधिकारी पर सफाई कर्मियों का उत्पीड़न करने, बहाली और वेतन प्रमाण-पत्र के नाम पर दलालों के जरिए धन उगाही करने का आरोप लगाया है। संघ के अध्यक्ष अतुल कुमार पांडेय और महामंत्री सोमई राम आजाद ने डीएम, सीडीओ, उपनिदेशक पंचायत को लिखे पत्र चेताया है कि अगर एक सप्ताह में जांच कर निर्दोश सफाई कर्मियों को बहाल नहीं किया गया तो विकास भवन के सामने 16 दिसंबर से सफाई कर्मी धरना प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे। कहा कि कोरोना संक्रमण में जान हथेली पर रखकर काम करने वाले एक भी सफाई कर्मियों को मास्क और सेनेटाजर नहीं दिया, जबकि आवश्कता सबसे अधिक इन्हीं कर्मियों को है। कहा कि मास्क और सेनेटाजर धन का बंदरबांट कर लिया जाता है। इससे पहले सफाई कर्मियों के द्वारा डीपीआरओ पर दिवाली पर मिठाई के नाम चंदा मांगने का आरोप लगा चुके है। हांलाकि डीपीआरओ विनय सिंह ने आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि सफाई कर्मी काम करने के बजाए राजनीति कर रहें हैं। काम नहीं करेंगे तो कार्रवाई होगी ही। अफसरों को लिखे पत्र में कहा गया कि पिछले 11सालों से विभाग ने सफाई कर्मियों को सफाई करने संबधित एक भी उपकरण नहीं दिया, जबकिउपकरण के नाम हर साल प्रत्येक पंचायत द्वारा 12 से 15 हजार का भुगतान किया जाता है। कहा कि बिना तथ्यों की जांच किए सफाई कर्मियों को निलंबित कर दिया जाता है, और बाद में बहाली के नाम बिचौलियों के द्वारा मोटी रकम की मांग की जाती है। इस पूरे खेल में पटल सहायक और साहब के वाहन चालक की महत्वपूर्ण भूमिका बताई जा रही है। कहा कि पूरा कार्यालय भ्रष्टाचार में डूबा हुआ है। वेतन प्रमाण-पत्र के नाम पर कर्मियों से दो-दो हजार की मांग की जाती है। कई बार इसकी षिकायत की गई, मगर कोई कार्रवाई नहीं हुई, अलबत्ता हर षिकायत के बाद कार्रवाई तेज कर दी जाती है, ताकि सफाई कर्मियों की आवाज को दबाया जा सके।

### मनमाने तरीके से की कार्रवाई बेवजह कर दिया गया निलंबित

**डीपीआरओ** की मनमानी का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है, कि जिस आरोप में सफाई कर्मी तुलसीराम को निलंबित किया गया, उससे सफाई कर्मी का कोई भी लेना देना नहीं है। सफाई कर्मी का कहना है कि डीपीआरओ ने उन्हें इस लिए निलंबित कर दिया, क्यों कि उसने डीपीआरओ को शौचालय के निर्माण की स्थित को नहीं बता पाया। कहा कि जो जानकारी प्रधान और सेक्रेटरी से लेनी चाहिए वह जानकारी सफाई कर्मी से ले रहे हैं, और न देने पर निलंबित कर दे रहे हैं, ताकि धन की उगाही की जा सके।

## डीएम-एसपी ने गांव में चौपाल लगाकर सुनीं जनसमस्याएं मौके पर किया निस्तारण

**अधिकारियों ने जरूरतमंदों में कम्बल वितरित किया**

संवाददाता। संतकबीरनगर

**शासन** के मंशा के अनुरूप जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ बृहस्पतिवार को धनघटा तहसील के ग्राम औराड़ाड में चौपाल लगाकर ग्रामीणो की समस्या को सुनते हुए निस्तारण किया। ग्रामवासियों ने गांव की समस्या तथा निजी जुड़े समस्याओं को प्रस्तुत किया। जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने चौपाल में मौजूद सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित कर समस्या का निराकरण कराया गया। इस दौरान विभिन्न विभागो के अधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल एवं पुलिस अधीक्षक डॉ0 कौस्तुभ ने चौपाल में उपस्थित जरूरतमंदो में ठण्ड को देखते हुए कम्बल वितरित किया।

# रेलवे ई टिकट साफ्टवेयर गिरोह का ईनामी सरगना चढ़ गया हत्थे

● पिछले एक वर्ष से चल रहा था फरार, लैपटाप मोबाइल, फर्जी आधार कार्ड, एटीएम कार्ड बरामद



संवाददाता। बस्ती

**रेलवे** रिजर्वेशन ई टिकट के साफ्टवेयर को ऑनलाइन बेचने वाले गिरोह के 25 हजार के इनामियां को कप्तानगंज चौराहा के पास पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। रेडमिर्ची और एएनएमएस साफ्टवेयरका डवलपर मनोज महतों की पुलिस को पिछले एक वर्ष से तलाश थी। उसकी गिरफ्तारी के लिए 25 हजार रूपए का इनाम घोषित किया गया था। अपराध शाखा, रेलवे सुरक्षा बल एवं हर्रैया पुलिस की संयुक्त टीम ने उसे गिरफ्तार कर उसके पास से 2 लैपटाप, दो मोबाइल, तीन फर्जी आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेन्स, पैन कार्ड एवं अन्य दस्तावेज, 12 एटीएम कार्ड, विभिन्न फर्जी पोर्टल में जमा आठ लाख, 12 बैंक बचत खातों में जमा दो लाख रूपए जब्त कराया गया। जबकि पोस्ट आफिस के 9 बचत पत्र, सहारा इण्डिया के 30 सेविंग बांड में जमा करीब 16 लाख रूपए, नोएडा में एक करोड़ 26 लाख मूल्य के प्रापर्टी एग्रीमेंट पेपर, गाजियाबाद में 18 लाख मूल्य के प्रापर्टी फ्लैट को जब्त कराने की कार्यवाही की जा रही है।

एसपी हेमराज मीणा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि बिहार राज्य के सीतामढ़ी जिले के मढ़िया पोस्ट सोनबरसा निवासी मनोज महतो रेलवे के ई टिकट बनाने के लिए रेडमिर्ची और एएनएमएस साफ्टवेयर का डवलपर , मुख्य कैषियर और सुपर सेलर है। यह रेल टिकट के अवैध कारोबार में वांछित और पिछले एक वर्ष से फरार चल रहा था। हर्रैया थाना एवं रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट गोण्डा में आईपीसी, रेलवे और आईटी एक्ट की धारा के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। जांच के दौरान कप्तानगंज थाना क्षेत्र के रमवापुर निवासी हामिद अषरफ को आनलाइन फर्जी पोर्टल के माध्यम से साफ्टवेयर को बेचकर नेपाल बार्डर स्थित सीतामढ़ी में रूपयों को भेजा जाना पाया गया।

## एनटीपीसी रिहंद से दादरी भेजी गयी राख़ की पहली खेप

संवाददाता। बीजपुर/सोनभद्र



**एनटीपीसी** रिहंद स्टेशन एक तरफ जहां पूर्व में राख़ उपयोग के लिए एक से बढ़कर एक प्रयास करता चला आ रहा है वही पर बुधवार को एनटीपीसी रिहंद ने राख उपयोग के लिए एक नया प्रयास किया है। इस नये प्रयास के तहत रिहंद स्टेशन द्वारा एनटीपीसी दादरी के लिए बीटीएपी वैगन के माध्यम से राख़ की पहली खेप भेजी गयी है। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित कार्यकारी निदेशक बालाजी आयंगर ने हरी झंडी दिखाकर बीटीएपी वैगन को एनटीपीसी दादरी के लिए रवाना किया। जो एनटीपीसी रिहंद का ट्रेन द्वारा राख़ भेजने का एक नया प्रयास है जो राख़ बीटीएपी वैगन के माध्यम से एनटीपीसी दादरी को भेजी जा रही है उसे दादरी एकत्र कर के आवश्यकतानुसार विभिन्न स्थानों को भेजेगा उद्घाटन अवसर पर मुख्य रूप से महाप्रबंधक एस कृष्णा महाप्रबंधक ए के चट्टोपाध्याय महाप्रबंधक एम रमेश महाप्रबंधक के सी त्रिपाठी धन्वन्तरी चिकित्सालय की मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ रेनू सक्सेना अपर महाप्रबंधक मुकुल राय अपर महाप्रबंधक वी के अत्रि अपर महाप्रबंधक दीलीप कैबोर्त्ता अपर महाप्रबंधक एस बी डी रवि कुमार संजीव कसूमरा उप महाप्रबंधक के साथ साथ अन्य विभागाध्यक्ष सामाजिक दूरियों का पालन करते हुये उपस्थित रहे।

## सड़क हादसे में दो युवकों की मौत

**संतकबीरनगर।** खलीलाबाद कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला शास्त्रीनगर निवासी दो युवक की सड़क हादसे में मृत्यु हो गई। जबकि एक साथी गम्भीर रूप से घायल हो गया। यह घटना खलीलाबाद कोतवाली क्षेत्र ग्राम चकदही के निकट बुधवार की सुबह लगभग 5 बजे घटित हुई। जानकारी के अनुसार शास्त्रीनगर निवासी दो युवक जो सगे मामा-भांजे थे तथा एक साथी खलीलाबाद निवासी एक साथ बारात गये हुए थे वापस बुलेट गाड़ी से आने के दौरान प्रत्यक्षदर्शियो के अनुसार तेज रफ्तार होने के कारण बाईक अनियंत्रित हो गई और पोल से टकरा गये। घटना स्थल पर ही मामा-भांजे की मृत्यु हो गई तथा एक युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया तथा घायल को जिला अस्पताल भेजवाया गया।

## मानवाधिकार दिवस पर न्यायिक अधिकारियों ने दी कानूनी जानकारी

संवाददाता। संतकबीरनगर

**विश्व मानवाधिकार** दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, के अध्यक्ष एवं जनपद न्यायाधीश महफूज़ अली के नेतृत्व में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन तहसील धनघटा के रामेश्वर प्रसाद मौर्य स्मारक इण्टर कॉलेज ठकुराडाड़ी में किया गया। सिविल जज सीनियर डिविजन सत्य प्रकाश आर्य की अध्यक्षता में कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के आचार्य कृष्णचन्द्र यादव द्वारा किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय की बच्चियों द्वारा माँ सरस्वती वन्दना तथा स्वागत गीत प्रस्तुति के साथ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि न्यायिक अधिकारी सत्य प्रकाश आर्य द्वारा मानवाधिकार से सम्बन्धित कानूनों के बावत विस्तृत जानकारी दी गयी। श्री आर्य ने बताया कि भारत में 28 सितंबर, 1993 को मानव अधिकार आयोग की घोषणा की गयी थी। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार कुछ मानवाधिकार ऐसे हैं जो कभी मनुष्य से छीने नहीं जा सकते। मनुष्य की अपनी गरिमा है। वर्तमान में 30 से अधिक मानव अधिकार है। आज पूरे विश्व को मानव अधिकारों की बहुत जरूरत है। आये दिन कोई न कोई जाततीी, नाइंसाफी देखने को मिलती है। भारत में भी रोज कोई न कोई ऐसा अपराध देखने को मिलता है जो मानव अधिकारों की धज्जियां उड़ा रहा है। जेल में, पुलिस हिरासत में महिलाओं के साथ बलात्कार, यौन उत्पीड़न, कैदियों की हत्या, अत्याचार, यातना, जैसी खबरे रोज ही सुनने को मिल रही है। पुलिस निर्दोष लोगो पर जुल्म कर रही है जबकि प्रभावशाली और ताकतवर लोगो को बचाने की कोशिश करती है। ऐसे में मानव अधिकार ही पीड़ित लोगो की मदद कर सकते हैं। तहसील धनघटा के नायब तहसीलदार रामसुख शर्मा ने भी तहसील स्तर पर मानव कल्याण से जुड़ी समस्त लाभकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दिया। कार्यक्रम में न्यायालय से भवन चौधरी, जयशंकर यादव, उदयभान, लल्लन कुमार, राहुल यादव, कामता प्रसाद, तथा विद्यालय परिवार से प्रबन्धक रविन्द्र प्रकाश मौर्य, प्रधानाचार्य गौरव कुमार, राम केवल यादव, निपेन्द्र, श्यामजीत, आनन्द, राकेश, पवन, प्रियंका, खुशी, शिवानी मनोरमा सेमत तमाम छात्र-छात्रायें उपस्थित रहीं।




सम्बोधित करते सचिव/न्यायिक अधिकारी पायनियर

# सेवायोजन कार्यालय में पंजीकरण हुआ अनिवार्य

**प्रहरी एप, श्रम विभाग के बाद सेवायोजना को किया अनिवार्य-विभाग ठेकेदारों पर एक के बाद एक व्यवस्था थोप रही**

**-एकता नहीं दिखाई तो भविष्य में ठेला लगाकर परिवार का भरण-पोषण करना होगा-सरद सिंह**

**बस्ती।** पीडब्लूडी के आला अधिकारी अपनी मोनोपोली बनाए रखने और ठेकेदारों के आंदोलन को कमजोर करने के लिए उन पर एक के बाद एक नया नियम कानून थोप रही है। पहले प्रहरी एप फिर श्रम विभाग और अब सेवा योजन कार्यालय में कर्मचारियों का पंजीकरण कराना अनिवार्य कर दिया। पूर्वांचल आदर्ष ठेकेदार समिति के अध्यक्ष सरद कुमार सिंह का कहना है कि विभाग के आला अधिकारी छोटे ठेकेदारों के रोजगार को ही समाप्त कर देना चाहती हैं, नित्य ऐसे नियम कानून ला रही है, जिससे ठेकेदार बर्बाद हो जाए, ताकि अधिकारियों की मोनोपोली बनी रहे। इसके लिए उन्होंने प्रदेष भर के ठेकेदारों से एकजुट होकर लड़ाई लड़ने की अपील की। कहा कि अगर आज ठेकेदारों ने एकजुटता नहीं दिखाइ तो भविष्य में उन्हें ठेला लगाकर परिवार का भरण-पोषण करना होगा। कहते हैं कि विभाग नित्य ठेकें में नित्य नये-नये प्रयोग कर रही है। एक विसंगतियां दूर होती नहीं कि दूसरी लाद दी जाती है। कहा कि सभी ठेकेदारों को चाहिए कि वह विांगतियां दूर होने तक निविदा का बहिष्कार करे। ऐसा लगता है कि मानो षासन के अधिकारियों के सामने विभाग के अधिकारियों में निर्णय लेने की क्षमता ही नहीं रह गई।

# सात हजार हेल्थ वर्करों को लगेगा कोरोना का टीका

● कोरोना टीकाकरण को लेकर तैयारी में जुटा स्वास्थ्य विभाग

संवाददाता। सोनभद्र

**जनपद में** कोविड-19 संक्रमण का कहर बढ़ता ही जा रहा है। इस पर नियंत्रण रखने के लिए शासन स्तर पर निर्देश मिलते ही स्वास्थ्य विभाग कोरोना टीकाकरण को लेकर काफी संजीदा है और जिले के लगभग 7 हजार सरकारी एवं प्राइवेट अस्पतालों के हेल्थ वर्करों को पहले फेज में टीका लगाने हेतु चिन्हित कर लिया गया है। इसके अलावा वैक्सीन के रखरखाव को लेकर स्वास्थ्य महकमा तैयारी में जुटा हुआ है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ एसके उपाध्याय ने बताया कि शासन स्तर पर निर्देश प्राप्त होते ही जिले के सरकारी एवं प्राइवेट अस्पतालों के हेल्थ वर्कर चिकित्सक, पैरामेडिकल फार्मासिस्ट नर्स एएनएम वार्ड बॉय स्वीपर तथा चौकीदारों समेत अन्य कर्मियों का डेटाबेस तैयार कर लिया गया है जिन्हें वैक्सीन आते ही कोरोना टीका लगाया जाएगा ।उन्होंने बताया कि इसमें आयुर्वेद यूनानी तथा एलोपैथ अस्पतालों के स्वास्थ्य कर्मी भी शामिल है। जनपद में वैक्सीन आते ही पहले दौरान में चिन्हित लगभग 7 हजार लोगों का टीकाकरण किया जाएगा। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ राम कुंवर ने बताया कि कोरोना वैक्सीन लगाए जाने को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने सभी तैयारियां शुरू कर दिया है। इसके अलावा कोरोना वैक्सीन को रखने की व्यवस्था जनपद के 8 ब्लाकों में पहले से ही चिन्हित 21 स्थानों पर की गई है और एक जिला मुख्यालय स्थित मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के समीप पुराने जिला अस्पताल भवन में जिला वैक्सीन स्टोर की व्यवस्था की जा रही है ।उन्होंने बताया कि वैक्सीन स्टोर करने के लिए आई एल आर की दो मशीनें जो गोदरेज कंपनी की है लखनऊ से जिले को आज प्राप्त हो गई।

## डीएम ने टेलीमेडिसीन हब का फीता काटकर उद्घाटन किया

**मीरजापुर।** जिलाधिकारी सुशील कुमार पटेल द्वारा मंडलीय चिकित्सालय मीरजापुर में टेलीमेडिसीन.हब का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। बताया गया कि इस हब में चार कम्प्यूटरए उच्चस्तरीय गुणवक्ता के लगाये गए हैं। इस हब के प्रारंभ होने से अब घर बैठे इलाज संभव हो पायेगा। जिसके लिए एंड्राइड फोन में ई.संजीवनी एप्प एप्पीलेकेशन डाउनलोड करके दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए नि:शुल्क चिकित्सकों से सीधे घर बैठे वीडियों काल के माध्यम से जुड़ पायेगें तथा अपनी समस्याओं को बताकर बेहतर इलाज का लाभ ले सकते हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि कोरोना जैसी महामारी में लोगों के लिए सच में यह हब संजीवनी का काम करेगी। यह भी बताया गया कि टेलीमेडिसीन हब सुबह 9ण्30 बजे से लेकर 4ण्30 बजे शाम तक संचालित की जायेगी।

# फरवरी में पंचायत चुनाव कराने की तैयारी, आज सीएम करेंगे समीक्षा

**बस्ती।** सरकार पंचायत चुनाव को फरवरी में कराने के तैयारी कर रही है। चार दिन पहले तैयारी को लेकर षासन स्तर पर बैठक हो चुकी है। अब 11 यानि षुक्रवार को इसकी समीक्षा मुख्यमंत्री करने जारहे है। समीक्षा बैठक के बाद चुनाव की स्थित स्पष्ट हो जाएगी। स्थानीय स्तर पर भी चुनाव को लेकर गतिविधियां तेज होती दिख रही है। फरवरी में चुनाव कराने के पीछे बोर्ड परीक्षा की मार्च में न होना बताया जारहा है। बोर्ड परीक्षा की तिथि मार्च के बाद निर्धारित होने की संभावना जताई जा रही है। फरवरी में चुनाव कराने के पीछे जो सबसे कड़ा कयास लगाया जा रहा है, वह है, चुनाव को अवसर में। पूरे देष में भाजपा के पक्ष में जो माहौल मन रहा है, उसे भाजपा कैष कराना चाहती है। चुनाव के बहाने पार्टी प्रदेष में अपनी बढ़ती ताकत को दिखाना चाहती है। इस चुनाव के बहाने पार्टी की मंषा विरोधियों का सफाया करने की भी है। अधिक से अधिक जिला पंचायत, क्षेत्र पंचायत और ग्राम पंचायतों पर कब्जा करने की है। चुनाव के जानकारों का हिना है कि अगर फरवरी तक चुनाव की पूरी तैयारी नहीं भी हुई तो पार्टी चुनाव ठीक उसी तरह कराना चाहेगी जिस तरह वर्ष 2005 में हुआ था। पहले यह कयास लगाया जारहा था कि चुनाव अप्रैल और मई में हो सकता है, मगर तो षासन स्तर पर तैयारी चल रही है, वह फरवरी में चुनाव कराने के संकेत दे रहे हैं।

**बोर्ड परीक्षा की तिथि में हो सकता है संषोधन, मार्च के बाद होने की संभावना जिला स्तर पर भी दिखाई दे रही तेजी 2005 की तरह हो सकता है चुनाव**

**92 फीसद मतदाता फीडिगं कार्य पूरा, मंडल में पहले स्थान पर:** जिले में 10 दिसंबर तक कुल 92 फीसद मतदाता सूची फीडिगं का कार्य पूरा हो चुका है। इस मामले में जिला मंडल में अव्वल है। साढ़े पाच लाख मतदाता में से पांच लाख 11 हजार 869 मतदाताओं के नामों को फीड किया जा चुका है। हालांकि मतदाता सूची के अंन्तिम और अंतिम प्रकाषन की तिथि में परिवर्तन किया गया है।

**अब मतदाता सूची का अंतिम प्रकाषन 22 जनवरी 21 को होगा :** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण का जो संषोधित कार्यक्रम राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से जारी किया गया है, उसके अनुसार अब मतदाता सूची का अंतिम प्रकाषन 22 जनवरी को होगा। 26 दिसंबर 20 तक डाफ्ट नामावलियों की कम्प्यूटरीकृत पांडुलिपि तैयार होगा, 27 को प्रकाषन होगा, 28 से तीन जनवरी तक प्रकाषित नामावली का निरीक्षण होगा, इन्हीं दोनों तारीखों में दावा और आपत्तियों का निस्तारण होगा, एक जनवरी 21 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले सभी दावे स्वीकार किए जाएगें।

# लापरवाही पर रोजगार सेवकों का रोका वेतन

● कूड़ा निस्तारण में लापरवाही पर नगर पालिका, नगर पंचायतों के ईओ को कारण बताओ नोटिस

संवाददाता। बस्ती



**मनरेगा** कार्य में लापरवाही बरतने वाले रोजगार सेवकों का मानदेय रोकते हुए कार्रवाई की जाएगी। डीएम आषुतोष निरंजन ने इसके लिए सभी बीडीओ को निर्देश दिया है। कहा कि ऐसे गांवों को चिन्हित करें जहां पर बिल्कुल कार्य नहीं हो रहा है।यह भी पता करें कि इन गांव में कार्य योजना के अनुसार कार्यो की सूची तैयार है अथवा नहीं। कार्य कराने में रूचि न लेने वाले ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के विरुद्ध कार्यवाही प्रस्तावित करें। जबकि कूड़ा निस्तारण में लापरवाही पाए जाने पर नगर पालिका, नगर पंचायत के सभी अधिशासी अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए एक सप्ताह में प्रत्येक वार्ड/निकाय में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन कराना सुनिश्चित कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने, जनपद को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए विशेष अभियान संचालित करने का निर्देष दिया है। कहा कि प्रत्येक वार्ड/निकायों के लिए टीम का गठन कर सप्ताह में दो दिन रविवार एवं बुद्धवार को अभियान चलाना सुनिश्चित करें। विकास भवन सभागार में आयोजित विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में कहा कि मनरेगा के तहत 10,000 से अधिक ऐसे कार्य हैं, जो 75 प्रतिशत से 90 प्रतिशत के बीच पूर्णता की स्थिति में है। 90 प्रतिशत से अधिक पूर्ण कार्यों को प्राथमिकता पर पूरा कराएं। समीक्षा में पाया कि 3 साल से 348, 2 साल से 271, एक साल से 968 कार्य अपूर्ण चल रहे हैं। बीडीओ को इसकी नियमित समीक्षा करते हुए पूर्ण कराने का निर्देश दिया। कहा कि सभी गांव में फरवरी,मार्च तक कार्य कराए जाने की कार्य योजना अवश्य तैयार होनी चाहिए। किसी भी स्तर पर अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मनरेगा कन्वर्जेंस के अंतर्गत विभिन्न विभागों से कार्यों की नई कार्य योजना प्राप्त कर उसे समय से स्वीकृत कर कार्य कराए जाने का निर्देष दिया। समीक्षा में पाया कि नलकूप, रेशम, कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा मनरेगा के तहत नई कार्य योजना प्रस्तुत किया गया है परंतु रेशम विभाग के छह फर्मों में से केवल एक द्वारा ही कार्य योजना प्रस्तुत की गई है। सभी छह फर्म से कार्य योजना बनाने का निर्देश दिया। भूमि संरक्षण विभाग , कृषि विभाग को निर्देश दिया है कि मनरेगा के तहत नई कार्य योजना प्रस्तुत करें। बताया कि वित्तीय वर्ष 2020-21 में मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत जिले को 108 आवास बनाने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। 24 दिसंबर को प्रदेश के सभी आवास के लाभार्थियों के खाते में प्रथम किस्त ऑनलाइन भेजी जाएगी। निर्देश दिया कि 20 दिसंबर तक सभी 108 लाभार्थियों का चयन करके उनका खाता नंबर ऑनलाइन अपलोड कराएं। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की 4985 लक्ष्य के सापेक्ष 3115 महिला स्वयं सहायता समूह गठित किए गए हैं। 20 नवंबर से 45 दिन का अभियान भी चलाया गया है। अभियान के 10 दिनों में मात्र 255 समूह गठित किए जाने पर असंतोष व्यक्त करते हुए 31 दिसंबर तक अवशेष सभी समूह गठित कराने का निर्देश दिया। नहरों में 15 दिसम्बर से पानी छोड़े जाने का कार्य शुरू किया जाना है। सभी एसडीएम को निर्देश दिया कि दो दिन के अन्दर नहरों का निरीक्षण कर सिल्ट सफाई, मरम्मत आदि अवशेष कार्य को पूरा करा लें।

## आईएमए का असहयोग आन्दोलन आज, ठप रहेंगी सेवाएं

बस्ती। एलोपैथी षिक्षा में अन्य पैथी को शामिल किए जाने के विरोध में इण्डियन मेडिकल एसोसिएषन ने 11 दिसम्बर को प्रात: छह बजे से सायं छह बजे तक आकस्मिक चिकित्सा सेवा को छोड़कर अन्य सेवाएं पूरी तरह ठप रखने का निर्णय लिया है।

आईएमए के जिलाध्यक्ष डा. अनिल कुमार श्रीवास्तव और सचिव डा. नवीन कुमार श्रीवास्तव का कहना है कि एलोपैथी षिक्षा में आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी (आयुष) षिक्षा को सरकार द्वारा शामिल किए जाने,उन्हे 58 प्रकार की विभिन्न शल्य चिकित्सा करने की अनुमति देने और एमबीबीएस के समान एमएस की डिग्री प्रदान करने का निर्णय किसी भी दषा में उचित नहीं है। आयुष मंत्रालय द्वारा इसकी अधिसूचना जारी कर जनता के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने का काम किया जा रहा है। दोनो पदाधिकारियों का कहना है कि जब अन्य पैथी के चिकित्सकों ने उस विषय को पढ़ा ही नही तो वे किस तरह से शल्यक्रिया करेंगे।

## मानसिक स्वास्थ्य शिविर आयोजित

संवाददाता। मिर्जापुर



**सामुदायिक** स्वास्थ्य केंद्र चुनार पर वृहस्पतिवार को मानसिक स्वास्थ्य शिविर आयोजित हुआ । शिविर में जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम ने प्रतिभाग किया । शिविर का शुभारम्भ मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ नीलेश श्रीवास्तव ने किया । उन्होंने कहा कि आज बच्चों से लेकर बड़ों तक सभी द्वारा अलग.अलग मानसिक दबाव का अनुभव किया जाता है जो विभिन्न मानसिक रोगों का कारण बनता है द्य अनियमित जीवनशैली भी मानसिक रोगों के मुख्य कारणों में से एक है द्य मनोचिकित्सक डॉ दिनकर प्रकाश त्रिपाठी ने मानसिक रोगों के विभिन्न लक्षणों को बताते हुए शिविर में आए लोगों को मानसिक रोगों के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर मनोचिकित्सक डॉ पंकज सिंह ने कहा कि मानसिक रोगियों से सहानुभूति पूर्ण व्यवहार रखना चाहिए और वह नियमित रूप से दवा के सेवन से अपना जीवन सामान्य रूप से व्यतीत कर सकते हैं। शिविर में 140 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गयाए जिसमें 61 लोगों में मानसिक रोग से संबंधित लक्षण पाये गए द्य इन लोगों को आवश्यक परामर्श के साथ ही औषधि प्रदान की गई। डॉ राहुल सिंह नैदानिक मनोवैज्ञानिक द्वारा मानसिक मंदित बच्चों का बुद्धि का परीक्षण कर आठ बच्चों का मानसिक मंदित का प्रमाण पत्र निर्गत किया गया। शिविर में आये सभी लोगों का रक्तचाप एवं शुगर का भी परीक्षण किया गया द्य इसके साथ ही अन्य स्वास्थ्य सुविधाएं भी स्वास्थ्य केंद्र के माध्यम से प्रदान की गयीं द्य इसमें अन्य रोगों का इलाज निशुल्क प्रदान किया गया । शिविर में जिला चिकित्सालय मिर्जापुर से अभिषेक सोनकरए श्वेता वर्माए दिनेश यादवए शशि कलाए मनीष उपाध्याय के साथ ही स्वास्थ्य केंद्र के समस्त स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा आवश्यक सहयोग प्रदान किया गया।

## सपाइयों ने उत्पीड़न के विरोध में एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**मिर्जापुर** ।केन्द्र सरकार द्वारा किसानों के खिलाफ लाये गये काले कानून एवं किसानो के उत्पीड़न को समाप्त करने की मांग को लेकर गुरूवार को पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष आशीष यादव के कैम्प कार्यालय से कार्यकर्ताओ का एक विशाल पद यात्रा बिसुन्दरपुर से प्रारम्भ होकर जिलाधिकारी कार्यालय के तरफ सरकार विरोधी नारे लगाते हुए प्रस्थान किया। किसान विरोधी काले कानून को समाप्त करने और उत्पीड़न रोकने की मांग की गई। सपाईयों का जुलूस जैसे ही आगे बढ़ा की पुलिस कर्मियों ने पहुंचकर जुलूस को आगे बढ़ने से रोका। उपजिलाधिकारी सदर ने ज्ञापन लिया और सरकार के पास भेजने का आश्वासन दिया। पूर्व जिलाध्यक्ष आशीष यादव ने कहा कि अभी तो प्राथमिक शुरूआत है अगर किसानो के उपर लगाए गये काले कानून वापस नही हुये और उनका उत्पीड़न बन्द नही किया गया तो यह आन्दोलन गांव.गांव तक होगा जिसे प्रशासन द्वारा रोकना आसान नही होगा।

# व्यवसायी की पीटकर हत्या

## लोगों ने थाने के गेट पर शव रख किया सड़क जाम, आरोपियों की गिरफ्तारी के आश्वासन पर माने प्रदर्शनकारी

संवाददाता। देवरिया


घटनास्थल का निरीक्षण करते जिलाधिकारी

**मइल** क्षेत्र के बगहा गांव में भूमि विवाद को लेकर गुरुवार की सुबह गांव के मनबढ़ों ने कपड़ा व्यवसाई की पीट-पीटकर हत्या कर दी। इस घटना में पांच लोग घायल हैं। सभी का इलाज स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र पर चल रहा है। वहीं लोगों ने शव को थाने के गेट पर रखकर सड़क जाम कर दिया जहां पुलिस अधिकारियों के आरोपियों को गिरफ्तारी का आश्वासन देने के बाद लोगों ने शव को पुलिस को सौंपा या जाम दो घंटे तक का रहा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्डम के लिए भेज दिया। घटना से नाराज लोग मइल थाने का घेराव करने के बाद थाने के सामने धरने पर बैठ गए हैं। सभी मौके पर अधिकारियों को बुलाने की मांग कर रहे थे।

बगहा गांव के रहने वाले हरिशंकर गुप्ता (60 वर्ष) मइल चौराहे मकान बनवा कर अपनी कपड़े की दुकान चलाते थे। बुधवार को उनके परिजनों ने गांव की भूमि पर पड़ोसी द्वारा कब्जा करने की जानकारी दी। जिस पर वह अपने बेटे के साथ गांव पहुंचे। आरोप है कि उनकी भूमि पर पड़ोसी रिटायर्ड दरोगा ने नाद और अन्य समान तोड़ते

गुरुवार की सुबह पड़ोसी 10-12 लोगों के साथ लाठी-डंडे से लैस होकर हरिशंकर के घर पर हमला कर दिए। हमलावर हरिशंकर को लाठी-डंडों से पीटने लग। यह देखकर परिवार के सदस्य उन्हें बचाने आए तो हमलावरों ने उन्हें भी मारपीट कर घायल कर दिया। परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी, लेकिन पुलिस समय रहते मौके पर नहीं पहुंची। हमलावरों की पिटाई से हरिशंकर गुप्ता की मौत हो गई । वहीं उमाशंकर (55 वर्ष) संतोष गुप्ता (40 वर्ष) विपुल (25 वर्ष) व प्रमोद (35 वर्ष) और उमाशंकर की पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। आसपास के लोग और परिजन घायलों को स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। करीब दो घंटे बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इसके बाद आक्रोशित ग्रामीण थाने पहुंचे और पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए थाने का घेराव करते हुए उसके सामने मइल-मुसैला मार्ग पर धरने पर बैठ गए। ग्रामीण उच्चाधिकारियों को बुलाने और अभियुक्तों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे।

# आयुर्वेद विशुद्ध रूप से चिकित्सा विज्ञानः निमा

मुगलसराय ( चन्दौली)। नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन (निमा)ने आयुर्वेद स्नातकों के सर्जरी की अनुमति दिए जाने का विरोध कर रहे इंडियन मेडिकल एसोसिएशन कप करारा जबाव दिया । निमा चकिया चन्दौली के अध्यक्ष एवम प्रदेश प्रवक्ता डॉ. ओपी सिंह एवं सचिव डॉ जे ए खान ने गुरुवार को मीडिया के समक्ष कहा कि आईएमए व्यक्तिगत लाभ के लिये इस निर्णय का विरोध कर रही है । आयुर्वेद विशुद्ध रूप से चिकित्सा विज्ञान है इस विधा में बीए, एमएस, एम एस, एमडी की डिग्री हासिल की जाती है सर्जरी की पात्रता करने वाले ही शल्य क्रिया कर सकते है ।

उन्होंने बताया कि भारत सरकार नेआयुर्वेद को शल्य में शिक्षा के अनुसार 58 बीमारियों में अनुमति प्रदान की है। माननीय मोदी जी ने भेदभाव को समझा जिसके बाद सरकार ने एक अध्ययन टीम बनाकर पाया कि आयुर्वेद के सर्जन सर्जरी कर सकते है ।

# नड्डा पर हमले को लेकर भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने फूंका ममता का पुतला

## राष्ट्रीय अध्यक्ष पर हमला कायराना शर्मनाक व अक्षम्य कृत्य

संवाददाता। देवरिया

**पश्चिम बंगाल** में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के ऊपर हुये हमले के विरोध में भारतीय जनता युवा मोर्चा देवरिया के कार्यकर्ताओं ने सुभाष चौक पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला जलाया। इस दौरान भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने ममता बनर्जी मुर्दाबाद तृणमूल कांग्रेस मुर्दाबाद के नारे लगाए।

इसके बाद कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष विन्देश पाण्डेय ने कहा कि बंगाल में राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा पर हमला कायराना, शर्मनाक व अक्षम्य कृत्य है। ममता बनर्जी अब पूरी तरह हिंसा और खून खराबे की राजनीति पर उतर आई हैं। इन विपरीत परिस्थितियों में भी जेपी नड्डा ने साहस का परिचय देकर कार्यकर्ताओं का संबल और मज़बूत कर दिया है। भाजयुमो का कार्यकर्ता चुप नही बैठेगाएममता सरकार का भाजयुमो का प्रत्येक कार्यकर्ता करारा जबाब देगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष भाजपा के काफिले पर हुआ हमला कायरतापूर्ण है, जो राज्य सरकार की हताशा, और कानून व्यवस्था की दुर्दशा को दर्शाता है। इस घटना की मैं भर्त्सना करता हूं। इन हमलों से भाजपा कार्यकर्ता ना भयभीत होंगे, ना ही उनका मनोबल कम होगा। मंडल अध्यक्ष भाजपा देवरिया देहात राजन यादव ने कहा कि तृणमूल शासन में बंगाल अत्याचार, अराजकता और अंधकार के युग में जा चुका है। टीएमसी के राज में पश्चिम बंगाल के अंदर जिस तरह से राजनीतिक हिंसा को संस्थागत कर चरम सीमा पर पहुंचाया गया है, वो लोकतांत्रिक मूल्यों में विश्वास रखने वाले सभी लोगों के लिए चिंताजनक है। मीडिया प्रमुख भाजपा अम्बिकेश पाण्डेय ने कहा कि टीएमसी के गुंडों ने प्रजातंत्र का गला घोंटने में कोई कसर नहीं छोड़ी है लेकिन उनकी ये अराजकता अब ज्यादा दिन चलने वाली नहीं है। ममता बनर्जी की सरकार यहां से जाने वाली हैए और बंगाल में निश्चित ही कमल खिलने वाला है।भाजपा कार्यकर्ताओं पर बंगाल में हो रहे अत्याचार का बंगाल की जनता जरूर जबाब देगी।

इस दौरान आकाश मिश्रा , अमन शुक्ला, रूपम पाण्डेय, विशाल पाण्डेय, सूर्यांश कुशवाहा, आदित्य मिश्रा, दिवाकर पाण्डेय,रोहित मद्धेशिया, हेमंत गुप्ता, विकास दूबे, मंटू मद्धेशिया आदि रहे।

# 600 व्यक्तियों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण

## दीवानी न्यायालय के परिसर में हुआ शिविर का आयोजन

संवाददाता। देवरिया



**गुरुवार** को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में दीवानी न्यायालय के परिसर में स्वास्थ्य शिविर कैम्प का भव्य आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर कैम्प का शुभारम्भ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आलोक पाण्डेय व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव न्यायाधीश शिवेन्द्र कुमार मिश्र द्वारा फीता काटकर किया गया।

स्वास्थ्य शिविर में आये सभी व्यक्तियों को स्वास्थ्य जॉच कराया गया तथा उनके स्वस्थ्य जीवन की कामना की गयी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव न्यायाधीश शिवेन्द्र कुमार मिश्र के अनुसार चिकित्सकों ने इस स्वास्थ्य शिविर में आये हुए समस्त न्यायाधीश, अधिवक्ता, स्टाफ, वादी-प्रतिवादी व अन्य पुरुष, स्त्री के उनके स्वास्थ्य संबंधी बीमारियों की जॉच कर उनके उपचार पर कार्य किया। उन्होंने कहा कि इस स्वास्थ्य शिविर कैम्प के आयोजन में लगभग 200 व्यक्तियों ने अपने रक्त की जॉच करायी तथा अनुभवी चिकित्सकों के द्वारा रक्तों के सैम्पल लेकर उनके स्वास्थ्य संबंधी बिमारियों को संबंधित व्यक्ति को अवगत करा उनका उपचार भी किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में हर तरह की बिमारियों के उपचार के लिए व्यवस्था की गयी थी जिसमें ब्लड शुगरए ब्लड प्रेशर, नेत्र समस्या एवं लीवर संबंधी बिमारियों का ज्यादा उपचार किया गया। स्वास्थ्य शिविर में कुल 600 व्यक्तियों ने अपनी स्वास्थ्य जॉच एवं परीक्षण करायी। नेत्र जॉच के लिए कुल 80 व्यक्तियों ने पंजीकरण कराकर नेत्र की समस्या का उपचार कराया। इस स्वास्थ्य शिविर में अलग से कोविड-19 जॉच की व्यवस्था की गयी थी।

कोविड-19 से बचाव हेतु सोशल डिस्टेंसिंग का पूरा ध्यान रखा गया। शिविर में आये हुये व्यक्तियों को दूरी बनाकर पंजीकरण कराया गया तथा उनके उपचार हेतु चिकित्सकों द्वारा मास्क एव ग्लव्स का प्रयोग व्यापक स्तर पर करते हुये उपचार का कार्य किया गया।

# जितेन्द्र दुबे बनाये गये सीओ सिटी, कई को मिला अतिरिक्त प्रभार

संवाददाता। जौनपुर

**पुलिस** अधीक्षक राजकरन नय्यर ने जनपद की कानून-व्यवस्था को और चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने हेतु दो क्षेत्राधिकारी के कार्यक्षेत्र में परिवर्तन कर दिया। इसके अलावा दो क्षेत्राधिकारी को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार जितेंद्र दूबे क्षेत्राधिकारी सदर को क्षेत्राधिकारी नगर बनाया गया तथा रणविजय सिंह क्षेत्राधिकारी नगर को क्षेत्राधिकारी सदर बनाया गया।

इसके अलावा विजय सिंह क्षेत्राधिकारी मछलीशहर के साथ प्रभारी अधिकारी पुलिस लाइंस, भवन, डॉग स्क्वायड, फील्ड यूनिट की अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी गयी और अंकित कुमार क्षेत्राधिकारी शाहगंज के साथ प्रभारी अधिकारी मिसिंग सेल, एएचटीयू, एसजेपीयू, एसपीसी का प्रभार मिला। इसी तरह प्रभारी निरीक्षक बदलापुर देवीवर शुक्ला का स्थानांतरण निरीक्षक अपराध थाना सरपतहां के लिये कर दिया गया।

# महाप्रबन्धक ने औड़िहार-बलिया रेलखंड के दोहरीकरण कार्य का किया निरीक्षण

संवाददाता। गाजीपुर



**महाप्रबन्धक** पूर्वोत्तर रेलवे विनय कुमार त्रिपाठी ने गुरुवार को मंडल रेल प्रबंधकए वाराणसी विजय कुमार पंजियार एवं वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मंडुवाडीह-बलिया रेल खण्ड का विन्डों ट्रेलिंग निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने मंडुवाडीह-बलिया रेल खण्ड में पड़ने वाले रेलवे ट्रैक, ब्लाक सेक्शन, समपार फाटकों, पुल-पुलिया, स्टेशन सेक्शन, सूचना बोर्ड एवं संरक्षा का निरीक्षण किया। इसके साथ ही औड़िहार-बलिया रेल खण्ड के दोहरीकरण के निमित्त चल रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और लक्ष्यावधि में सभी कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में महाप्रबंधक, पूर्वोत्तर रेलवे विनय कुमार त्रिपाठी ने सैदपुर भीतरी स्टेशन एवं सैदपुर स्थित इलेक्ट्रिक लोको शेड का महाप्रबंधक, पूर्वोत्तर रेलवे विनय कुमार त्रिपाठी ने 12 एकड़ में फैले इलेक्ट्रिक लोको शेड प्रोजेक्ट की ब्लूप्रिंट एवं ड्राइंग देखी। निमार्ण कार्य में लगी क्रेन व विभिन्न उपकरणों के संस्थापन का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्युत लोको के अनुरक्षण हेतु बन रहे इस शेड में स्थापित 2.6 रूट किमी लाइन की कनेक्टिविटी बढ़ाने तथा 1470 वर्गमीटर में हो रहे पक्के निर्माण को पूरी गुडवत्ता के साथ जनवर तक पूर्ण करने का निर्देश दिया। जिससे फरवरी से इस शेड में इलेक्ट्रिक लोको का अनुरक्षण आरम्भ किया जा सके। उन्होंने बताया कि विद्युतीकरण के कारण वर्तमान में अधिकांश गाड़ियों का परिचालन विद्युत इंजनों से किया जा रहा है ऐसे में विद्युत इंजनों का समय पर अनुरक्षण किया जाना भी बहुत आवश्यक है। इस शेड के चालू होने से विद्युत इंजनों के अनुरक्षण कार्य मे आसानी हो जाएगी। उन्होंने दोहरीकरण एवं विद्युतीकरण के विभिन्न कार्यों के निमित्त दिशा निर्देश दिया।

# जेल से रिहा होने पर कांग्रेसजनों का फूल माला पहनाकर किया स्वागत

**मऊ** । भारत बंद के दौरान किसानों के मांगें के समर्थन में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के आह्वान पर धरना.प्रदर्शन करने जा रहे गिरफ्तार एक दर्जन से अधिक कांग्रेसजनों की बुधवार की देर रात जेल से रिहाई होने के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया।

जेल से रिहा होने वालों में कांग्रेस के नेता ओम प्रकाश ठाकुरए छोटेलाल रामए अकरम प्रेमियरए सावंत सिंहए रमन पांडेयए सोहेल नोमानीए खालिद अंसारीए अबू बकर अंसारीए वीरेंद्र कुशवाहा ए धर्मेंद्र सिंहए संजय यादवए रफी अतहरए हंशनाथ तिवारीए शर्वेश कुमारए तौसीफइलाहीए मीना भारतीए विजय भान तिवारीए अनिल रायएब्रम्हानंद पांडेए बिनोद रामए प्रेमचंद चौहानए वकील अहमद एइफ्तेखारए शिवाजी कनौजियाए रामकरण यादवए मनोज गिहारए संजय चौहानए अबुल फ़ैज़ का कांग्रेस नेताओं ने फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। साथ ही साथ आगे भी संघर्ष के लिए एकजुट होने का अह्वान किया गया।

# मुख्य राजस्व अधिकारी ने रैन बसेरों को सुचारु रुप से चलाने के दिए निर्देश

संवाददाता। देवरिया।

**मुख्य** राजस्व अधिकारी अमृत लाल बिन्द ने अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे अपने नगर क्षेत्र में अलाव एवं रैन बसेरा का समुचित रुप से प्रबंध करते हुए उसे संचालित करायें। रैन बसेरा में विश्राम करने वाले को कोई असुविधा न होए इसका पूरी ध्यान रखें तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न होए यह सुनिश्चित करेगें। मुख्य राजस्व अधिकारी श्री बिन्द अपने कार्यकक्ष में नगर निकाय, नगर पालिका के कार्यो की समीक्षा कर रहे थे। उन्होने सभी अधिशासी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि कोई भी निराश्रित व्यक्ति रात्रि में खुले में न सोता हुआ मिले, इसके लिये ऐसे लोगो को अनिवार्य रुप से रैन बसेरा में रहने की सुविधा उपलब्ध करायी जाये। उन्होने रैन बसेरा सहित सभी नगरीय क्षेत्रों में साफ सफाई की भी समुचित व्यवस्था बनाये रखने का निर्देश दिया। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के सर्वे कार्य को नगर निकाय व डूडा विभाग आपसी समन्वय से पूरी पारदर्शिता व निष्पक्षता के साथ सुनिश्चित करें। किसी भी अपात्र व्यक्ति का चयन न होए इसका पूरा ध्यान रखें। इसी क्रम में अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत सलेमपुर द्वारा बताया गया कि रैन बसैरा रेलवे स्टेशन एवं हास्पिटल के पास स्थापित किया गया है तथा छह स्थलों पर अलाव जलाया गया।

# ग्रामीण प्रहरियों को स्वेटर बांटे

**सिद्धार्थनगर**। टीम समर्पण द्वारा ग्रामीण प्रहरियों को वस्त्र (स्वेटर) वितरण कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में मुख्य अतिथि जिलाधिकारी दीपक मीणा तथा विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक राम अभिलाष त्रिपाठी की उपस्थिति में ग्रामीण प्रहरियों को स्वेटर वितरण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। ग्रामीण प्रहरियों को स्वेटर वितरण कार्यक्रम में जिलाधिकारी दीपक मीणा ने ग्राम प्रहरियों से कहा कि आप लोग अपने दायित्वो का निर्वहन करते हुए गांवों में तैनात रहकर प्रशासन की मदद करते है। जिलाधिकारी श्री दीपक मीणा तथा पुलिस अधीक्षक श्री राम अभिलाष त्रिपाठी द्वारा 80 ग्रामीण प्रहरियों को वस्त्र (स्वेटर) दिया गया। इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त अपर पुलिस अधीक्षक मायाराम वर्मा, टीम समर्पण अध्यक्ष सनी उपाध्याय व अन्य मौजूद रहे।

# मऊ में खड़ी ट्रक से टकराई अनियंत्रित कार, दो की मौत

**मऊ** । मऊ जिले के थाना रानीपुर अंतर्गत करजौली मोड़ स्थित लखनऊ.बलिया राष्ट्रीय राजमार्ग के पास कोहरे की धुंध के बीच बुधवार की देर रात अनियंत्रित अर्टिगा कार खड़ी ट्रक से टकरा गया। खड़ी ट्रक से कार की टक्कर होते ही कार के परखच्चे उड़ गएए इस दौरान कार में सवार दो युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गया। जबकि एक युवक गंभीर रुप से घायल हो गया। वहीं दुर्घटना के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना पाते थाना रानीपुर पुलिस दलबल के साथ मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने मृतक युवकों का शव कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। जबकि घायल युवक को उपचार के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मऊ शहर क्षेत्र के सिंधी कालोनी निवासी 26 वर्षीय निखिल वीरवानी पुत्र जितेन्द्र वीरवानीए 32 वर्षीय आशू तानवानी पुत्र स्वण् दौलतराम तानवानी तथा 30 वर्षीय दीपक सिंह निवासी निजामुद्दीनपुरा पावर हाऊस बुधवार की शाम को एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए अर्टिगा कार में सवार होकर निकले थे। तीनों युवक मुहम्मदाबाद गोहना कोतवाली क्षेत्र के करहां क्षेत्र में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने के बाद देर रात करीब 11 बजे वापस लौट रहे थे। इस बीच वे ज्यों ही करजौली मोड़ के पहुंचे थे कि कोहरे की धुधं के कारण तेज रफ्तार कार सड़क के किनारे खड़े ट्रक से टकरा गया। कार व ट्रक की भिडन्त इतनी जोरदार थी कि आसपास के लोगों की नींद खुल गया। दुर्घटना में कार के परखच्चे उड़ गए। वहीं कार सवार सिंधी कालोनी निवासी 26 वर्षीय निखिल वीरवानी पुत्र जितेन्द्र वीरवानी व 30 वर्षीय दीपक सिंह निवासी निजामुद्दीनपुरा पावर हाऊस की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गया।

# शिक्षकों पर हमले को लेकर प्रदेश व्यापी आंदोलन होगाः अनिल यादव

संवाददाता। जौनपुर



**जूनियर** हाईस्कूल शिक्षक संघ के मड़ियाहूं शाखा के अध्यक्ष राय साहब यादव पर हुए प्राणघातक हमले से आक्रोशित होकर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अनिल यादव ने एक आपात बैठक बुलायी। इस मौके पर श्री यादव ने शिक्षक नेता के साथ घटित इस दुस्साहसिक घटना की निन्दा किया। साथ ही स्थानीय थाना एवं जिला प्रशासन से आरोपियों के अतिशीघ्र गिरफ्तारी की मांग करते हुए कहा कि यदि शिक्षक नेता पर हुए हमले में निष्पक्ष व त्वरित कार्रवाई नहीं हुई तो संघ गम्भीर आंदोलन करने को बाध्य होगा। इस दौरान जिलाध्यक्ष श्री यादव ने चेतावनी दी कि शिक्षकों पर आये हो रही घटनाओं को लेकर शीघ्र ही प्रदेशस्तरीय आंदोलन किया जायेगा। बैठक में जिलामंत्री डा. भानु प्रताप राव, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष सच्चिदानंद तिवारी, जिला कोषाध्यक्ष कप्तान (सिद्धान्त), ब्लाक अध्यक्ष उमेश मिश्रा, मंत्री राय साहब यादव, जिला प्रवक्ता सच्चिदानंद यादव, सन्तोष निषाद, अभिषेक तिवारी सहित तमाम शिक्षक मौजूद रहे।

# आठ जिलों में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान 21 से

## जूम एप के जरिये ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों का किया गया उन्मुखीकरण

## मरीज को मृत समान बना देता है फाइलेरिया

संवाददाता। गाजीपुर



**उत्तर** प्रदेश के आठ जिलों में 21 दिसंबर से 10 दिवसीय फाइलेरिया निरोधी विशेष अभियान शुरू होने जा रहा है। इसके लिए गुरुवार को संबंधित जनपद और ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों का जूम एप के माध्यम से उन्मुखीकरण किया गया।

राज्य स्तरीय संचारी रोग नियंत्रण के नोडल अधिकारी डा. वीपी सिंह ने बताया फाइलेरिया रोग में अक्सर हाथ या पैर बहुत ही ज्यादा सूजन हो जाती है । इसलिए इस रोग को हाथी पांव भी कहते हैं। उन्होंने बताया कि दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती और गंभीर रोग से बीमार व्यक्तियों को दवा सेवन नहीं कराया जाएगा। जिन व्यक्तियों के अंदर माइ क्रो फाइलेरिया के कीटाणु रहते है, उन्हें दवा सेवन करने पर कुछ प्रभाव जैसे. जी मचलाना, उल्टी आना, हल्का बुखार आना, चक्कर आना आदि हो सकता है। इससे घबराना नहीं चाहिए।

एडिशनल डायरेक्टरए, भारत सरकार डा. नुपुर ने बताया कि यह अभियान 21 दिसंबर से दस दिनों तक सभी आठ जिलों में एक साथ चलेगा। इस दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ताए एमपीडब्ल्यूए एएनएमए आशा एवं स्वयंसेवी कार्यकर्ता घर.घर जाकर फाइलेरिया रोग से बचाव के लिए लोगों को जागरूक करेंगी। साथ ही दवा खिलाएंगी।

**कैसे होता है फाइलेरिया:** विश्व स्वास्थ्य संगठन से डा. तनुज शर्मा ने कहा कि फाइलेरिया दुनिया की दूसरे नंबर की ऐसी बीमारी है जो बड़े पैमाने पर लोगों को विकलांग बना रही है। इस बीमारी का खतरा लगभग 60 करोड़ भारतीयों पर मंडरा रहा है। साथ ही कहा कि 21 राज्यों और केंद्र शासित राज्यों के 257 जिले फाइलेरिया से प्रभावित हैं। लिंफेटिक फाइलेरियासिस को ही आम बोलचाल की भाषा में फाइलेरिया कहा जाता है।

साथ ही कहा पिछले वर्ष 2019-20 में चले अभियान के दौरान लगभग 76,674 लोग इस बीमारी से ग्रसित मिले थेए जिसमें से 29,228 लोग हाईड्रोशील से ग्रसित थेए यानि यह बीमारी हमारे शरीर के किसी भी अंग को प्रभावित कर सकती है द्य यह बीमारी मरीज को मृत समान बना देता है। साथ ही कहा कि फाइलेरिया की बीमारी क्यूलैक्स मच्छर के काटने से फैलती हैए इस मच्छर के पनपने में मलए नालियों और गढढों का गंदा पानी मददगार होता है ए इस मच्छर के लार्वा पानी में टेढ़े होकर तैरते रहते हैं।

क्यूलैक्स मच्छर जब किसी व्यक्ति को काटता है तो वह फाइलेरिया के छोटे कृमि का लार्वा उसके अंदर पहुँचा देता है। संक्रमण पैदा करने वाले लार्वा के रुप में इनका विकास 10 से 15 दिनों के अंदर होता है। इस अवस्था में मच्छर बीमारी पैदा करने वाला होता है। इस तरह यह चक्र चलता रहता है।

फाइलेरिया के लक्षण: एक या दोनों हाथ व पैरों में (ज़्यादातर पैरों में) सूजन( कंपकंपी के साथ बुखार आना। गले में सूजन आना। गुप्तांग एवं जॉघो के बीच गिल्टी होना तथा दर्द रहना। पुरूषों के अंडकोष में सूजन (हाइड्रोसिल) होना। पैरों व हाथों की लसिका वाहिकाएं लाल हो जाती हैं।

# अल्पसंख्यक कांग्रेस का महासचिव बनाए जाने पर शाहिद का स्वागत

संवाददाता। चन्दौली

**कांग्रेस** नेता शाहिद तौसीफको उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग का प्रदेश महासचिव बनाए जाने पर जिला शहर एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग के तत्वाधान में संगठन के प्रदेश महासचिव दयाराम पटेल के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने शाहिद तौसीफ का माल्यार्पण कर जोरदार नारों के साथ भव्य स्वागत किया।

इस दौरान उत्साहित कांग्रेसजनों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर मुबारकबाद दी और खुशियां मनाई। स्वागत के दौरान पिछड़ा वर्ग विभाग कांग्रेस के जिलाध्यक्ष रमेश बिंद, ब्लॉक अध्यक्ष अतुल कुमार मौर्या, सचिव उदय चौहान जितेंद्र चौहान, सदन चौहान, मनीष गुप्ता, रोशन कुमार, कुबेरनाथ, राजकुमार, मदन कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# राज डिग्री कालेज के स्वयंसेवियों ने मनाया मानवाधिकार दिवस

संवाददाता। जौनपुर



**नगर** के राजा श्री कृष्ण दत्त महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा मानवाधिकार दिवस मनाया गया। इस मौके पर प्राचार्य ने कहा कि मानवाधिकार वे मूलभूत अधिकार है जिनसे मनुष्य को नश्लए जातिए राष्ट्रीयता, धर्म, लिंग आदि के आधार पर प्रताड़ित नहीं किया जा सकता और उन्हें यह अधिकार देने से वंचित नहीं किया जा सकता।

ऐसे में सभी का मूल कर्तव्य हो जाता है कि लोग अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हों। इसी क्रम में कार्यक्रम अधिकारी डा. सन्तोष पाण्डेय ने कहा कि इस साल मानवाधिकार दिवस की थीम हैए फिर से बेहतर मानव अधिकारों के लिए खड़े हो जाओ। इस दौरान महाविद्यालय में मानवाधिकार के संरक्षण हेतु प्राचार्य डा. विष्णु चन्द्र त्रिपाठी ने सभी को शपथ दिलायी। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डा. श्याम सुंदर उपाध्याय, डा. सुधा सिंह, डा. अनीता सिंह, डा. नीता सिंह, डा. लाल साहब यादव, डा. सुधाकर शुक्ल, डा. गगनप्रीत कौर, डा. चंद्राम्बुज कश्यप सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# विकास कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता जरूरीः मोती सिंह

● कैबिनेट मंत्री ने अधिकारियों के साथ विकास कार्यों की समीक्षा की

संवाददाता। प्रतापगढ़



ग्राम्य विकास एवं समग्र ग्राम विकास विभाग मंत्री राजेन्द्र प्रताप सिंह ''मोती सिंह'' ने आज क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान (अर्पण कोठी) के हाल में जिलाधिकारी डा0 रूपेश कुमार, मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारियों के साथ विकास कार्यों की समीक्षा की। लोक निर्माण विभाग की समीक्षा के दौरान कैबिनेट मंत्री ने यह पाया कि ओडीआर एवं एमडीआर सड़कों का कार्य नही कराया गया है जिस मंत्री ने नाराजगी व्यक्त करते हुये कहा कि बार-बार कहने के बावजूद भी ओडीआर एवं एमडीआर की सड़कों का कार्य नही किया जा रहा है यह बहुत ही खेदजनक है। कैबिनेट मंत्री ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को चेतावनी देते हुये कहा कि यदि ओ0डी0आर0 एवं एमडीआर की सड़कों का कार्य नही कराया जायेगा तो सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। जनपद में निर्माणाधीन पुलों के प्रगति के सम्बन्ध में भी मंत्री ने जानकारी प्राप्त की और कहा कि जो भी कार्य कराये जाये गुणवत्तायुक्त एवं निर्धारित समय सीमा के अन्दर पूर्ण कर लिये जाये। जनपद में खेल मैदान के निर्माण कार्यों की समीक्षा के दौरान बताया गया कि 21 स्थलों पर खेल मैदान के कार्य निर्माणाधीन है और जो भी लक्ष्य प्राप्त हुआ है उसे समय सीमा के अन्दर पूर्ण कर लिया जायेगा। कैबिनेट मंत्री ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की समीक्षा के दौरान डीसी एनआरएलएम को निर्देशित किया कि स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जाये जिसमें प्राथमिक विद्यालय के स्कूली बच्चों हेतु ड्रेस सिलाई, मास्क, वर्मी कम्पोस्ट का निर्माण, विद्युत बिल जमा करने आदि के कराये जाये। मंत्री जी निर्देशित किया कि जनपद में समूहों के माध्यम से कार्यक्रम भी कराये जाये और विशेष गेस्ट को आमंत्रित भी किया जाये। बैठक में डीसी मनरेगा द्वारा बताया गया कि जनपद में 73 आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण कार्य कराया गया है एवं 03 अवशेष बचे है जिन्हें जल्द ही पूर्ण कराया जायेगा। समीक्षा बैठक के दौरान कैबिनेट मंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, अल्पसंख्यक विभाग सहित अन्य विभागों की योजनाओं के सम्बन्ध में समीक्षा की। कैबिनेट मंत्री ने अन्त में अधिकारियों से कहा कि विकास एवं निर्माण कार्यों को गुणवत्तायुक्त एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण करें तथा पात्रजनों तक जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राथमिकता के साथ उपलब्ध करायें, इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न की जाये। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 अरविन्द कुमार श्रीवास्तव, डीसी एनआरएलएम, डीसी मनरेगा, जिला विकास अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के उपरान्त ग्राम स्वराज मानवाधिकार एवं सतत् विकास विषयक एक दिवसीय वेबीनार कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें प्रोजेक्टर के माध्यम से खण्ड विकास अधिकारियों सहित अन्य अधिकारियों जानकारी दी गयी।

## हाईवे पर खड़ी ट्रक में पीछे से टकराई बाइक किशोर की दर्दनाक मौत

**लालगंज, प्रतापगढ़।** हाइवे पर खडे ट्रक मे पीछे से भिड़ जाने के चलते बाइक से पेट्रोल भराने जा रहे किशोर की मौके पर ही मौत हो गयी। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। हादसे की वजह घना कोहरा बताया जा रहा है। लालगंज कोतवाली क्षेत्र के नयापुरवा निवासी अनूप अग्रहरि का सोलह वर्षीय पुत्र अर्पित अग्रहरि गुरूवार की सुबह बाइक मे पेट्रोल भराने के लिए रायपुर स्थित फ्यूल स्टेशन जा रहा था। घना कोहरा होने के चलते लखनऊ-वाराणसी राजमार्ग पर स्थित पेट्रोल पम्प पर मुडते समय किनारे खडी ट्रक मे पीछे से भिड़ गया। बताया जाता है कि घना कोहरा होने के चलते वह हाइवे पर खडी ट्रक को नही देख सका। हादसे मे किशोर की मौके पर ही मौत हो गयी। घटना की जानकारी पर कोतवाली पुलिस आननफानन मे पहुंची और शव को पीएम के लिए जिला अस्पताल भेजवाया। मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंचे और शव से लिपटकर बिलखने लगे। मामले मे अभी पुलिस को तहरीर नही दी गई है। कोतवाल संजय यादव ने बताया कि शव को पीएम के लिए भेजा गया है, परिजनो की ओर से तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

## लापरवाही रोजगार सेवकों को अल्टीमेटम

● विकासखण्ड परिसर में समीक्षा बैठक में मनरेगा के श्रम बजट की धीमी रफ्तार देख भड़के बीडीओ



**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय विकासखण्ड मे बुधवार की शाम बीडीओ मुनौवर खॉन की अध्यक्षता मे रोजगार सेवको की बैठक सम्पन्न हुई। इसमे मनरेगा परियोजना समेत विभिन्न विकास कार्यो की ग्राम पंचायत स्तर पर समीक्षा की गई। बैठक मे बीडीओ ने रोजगार सेवको से मनरेगा योजनान्तर्गत श्रम बजट के बारे मे ग्राम पंचायत स्तर पर प्रगति खंगाली। इसमे कई ग्राम पंचायतो मे मनरेगा की गति सुस्त दिखी। समीक्षा बैठक मे श्रम बजट पूरा नही होने पर बीडीओ मुनौवर खॉन आपा खो बैठे और साथ रोजगार सेवको को नोटिस देते हुए सप्ताह भर के भीतर श्रम बजट पूरा नही किया गया तो कडी कार्रवाई की जाएगी। बैठक के दौरान मधुकरपुर, मादीपुर, पूरे बंशी, रंगौली, रायपुर तियांई, सराय जगत सिंह, समापुर मे मनरेगा योजना के तहत श्रम बजट मे तमाम खामियां देखने को मिलीं। बैठक मे सामने आया कि कई ग्राम पंचायतो मे मौजूदा वित्तीय वर्ष के दौरान पचास प्रतिशत से कम मजदूरों का श्रम बजट तैयार हो सका था। इस पर बीडीओ ने नाराजगी जताते हुए रोजगार सेवको को कडी फटकार लगाई। वहीं बैठक को संबोधित करते हुए बीडीओ मुनौवर खान ने कहा कि ग्राम पंचायतो मे शासन की ओर से संचालित विकास योजनाओ को लोगों तक पहुंचाने मे लापरवाही नही होनी चाहिए। उन्होने कहा कि साप्ताहिक बैठक मे योजनाओ की समीक्षा कर लापरवाह कर्मचारियो व रोजगार सेवको के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बीडीओ द्वारा सात रोजगार सेवको के विरूद्ध कार्रवाई करने पर हडकंप मचा रहा । इस मौके पर सभी सहायक खण्ड विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत सचिव व रोजगार सेवक मौजूद रहे।

## सृजन अभियान को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने तैयार की रणनीति

**बाराबंकी।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू के आवाहन पर पूरे प्रदेश में चलाये जा रहे संगठनसृजन अभियान के अंतर्गत जैदपुर विधान सभा के न्याय पंचायत टेरा,पडरा में न्याय पंचायत से लेकर बूथ स्तर एवं कार्यकर्ताओ की एक बैठक का आयोजन किया गया।



बैठक की अध्यक्षता कर रहे हरख ब्लाक अध्यक्ष पुत्तू लाल वर्मा ने कहा कि संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत संगठन को स्वस्थ्य एवं स्वच्छए सुरक्षित गठन करने का ब्लाक स्तर में पूरी निष्ठा के साथ पूरी निष्ठा के साथ कार्य किया जा रहा है जिससे आने वाले समय में सही समय पर संगठन से काम लिया जा सके ।बैठक में मुख्यरूप से जिला कांग्रेस के महासचिव एवं जैदपुर विधानसभा के प्रभारी केण्सीण् श्रीवास्तव ने कहा कि कांग्रेस संगठन ही नही एक विचारधारा है जिसे हम सब मिलकर उस विचारधार को शुद्ध पर्यावरण में उस विचारधारा को घर.घर ले जाने का प्रयास हम सब को मिलकर करना होगा तभी सम्भव है कि सर्व समाज को शुद्ध वातावरण का माहौल प्राप्त हो सकेगा। उन्होने कहा कि वर्तमान समय में जिस प्रकार समाज का वातावरण दूषित हो रहा है उससे जनमानस काभी उब सा चुका है इस दूषित माहौल को हम तभी शुद्ध कर सकते है जब हम सभी लोग मिलकर एक साथ कार्य करेगे। बैठक मे मुख्यरूप से कमलेश कुमार यादव, लाल जी वर्मा, कौशल किशोर, गुरू देव सिंह, दिनेश कुमार सिंह, राम सजीवन, अम्बुजेश, जमुना प्रसाद वर्मा, नीरज कुमार, मनोज कुमार, शिवम कुमार, मो0 मेराज, मो0 सईद, राजेश कुमार, वीरेन्द्र कुमार, जसवन्त, नीरज कुमार, पिन्टू कुमार, सौरभ सिंह यादव, मो0 मेराज, प्रदीप कुमार आदि लोग मौजूद थे।

## जियापुर कांड के आरोपी कोभेजा जेल

**तिलोई, अमेठी।** शिवरतनगंज थाना क्षेत्र के जियापुर कांड के एक फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। ज्ञात हो कि बीते बीस नवंबर को जियापुर गांव की रहने वाली बालिका शहनूर बानो ने गांव के ही शोहदों से जबरन शादी करने का दबाव बनाने के कारण तेल छिडक कर आग लगा ली थी जिसकी 27 नवंबर को लखनऊ में उपचार के दौरान मौत हो गई थी ।मृतका के भाई मुजीब अहमद ने गांव के ही चार लोगों को नामजद किया था ।पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए तीन अभियुक्तों को बालिका की मौत के दूसरे दिन ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था ।घटना में शामिल आखिरी आरोपी आसिफ पुत्र मो0 नईम को गुरुवार को उसके घर से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।थानाध्यक्ष शिवरतनगंज इंस्पेक्टर धीरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि जियापुर कांड के फरार अंतिम अभियुक्त भी को गिरफ्तार कर सम्बंधित धाराओं में जेल भेज दिया गया है।

## अमेठी में कोविड सैम्पलिंग का आंकड़ा दो लाख पार

**अमेठी ।** जिलाधिकारी अरुण कुमार ने बताया कि जनपद अमेठी में कोविड को लेकर अब तक 02 लाख से अधिक व्यक्तियों की सैंपलिंग कराई जा चुकी है, उन्होंने बताया कि जनपद में वर्तमान में प्रति दस लाख पर पॉजिटिव केस की संख्या 1680 है। सक्रिय दर 3.36 प्रतिशत, रिकवरी दर 95.7प्रतिशत, केस फैटेलिटी रेट 0.95प्रतिशत प्रति दस लाख (हजार जनसंख्या) पर जांच 102, प्रति दस लाख पर मृत्यु दर 16, तथा वर्तमान में पाजिटिविटी दर 1.51प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि कोविड-19 के संक्रमण के नियंत्रण एवं बचाव हेतु जिला प्रशासन द्वारा लगातार कार्य किया जा रहा है। जिलाधिकारी द्वारा स्वयं कोविड-19 के नियंत्रण को लेकर प्रतिदिन सीएमओ कार्यालय में स्थापित एकीकृत कोविड एंड कंट्रोल सेंटर में स्वास्थ्य विभाग व अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ कोविड-19 के संबंध में की जा रही कार्यवाही की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए जा रहे हैं। बैठक में उनके द्वारा प्रतिदिन सर्विलांस टीमों की एक्टिविटी बढ़ाते हुए अधिक से अधिक व्यक्तियों के सैंपल लेने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए जा रहे हैं, साथ ही जिन गांव में अभी तक कोई भी कोरोना पाजिटिव केस नहीं मिला है वहां पर सर्विलांस टीम की सक्रियता को बढ़ाते हुए लक्षण युक्त अधिक से अधिक व्यक्तियों के सैंपल भेजने के निर्देश दिए गए। एल1/एल2 अस्पतालों में दवाइयां, डॉक्टरों की उपस्थितिए ऑक्सीजन सिलेंडर, वेंटिलेटर बेड, भोजन, पानी, साफसफाई को लेकर लगातार आवश्यक निर्देश दिए जा रहे हैं। साथ ही जोनल कंट्रोल रूम के माध्यम से होम आइसोलेट मरीजों से भी निरंतर संपर्क कर उनके स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली जा रही है।

## क्विक न्यूज

### उदयशंकर दुबे बने व्यापार मण्डल चुनाव के प्रभारी

**लालगंज, प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल की जनपदीय कार्यकारिणी समेत विभिन्न बाजारो मे गठित हुई आठ कमेटियो के चुनाव के लिए उदयशंकर दुबे उर्फझल्लर को संगठन की ओर से चुनाव प्रभारी बनाया गया है। प्रदेश अध्यक्ष श्याम बिहारी मिश्र की ओर से जारी विज्ञप्ति मे लालगंज व्यापार मण्डल के अध्यक्ष श्री द्विवेदी को यह जिम्मेदारी दी गई है। उदयशंकर दुबे ने बताया कि संगठन की ओर से दी गई जिम्मेदारी के निर्वहन के लिए उन्होनें तैयारी शुरू कर दी है। जनवरी माह से जिले मे गठित इकाईयो का चुनाव प्रारम्भ कराया जाएगा। इसके साथ ही अन्य बाजारो मे भी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल का गठन करते हुए चुनाव कराया जाएगा।

### चोरी की मोटरसाइकिलों के साथ दो गिरफ्तार

**बाराबंकी।** असन्द्रा पुलिस ने गुरुवार को दो शातिर चोरो गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद करने का दावा किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार असन्द्रा पुलिस गुरुवार की सुबह अपनी पुलिस टीम के साथ गश्त कर रही थी कि तभी क्षेत्र के अलग अलग स्थानों से दो शातिर चोर पुलिस के हत्थे चढ़ गये। पूछताछ के दौरान पकड़े गये अभियुक्त अरविंद कुमार पुत्र बाबू लाल निवासी कैथानीके पास से चोरी की स्पेल्डर सुपर मोटरसाइकिल केबरामद हुई अभियुक्त ने अरविन्द नेबताया कि अपना जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि यह मोटरसाइकिलमें पूर्व अपने साथियों के साथ मिलकर चुराई थी।वहीं देशराज यादव पुत्र रामशंकर यादव निवासी कचार मजरे हकामी को डिग्सरी नहर पुलिया सेधर दबोचा है उसके पास से बरामद मोटरसाइकिल भी चोरी की ही निकली जिसके बाद पुलिस चोरी की धाराओं में मुकदमा दर्ज करके कार्यवाई शुरू कर दी हैं।देश राज ने पुलिस की पूछताछ बताया कि मोटरसाइकिल लोध पुरवा गांव के वैवाहिक समारोह से चुराई थी जिसका मुकदमा असन्द्रा थाने मे पूर्व से ही दर्ज है।गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक शिवाकांत त्रिपाठी वरिष्ठ उपनिरीक्षक अवधेश सिंह,उपनिरीक्षक बृजेन्द्र बहादुर सिंह सहित पुलिस टीम ने गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है।

### चाकू के साथ दो युवक चढ़े पुलिस के हत्थे

**बाराबंकी।** पुलिस ने दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार करने का दावा करते हुए चाकू बरामद करने की बात कही है। सतरिख थाने के प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार वर्मा के नेतृत्व के गठित पुलिस टीम ने अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत नगर कोतवाली के दरामनगर निवासी सोनू यादव पुत्र अंनत राम व सुखदेव पुत्र सुरेंद्रकुमार को चाकू के साथ गिरफ्तार करने का दावा किया है दोनो के ही कब्जो से पुलिस ने चाकू बरामद करने का दावा किया है।और दोनों पर ही आर्म्स एक्ट में कार्यवाई की है।

### विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक में किया गया समिति का गठन

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** विद्यालय प्रबंध समिति के गठन को लेकर पूर्व माध्यमिक विद्यालय नेवाजगंज में खुली बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम प्रधान व ब्लॉक के नामित विभागीय नोडल अधिकारी भी मौजूद रहे।बैठक में उपस्थित अभिभावकों में रामकेवल को अध्यक्ष व गुड़िया को उपाध्यक्ष पद के लिए चयनित किया गया।इस संबंध में पूर्व माध्यमिक विद्यालय नेवाजगंज के प्रधानाध्याक विजय बहादुर वर्मा ने बताया कि विद्यालय प्रबंध समिति का गठन होना था।जिसको लेकर विद्यालय परिसर में ब्लॉक के नामित विभागीय नोडल अधिकारी व ग्राम प्रधान की मौजूदगी में अभिभावकों के साथ खुली बैठक की गई। जिसमें रामकेवल को अध्यक्ष व गुड़िया को उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस अवसर पर उपस्थित विवेक वर्मा ग्राम प्रधान, उत्तम वर्मा ग्राम पंचायत सचिव, अजय भारती नामित विभागीय नोडल, विजय बहादुर वर्मा प्रधानाध्यापक व विद्यालय के समस्त कर्मचारी व अभिभावक उपस्थित रहे।

### वैक्सीन रखरखाव के लिये तैयारी शुरु

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** सरकारी अस्पतालों मे कोरोना से बचाव के लिए लगने वाली वैक्सीन के रखरखाव के लिए तैयारी शुरू कर दी गई हैं। कोविड वैक्सीन रखने के लिए सीएचसी में नया कोल्ड चेन रूम बनकर तैयार हो गया है ।जिसमें कोविड वैक्सीन रखने की व्यवस्था की जाएगी। सिरौलीगौसपुर सीएचसी में पहले से मौजूद नियमित टीकाकरण की कोल्ड चेन को छोड़कर वहां पर एक अतिरिक्त कोल्ड चेन रूम बनकर तैयार हो चुका है आने वाले समय में कोरोना महामारी से बचने के लिए लगने वाले टीके को सुरक्षित रखने के लिए यह तैयारी की गई है । वैक्सीन रखने के लिए दो बड़े फ्रीजर शीघ्र ही यहां जिला मुख्यालय से भेजे जाएंगे इस संबंध में सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर संतोष सिंह ने बताया कि बनाए गए इस कोल्ड चेन रूम मे चार फ्रीजर रखे जा सकते हैं जानकारी के मुताबिक दो फ्रिजर जिला मुख्यालय से आएंगे। जिसमें कोविड वैक्सीन रखी जाएंगी जिससे वह सुरक्षित रह सके ।

### अज्ञात कारणों से लगी आग से गृहस्थी जल कर राख

**तिलोई, अमेठी।** शिवरतनगंज थाना क्षेत्र के पूरे माधव में अज्ञात कारणों से लगी आग से घर की सारी गृहस्थी जलकर राख हो गई। सूचना पर पहुचे राजस्व लेखपाल ने मौका मुआयना किया है। जानकारी के मुताबिक थाना क्षेत्र के पूरे माधव मजरे सतगवां निवासी लल्लन यादव के घर के सामने रखे छप्पर में अचानक आग लग गई देखते ही देखते आग ने भयानक रूप धारण कर लिया।ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया किन्तु तब तक पीड़ित के घर की सारी गृहस्थी जलकर राख हो गयी थी।अग्निकांड की सूचना पर अग्निशमन वाहन भी मौके पर पहुंचा किन्तु तब तक ग्रामीणों की सहायता से आग पर काबू पा लिया गया था।क्षेत्रीय लेखपाल अमरनाथ तिवारी ने बताया कि अग्निकांड में हुए नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट तहसील प्रशासन को भेज दी गई है।

### तमंचे के साथ युवक गिरफ्तार

**मुसाफिरखाना, अमेठी ।** बीते दिनों से सोशल मीडिया में अवैध तमंचों के साथ युवक की फोटो वायरल होने के बाद हड़कंप मच गया। एसपी दिनेश सिंह ने आरोपी की पहचान कर गिरफ्तारी के लिए अलग अलग पुलिस टीमें गठित करते हुए शीघ्र ही गिरफ्तारी के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह के निर्देश पर एस ओ जी के साथ ही विभिन्न थानों की टीमें गठित करते शीघ्र ही गिरफ्तारी के निर्देश दिए। पुलिस क्षेत्राधिकारी मनोज कुमार यादव के नेतृत्व में स्थानीय कोतवाली पुलिस ने सोशल मीडिया पर अवैध तमंचों के साथ वायरल फोटो के युवक की पहचान करते हुए उसकी गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए। प्रभारी निरीक्षक परशु राम ओझा उपनिरीक्षक संतोष मिश्रा व सिपाही जशवंत यादव दीपक शुक्ला पवन कुमार व मोहम्मद सरवर के साथ सुबह साढ़े छ बजे के करीब दादरा रोड स्थित क्रासिंग से 50 कदम की दूरी से आरोपी पूर्णानंद उर्फपप्पू तिवारी पुत्र श्याम शरण तिवारी निवासी ग्राम दादरा कोतवाली मुसाफिरखाना अमेठी को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की ।गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से पुलिस टीम ने 04 अवैध देशी तमंचों के साथ 04 अदद जिंदा कारतूस 12 बोर बरामद किए ।गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध कोतवाली पुलिस ने 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध संख्या 415।20 दर्ज करते हुए जेल भेज दिया ।घटना का खुलासा करते हुए पुलिस क्षेत्राधिकारी मनोज यादव ने बताया अपराध एवं अपराधियों को काबू करने के लिए पुलिस टीमें लगातार लगाई गई हैं ।

## पशु तस्कर पर रासुका की कार्रवाई

**बाराबंकी।** छः माह पूर्व कोतवाली पुलिस द्वारा गिरफ्तार किये गये शातिर प्रतिबन्धित पशु तस्कर मो0 तौफीक के विरूद्ध बुधवार को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहतकार्यवाही की गयी इस बात की जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक डा0 अरविन्द चतुर्वेदी ने बताया कि पकड़े गये गैंग लीडर मो0 तौफीक पुत्र मो0 अकील निवासी मं0 97/124 कसाई बाड़ा फतेहगंज थाना अमीनाबाद जनपद लखनऊ व उसके अन्य साथी, पिंकू सिंह उर्फ रिंकू सिंह पुत्र स्व0 विजय लोधी नि0 मौलवी खेड़ा थाना बन्थरा जनपद लखनऊ वंरईश पुत्र गुलाब निवासी जमालपुर मजरे धरौली थाना मसौली जनपद बाराबंकी, मो0 आजाद पुत्र स्व0 रईश नि097/61 कसाई बाड़ा भूसा मण्डी फतेहगंज थाना अमीनाबाद लखनऊ, मो0 नसीम पुत्रस्व0 मो0 हसीन निवासी 97/107 कसाई बाड़ा फतेहगंज थाना अमीनाबाद लखनऊ तथा शकील पुत्र स्व0 हजारी नि0 जमालपुर मजरे धरौली थाना मसौलीवमो0 आमिर पुत्र स्व0 अब्दुल हक उर्फ अब्दुल अहमद निवासी म0 नं0 97/49 कसाई बाड़ा फतेहगंज अमीनाबाद लखनऊ द्वारा समय 09.10 बजे सुबह ग्राम कोडरमऊ पावर हाऊस के पास आशीष वर्मा की बाग में इन अभियुक्तों द्वारा दो गोवंशीय पशुओं का वध कर उनके मांस को व्यापार के लिये परिवहन कर ले जाते समय गाँव के लोगों द्वारा रोकने का प्रयास किया तो गाँव के लोगों को चापर व बाँका दिखाकर इन लोगों द्वारा यह धमकी दी गयी कि अगर इस मामले की शिकायत पुलिस प्रशासन में करोगे तो तुम लोगों को भी इसी तरह काटकर बोरे में भरकर फेक देगें,जिसके कारण क्षेत्र में काफी तनाव व भय व आतंक का माहौल व्याप्त हो गया था।अभियुक्तगण के अपराध करने का तरीका बिल्कुल अलग था । अभियुक्तगणको घूमते हुए गोवंशीय पशु दिख जाते थे तो उन्हे पकड़ कर एकान्त जगंलमें बांध दिया जाता और पशुओं के पिछले पैर की रक्तवाहनियों को काट दिया जाता था,जिससे गोवंशीय पशु का रक्त धीरे.धीरे निकलता रहता था। इसके उपरान्त रात्रि के समय चार पहिया वाहनों से उस स्थानों पर पंहुचकर गोवंशीय पशुओं का नृशंस तरीके से वध किया जाता और मांस को वाहनों में लादकर जनपद लखनऊ में बेच दिया जाता था। इस घटना के बाद से क्षेत्रीय लोगों में पशुओं को लेकर भय व्याप्त हो गया था, श्री चतुर्वेदी ने बताया कि जिलाधिकारी की अनुमति मिलने के पश्चात गैंगलीडर पर उक्त कार्यवाही की गई है साथ ही सतत निगरानी रखते हुए हिस्ट्रीशीट खोलने की कार्यवाही की जा रही है। गैंगलीडर का बाराबंकी, लखनऊ सहित कई जिलों में अपराधिक मुकदमें दर्ज है।

## डीएम ने देखीं धान खरीद केन्द्र की व्यवस्थाएं

**अमेठी।** जिलाधिकारी अरुण कुमार ने आज चन्दौकी स्थित पीसीएफ के धान क्रय केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में जिलाधिकारी ने पाया कि अभी तक कुल 88 किसानों से 4548 कुन्तल की खरीद की जा चुकी है तथा अब तक 125 किसानों को टोकन दिया जा चुका है। अब तक 3200 कुंतल धान मिल को भेजा जा चुका है, जिलाधिकारी ने शेष 1348 कुंटल धान को शीघ्र मिल पर भिजवाने के निर्देश केंद्र प्रभारी को दिए। इसके साथ ही उन्होंने जिन किसानों का धान खरीदा जा चुका है उनके भुगतान के संबंध में भी केंद्र प्रभारी से जानकारी ली एवं निर्देश दिए कि किसानों के भुगतान की कार्यवाही ससमय की जाए। केन्द्र प्रभारी फतेह बहादुर सिंह ने बताया कि क्रय केन्द्र पर बोरों की पर्याप्त उपलब्धता है तथा जो किसान आ रहे है उनकों क्रम से टोकन जारी किया जा रहा है।


उन्होंने बताया कि इस क्रय केन्द्र का इस वर्ष का लक्ष्य 6 हजार कुन्तल का निर्धारित किया गया है। जिलाधिकारी ने केन्द्र प्रभारी को निर्देशित किया कि किसानों से समन्वय बनाकार ज्यादा से ज्यादा धान की खरीद की जाए तथा किसी भी किसान को क्रय केन्द्र से वापस न किया जाए। उन्होंने केन्द्र प्रभारी को गांव में जाकर इसका प्रचार.प्रसार करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने केन्द्र पर मौजूद कांटाए छन्ना तथा नमी मापक यत्रं के साथ ही किसानों को मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि अगर किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या होती है तो वह डिप्टी आरएमओ जनपद अमेठी के मोबाईल नं0 7233870888 पर किसी भी समय अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।




क्रय केंद्र का निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी

## डीएम ने विकास कार्यों की गहन समीक्षा की, सुधार के दिए निर्देश

**अमेठी ।** जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में शासन के सर्वोच्च प्राथमिकता कार्यक्रम के नवीन 37 प्रारुपों पर विकास कार्य की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। उन्होंने सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने विभाग की योजनाओं कार्यक्रमों के लक्ष्य को निर्धारित समय सीमा में अवश्य पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि अधिकारीगण शासन के विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों पर विशेष ध्यान दें। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता कदापि न बरती जाये। डीएम ने शासन के विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की विभागवार योजनावार समीक्षा के दौरान स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के अन्तर्गत चिकित्सकों, दवाओं की उपलब्धताए स्वास्थ्य सेवाओं की स्थितिए टीकाकरण आदिए पंचायती राज विभाग के अन्तर्गत राज्य/14वां वित्त आयोग, कायाकल्प योजना अंतर्गत कराए जा रहे कार्यों, राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान, समाज कल्याण के अन्तर्गत छात्रवृत्ति वितरण, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, पेंशन योजना भौतिक वित्तीय, दिव्यांगजन सशक्तीकरण पेंशन योजना, प्रोबेशन विभाग, ग्राम विकास के अन्तर्गत मुख्यमंत्री समग्र ग्राम विकास योजना अवस्थापना सुविधाएं, मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण, राष्ट्रीय ग्रामीण अजीविका मिशन, महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल मिशन, धान खरीद, खाद्य एवं रसद के अन्तर्गत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना, आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्य वितरण की प्रगति के बारे में जानकारी लीए तथा संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने विभाग की योजनाओं के लक्ष्यों को समय से पूर्ण करें।



उन्होंने समीक्षा बैठक में लोक निर्माण विभाग के अन्तर्गत जनपद में नई सड़क का निर्माणए सेतुओं का निर्माणए सड़कों को गड्ढ़ा मुक्त किये जाने आदिए विद्युत विभाग की समीक्षा में सरकार की मंशानुरूप रोस्टर के अनुसार विद्युत अपूर्तिए ग्रामों का ऊर्जीकरणए ट्रान्सफार्मरों का प्रतिस्थापनए कृषि विभाग के अन्तर्गत खाद व बीज की उपलब्धता एवं वितरणए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनाए ग्राम विकास के अन्तर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं शहरीए बाल विकास एवं पुष्टाहारए लघु सिंचाई व वन विभाग आदि की योजनाओं की गहन समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जन कल्याणकारी योजनाओंध्कार्यक्रमों से लाभांवित लाभार्थियों का सत्यापन भी कराया जाये। उन्होंने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने विभाग की योजनाओं/ कार्यक्रमों को पूर्ण करने के लिये विशेष ध्यान दें। यदि कहीं कोई कठिनाई आये तो सीधे मुझ से तत्काल सम्पर्क कर समाधान करायें। सभी अधिकारी अपने.अपने कार्यालय समय से पहुंचे तथा जनता की समस्याओं का मौके पर निस्तारण करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डा. अंकुर लाठर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. आशुतोष दूबे, जिला पंचायत राज अधिकारी श्रेया मिश्रा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विनोद मिश्रा, परियोजना निदेशक आशुतोष दूबे, अधिशाषी अभियन्ता लोनिवि राकेश चौधरी, अधिशाषी अभियन्ता जल निगम, सहित अन्य विभागों के अधिकारीगण आदि उपस्थित रहे।

## डीएम को निरीक्षण में मिलीं खामियां

**ललितपुर।** जिलाधिकारी अन्नावि दिनेशकुमार द्वारा सरस शोरूम ललितपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सरस शोरूम में साफसफाई की व्यवस्था सही नहीं पाई गई। मौके पर जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित कर्मचारियों समुचित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये गये। इसके उपरान्त प्रथम तल में निर्मित कक्षों का निरीक्षण किया गया। भवन में पुराने टूयूब लाईट, पुराना दरवाजा, होर्डिंग के फ्रेम अस्त.व्यस्त मिले। खिड़कियों के फेम तार से कसे हुये पाये गये जिस पर उपायुक्त (स्वतः रोजगार) एवं मिशन स्टॉफ को निर्देशित किया गया कि भवन की साफ-सफाई दुरूस्त करायी जाये। भूतल पर चना दाल की बोरियां रखी पाई गई, जिनके शीघ्र निस्तारण साथ सहायता समूहों या जिन उत्पादो गछिय केन्द्र किये जाने के निर्देशित किया गया। सरस शोरूम की देखभाल की जिम्मेदारी समूहों को दिये जाने हेतु निर्देश दिये गये। सरस शोरूम के दांयी ओर निर्मित बाउण्ड्री बाल के पीछे रिक्त जमीन के उपयोग हेतु प्रस्ताव विचारार्थ मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। सरस शोरूम के कैम्पस पर रिक्त दुकानों पर स्वयं सहायता समूहों द्वारा उत्पादित सब्जी, हैण्डी क्राफ्ट आदि की सामग्री का विक्रय कराये जाने हेतु दुकान तैयार कर स्वयं सहायता समूहों को आवंटित किया जाय। इसके उपरान्त यह भी निर्देश दिये गये कि स्वयं सहायता समूहों को आजीविका संवर्द्धन करने हेतु उनके द्वारा निर्मित उत्पाद का विपणन सरस शोरूम में करना सुनिश्चित करें एवं जिला मिशन प्रबंधक.एनआरएल को निर्देशित किया गया कि समूहों को आजीविका से जोड़ने हेतु समूहों से सम्पर्क कर उनके उत्पादों की बिक्री कराना सुनिश्चित करें।